3 | राजधानी
लविवि ने छात्रों से 11 तक मांगी आपत्तियां

6 | अभिमत
जनरल नरवणे की नेपाल यात्रा

10 | स्पोर्ट्स
दिल्ली का सामना मजबूत मुंबई से

11 | विदेश
अमेरिका ने ताइवान को ड्रोन बेचने की मंजूरी दी

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 19
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 5 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सान्या मल्होत्रा की नई फिल्म 'लव हॉस्टल'
विविध-12

# ट्रंप-बाइडेन के बीच कांटे की टक्कर

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव

● अंतिम समय तक प्राप्त परिणामों के अनुसार कुल 538 इलेक्टोरल कॉलेज सीट में से वाइडन 220 और ट्रंप 213 पर जीत चुके थे



**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** में राष्ट्रपति पद के चुनाव की मतगणना में पूर्व उप राष्ट्रपति एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन आगे चल रहे हैं लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी एवं रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी कांटे की टक्कर जारी है। ताजा रिपोर्टों में 538 इलेक्टोरल कॉलेज सीट में से बाइडेन के 220 और ट्रंप के 213 पर जीत दर्ज करने का दावा किया गया है। फॉक्स न्यूज के अनुसार बाइडेन 238 और ट्रंप 213 पर जीत दर्ज कर चुके हैं। वहीं सीएनएन के अनुसार बाइडेन को 220 और ट्रंप को 213 इलेक्टोरल कॉलेज सीट पर जीत मिली है। न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार बाइडेन को 223 और ट्रंप को 212 पर जीत हासिल हुई है। व्हाइट हाउस पहुंचने के लिए किसी को भी कम से कम 270 इलेक्टोरल कॉलेज सीट पर जीत दर्ज करनी होगी। पेनसिल्वेनिया अधिकारियों ने बुधवार तड़के उनके नतीजों के स्पष्ट होने में अभी एक और दिन लगने की बात कही थी। पेनिसिल्वेनिया में महत्वपूर्ण 20 इलेक्टोरल कॉलेज सीट हैं। कई प्रमुख मीडिया संगठनों ने अभी तक मिशिगन, विस्कॉन्सिन, नोर्थ कैरोलाइना, जॉर्जिया और नवेडा जैसे प्रमुख बैटलग्राउंड राज्यों पर अपने अनुमान घोषित नहीं किए हैं। बैटलग्राउंड उन राज्यों को कहा जाता है, जहां रुझान स्पष्ट नहीं होता। वहीं बाइडेन ने न्यू जर्सी और न्यूयॉर्क में जीत दर्ज कर ली है।

न्यूयॉर्क में बाइडेन को 22 लाख और ट्रंप को 12 लाख मत मिले। न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार पूर्व उप राष्ट्रपति ने कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, इलिनोइस, मैसाचुसेट्स, न्यू मैक्सिको, वरमोंट और वर्जीनिया में जीत दर्ज कर ली है। जबकि राष्ट्रपति ट्रंप अलबामा, अर्कांसस, केंटकी, लुइसियाना, मिसिसिपी, नेब्रास्का, नॉर्थ डकोटा, ओक्लाहोमा, साउथ डकोटा, टेनेसी, वेस्ट वर्जीनिया, व्योमिंग, इंडियाना और साउथ कैरोलाइना में आगे चल रहे हैं। अमेरिका में सभी की नजरें राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों पर टिकी हैं, कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बीच सर्वाधिक 10 करोड़ से अधिक अमेरिकी, पूर्व-मतदान में अपना वोट डाल चुके हैं। कोरोना वायरस के कारण चुनाव की रात लोगों की भीड़ से खचाखच भरे रहने वाले टाइम्स स्क्वायर पर सन्नाटा पसरा दिखा। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतगणना मंगलवार रात को ही शुरू हो गई थी। उधर, वाशिंगटन पोस्ट ने कहा कि लाखों मतों की गिनती अभी की जानी है और ऐसी संभावना है कि नतीजे आने में कई दिन लग सकते हैं।

## ट्रंप ने किया बड़ी धोखाधड़ी का दावा कहा- उच्चतम न्यायालय जाऊंगा

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** राजनीति में एक अभूतपूर्व घटनाक्रम में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कई राज्यों में चल रही मतगणना के बीच दावा किया कि अमेरिकी जनता के साथ बड़ी धोखाधड़ी की जा रही है और वह इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाएंगे। अमेरिका में चल रहे राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लकिन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन से है।

उन्होंने यह दावा ऐसे समय किया है जब परिणाम रोमांचक दौर में पहुंच गए हैं। ट्रंप ने चुनाव को अमेरिकी जनता के साथ धोखा करार दिया और कहा, स्पष्ट रूप से कहूं, हमने यह चुनाव जीत लिया। उन्होंने यह भी कहा कि मतों की गिनती रोकने के लिए उनकी योजना उच्चतम न्यायालय जाने की है। राष्ट्रपति ने चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का कोई हवाला दिए बिना कहा, अचानक सब कुछ रुक गया। यह अमेरिकी जनता के साथ धोखाधड़ी है। यह देश के शर्म की बात है। हम यह चुनाव जीत रहे थे। ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में अपने भाषण में कहा, करोड़ों लोगों ने हमें वोट दिया है। उन्होंने दावा किया, बेहद निराश लोगों का एक समूह दूसरे समूह के लोगों को हतोत्साहित करने का प्रयास कर रहा है।

हम बड़े जश्न की तैयारी में थे। हम जीत रहे थे। लेकिन अचानक सब बदल दिया गया। ट्रंप ने कहा कि वह चाहते हैं कि मतदान रोका जाए। उन्होंने कहा कि वह उच्चतम न्यायालय जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अब इस देश की भलाई के लिए अखंडता सुनिश्चित करना है। यह एक बहुत बड़ा क्षण है। यह हमारे देश के साथ एक बड़ा धोखा है। हम चाहते हैं कि कानून का उचित तरीके से उपयोग किया जाए। इसलिए हम अमेरिकी उच्चतम न्यायालय जा रहे हैं। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बाइडेन के अभियान प्रबंधक ने ट्रंप के बयान को"अपमानजनक, अभूतपूर्व और गलत" बताया।

वहीं मुख्यधारा की अमेरिकी मीडिया ने राष्ट्रपति की आलोचना की है। राष्ट्रपति के कदम की आलोचना करते हुए न्यूयार्क टाइम्स ने कहा कि किसी भी निर्वाचित नेता को यह अधिकार नहीं है कि वह मतों की गिनती को रोकने का आदेश दे। उधर बाइडेन ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए उनसे धैर्य बनाए रखने को कहा। उन्होंने पेन्सिलवेनिया और मिशिगन सहित अन्य राज्यों का जिक्र करते हुए कहा कि कि उन्हें जीत की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि चुनाव के विजेता की घोषणा करने का काम उनका या टंप का नहीं है। उन्होंने कहा,... यह अमेरिकी लोगों का फैसला है। लेकिन मैं परिणाम को लेकर आशान्वित हूं।

## सैन्य अफसरों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का प्रस्ताव

● पीएमआर का विकल्प चुनने वालों के लिए पेंशन फार्मूले की समीक्षा की भी पेशकश

**राहुल दत्ता।** नई दिल्ली

**एक** बड़े सुधार के तहत सशस्त्र बलों ने अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने तथा समयपूर्व सेवानिविृत्ति (पीएमआर) लेने का विकल्प चुनने वालों के लिए पेंशन फार्मूले की समीक्षा का प्रस्ताव दिया है। इस कदम से हुनरमंद मानव संसाधन को बरकरार रखने तथा पेंशन बिल का बोझ कम करने में मदद मिलेगी।

यह प्रस्ताव चीफ ऑफ डिफेंस (सीडीएस) बिपिन रावत की अध्यक्षता वाले सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) द्वारा पेश किया गया है। इसे ऐसे समय में लाया गया है जब सशस्त्र बल जवानों की आयु बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। मौजूदा वक्त में वे 15 साल की सेवा के बाद रिटायर होते हैं और इस समय भी वे अपने युवावस्था के मुख्य दौर में होते हैं। डीएमए ने कर्नल के रैंक पर कार्यरत अधिकारियों के रिटायर होने की उम्र 54 से बढ़ाकर 57, ब्रिगेडियर की 56 से 58 और मेजर जनरल की 58 से बढ़ाकर 59 करने का प्रस्ताव दिया है। यह सेना के अन्य अंगों में इसके सामान रैंकों के लिए लागू होगा। जूनियर कमीशंड ऑफिसरों (जेसीओ) और लॉजिस्टिक, टेक्नीकल तथा मेडिकल शाखाओं में अन्य रैंकों के लिए भी आयु सीमा 57 साल प्रस्तावित की गई है। इन प्रस्तावों को तार्किक बताते हुए डीएमए ने कहा कि बहुत से अधिकारी कम रिक्तियां और सेवा में कुछ पाबंदियों के लिए चलते रिटायर हो जाते हैं। ऐसे ही सेना में उच्च कौशल कार्यों के प्रशिक्षित दक्ष और विशेष दक्षता वाले अफसर अन्य सेक्टरों में काम करने के लिए नौकरी छोड़ देते हैं।

पत्र में कहा गया है कि उच्च दक्षता वाले अफसरों के जाने के परिणाम स्वरूप सेना को हुनरमंद लोगों की कमी का सामना करना पड़ता है और सशस्त्र बलों के लिए यह ठीक नहीं है। पत्र में आगे कहा गया है कि इन तथ्यों के मद्देनजर पेंशन योग्यता के फार्मूले की समीक्षा करने का फैसला किया गया है। पीएमआर के लिए उसकी चार श्रेणियों के पेंशन की समीक्षा करने का प्रस्ताव दिया गया है। 20-25 साल की सेवा के लिए 50 फीसदी पेंशन, 26-30 साल के लिए 60 फीसदी, 31-35 साल के लिए 75 फीसदी तथा 35 साल या उससे ऊपर पूरी पेंशन के हकदार होंगे। जंग में शहीद होने वालों के लिए किए पेंशन प्रावधानों में ( शेष पेज 9 )

## घुसपैठियों को देश से बाहर करेगी भाजपा सरकार

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार में कई रैलियों को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बिहार** राज्य की नीतीश सरकार और केन्द्र की मोदी सरकार डबल इंजन की सरकार है, जो हर प्रकार की अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और अराजकता को दूर करते हुए विकसित और सुशासित बिहार के मॉडल को तेजी से आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

यह बात बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के कटिहार विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए कही। योगी ने बिहार में कई रैलियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कटिहार से प्रत्याशी तार किशोर प्रसाद के समर्थन में रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पूरे भारत को एक परिवार के रूप में बांधने का काम किया है। वहीं कांग्रेस और राजद ने हमेशा से समाज को जाति और मजहब के नाम पर बांटने का काम किया। नागरिकता संशोधन बिल का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई घुसपैठिया भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश कर रहा है, तो उसे देश से बाहर निकाल फेंकने का काम भाजपा सरकार करेगी।

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश की कुप्रथाओं को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक जैसी कुप्रथा को खत्म कर मोदी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को आजादी दिलाई। उन्होंने कहा कांग्रेस और राजद तुष्टिकरण की पोषक हैं। यहीं नहीं, परिवारवाद की राजनीति करने वालों ने बेईमानी की पराकाष्ठा को पार करते हुए देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है।

देश को जाति के नाम पर बांटने का काम और मत और मजहब के आधार पर सामाजिकता को छिन्न-भिन्न करने का काम कांग्रेस और राजद पार्टियों ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना लगातार पूरी होती नजर आ रही है। वहीं, कांग्रेस ( शेष पेज 9 )

## कुशीनगर की अवैध पटाखा गोदाम में धमाका, चार मरे

**गोरखपुर ( भाषा )।** प्रदेश के कुशीनगर जिले के कप्तानगंज इलाके में बुधवार सुबह अवैध पटाखा गोदाम में धमाके से चार लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम 12 लोग घायल हो गए। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि कप्तानगंज क्षेत्र के घनी आबादी वाले वार्ड संख्या 11 में जावेद नामक व्यक्ति ने अपने घर में अवैध रूप से पटाखों का गोदाम बना रखा था। बुधवार सुबह घर में एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई जिससे धमाका हुआ और जावेद के घर के साथ-साथ आसपास के घरों में भी आग लग गई। उन्होंने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि काफी दूर तक सुनाई दी। उन्होंने यहां पर बताया कि इस हादसे में नाजिया (14), जावेद (35) और उसकी मां फातिमा (65) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जावेद की पत्नी अनवरी (32) ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाते वक्त रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ( शेष पेज 9 )



लखनऊ में करवा चौथ के अवसर पर पति के लिए लंबी उम्र की कामना करतीं व चांद देखकर पूजा करतीं सुहागिनें

## कोरोना पूर्व की क्षमता के 60 प्रतिशत यात्रियों के साथ उड़ानें भर सकती हैं विमान कंपनियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नागर** विमानन मंत्रालय का कहना है कि भारतीय विमानन कंपनियां कोविड-19 महामारी से पहले की अपनी क्षमता के 60 प्रतिशत यात्रियों के साथ उड़ान भर सकती हैं। महामारी को देखते हुए यह आदेश 24 फरवरी, 2021 तक लागू रहेगा। मंत्रालय ने दो सितंबर को आधिकारिक आदेश जारी कर विमानन कंपनियों को इस संबंध में सूचना दे दी थी लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया था कि आदेश कब तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय ने 29 अक्टूबर को आदेश जारी कर अपने दो सितंबर के आदेश को स्पष्ट करते हुए कहा है कि यह 24 फरवरी, 2021 को रात 11 बजकर 59 मिनट तक या फिर अगला आदेश आने तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय ने 26 जून को आदेश जारी कर घरेलू विमानन कंपनियों को अधिकतम 45 प्रतिशत यात्री क्षमता के साथ काम करने की अनुमति दी थी। मंत्रालय ने कोविड-19 लॉकडाउन के कारण दो महीने बंद रहने के बाद 25 मई से ही घरेलू उड़ानें शुरू कर दी थी। लेकिन शुरुआत में कंपनियों को क्षमता का अधिकतम 33 प्रतिशत उपयोग करने की ही अनुमति दी गई थी।

## केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा अब 31 जनवरी को होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित की गई केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) अब अगले साल 31 जनवरी को आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षा पांच जुलाई को प्रस्तावित थी। निशंक ने कहा, केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) का 14वां संस्करण जुलाई में पूरे देश के 112 शहरों में आयोजित होना था लेकिन प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यह परीक्षा 31 जनवरी को होगी। उन्होंने कहा, सामाजिक दूरी और अन्य सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए इस बार परीक्षा 135 शहरों में आयोजित की जाएगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के अधिकारियों के अनुसार, अभ्यर्थियों से उनकी परीक्षाकेंद्र के शहर के लिए विकल्प बदलने के लिए बड़ी संख्या में अनुरोध प्राप्त हुए हैं। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोविड-19 महामारी ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,616 | ↑ 355 | |
| निफ्टी | 11,908 | ↑ 95 | |
| सोना | 50,743 | ↑ 111 | /10g |
| चांदी | 60,669 | ↓ 1266 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान में एक हिन्दू मंदिर में तोड़फोड़ की गई

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में उग्र भीड़ ने एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की और 300 हिंदू परिवारों पर हमले का प्रयास किया। यह घटना रविवार को शीतल दास परिसर में हुई जहां करीब 300 हिंदू परिवार और 30 मुस्लिम परिवार रहते हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, भीड़ हिंदू परिवारों पर हमला करना चाहती थी लेकिन पुलिस ने इसे नाकाम कर दिया। हालांकि, अन्य चश्मदीदों ने कहा कि घटना के दौरान तीन मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया गया। इस घटना के बाद मंगलवार तक 60 से अधिक हिंदू परिवार शहर के अन्य इलाकों में चले गए हैं। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने भी इस बात की पुष्टि की कि स्थानीय मुस्लिम परिवारों ने विरोध कर हमलावरों को अल्पसंख्यक हिंदू परिवारों पर हमले से रोका।

## तीन राफेल की दूसरी खेप भारत पहुंची

**भाषा।** नई दिल्ली

**फ्रांस** से उड़ान भरने के बाद तीन राफेल लड़ाकू विमानों की दूसरी खेप आज सीधे गुजरात के जामनगर एयरबेस पहुंची। देश को अभी तक दो खेपों में आठ राफेल लड़ाकू विमान प्राप्त हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पांच राफेल विमानों की पहली खेप 29 जुलाई को भारत पहुंची थी। करीब चार साल पहले भारत ने फ्रांस सरकार के साथ 36 राफेल विमानों की खरीद के लिए 59,000 करोड़ रुपए का अंतर सरकारी करार किया था।

भारतीय वायुसेना ने इस संबंध में ट्वीट किया है, राफेल विमानों की दूसरी खेप चार नवंबर, 2020 को फ्रांस से उड़ान भरने के बाद बिना ठहरे शाम 8:14 बजे भारत पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि दूसरी खेप में तीन विमान हैं। फ्रांस की एरोस्पेस कंपनी दसाल्ट एविएशन द्वारा निर्मित राफेल लड़ाकू विमान करीब ढाई दशक में भारत की सबसे बड़ी विमान खरीद हैं। इससे 23 साल पहले भारत ने रूस से सुखोई विमान खरीदे थे। हाल ही में वायुसेना में शामिल राफेल विमान पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में ड्यूटी पर हैं। वायुसेना ने अपने लगभग सभी लड़ाकू विमानों जैसे सुखोई 30एमकेआई, जैगुआर और मिराज 2000 को पूर्वी लद्दाख और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास विभिन्न एयरबेस में तैनात किया है। पहले खेप में आए राफेल विमानों को 10 सितंबर को वायुसेना में शामिल किया गया। भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर. के. एस. भदौरिया ने पांच अक्टूबर को कहा था कि सभी 36 राफेल विमानों को 2023 तक सेना में शामिल कर लिया जाएगा। राफेल लड़ाकू विमान परमाणु हथियारों को ले जाने की क्षमता रखते हैं। राफेल विमानों का पहला स्क्वाड्रन हरियाणा के अंबाला एयरबेस में हैं जबकि दूसरा पश्चिम बंगाल के हासिमारा में होगा।



जामनगर में राफेल के दूसरे बैच (तीन विमानों) को फ्रांस से भारत लेकर पहुंचे दल के सदस्य

## केरल ने सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ली

**पायनियर समाचार सेवा।** तिरुवनंतपुरम

**वाम** दलों द्वारा शासित केरल ने मामलों की जांच करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को दी गई सामान्य सहमति को वापस ले लिया है। इसी के साथ केरल भी महाराष्ट्र समेत उन गैर भाजपा शासित राज्यों में शामिल हो गया है जहां इस तरह का कदम उठाया गया है। विपक्षी कांग्रेस और भाजपा ने इस कदम का विरोध करते हुए कहा कि सरकार केंद्रीय एजेंसी की जांच से डर गई है। माकपा नीत एलडीएफ द्वारा शासित केरल सीबीआई को दिल्ली पुलिस स्थापना अधिनियम के तहत अपनी शक्तियां इस्तेमाल करने के लिए दी गई सामान्य सहमति वापस लेने वाला पांचवां राज्य बन गया है। इससे पहले, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और छत्तीसगढ़ ( शेष पेज 9 )

## उम्मीद की किरण: वैज्ञानिकों ने खोजी कोविड-19 की 'दमदार' वैक्सीन

● परीक्षण के दौरान पशुओं में उच्च स्तर की एंटीबॉडी बनाने में पाई गई कारगर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




प्रतीकात्मक चित्र

**कोरोना** वायरस महामारी के खिलाफ चल रही वैश्विक जंग के बीच वैज्ञानिक एक नई 'बेहद कारगर' वैक्सीन लेकर आए हैं। इसने परीक्षण के दौरान पशुओं में 'उच्च स्तर' की रक्षक एंडीबॉडी का निर्माण किया है।

दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि इससे बीमारी का प्रकोप रोका जा सकता है। इस वैक्सीन के शोध में यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन स्कूल ऑफ मेडिसिन (यूडब्ल्यू) के वैज्ञानिक भी शामिल हैं। नैनो पार्टिकल्स से बनी नई वैक्सीन उन लोगों में कई गुना ज्यादा एंटीबॉडीज पैदा करने में सक्षम है जो कोरोना संक्रमण से उबर चुके हैं।

जर्नल सेल में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, चूहों में वैक्सीन की डोज छह गुना कम करने पर भी ज्यादा न्यूट्रलाइजिंग एंटीबॉडीज पैदा कीं। इसके अलावा इसने मजबूत बी-सेल इम्यून रिस्पांस भी दिखाया। इससे वैक्सीन के लंबे समय तक प्रभावी होने की उम्मीद बंधी है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, जब एक बंदर को वैक्सीन दी गई तो इसने शरीर में बनीं एंटीबॉडी ने कोराना वायरस के स्पाइक प्रोटीन पर कई ओर से हमला किया। गौरतलब है कि स्पाइक प्रोटीन ( शेष पेज 9 )

# अनियमितता के आरोप में दो उपायुक्त निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सरकारी** काम में उदासीनता और अनियमितता के आरोपों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच और वाराणसी के उपायुक्त स्वत: रोजगार को निलंबित करने का आदेश दिया है। दोनों ही अधिकारियों के खिलाफ अब विभागीय जांच होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बुधवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी।

वर्तमान में उपायुक्त स्वत: रोजगार के पद पर बहराइच में पदस्थ सुरेन्द्र कुमार गुप्ता पर आरोप है कि हारदोई के ब्लॉक अहिरोरी में खंड विकास अधिकारी रहते हुए ग्राम खाड़ाखेड़ा के आंगनबाड़ी केन्द्र के स्थलीय विवाद होने के स्थिति में न तो कोई कार्य कराया और न ही किसी फर्म से किसी भी निर्माण सामग्री की आपूर्ति ली। यही नहीं कोई मापांकन भी नहीं कराया गया। बावजूद इसके भुगतान की कार्यवाही की गई। इस प्रकार गुप्ता ने न केवल प्रक्रियात्मक त्रुटि की, बल्कि शासकीय धन का अनियमित तरीके से भुगतान करने की गड़बड़ी भी की। मुख्यमंत्री ने इसे घोर अनुशासनहीनता, लापरवाही और स्वेच्छाचारिता माना है। निलंबन का आदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ़ अनुशासनिक कार्रवाई के आदेश भी दिए हैं। संयुक्त विकास आयुक्त, लखनऊ मण्डल को मामले में जॉच अधिकारी बनाया गया है। निलंबन अवधि में यह कार्यालय आयुक्त, ग्राम्य विकास, लखनऊ से संबद्ध रहेंगे। इसी तरह सुरेश चन्द्र केसरवानी, उपायुक्त स्वत: रोजगार, वाराणसी पर राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन के कार्यों में शिथिलता बरतने का आरोप हैं। केसरवानी के खिलाफ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अशोभनीय भाषा का प्रयोग तथा उन्हें धमकाने की शिकायत भी मिली है। बीते दिनों मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी ने इनके कार्यालय का निरीक्षण किया था, जहां पत्रावलियों के निस्तारण तथा वित्तीय अनियमितता सम्बन्धी शिकायतें सामने आई थीं। केसरवानी की उदासीनता के कारण दिसम्बर 2019 तक के लक्ष्य के सापेक्ष मासिक प्रगति की पूर्ति नहीं की जा सकी।

● **मुख्यमंत्री ने अपनाए कड़े तेवर, विभागीय जांच भी होगी**

# अनियमितता व लापरवाही बरतने वाले विवेचकों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई

## अपर मुख्य सचिव गृह ने उच्च स्तरीय बैठक में की सतर्कता विभाग, सीबीसीआईडी व गृह विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा

● **भ्रष्टाचार के लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर किया जाए निस्तारण**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने निर्देश दिए हैं कि यदि किसी मामले में विवेचक द्वारा लापरवाही या अनियमितता की जा रही हो तो उसके विरुद्ध सख्त कारवाई की जाए। अवस्थी बुधवार को लोक भवन के कमांड सेंटर में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सतर्कता विभाग, सीबीसीआईडी, जनसुनवाई प्रणाली और गृह विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा कर रहे थे।

अपर मुख्य सचिव गृह ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में सतर्कता विभाग द्वारा की गयी कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कहा कि पुराने लम्बित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर अभियान चलाकर शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि सतर्कता जॉच सम्बन्धी लम्बित मामलों की अनुभागवार सूची तैयार कर सतर्कता अधिष्ठान से समन्वय बनाते हुए चल रही कार्रवाई में तेजी लाई जाए तथा आगामी बैठक में अद्यतन प्रगति से अवगत कराया जाए। जिन मामलों में सम्बन्धित प्रशासकीय विभागों से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा हो उसके लिए शासन स्तर से भी विशेष प्रयास किए जाएं।

सीबीसीआईडी द्वारा की गयी करवाई की समीक्षा में पुरानी लम्बित जांचों को शीघ्र निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीबीसीआईडी में महिला कर्मियों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए भी यथोचित् कार्रवाई शीघ्र किए जाने के लिए कहा गया। जनसुनवाई प्रणाली (आईजीआरएस) पर गृह एवं गोपन विभाग में लम्बित डिफाल्टर संदर्भो के निस्तारण में हुई प्रगति के मामलों में विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री संदर्भ एपीजी पोर्टल, ऑनलाइन उप मुख्यमंत्री-मंत्री संदर्भ आदि से सम्बन्धित कुल 16445 संदर्भ अब तक विभाग को प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 15160 मामलों का निस्तारण भी किया जा चुका है।

अवस्थी ने लम्बित डिफाल्टर संदर्भों के अवशेष प्रकरणों को भी अभियान चलाकर यथाशीघ्र समयबद्ध रूप से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए हैं। विधान सभा व विधान परिषद में गृह विभाग के लम्बित आश्वासनों के प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित किए जाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से कार्रवाई किए जाने हेतु प्रमुख सचिव एविधान सभा एवं विधान परिषद को आवश्यक पत्र भेजने के निर्देश दिए गए ताकि इस संबंध में भी अपेक्षित कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री द्वारा गृह विभाग से जुड़ी अब तक की गयी घोषणओं में हुई प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गयी तथा इस सम्बन्ध में कार्रवाई में और तेजी लाने के आवश्यक निर्देश दिए गए। स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स के लिए 112 पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के सम्बन्ध में बताया गया कि उक्त पद वन एवं वन्य जीव विभाग में सृजित हैं। जिसके लिए गृह-पुलिस के कर्मियों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर तैनात किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में भी यथोचित कदम उठाये जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश की सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त किए जाने हेतु इमीग्रेशन चेक पोस्ट रूपईडीहा व गौरी फंटा पर नवीन पदों के सृजन के सम्बन्ध में चल रही करवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। गये हैं। लखनऊ में यातायात पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन संस्थान की स्थापना के लिए आवश्यक पदों के सृजन के संबंध में शासन द्वारा गम्भीरता से विचार किया जा रहा है। अंगुलि चिन्ह ब्यूरों में विशेषज्ञ कार्मियों की कमी को शीघ्र पूरा किए जाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस महानिदेशक, सतर्कता पीवी रामाशास्त्री, पुलिस महानिदेशक सीबीसीआईडी विश्वजीत महापात्रा, सचिव गृह भगवान स्वरूप एवं तरूण गाबा के अलावा गृह विभाग के समस्त विशेष सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## खादी भवन में आज से शुरू होगा माटी कला मेला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा बृहस्पतिवार को डालीबाग स्थित खादी भवन में आयोजित किए जा रहे दस दिवसीय माटी कला मेले का खादी मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह शाम 4 बजे शुभारंभ करेंगे। यह मेला 5 से 14 नवम्बर तक लगेगा। अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा नवनीत सहगल ने बताया कि डालीबाग स्थित खादी भवन में आयोजित होने वाले इस भव्य मेले में विभिन्न जनपदों के उत्कृष्ट शिल्पकारों द्वारा निर्मित माटीकला उत्पादों का लाइव प्रदर्शन भी किया जायेगा। मेले का मुख्य उद्देश्य दूर दराज के हस्तशिल्पियों की उत्कृष्ट कलाकृतियों को एक मंच पर लाकर बड़ा बाजार मुहैया कराना है। डा सहगल ने बताया कि मेले में गोरखपुर के टेराकोटा, आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी, खुर्जा के मिट्टी के बर्तन सहित लखनऊ, कुशीनगर, मिर्जापुर, चंदौली, उन्नाव, बलिया, कानपुर, पीलीभीत, प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या के मिट्टी से बने खास उत्पाद उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि दीवाली से पूर्व इस मेले में पारंपरिक कारीगरों द्वारा निर्मित लक्ष्मी-गणेश मूर्तियां और तरह.तरह के डिजाइनर दीये प्रमुख आकर्षण होंगे।

## अवैध खनन के संबंध में डीएम गोंडा से रिपोर्ट तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सचिव** व निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग डा. रोशन जैकब ने जिलाधिकारी गोण्डा को निर्देश दिए हैं कि जनपद बाराबंकी की सीमा के अन्तर्गत ग्राम बेहटा व सनॉवा तहसील सिरौली गौसपुर में अवैध खनन की शिकायत के सम्बन्ध में जिला अधिकारी बाराबंकी द्वारा की गयी जांच में वर्णित स्थितियों के दृष्टिगत विषयतग क्षेत्र से खनन संक्रिया को तत्काल प्रतिबंधित करते हुये क्षेत्र की जांच कराकर तथ्यात्मक आख्या 3 दिन के अन्दर शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डा जैकब ने बताया कि इस सम्बन्ध में जाँच जिलाधिकारी बाराबंकी द्वारा राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं खनन विभाग से संयुक्त जाँच कराकर रिपोर्ट भेजी गयी है।

डा रोशन जैकब ने बताया कि जिलाधिकारी बाराबंकी के पत्र में उल्लिखित है कि मौके स्थल पर कतिपय व्यक्तियों द्वारा बेहटा गाँव से सनाया गॉव के नदी तल तक अस्थायी रास्ता बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है। जॉच के दौरान पूछताछ में उक्त व्यक्तियों द्वारा जॉच टीम को अवगत कराया गया कि जनपद गोण्डा के ग्राम गौरासिंहपुर के पास घाघरा नदी पर एल्गिन चरसड़ी बाँध पर ड्रेजिंग के फलस्वरूप रेज्ड मैटेरियल (साधारण बालू) 40,000 घन मीटर के निस्तारण हेतु अवधेश कुमार सिंह के पक्ष में जिलाधिकारी कार्यालय गोण्डा के आदेश से तीन माह की अवधि हेतु बालू उठाने की अनुमति ई टेण्डर के माध्यम से प्राप्त हुई है, जिसकी अवधि पूर्ण हो चुकी हैए परन्तु इसका नवीनीकरण कार्यालय जिलाधिकारी गोण्डा में प्रस्तावित होने के कारण अस्थायी रास्ते का निर्माण उनके द्वारा किया जा रहा है। उपस्थित व्यक्तियों द्वारा जो भण्डारण स्थल बताया गया है, वह ग्राम बेहटा व ग्राम सनावां तहसील सिरौली गौसपुर जिला बाराबंकी की सीमा के अन्तर्गत है, जिस पर बालू का कोई भण्डारण होना नहीं पाया गया तथा यह क्षेत्र जनपद गोण्डा ग्राम गौरासिंहपुर की सीमा से लगभग दो किमी की दूरी पर स्थित है। उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि जिला अधिकारी गोण्डा द्वारा दी गयी अनुमति की अवधि समाप्त हो चुकी है तथा उक्त स्थल हेतु वर्तमान में ड्रेज्ड मैटेरियल के निस्तारण हेतु कोई अनुमति जिला अधिकारी गोण्डा द्वारा प्रदान नहीं की गयी है और प्रश्नगत स्थल पर साधारण बालू का कोई भण्डारण उपलब्ध नहीं है। यह भी उल्लेखनीय है कि जिस क्षेत्र पर भण्डारण बताया जा रहा है, वह जनपद बाराबंकी की सीमान्तर्गत है। उपरोक्त वर्णित स्थितियों के दृष्टिगत विषयगत क्षेत्र से खनन संकिया को तत्काल प्रतिबन्धित करते हुए क्षेत्र की जांच कराकर तथ्यात्मक आख्या तीन दिन के अन्दर शासन एवं निदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश जिला अधिकारी गोण्डा को डा. रोशन जैकब ने दिये हैं।

## प्रभास कुमार बने राजधानी के नये मुख्य विकास अधिकारी

**लखनऊ।** नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी मनीष बंसल को मेरठ का नगर आयुक्त बनाया है। लखनऊ में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर प्रभास कुमार को तैनाती दी गई है। मेरठ के साथ अलीगढ़ के नगर आयुक्त को भी हटा दिया गया है। वर्ष 2014 बैच के आईएएस अधिकारी मनीष बंसल लखनऊ में काफी समय सीडीओ रहे। प्रभास कुमार गाजीपुर में संयुक्त मजिस्ट्रेट थे।

मेरठ नगर निगम के नगर आयुक्त अरविंद चौरसिया को हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया गया है। इन्हें शिकायत के आधार पर हटाया गया है। अलीगढ़ के नगर आयुक्त सत्य प्रकाश पटेल को हटाकर विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन बनाया गया है। सत्य प्रकाश को जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर हटाया गया है। शिकायतों की जांच अलीगढ़ के मंडलायुक्त को दी गई है। प्रेम रंजन सिंह को नगर आयुक्त अलीगढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह अलीगढ़ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष हैं।

## पटाखा दुकानों को अस्थाई लाइसेंस देने में नियमों का सख्ती से पालन हो: डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** हितेश चंद्र अवस्थी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पटाखों की दुकानों को अस्थायी रूप से लाइसेंस देने के संबंध में नियमों का अक्षरश: पालन किया जाए। जिला प्रशासन यह भी देख ले कि दुकानें कहां लगेंगी। पटाखों की दुकानों के पास आवश्यक अग्निरोधक उपाय किए जाएं। जिससे कि किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों को जारी निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि आतिशबाजी के भण्डारण, विक्रय की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। पटाखों से संबंधित कार्यस्थलों आदि में पलायन मार्ग, वैकल्पिक पलायन मार्ग, पहुंच मार्ग आदि जीवन सुरक्षा हेतु वांछित उपायों का परीक्षण सुनिश्चित कराया जाए। आतिशबाजी ,पटाखों आदि के आयात पर विदेशी व्यापार पॉलिसी के अनुसार राजस्व आसूचना निदेशालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार लाइसेंस धारकों को ही आतिशबाजी सामग्री विदेश से आयात किए जाने की अनुमति प्रदान की गयी है। समस्त अतिशबाजी कम्पनियों को विस्टोफटक अधिनियम 2008 के अधीन अधिकृत किया जाए। अवैध रूप से संचालित आतिशबाजी निर्माताओं के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्गत अस्थायी लाइसेंस धारक द्वारा ही भारत निर्मित आतिशबाजी अनुमति के आधार पर विक्रय किया जाए। पटाखों आदि की बिक्री व संग्रहण के स्थान पर अग्निशमन की समुचित व्यवस्था की जाए। पूर्व में मुख्यालय स्तर से निर्गत विस्तृत दिशा-निर्देशों का भी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर-चन्दौली

पत्र संख्या : 328/अ0अ0/न0पा0प0पं0दी0द0उ0न0(मु)/2020-21 दिनांक : 4 नवम्बर, 2020

एतद्द्वारा निम्नलिखित भवन के स्वामियों/क्रेतागणों तथा अन्य सहव्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्न भवनों के नाम परिवर्तन/स्वकर निर्धारण की कार्यवाही कर-विभाग, नगर पालिका परिषद, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली में विचाराधीन है। सम्बन्धित पक्षों को धारा 147 व धारा 143(1) की नोटिस भेजी जा चुकी है। आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से 7 दिन के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति नगर पालिका परिषद कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा सनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरण निरस्तारित कर दिया जायेगा।

| क्र0सं0 | भवन संख्या | मुहल्ला | वर्तमान नाम | नामान्तरण/कर निर्धारण हेतु प्रस्तावित नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 296(204) | चन्धासी | श्री शिवधनी पुत्र स्व० भगवान दास | वसीयतनामानुसार-श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा पुत्रगण स्व०शिवधनी उर्फ शिवनन्दन |
| 2 | 110/A | चन्धासी | श्रीमती मदीना बेगम पत्नी हबीबुल्ला | भवन संख्या 110(84) के जुजभाग पर बैनामानुसार-श्री रमेश कुमार पुत्र खेदारु प्रसाद वर्तमान अंकित नाम यथावत रखते हुए |
| 3 | 213/A-1 | वेस्टर्न बाजार | श्री रामभरोसे, गनेश प्रसाद पुत्रगण स्व0 जवाहिर | भवन संख्या 213 के जुजभाग पर वसीयतनामानुसार-श्रीमती रेनू देवी पत्नी प्रेम प्रकाश जायसवाल वर्तमान अंकित नाम में से श्री रामभरोसे का नाम खारिज कर शेष अंकित नाम यथावत रखते हुए |
| 4 | 87/A | महमूदपुर | श्री शिवमूरत सिंह यादव पुत्र बासी सिंह यादव | बैनामानुसार-श्रीमती शालिनी पत्नी बाल गोविन्द पाण्डेय |
| 5 | 159(131) | ईस्टर्न बाजार | डा0 रामधनी पुत्र मोदी राम | दानपत्र के अनुसार-श्री शिशिर कुमार जायसवाल पुत्र रामधनी प्रसाद |
| 6 | 178/3-C-2 | महमूदपुर | प्रथम कर निर्धारण | बैनामानुसार-श्री प्रेम नारायण भारती पुत्र जोखू प्रसाद |
| 7 | 881 | बेचूपुर | श्रीमती अनुराधा कौर पुत्र सरदार मन्जीत सिंह | भवन संख्या 88:, 882 व 592/ए-1 तीनों भवनों का नाम निरस्त कर बैनामानुसार-श्रीमती क्षमा वर्मा पत्नी सुशील कुमार वर्मा |
| 8 | 1114/C | अलीनगर | प्रथम कर निर्धारण | बैनामानुसार-श्री राजू सिंह चौहान पुत्र जवाहर लाल चौहान |
| 9 | 185(1477) | मैनाताली | श्री बलबीर सिंह पुत्र स्व० दलजीत सिंह | वरासतन-श्री दिलीप सिंह, अमरजीत सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह पुत्रगण स्व० बलवीर सिंह |
| 10 | 13/A-1 | ईस्टर्न बाजार | प्रथम कर निर्धारण | बैनामानुसार-श्रीमती श्यामा देवी पत्नी स्व0 जगदीश प्रसाद |
| 11 | 285(235) | मैनाताली | श्री राजेन्द्र सिंह जुनेजा, जगदीश सिंह जुनेजा, हरविन्द सिंह जुनेजा, राजेश कुमार जुनेजा पुत्रगण स्व० बंशी सिंह जुनेजा | बैनामानुसार-श्रीमती चन्द्रशीला देवी पत्नी भोलानाथ व भोलानाथ पुत्र रामसिंह |
| 12 | 424(282) | अलीनगर | श्री श्यामजी, सुदर्शन, हरीचन्द, रामचन्दर, राजेन्दर पुत्रगण स्व० नग्गू व स्व० रामजी | वरासतन-श्री ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र स्व० श्यामजी वर्तमान अंकित नाम में से श्यामजी का नाम खारिज कर शेष अंकित नाम यथावत रखते हुए |
| 13 | 798/M | मुगलचक | प्रथम कर निर्धारण | बैनामानुसार-श्रीमती मीना कुमारी सेट पत्नी द्वारिका प्रसाद सेठ |
| 14 | 1337/N | अलीनगर | प्रथम कर निर्धारण | बैनामानुसार-श्रीमती कौशल्या देवी पत्नी नन्ददेव |
| 15 | 41/B | मुगलचक | श्रीमती चमेली देवी पत्नी राम सुन्दर राम | वरासतन-श्री ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र रामसुन्दर राम गुप्ता |
| 16 | 741(503) | अलीनगर | श्री निहालू पुत्र स्व० पेवारु | वरासतन-श्रीमती नरगीस बेगम पत्नी शेख निठालू मुन्शी, मुहम्मद इकरामुद्दीन, शेख सलमान, शहजादा पुत्रगण स्व० शेख निठालू मुन्शी |
| 17 | 1602(238/3) | मुगलचक | श्रीमती यशोदा देवी पत्नी स्व0 रामचरन यादव | वरासतन-श्री लालबरत यादव पुत्र स्व० रामचरन यादव |
| 18 | 604(240) | मुगलचक | श्रीमती यशोदा देवी पत्नी स्व० रामचरन यादव | वरासतन-श्री लालबरत यादव पुत्र स्व० रामचरन यादव |
| 19 | 48(34) | बेचूपुर | श्री विजय बहादुर पुत्र स्व० भोला प्रसाद | वसीयतनामानुसार-श्रीमती रेशमा देवी पत्नी देवन्द्र कुमार |
| 20 | 1505(159/1) | महमूदपुर | श्रीमती राधा देवी पत्नी छोटेलाल | बैनामानुसार-श्रीमती गायत्री देवी पत्नी रमेश चन्द्र गुप्ता |
| 21 | 68/A | कालीमहाल | श्री शंकर प्रसाद जायसवाल पुत्र स्व० राम प्रसाद | भवन संख्या 68 के जुजभाग पर बैनामानुसार-श्री सतीश कुमार जायसवाल पुत्र स्व० शंकर प्रसाद जायसवाल वर्तमान अंकित नाम यथावत रखते हुए |
| 22 | 7/A-1 | गिधैली | प्रथम कर निर्धारण | बैनामानुसार-श्रीमती कुसुम देवी पत्नी स्व० उपेन्द्र नाथ मिश्रा, राजर्षि शिवॉशू मिश्रा, हिमॉश मिश्रा, देवर्षि वैभव मिश्रा पुत्रगण स्व० उपेन्द्र नाथ मिश्रा |

**अपना कर समय से जमा कर नगर के विकास में सहयोगी बनें।**

**कर अधीक्षक**
**नगर पालिका परिषद**
**पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली।**



पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं मनोज कुमार पुत्र स्व0 स्वामीनाथ शर्मा निवासी डिफेन्स कालोनी के0वि0 रोड हीरापट्टी आजमगढ़ यू0पी0 ने अपना नाम बदल लिया है। अब मेरा नाम मनोज कुमार शर्मा पुत्र स्व0 स्वामीनाथ शर्मा होगा इसके लिये अन्य कानूनी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र प्रतीक गुप्ता व बहू श्रीमती स्वाती गुप्ता को उनका चाल-चलन ठीक न होने के चलते अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। अजय कुमार गुप्ता पुत्र श्री रामकिशोर गुप्ता व श्रीमती मीना गुप्ता पत्नी श्री अजय कुमार गुप्ता निवासीगण-मोहल्ला नई बस्ती, तहसील व जिला सीतापुर।

**सूचना**

सुच्य हो कि मेरे सर्विस रिकार्ड (एनटीपीसी) में मेरी पत्नी का नाम राममूर्ति है। जो गलत है । जबकि आधार कार्ड , पैन कार्ड और शैक्षिक अभिलेखों में उनका नाम राममूर्ति देवी दर्ज है, जो सही है। अत: मेरी पत्नी को राममूर्ति देवी के नाम से जाना , पहच. ाना और समझा जाए। सुदामा प्रसाद पुत्र देवी दयाल निवासी- गांधी नगर, तिर्वागंज थाना- तिर्वा , जिला- कन्नौज

**सूचना**

सुच्य हो कि एनटीपीसी में मेरे सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम राजेश्वरी और उनकी जन्मतिथि 01/01/1970 एवं 04/06/1964 दर्ज है। जो गलत है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम राजेश्वरी सिंह और उनकी जन्मतिथि 31/12/1966 दर्ज है। जो सही है। अत: मेरी पत्नी को राजेश्वरी सिंह और उनकी जन्मतिथि 31/12/1966 जाना व समझा जाए। शिव कुमार सिंह पुत्र स्व0 माता बक्स सिंह निवासी -टाईप-2-453 एनटीपीसी कालोनी ऊंचाहार - रायबरेली


# पराली निस्तारण के बहाने जेल भेजकर किसानों का उत्पीड़न कर रही है सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने सहारनपुर जनपद के किसानों को पराली जलाने के नाम पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की योगी आदित्यनाथ सरकार के कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का भी पालन नहीं कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पराली समस्या के समाधान के लिए सरकार को निर्देश दिया था कि वह पराली की खरीद कर उसका निस्तारण कराए और पराली निस्तारण किसानों को समुचित आर्थिक मुआवजे की व्यवस्था सुनिश्चित करे, किन्तु राज्य सरकार अपने दायित्वों से मुंह चुराकर किसानों के विरुद्ध मुकदमे लिखकर उन्हें जेल भेजकर प्रताड़ित कर रही है। अकेले सहारनपुर जनपद में अब तक 16 किसानों को एक सप्ताह में पुलिस ने जेल भेज दिया है और सैंकड़ों किसान अपनी गिरफ्तारी के भय से अपना घर परिवार छोड़कर भागने के लिए विवश हैं। प्रदेश सरकार के इस पुलिसिया उत्पीड़न से किसानों में भय एवं आक्रोश व्याप्त है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एक तरफ जहां किसानों को धान बेचने के लिए क्रय केंद्रों पर चार-चार दिन तक प्रतीक्षा करनी पड़ रही है और न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपए 1886 के स्थान पर तमाम कमियां बताकर आठ सौ से लेकर नौ सौ रुपए प्रति कुन्तल में किसानों को अपनी धान की उपज बेचने के लिए विवश कर रही है और उनका शोषण करने पर उतारू है।

## एमएलसी चुनाव के लिए सात सीटों पर प्रत्याशी घोषित

**लखनऊ।** कांग्रेस ने प्रदेश में होने जा रहे शिक्षक व स्नातक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। शिक्षक व स्नातक एमएलसी की 11 सीटें खाली हैं लेकिन कांग्रेस ने अभी सात सीटों पर ही प्रत्याशी घोषित किए हैं। कांग्रेस ने अलीगढ़-आगरा स्नातक क्षेत्र से राजेश द्विवेदी, मेरठ स्नातक क्षेत्र से जितेन्द्र कुमार गौड़, इलाहाबाद-झांसी स्नातक क्षेत्र से अजय कुमार सिंह, लखनऊ स्नातक क्षेत्र से बृजेश कुमार सिंह, वाराणसी खण्ड स्नातक क्षेत्र से संजीव सिंह, गोरखपुर फैजाबाद शिक्षक क्षेत्र से नागेन्द्र दत्त त्रिपाठी और बरेली-मुरादाबाद शिक्षक क्षेत्र से डा मेहंदी हसन को प्रत्याशी बनाया है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पांच खण्ड स्नातक और 6 खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल इस साल 6 मई को खत्म हो गया है।

# दीवाली बाद महंगी बिजली का झटका देने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने तय कर रखा है कि यहां कोई भी चैन से न रह सके। सब कहीं न कहीं परेशान रहें। जनता को मंहगी बिजली देने का मन बनाए ऊर्जामंत्री चलाचली की बेला में साइकिल की सवारी करके और खुद ही बकाया वसूली करके जनता का ध्यान बंटाने का नाटक कर रहे हैं।

जनता से धोखाधड़ी में पारंगत भाजपा सरकार उपचुनावों के मद्देनज़र चुप्पी साधे रही अब दीवाली बाद मंहगी बिजली का झटका देने की तैयारी है। भाजपा सरकार 80 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं पर और बोझ डालेगी जबकि ज्यादा बिजली खपत करने वालों पर राहत बरसेगी। प्रदेश में लगभग 10 करोड़ से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। भाजपा सरकार ने विद्युत के क्षेत्र में गहरी उदासीनता और अक्षमता का परिचय दिया है। भाजपा सरकार में एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं हुआ। अघोषित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति मांग 4-6 घंटा ही हो रही है। समाजवादी सरकार ने विद्युत क्षेत्र में जो सुधार किए थे उन्हें निष्प्रभावी बनाया जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार का सबसे बड़ा घोटाला मीटर खरीद को लेकर है। पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में करीब 2000 करोड रूपये के इलेक्ट्रिानिक मीटर, 500 करोड़ रूपये के करीब 12 लाख स्मार्ट मीटर खरीदे गए हैं। बिना किसी जांच ग्रामीण क्षेत्र में सौभाग्य योजना के अंतर्गत गरीबों के घर में बिजली मीटर लगते हैं।

## स्नातक-शिक्षक चुनाव के लिए सपा ने घोषित किए प्रत्याशी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र आगरा खण्ड से डॉ असीम, मेरठ खण्ड से शमशाद अली, लखनऊ खण्ड से राम सिंह राणा, वाराणसी खण्ड से आशुतोष सिन्हा तथा इलाहाबाद-झांसी खण्ड से डॉ. मान सिंह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हैं। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ खण्ड से उमाशंकर चौधरी पटेल, वाराणसी खण्ड से लाल बिहारी, बरेली-मुरादाबाद खण्ड से संजय कुमार मिश्रा, मेरठ खण्ड से धर्मेन्द्र कुमार, आगरा खण्ड से हेवेन्द्र सिंह चौधरी हऊआ तथा गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड से अवधेश कुमार प्रत्याशी हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# बिना नक्शा 50 बीघा भूमि पर बन रही कालोनी पर कार्रवाई

## अभियान के तहत लगभग छह करोड़ रुपये की 6.895 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई गई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एन्टी** भू माफिया अभियान के तहत बुधवार को ज़िला प्रशासन व लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की। मौजा मोहारी कला थाना गोसाईगंज व ग्राम अमौसी सरोजनीनगर सहित कई अवैध निर्माण ध्वस्त किये गए। जेल रोड पर मौजा मोहारी कला, गोसाईगंज में 50 बीघा भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध विकसित कॉलोनी पर कार्रवाई की। वहीं 5 करोड़ 94 लाख 65 हज़ार आठ सौ रुपये मूल्य की 6.895 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई गई। बुधवार को जिलाधिकारी लखनऊ अभिषेक प्रकाश द्वारा शहर में किए गए अवैध निर्माणों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जेल रोड पर मौजा-मोहारी कला, गोसाईगंज में लगभग 50 बीघा भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध विकसित कॉलोनी पर किए गए निर्माण के विरुद्ध ज़िला प्रशासन और क्षेत्रीय व प्राधिकरण पुलिस के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। अकील अहमद द्वारा ठाकुरगंज क्षेत्र, बालागंज में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध व्यावसायिक निर्माण को ज़िला प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। अवैध रूप से बनाई गई बिल्डिंग के मालिक अकील अहमद द्वारा 2 सप्ताह में बिल्डिंग खाली करने का प्रार्थना पत्र भी दिया गया है। साथ ही केडी वर्मा द्वारा एसटीपी भरवारा रोड पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध रूप से बनाई गई कॉलोनी पर भी ज़िला प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। वहीं ग्राम अमौसी तहसील सरोजनी नगर में 2 बीघा सीलिंग भूमि पर हुए अतिक्रमण को ज़िला प्रशासन के सहयोग से हटाकर प्राधिकरण द्वारा कब्जा लिया गया ।

### अभी तक 48 करोड़ की जमीन खाली कराई

जिलाधिकारी एवं उपाध्यक्ष लविप्रा द्वारा बताया गया कि इस अभियान के तहत तहसील प्रशासन द्वारा कुल 6.895 हेक्टेयर भूमि खाली कराई गई, जिसका बाजार मूल्य लगभग 5 करोड़ 94 लाख 65 हज़ार 8 सौ रुपये है। उन्होंने बताया कि अभी तक तहसील प्रशासन द्वारा कुल 34.046 हेक्टेयर भूमि अवमुक्त कराई जा चुकी है जिसका बाजार मूल्य लगभग 48 करोड़ 32 लाख 21 हज़ार 6 सौ रुपये है।

### तहसीलवार खाली कराई गई भूमि

1. सदर 2.671 हेक्टेयर, मूल्य 7 करोड़ 75 लाख
2. मोहनलालगंज 6.802 हेक्टेयर, मूल्य 2 करोड़ 71 लाख 93 हजार 6 सौ
3. मलिहाबाद 12.339 हेक्टेयर, मूल्य 9 करोड़ 71 लाख 42 हज़ार 4 सौ
4. बीकेटी 7.896 हेक्टेयर मूल्य 17 करोड़ 35 लाख 65 हज़ार 6 सौ
5. सरोजनीनगर 4.338 हेक्टेयर मूल्य 10 करोड़ 78 लाख 20 हज़ार

## लेखाधिकारी को जान से मारने की धमकी

**लखनऊ।** डीआईओएस आफिस में तैनात एकाउंट अफसर ने कुछ लोगों पर जिला विद्यालय निरीक्षक व खुद को जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। एकाउंट अफसर के आरोप को संज्ञान में लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने डीएम को पत्र लिखा है। उधर पत्र को संज्ञान में लेते हुए डीएम के निर्देश पर डीसीपी पश्चिमी ने एसीपी कैसरबाग को जांच के आदेश दिए हैं।जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा दिए पत्र में कहा गया है कि वित्त एवं लेखाधिकारी 28 अक्टूबर को शाम को करीब 5.30 बजे स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। गौतम बुद्ध पार्क के पास तीन अज्ञात लोगों ने रोक लिया और उन्हें धमकी देने लगे। उन्होंने गाली गलौज के साथ ही लालबाग इंटर कॉलेज के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक का साथ न देने का दबाव बनाया और कहा कि ऐसा न करने पर उनके साथ उन्हें जान से मार दिया जाएगा। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## छापे में 45 कुंतल पालीथीन की जब्त

लखनऊ। नगर निगम द्वारा पालीथीन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान में जानकीपुरम स्थित सेक्टर-सी में एमके ट्रेडर्स के प्रबंधक के प्रतिष्ठान से 45 कुंतल पालीथीन जब्त की गई। बुधवार को नगर आयुक्त अजय द्विवेदी के आदेश पर जोनल अधिकारी राजेश सिंह एवं प्रभारी ईटीएफ कर्नल सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अभियान में जानकीपुरम स्थित सेक्टर-सी में एमके ट्रेडर्स के प्रबंधक महेश चौहान के प्रतिष्ठान से प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त की गयी। इसके अतिरिक्त सेक्टर सी में स्टोर भी बनाया हुआ था।

## सुरक्षा और मुआवजे की मांग पर अड़े परिजन

# सांसद के समझाने पर हुई अंत्येष्टि



संवाददाता। मोहनलालगंज

**बीडीसी सदस्य हत्याकांड**

**बीडीसी** सदस्य विजय प्रताप रावत की हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को परिवार की सुरक्षा और मुआवजे की मांग लेकर शव का अन्तिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। डीसीपी रईश अख्तर की अगुवाई में पुलिस अधिकारियों की तमाम कोशिशों के बावजूद भी परिवारीजन मानने को तैयार नही हुए। आखिरकार सूचना पाकर गांव पहुंचे सांसद कौशल किशोर और पूर्व मंत्री आरके चौधरी ने पीड़ित परिवार को पुलिस सुरक्षा और सरकारी योजनाओं से आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा दिया तब जाकर करीब तीन घण्टे बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए। उधर पुलिस हत्यारोपी मनोज यादव को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। मोहनलालगंज के पूरनपुर गांव निवासी बीडीसी सदस्य विजय प्रताप रावत की मॉर्निंग वाक से लौटने के दौरान मंगलवार को बगहनखेड़ा निवासी सपा नेता मनोज यादव ने स्कार्पियो से कुचल कर मौत के घाट उतार दिया था। बुधवार को विजय प्रताप का शव पोस्टमार्टम के बाद वापस गांव आते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक के परिवार की सुरक्षा और 50 लाख की आर्थिक मदद व बच्चों की मुफ्त पढ़ाई की मांग लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझाने की कोशिश की लेकिन परिजन अड़े रहे। लिहाजा जानकारी मिलते ही डीसीपी रईश अख्तर और एडीसीपी सुरेश चन्द्र रावत दल बल के साथ गांव पहुंच गए लेकिन परिजनों को मनाने में अफसरों की कोशिशें भी जाया रहीं। लिहाजा पूर्व मंत्री आरके चौधरी और भाजपा सांसद कौशल किशोर गांव पहुंचे उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर हत्यारोपी मनोज यादव को कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया। परिजनों का मांग पत्र लेकर सांसद ने एससीएसटी एक्ट और किसान दुर्घटना बीमा योजना समेत अन्य सरकारी योजनाओं से हरसंभव आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिया। उन्होने परिवार को पुलिस सुरक्षा और किसी भी तरह की समस्या होने पर उनके दरवाजे हमेशा खुले रहने का भरोसा देकर ढाढस बंधाया तब जाकर करीब तीन घण्टे बाद आक्रोशित ग्रामीण और परिवारीजन शान्त हुए और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया हत्यारोपी मनोज यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। उसके पास से .32 बोर का रिवाल्वर और चार जिन्दा कारतूस बरामद किए गए हैं। दूसरे आरोपी लल्लू की तलाश की जा रही है।

# संविदाकर्मी लाइनमैन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## एक्सईएन ने बताया हार्ट अटैक ,परिजनों ने लापरवाही के कारण करंट से मौत होने का आरोप लगाकर किया हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जानकीपुरम** के न्यू कैम्पस में कार्यरत संविदाकर्मी लाइनमैन की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। एक्सईएन ने हार्ट अटैक से मौत होने की बात कहकर शव घर भेज भिजवा दिया। वहीं मृतक के परिजनों ने लापरवाही के कारण करंट से मौत होने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बीकेटी के संसारपुर गांव निवासी 35 वर्षीय इंद्रपाल मौर्य बिजली विभाग में बतौर लाइनमैन कार्यरत था। पत्नी नीलम ने बताया कि वह मंगलवार रात को नाइट ड्यूटी के लिए गया था। बुधवार की सुबह करीब छह बजे उसे पावर हाउस से कॉल करके बताया गया कि इंद्रपाल की अचानक तबियत खराब हो गई है। इसकी जानकारी नीलम ने सीतापुर रोड स्थित अहलादपुर गांव निवासी रिश्तेदार तोताराम को दी। तोताराम ने बताया कि जब वह पावर हाउस पहुंचा तो उसे शव नहीं दिखाया गया। पूछने पर मौजूद कर्मचारी इधर उधर की बात कहकर गुमराह करते रहे। मृतक इंद्रपाल के परिजनों ने बताया कि कुछ देर बाद पावर हाउस के कर्मचारी एक अधिकारी की गाड़ी से इंद्रपाल का शव लेकर गांव पहुंचे। लोग घटना के बारे में जानकारी ले पाते इससे पहले ही सभी मौके से भाग निकले। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक के बाएं हाथ और हथेली, गर्दन और चेहरे पर काला निशान था, देखने से करंट लगने जैसा प्रतीत हो रहा था।

परिजनों ने बिजली विभाग की लापरवाही से करंट लगकर मौत होने का आरोप लगाते हुए बीकेटी पुलिस से कार्रवाई की मांग की। बिजली विभाग की ओर से हार्ट अटैक की बात सामने आने पर बीकेटी पुलिस ने कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। इससे ग्रामीण आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने घटना जानकीपुरम थाना क्षेत्र की बताकर अपना पल्ला झाड़ने का प्रयास किया। इससे ग्रामीण और आक्रोशित हो गए और सभी ने सीतापुर हाईवे पर शव रखकर जाम की चेतावनी दी। जिसके बाद बीकेटी पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर लोगों को शांत कराया। मृतक इंद्रपाल के परिवार में पत्नी नीलम और एक बेटा व दो बेटियां हैं।

## दो बाइक आमने-सामने भिड़ीं, एक युवक की मौत

**माल।** माल थाना क्षेत्र के अटारी स्थित लोहिया पुल के पास दो बाइकें आमने सामने भिड़ गयीं। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि उसपर सवार किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को माल सीएचसी लायी, जहां चिकित्सक ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि साथ मे घायल किशोर को ट्रामा सेंटर भेज दिया।पुलिस के मुताबिक बुधवार को थाना क्षेत्र के अटारी गांव स्थित लोहिया पुल के पास दो बाइकों की आपस में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गयी। जिससे सीडी डीलक्स यूपी 32के एल 9331 सवार हरदोई जनपद के अतरौली थाने के गौड़ी गांव निवासी 30 वर्षीय रूपन की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि उसके साथ बाइक पर पीछे बैठे रूपन के मामा का पन्दरह वर्षीय बेटे अतरौली थाने के हयातनगर गांव निवासी राजपाल गम्भीररूप से घायल हो गया। जिसके दोनों पैरों में चोटें आयीं हैं। उधर दूसरा बाइक सवार अपनी सुपर स्प्लेंडर यूपी 32 एलएच 5183 को छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ी कर लिया है। मृतक के परिवार में पत्नी रूपरानी, चार बेटियां हैं।

# राजधानी में 277 और सूबे में कोरोना के 2204 नए केस

**लखनऊ।** सूबे में बुधवार को कोरोना वायरस के 2204 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 277 केस सामने आए हैं। सूबे में 22676 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3096 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7104 मरीजों की और राजधानी में 894 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 482398 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2014 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 459722 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 277, कानपुर में 52, प्रयागराज में 68, गोरखपुर में 49, गाजियाबाद में 34, नोएडा में 339, वाराणसी में 70, मेरठ में 175, बरेली में 43, मुरादाबाद में 15, अलीगढ़ में 27, झांसी में 28, सहारनपुर में 20, आगरा में 55, अयोध्या में 27, बाराबंकी में 15, बलिया में 28, लखीमपुर खीरी में 15, शाहजहांपुर में पांच, देवरिया में तीन, मुजफ्फरनगर में 19, जौनपुर में 11, महाराजगंज में 20, आजमगढ़ में 11, कुशीनगर में 10, मथुरा में 24, रामपुर में 8, इटावा में 25, बुलंदशहर में 35, बस्ती में 17, प्रतापगढ़ में 24, गोंडा में 25, गाजीपुर में 22, सीतापुर में 10, उन्नाव में नौ, सुल्तानपुर में 15, रायबरेली में 33, फर्रुखाबाद में 17, सोनभद्र में 33, चंदौली में 15, अमरोहा में पांच, सिद्धार्थनगर में 11, पीलीभीत में एक, बहराइच में 11, बिजनौर में 20, हापुड़ में 22, बदायूं में 18, मैनपुरी में 19, फतेहपुर में 14, कन्नौज में तीन, अमेठी में पांच, संत कबीर नगर में एक, जालौन में 14, मिर्जापुर में 14, ललितपुर में 13 , शामली में 15, औरैया में 19, मऊ में दो, बांदा में 19, संभल में 16, एटा में 17, भदोही में 7, कानपुर देहात में आठ, चित्रकूट में 17, बलरामपुर में पांच, अंबेडकरनगर में 11, कासगंज में 23, बागपत में 13, हमीरपुर में 5, हाथरस में दो, श्रावस्ती में दो और महोबा में तीन कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

## डेंगू के 12 और मरीज मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** लखनऊ में कोरोना की उपस्थिति के बीच डेंगू के संक्रमित मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। बुधवार को 12 नए डेंगू मरीजों की पुष्टि हुई है। वही मरीजों के मिलने को देखते हुए अलग अलग इलाकों में एंटी लार्वा का छिड़काव होने के साथ ही 32 लोगों को नोटिस जारी की गई है। जनपद लखनऊ में 12 डेंगू के धनात्मक मरीज शारदा नगर, मटियारी, जानकीपुरम, गोमतीनगर, इन्दिरानगर इत्यादि में पाये गये। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा सोर्स रिडक्शन तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी तथा नगर निगम को उक्त क्षेत्रों में सघन फागिंग अभियान एवं व्यापक सफाई व्यवस्था कराये जाने हेतु सूचित किया गया। वही मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर डा केपी त्रिपाठी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने आज सेक्टर 17 इंदिरा नगर एवं विराम खंड 5 गोमती नगर लखनऊ का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान क्षेत्र मे खाली स्थानों पर जल भराव की स्थिति पायी गयी। जिसमें तत्काल एण्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 2792 घरों तथा विभिन्न स्थानों पर मच्छर जनक स्थितियों का सर्वेक्षण किया, जिनमें 32घर-स्थानों पर मच्छर जनक स्थितियां पायी जाने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत सम्बन्धितों को नोटिस जारी की गयी।

# प्रदर्शन के बाद लविवि ने छात्रों से 11 तक मांगी आपत्तियां



**लखनऊ।** एलएलबी फाइनल ईयर के फेल छात्रों ने बुधवार को भी लखनऊ विश्वविद्यालय में जमकर हंगामा काटा। छात्रों के विरोध को देखते हुए परिसर में भारी संख्या में पुलिस फोर्स उपस्थित थी। स्टूडेंट्स कुलपति से मिलने की मांग कर रहे थे। छात्रों की मांग को देखते हुए विवि प्रशासन ने कुलपति प्रो आलोक कुमार राय से उनकी मुलाकात कराई। मुलाकात के दौरान कुलपति ने नियमानुसार कार्यवाही का आश्वासन दिया। वहीं रिजल्ट से असंतुष्ट स्टूडेंट्स से विवि प्रशासन ने 11 तक आपत्तियां मांगी है। कुलपति से मुलाकात करने पहुंचे स्टूडेंट्स के प्रतिनिधि मंडल ने वीसी से अपनी-अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा। जिस पर कुलपति ने सभी स्टूडेंट्स के समस्याओं का निवारण करने के लिए 11 नवंबर तक सभी को अपनी समस्या और आपत्तियों को लिखकर परीक्षा नियंत्रक ऑफिस में दर्ज कराने का आदेश दिया। साथ ही दीवाली के बाद सभी आपत्तियों पर एक साथ निर्णय लेने की बात कही। जिसके बाद नाराज स्टूडेंट्स का गुस्सा शांत हुआ। पर वहीं दूसरी ओर एक दूसरा गुट बाहर धरने पर बैठ गया। जब यूनिवर्सिटी प्रशासन को इसका पता लगा तो वह स्टूडेंट्स व कुलपति से साथ हुए मुलाकात और जो तय हुआ है उसकी जानकारी दी। पर स्टूडेंट्स दोबारा से कुलपति से मुलाकात करने की मांग पर अड़ गए। करीब एक घंटे से अधिक समय तक समझाने के बाद नाराज स्टूडेंट्स माने।

## केजीएमयू में हुआ 300वां प्लाज्मा डोनेट

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में 300वां प्लाज्मा डोनेट हुआ है। यह प्लाज्मा एक 40 वर्षीय व्यापारी ने किया है। खास बात यह है कि 300वां दानकर्ता ने पिछले ढाई महीने में पहले भी दो बार अपना प्लाजमा दान किया है। इस अवसर पर उनका कहना है कि तीसरी बार प्लाजमा दान करने के बाद भी उनके शरीर में कोई कमजोरी या अन्य समस्या नहीं है और वह दूसरों को प्रेरित करने के लिए निरंतर चिकित्सकों के परामर्श से अपना प्लाज्मा दान कर रहे हैं। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ तूलिका चन्द्रा ने बताया कि इससे पूर्व भी अमितोज भशीन वालंटियर के रूप में 112 बार और उनके पिताजी 50 बार अपना रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनके शरीर में एंटी बॉडीज प्रर्याप्त मात्रा में बन रही है और उनका प्लाजमा दान प्लास्माफेरेसिस विधि से सम्पन्न हुआ है। प्लास्माफेरेसिस की प्रक्रिया पूर्णतय: सुरक्षित एवं हानिरहित है। एक आम इंसान में सामान्यता पांच से छह लीटर रक्त होता है। जबकि इस प्रक्रिया हेतु मात्र 400 से 500 मिली लीटर प्लाज़्मा ही लिया जाता है तथा रक्त का अवशेष भाग प्लास्माफेरेसिस मशीन द्वारा शुद्ध करके पुन: दानकर्ता के शरीर में पहुंचा दिया जाता है। डॉ तूलिका चन्द्रा ने बताया कि प्लाज़्मा दान करने से पूर्व दानकर्ता की विभिन्न जांचे जैसे एचआईवी, हिमोग्लोबिन, मलेरिया, हिपेटाइटिस-बी, हिपेटाइटिस-सी, सिफलिश एवं कम्पलिट ब्लड काउंट की जांच कराई जाती है तथा पूर्ण रूप से स्वस्थ व्यक्ति का प्लाज़्मा ही लिया जाता है।



करवा चौथ पर राजधानी के बाजार रहे गुलजार, जमकर हुई खरीदारी

# ऑनलाइन दीक्षांत के बीच होंगे हजारों साल पुरानी चीजों के दीदार

## लविवि के शताब्दी समारोह में दक्षिण भारत की रामलीला कराने के साथ जनता के लिए खोले जाएंगे सभी म्यूजियम

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शताब्दी वर्ष समारोह को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। कोविड 19 को देखते हुए जहाँ ऑनलाइन दीक्षांत समारोह की तैयारी चल रही है। वहीं पीएम के कार्यक्रम मिलने की संभावना को देखते हुए विवि ने खाका खींचना शुरू कर दिया है। इस मौके पर विवि के सभी म्यूजियम को खोलने के साथ ही दक्षिण भारत के रामलीला कराने की भी तैयारी है। लखनऊ विश्वविालय में शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन करीब सात दिन तक ओल्ड कैंपस होगा। जिसमें मालिनी अवस्थी, कुमार विश्वास, डीजे नारायण, कुमकुमधर जैसी तमाम जानी मानी हस्तियां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। वहीं आयोजन के पहले दिन या बीच में एलयू अपना दीक्षांत समारोह भी मनायेगा। जिसके लिए लगभग सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हालांकि इस साल कोरोना काल के चलते दीक्षांत में शामिल होने वाले मुख्य अतिथियों के नहीं आ पाने के कारण वे सभी वर्चुअल रूप से समारोह में शिरकत करेंगे। जिसको देखते हुए एलयू प्रशासन दीक्षांत समारोह के लिए इस साल प्रांगण सजाने के मूड में नहीं है। समारोह में उच्च शिक्षामंत्री व राज्यपाल भी वर्चुअल रूप से शिरकत कर सकती हैं। वहीं केवल वहीं छात्र व छात्राएं बुलाए जाएंगे जिन्हें मेडल दिया जाएगा। हर बार की तरह सभागार अन्य कॉलेज व यूनिवर्सिटी के छात्रों से भरा नहीं रहेगा। कोविड 19 के प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखा जाएगा। वहीं शताब्दी वर्ष समारोह पर एलयू में बने सभी म्यूजियम जनता के लिए खोले जाएंगे। एलयू में एआईएच, जियोलॉजी, जूलॉजी, एंथ्रोपोलॉजी, टैगोर समेत कई म्यूजियम हैं। जिन्हें जनता के लिए पहली बार खोला जाएगा। ये भी बता दें कि इन सभी म्यूजियम में हजारों साल पुरानी चीजें मौजूद है जिन्हें जनता देख सकेगी। टैगोर लाइब्रेरी में हाजारों साल पुरानी पाडुलिपियों को प्रदर्शनी में रखा जाएगा।

# सुगम यातायात के लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता। लखनऊ



**शहर** में सुगम यातायात सुनिश्चित करने व अवैध पार्किंग तथा अतिक्रमण को हटाने के मसले पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एलडीए व नगर निगम से सवाल जवाब किया है। पीठ ने पूछा है कि इसके लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं। पीठ ने इन दोनों महकमो के वकील को निर्देश प्राप्त कर अवगत कराने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश अम्बुज बाजपेई की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में लाटूश रोड, अमीनाबाद व कैसरबाग समेत पुराने लखनऊ में अवैध पार्किंग्स की वजह से होने वाले जाम के मुद्दे को उठाया गया है। याचिका में कहा गया है कि इन इलाकों में जगह जगह अवैध पार्किंग की वजह से वाहनों की आवाजाही में दिक्कत होती है। जिसकी वजह से यहां भारी जाम की समस्या लगातार बनी रहती है।

# अनियंत्रित ट्रेलर पलटा

## खलासी घायल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चिनहट** के अयोध्या हाईवे पर हादसों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार तड़के अनियंत्रित एक ट्रेलर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल खलासी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

उपनिरीक्षक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 4.30 बजे राहगीरों ने हादसे की जानकारी दी थी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर हादसे में हताहत खलासी लकी को बाहर निकाला गया। साथ ही अस्पताल भेजा। खलासी का पैर टूट गया है। जबकि पीलीभीत जनपद के बिलसंडा मीरपुर हरियापुर निवासी चालक नीतीश कुमार बाल-बाल बच गए। वह पेपर रोल लेकर अमृतसर से गुवाहाटी जा रहा था। इस दौरान

● अयोध्या हाईवे पर इंदिरा नहर के पास बुधवार तड़के हुआ हादसा

बुधवार तड़के बीबीडी चौकी इलाके के इंदिरा नहर के पास अयोध्या हाईवे पर अचानक अनियंत्रित हो गया। इसके बाद डिवाइडर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर अचानक पलट गया। गनीमत रही कि चालक और खलासी ट्रक के नीचे आने से बच गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित खलासी को फौरन इलाज के लिए लोहिया अस्पताल भिजवाया। इसके बाद जेसीबी की मदद से यातायात व्यवस्था बहाल करवाई। इससे पहले भी किसान पथ और अयोध्या हाईवे पर दर्जनों हादसे हो चुके हैं। बावजूद इसके जिम्मेदारों ने रोकथाम के लिए कोई रणनीति सामने नहीं आई।

# ग्राम पंचायतों का अब होगा ऑनलाइन आडिट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** ग्राम पंचायतों का अब ऑनलाइन आडिट होगा। इसके लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम की कार्ययोजना बनाकर प्रतिनिधि और कर्मियों की क्षमता का विकास किया जाएगा। पंचायती राज निदेशक किंजल सिंह ने कहा कि पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विभागीय प्रमुख गतिविधियों राष्ट्रीय ग्राम स्वराज एव वित्त आयोग अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों सम्बधी कार्य सही ढंग से कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होने बताया कि सचिव पंचायतीराज भारत सरकार द्वारा आडिट आनलाइन किये जाने की व्यवस्था की जाये। सामुदायिक सेवा केंद्र की पंचायत भवन में स्थापना कर ग्राम वासियों को बेहतर सुविधा दी जाए। इसके लिए मॉडल सर्विस अनुबंध तैयार कर सीएससी के सक्रिय संचालन का रोड मैप तैयार किया जाए। सीएससी को दी जाने वाली सुविधाएं एवं सीएससी के लाभ में पंचायतों के अंश पर भी विचार किया जाए। पंचायतों में वित्तीय लेखा जोखा व्यवस्थित करने के लिए संचालित ऑनलाइन ऑडिट एप्लिकेशन पर सहकारी समिति एवं पंचायत विंग के अधिकारी एप्लीकेशन परिवर्तनकारी एप्लीकेशन के रूप में संचालित कर पंचायतों में लेखा व्यवस्था को मजबूत करने का काम किया जाये। इसके साथ हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम शत प्रतिशत ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों से पंचायतों के खातों का ऑडिट किया जायें। इसके लिए निदेशक ने सभी अधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से किया जाये। इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा भारत सरकार के महत्वपूर्ण प्राथमिकता की स्वामित्व योजना के अन्तर्गत सभी आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये।



बांग्ला बाजार स्थित बिजली केंद्र में निरीक्षण करने पहुंचे ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा

## आईटीआई में दाखिले को लेकर तीसरी सूची जारी

**लखनऊ।** दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए हाईस्कूल में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार तीसरी सूची को जारी कर दिया गया है। यह सूची शासन के निर्देश के बाद जारी की गई है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश क्षमता के मुकाबले दो गुना अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। निजी संस्थानों में प्रवेश के प्रति अभ्यर्थियों ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई है। कुल सीटों के मुकाबले एक तिहाई अभ्यर्थियों ने ही आवेदन किया है।

## भू-माफिया पर जमीन कब्जाने का आरोप

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवपुर में दो सगे भाईयों की जमीन गलत तरीके से हथियाने का मामला प्रकाश में आया है। मूल रूप से निवासी राम बाबू मकान नंबर 4326-633 एकता नगर यासीन गंज बाला गंज लखनऊ के बड़े भाई की देवपुर पारा में पुश्तैनी जमीन है जो कि इनकी आजीविका का जरिया भी है। पीड़ित का आरोप है कि भू मफिया दबंग सत्येंद्र सिंह बघेल उनकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण करा रहा है। जिसकी शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी व थाने पर दी गई पर पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बनी हुई है। और अवैध निर्माण का कार्य दबंगों द्वारा जारी है। पीड़ित का कहना है कि यदि हमें न्याय नही मिला हमारी जमीन हमे वापिस नही मिली तो हम अपने परिवार के साथ मुख्य मंत्री आवास पर भूख हड़ताल करेंगे।

## नारी बंदी निकेतन की सिद्ध दोष महिला बंदियों ने भी मनाया करवा चौथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नारी** बंदी निकेतन लखनऊ में निरूद्ध लंबी अवधि की सजा से दंडित महिलाओं ने भी बुधवार को करवाचौथ मनाया। व्रत रखा और पूजा अर्चना कर अपने पति के लंबी उम्र की कामना की।

नारी बंदी निकेतन लखनऊ इस अर्थ में खास है कि यहां सिर्फ लंबी अवधि की सजा से सिद्धदोष की गई महिलाएं निरुद्ध की जाती हैं। नारी बन्दी निकेतन लखनऊ में आजीवन कारावास और फांसी की सजा से दंडित की गई महिला बंदी भी रखी जाती हैं। लंबी अवधि की सजा से दंडित पुरुषों को तो प्रदेश की 5 सेंट्रल जेल में रखा जाता है किंतु महिला बंदियों को रखने की यह प्रदेश की एकमात्र जेल है, जिसमें संपूर्ण उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों से लायी गयीं लंबी अवधि की सजा से सिद्धदोष महिला बंदी निरुद्ध की जाती हैं। जेल मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष वर्मा ने बताया कि नारी बंदी निकेतन लखनऊ में कुल 232 सिद्ध दोष महिला बंदी निरुद्ध हैं। जिसमें 200 महिलाएं आजीवन कारावास की है शेष 32 दस वर्ष की सजा से दण्डित हैं। 232 में से 228 महिला बंदी विवाहित हैं जबकि शेष 4 अविवाहित हैं। सभी सुहागिन महिला बंदियों के करवाचौथ व्रत को लेकर नारी बंदी निकेतन प्रशासन की ओर से सारी व्यवस्थाएं की गई थीं।



## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** चिनहट इलाके में बुधवार को करवा चौथ के दिन नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। चौकी इंचार्ज संदीप मिश्रा ने बताया कि बुधवार देर शाम अजय नगर कमता निवासी शैलेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच पड़ताल में 26 वर्षीय मृतक महिला संतोष कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी मिली। कमरे की गहनता से तलाशी ली गई है। ऐसे में पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या मान रही है। पुलिस पूछताछ में पति शैलेंद्र सिंह ने बताया कि वह किसी काम से बाहर गया था। देर शाम घर वापस लौटा तो पत्नी के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार आवाज लगाने के बावजूद भी कोई रिस्पांस नहीं मिला तो पति को अनहोनी की आशंका हुई।

# दो लुटेरे गिरफ्तार, तमंचा नकदी व बाइक बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● पकड़े गए लुटेरों पर दर्ज हैं शहर के आसपास जिलों व लखनऊ में कई मुकदमे



**राजधानी** की चिनहट पुलिस व थाने की क्राइम टीम ने दो ऐसे शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है जो शहर के आसपास कई जिलों में लूट की घटनाएं कारित की है। पुलिस का कहना है इन लोगों ने सुनसान इलाकों में पैदल चल रही महिलाओं की चेन व पर्स लूट की कई घटनाएं अंजाम दी हैं। जानकारी के अनुसार राजधानी के हसनगंज, नाका, तालकटोरा और चौक में चेन व पर्स लूट की आधा दर्जन घटनाएं अंजाम देने के बाद चिनहट इलाके में ताबड़तोड़ तीन वारदात कर पुलिस की नाक में दम करने वाले शातिर लुटेरे बाराबंकी निवासी मोहित शुक्ला व ठाकुरगंज निवासी अभिषेक रस्तोगी बुधवार को चेकिंग के दौरान बाबा अस्पताल मोड़ के पास पुलिस के हत्थे चढ़ गये। तलाशी ली गयी तो उनके पास बिना नम्बर की बाइक, तमंचा, हजारों की नकदी व दो लूटी गयी टुकड़ों में चेन मिली। पूछताछ में बताया कि पुराने शहर के चौक में लूट करने के साथ साथ हम लोगों ने तालकटोरा, नाका व हसनगंज में भी घटनाएं अंजाम दी थी। उनका कहना था कि बाइक से हम लोग फर्राटा भरते हुए निकलते हैं। फिर सुनसान इलाके में महिलाओं को जाता देख शिकार बनाते थे।

# सत्यापन के अभाव में टोकन के लिए भटक रहे किसान

संवाददाता। मोहनलालगंज

## धान खरीद का मामला

**टोकन** मिलने में आ रही दुश्वारियों की वजह से किसान मोहनलालगंज के धान खरीद केन्द्रों पर तौल कराने के लिए भटकते फिर रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों की पैरवी पर भी किसानों को मदद नहीं मिल पा रही है। लिहाजा परेशानहाल किसानों ने जिला प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई है। मोहनलालगंज के पूरनपुर निवासी किसान रामचन्द्र ने 14 सितम्बर को धान खरीद कराने के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। पहले बैंक एकाउंट सत्यापन और अब तहसील से खतौनी सत्यापन नहीं हो पाने की वजह से मऊ के कृषक सेवा केन्द्र धान खरीद का टोकन नहीं मिल पा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने पर उनकी पैरवी भी धान खरीद नहीं करा सकी। लिहाजा परेशानहाल रामचन्द्र धान बिक्री के लिए खरीद केन्द्र की परिक्रमा करते भटक रहे हैं। इसी तरह घुसवल निवासी संत कुमार साहू ने दहियर की जमीन पर उगाई गई धान की फसल बिक्री के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। लेकिन बैंक और खतौनी सत्यापन के अभाव में किसान संत कुमार धान खरीद कराने के लिए भटकते फिर रहे हैं।

**विपणन शाखा के केन्द्र से वापस लौटाया:** किसान संत कुमार ने बताया आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के बाद वह धान खरीद कराने के लिए मोहारी खुर्द में विपणन शाखा के धान क्रय केन्द्र पहुंचे तो केन्द्र प्रभारी ने उन्हें मऊ में कृषक सेवा केन्द्र से सम्पर्क करने का करने कहकर वापस लौटा दिया। वहीं मऊ जाने पर केन्द्र प्रभारी ने खतौनी सत्यापन नहीं होने का कारण बताकर लौटा दिया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी उनकी शिकायत पर केन्द्र प्रभारियों से पैरवी की फिर भी धान खरीद अब तक नहीं हो सकी।

**क्या कहते हैं एसडीएम:** एसडीएम विकास सिंह ने बताया तहसील में खतौनी सत्यापन के लिए काउंटर बनाया गया है। जहां लेखपाल से जानकारी लेकर आनलाइन खतौनी सत्यापन किया जा रहा है। अगर किसी भी किसान की खतौनी सत्यापन पेण्डिंग है तो इस शिकायत को फौरन दूर कराया जाएगा। धान खरीद के लिए किसानों को इधर-उधर भटकाने की शिकायत पर एसडीएम ने पता लगवाकर समस्या का समाधान कराने की बात कही।


**विद्युत वितरण मण्डल-चतुर्थ लेसा-सिस गोमती लखनऊ**
**(ई-निविदा आमंत्रण सूचना)**

विद्युत वितरण मण्डल-चतुर्थ लेसा-सिस गोमती, लखनऊ के कार्य - क्षेत्रान्तर्गत में निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा में प्रथम भाग में लगाये जाने वाले सभी प्रपत्रों का विवरण एवं धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र मूल्य का विवरण तथा अन्य समस्त नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र से अवलोकन करना सुनिश्चित करें, जो कि उ0प्र0 सरकार की ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर 20.11.2020 को 12:00 बजे तक डाउन लोड किये जा सकते हैं, जिसका प्रथम भाग उसी दिन को 16:00 बजे अथवा बाद में खोला जायेगा। यदि निविदा खुलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो निविदायें अगले कार्यदिवस में नियत समय पर खोली जाएगी। निविदा में यदि कोई भी संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार एवं निविदा द्वितीय भाग खोले जाने की सूचना उ0प्र0 सरकार की ई-टेण्डर वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त/विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा का विवरण निम्नवत् है : **1. अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0 57/2020-21 :-** वि0वि0ख0, सेस - द्वितीय के तहत बिजनेस प्लान वर्ष 20-21 के अंतर्गत समय-समय पर स्वीकृत होने वाले पैकेजों के विरुद्ध प्रस्तावित कार्यों को कराने के लिए रनिंग अनुबन्ध करने हेतु, निविदा प्रपत्र 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रु0 10,000.00 **2. अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0 58/2020-21 :-** वि0वि0ख0, सेस - प्रथम के तहत जमा योजना के अंतर्गत समय-समय पर स्वीकृत होने वाले पैकेजों के विरुद्ध प्रस्तावित कार्यों को कराने के लिए रनिंग अनुबन्ध करने हेतु, निविदा प्रपत्र 3540.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रु0 25,000.00, **3. अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0 59/2020-21 :-** वि0वि0ख0, सेस-द्वितीय के तहत जमा योजना के अंतर्गत समय - समय पर स्वीकृत होने वाले पैकेजों के विरुद्ध प्रस्तावित कार्यों को कराने के लिए रनिंग अनुबन्ध करने हेतु, निविदा प्रपत्र 3540.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि रु0 25,000.00, **अधीक्षण अभियन्ता, (चतुर्थ), मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, 82-83, इन्द्रलोक हाईडिल कालोनी, कृष्णा नगर, लखनऊ।** पत्रांक संख्या - 8039/वि0वि0मं0(च0)/कैम्प/निविदा, दिनांक - 04.11.2020

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**


## नौ से शुरू होंगी एलयू स्नातक की ऑनलाइन कक्षाएं

**लखनऊ।** लविवि में इस सत्र में स्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष की ऑनलाइन कक्षाएं 9 नवम्बर से शुरू होंगी। कक्षाएं शुरू होने से पूर्व नवागंतुक छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम 6 व 7 नवम्बर को होगा। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय डीन, स्टूडेंट वेलफेयर व विश्वविद्यालय के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों सहित छात्र छात्राओं को संबोधित करेंगे। स्नातक पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन कक्षाएं सोमवार 9 नवंबर से शुरु होंगी। इसकी विस्तृत सूचना कल शाम तक लविवि के वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी।

## ऑनलाइन कराएं पंजीकरण

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को योजना का लाभ देने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। संयुक्त कृषि निदेशक सांख्यिकी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति तथा अन्य परम्परागत वनवासी जो पट्टाधारी हैं और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत लाभ पाने की पात्रता रखते हैं योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण पीएम किसान डॉट गवर्नमेंट डॉट इन पर ऑनलाइन कराएं।

# ग्रीन आडिट के बाद बीबीएयू को मिला आईएसओ 14001 सर्टिफिकेट



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाबा** साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के कोर ग्रीन ग्रुप ने बुधवार को अपनी ग्रीन ऑडिट रिपोर्ट पेश की है। विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय ग्रीन बिल्डिंग मानकों के साथ आईएसओ 14001 प्रमाणित परिसर का गौरव प्राप्त हुआ है। यह ऑडिट एक स्वतंत्र पर्यावरण मूल्यांकन एजेंसी परामर्श द्वारा किया गया है। यह ऑडिट विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे ग्रीन कैंपस, अपशिष्ट प्रबंधन, जल प्रबंधन और ऊर्जा प्रबंधन पर केंद्रित था।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए ग्रीन ऑडिट एक साधन है यह निर्धारित करने का कि हम सबसे अधिक ऊर्जा या पानी या अन्य संसाधनों का उपयोग कैसे और कहाँ कर रहे हैं। इसके आधार पर विश्वविद्यालय विचार कर सकता है कि आगे क्या परिवर्तन करने की आवश्यकता है और उसे कैसे लागू किया जाए जिससे कि बचत की जा सके। पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एनके अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद, नई दिल्ली ने सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए ग्रीन ऑडिट करना अनिवार्य कर दिया है। इसके अलावा यह सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी का हिस्सा है कि वे कार्बन फुटप्रिंट्स को घटाने के उपायों के माध्यम से ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में योगदान करते हैं। कोर ग्रीन ग्रुप के संयोजक डॉ वेंकटेश दत्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय का क्षेत्रफल लगभग 8 फीसदी के बिल्ट अप क्षेत्र के साथ लगभग 251 एकड़ में फैला है।

## इंदिरा नहर में मिला युवक का शव

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में बुधवार को पसिन ढकवा गांव के पास इंदिरा नहर में एक 35 वर्षीय युवक का शव सफेद चादर में लिपटा मिला। राहगीरों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को नहर से निकाल कर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान भी थे। जिसके कारण लोगों के हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे है। पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी सचिन सिंह के मुताबिक मृतक युवक ने महरूम कलर को लोवर, ग्रे कलर की इनर, लाल व सफेद पट्टी दार टीशर्ट व काले जूते पहन रखे है। मृतक के माथे व चेहरे पर चोट के निशान भी है। मृतक के माथे व चेहरे पर चोट के निशान होने से स्थानीय लोगों ने हत्या की आंशका जताई है। स्थानीय लोगो की मानें तो युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए नहर में फेंका गया।

## ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा नेशनल टॉपर



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की कक्षा-7 की मेधावी छात्रा वगीशा सिंह ने ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2020प्रतियोगिता में नेशनल टॉपर का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि हेतु वगीशा को ट्राफी, मैडल, प्रशस्ति पत्र एवं एक हजार रूपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन किया गया, जिसमें देश भर के लगभग 1500 विद्यालयों से 50,000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने मेंटल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर नेशनल टॉपर का खिताब अपने नाम किया।

**मूक बधिर बच्ची 11 घंटे में बरामद:** लखनऊ। राजधानी विभूति खंड थाना क्षेत्र में मूक बधिर बच्ची के लापता होने के बाद पुलिस ने 11 घंटे में बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विभूति खंड संजय शुक्ला ने बताया कि पुलिस आयुक्त सुजीत पांडे व संयुक्त पुलिस आयुक्त नवीन अरोड़ा व डीसीपी पूर्वी चारू निगम व डीसीपी पूर्वी अमित कुमार के निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त विभूतिखंड स्वतंत्र सिंह के पर्यवेक्षण में थाना विभूतिखंड पुलिस टीम द्वारा एक मूक बधिर गुमशुदा नाबालिग लड़की उम्र करीब 8 वर्ष को मात्र 11 घंटे में बरामद किया गया।

# सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने किया एमएसएमई शाखा का शुभारंभ




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सेन्ट्रल** बैंक ऑफ इंडिया ने बुधवार को अपनी एमएसएमई शाखा का शुभारंभ किया। शाखा का शुभारंभ नरेन्द्र सिंह फील्ड महाप्रबंधक एवं महावीर प्रसाद मीना क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ के द्वारा किया गया। एमएसएमई शाखा के प्रबंधक विनीत जौहरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देना हमारी इस एमएसएमई शाखा का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर सेन्ट्रल बैंक के लोकल विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक भी उपस्थित रहे। नरेन्द्र सिंह ने उपस्थित ग्राहकों को बताया हमारी एमएसएमई शाखा नागरिकों को अपना उद्योग स्थापित करने में एवं नया व्यवसाय करने में पूरा सहयोग देगी। महावीर प्रसाद मीना ने बताया कि हम सभी ग्राहकों एवं आगन्तुकों को वित्तीय सहयोग करने के लिए हमारी एमएसएमई शाखा सदैव तत्पर रहेगी। अभिषेक गुप्ता मुख्य प्रबंधक महानगर शाखा ने सभी को आशवस्त किया कि हम सभी को बैंकिंग सुविधायें प्रदान करने को तत्पर हैं ।


**कार्यालय उप कृषि निदेशक, फतेहपुर**

पत्रांक-1195/कृषि/निविदा/2020-21/ दिनांक-04.11.2020

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

कृषि विभाग के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न विकास खण्ड किसान मेला एवं अन्य कृषि गोष्ठियों के आयोजन हेतु टेण्ट पण्डाल, कुर्सी, लाइट, साउण्ड, स्वल्पाहार एवं लन्च आदि की व्यवस्था हेतु पंजीकृत फर्मो से अलग-अलग निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। टेन्टेज एवं लन्च व्यवस्था हेतु 07.11.2020 तक अलग-अलग निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से निर्धारित शुल्क 500.00 रूपये जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

टेन्टेज एवं लन्च हेतु निविदा दिनांक 09.11.2020 को पूर्वान्ह 11.30 बजे तक उप कृषि निदेशक फतेहपुर कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे गठित समिति तथा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**(ब्रजेश सिंह)**
**उप कृषि निदेशक**
**फतेहपुर**


# स्ट्रीट लाइटें नहीं जलने से प्रयागराज हाईवे पर अंधेरा

संवाददाता। निगोहां



**नेशनल** हाईवे 30 पर लखनऊ से रायबरेली के बीच 75 किलोमीटर में लगी अधिकतर स्ट्रीट लाइटें महीने भर से बन्द पड़ी होने से शाम ढ़लते ही हाईवे पर अंधेरा पसर जाता है। लिहाजा तेज रफ्तार वाहनों के आवागमन के दौरान लोगों को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। वाहन चालकों की जरा सी चूक सड़क हादसों की वजह बन सकती है। लेकिन शिकायतों के बावजूद भी एनएचएआई प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। लखनऊ-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर उतरठिया से रायबरेली के मध्य लगभग 75 किलोमीटर रोड पर ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें महीने भर से बंद पड़ी हुई है। टोल चुकाने के दौरान वाहन चालक इसकी शिकायत निगोहां के दखिना शेखपुर स्थित टोल प्लाजा पर टोल प्रबंधक से भी कर चुके हैं। लेकिन शिकायत मेण्टीनेन्स विभाग को भेज दिए जाने का कहकर एनएचएआई अधिकारी पल्ला झाड़ ले रहे हैं।

**पांच साल में ही बेपटरी होने लगी व्यवस्थाएं:** लखनऊ-रायबरेली हाईवे फोरलेन बनने के दौरान 5 वर्ष पूर्व एनएचएआई ने स्ट्रीट लाइटें लगवाई थीं। लेकिन मेण्टीनेन्स टीम की लापरवाही से जगह जगह पोल के नीचे लगे बॉक्स टूट गए हैं। अण्डरग्राउण्ड केबल जगह जगह कट चुका है। केबिल को कुछ जगहों पर अंदर से निकालकर टेंपरेरी तौर पर लाइटें चालू की भी जाती हैं तो कुछ ही दिन बाद प्रकाश व्यवस्था फिर से धराशायी हो जाती है। लिहाजा बेपटरी हो रही प्रकाश व्यवस्था को लेकर मेण्टीनेन्स विभाग की टीम की मुस्तैदी पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं हाईवे पर आवागमन करने वाले लोग और स्थानीय निवासी दीपावली से पूर्व सभी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने की पुरजोर मांग कर रहे हैं।

**क्या कहते हैं प्रोजेक्ट डायरेक्टर:** प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएन गिरी ने बताया शिकायत की जानकारी नहीं हैं। लखनऊ-रायबरेली हाईवे पर जहां कहीं भी स्ट्रीट लाइटें बन्द चल रही हैं उनकी मरम्मत कराकर यथाशीघ्र चालू कराई जाएंगी।

# बिहार के गैंग ने की थी 22 लाख की लूट



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**कैंट** थाना क्षेत्र के सिंघड़िया में विदेश भेजने वाली कंपनी के गल्फ टेक्निकल इंस्टीट्यूट आफिस में बिहार के गैंग ने डकैती डाली थी। चार बदमाशों को गिरफ्तार करके पुलिस ने 12 लाख 16 हजार रुपए नकद, सोने की चेन, मोबाइल, तमंचा-कारतूस और बाइक बरामद किया है। घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी जोगिन्दर कुमार ने बताया कि 27 अक्टूबर को हुई घटना की शुरुआती जांच में पुलिस को संचालक संतोष सिंह पर जालसाजी का संदेह हुआ। आफिस से 9 लाख और घर में रखा 20 लाख रुपया मिलने से पुलिस अधिकारी भी हैरत में थे। एसएसपी जोगेंद्र कुमार के निर्देश में हुई पूछताछ में डकैती की पुष्टि हुई। इसके बाद से कैंट पुलिस और स्वाट टीम बदमाशों की तलाश में लग गई। मंगलवार को पुलिस ने एयरफोर्स के पुटहिया मोड़ से बदमाशों को पकड़ लिया। उनकी पहचान अजय सिंह पुत्र सुशील सिंह, निवासी महुआबारी थाना जीरादेई जनपद सिवान, पवन सिंह पुत्र कौशल सिंह निवासी करहनु थाना जीरादेई जनपद सिवान, सोनू कुमार शाह पुत्र ओम प्रकाश शाह निवासी भादाखुर्द थाना मुफस्सिल जनपद सिवान और डब्लू यादव उर्फ प्रमोद यादव पुत्र सुभाष चौधरी निवासी जियांव थाना मुफस्सिल जनपद सिवान, बिहार के रूप में हुई।

### पवन ने रची घटना की साजिश, रह चुका है कर्मचारी

**पुलिस की** पूछताछ में पता लगा कि पवन सिंह पहले गल्फ टेक्निकल इंस्टीट्यूट का कर्मचारी और एजेंट रह चुका है। गांव में हुए विवाद में वह हत्या के प्रयास के मुकदमे में जेल गया था। जेल में ही अजय सिंह से उसकी मुलाकात हुई। तभी से उनके बीच बात होने लगी। रुपए की जरूरत पर पवन सिंह ने गल्फ टेक्निकल इंस्टीट्यूट की जानकारी दोस्त अजय सिंह को दी। इसके बाद सभी ने आराम से कई दिनों तक रेकी की। लोगों को विदेश भेजने के काम के बहाने वह आफिस में जाता रहा। रुपए इकट्ठा होने पर अजय सिंह ने अपने गैंग के साथियों सोनू कुमार, प्रमोद यादव उर्फ डब्लू, लडुन उर्फ रहमत अली और अन्य साथियों ने लूटपाट की। नकदी लेकर बिहार भाग गए। लेकिन पवन सिंह वहीं आफिस में रहकर अजय सिंह को हर गतिविधि की जानकारी देता रहा। सर्विलांस के जरिए पुलिस ने उसकी भूमिका पाई तो जांच को आगे बढ़ा दिया। संचालक को हिरासत में रखकर पुलिस ने बदमाशों को गफलत में रखा। बदमाशों को लगा कि संचालक संतोष ही जेल जाएगा। कोई उन पर शक नहीं करेगा। लेकिन गोरखपुर पुलिस ने बदमाशों के अरमान पर पानी फेर दिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रमुख रूप से निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला प्रभारी स्वाट टीम, एसओ दिनेश कुमार मिश्र थाना कैण्ट उ.नि. संजय कुमार सिंह थाना कैण्ट, महेन्द्र कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी इन्जि. कालेज, शाहिद परवेज स्वाट टीम, चन्द्रभान सिंह स्वाट टीम, हे.का. राजमंगल सिंह स्वाट टीम, शशिकान्त राय स्वाट टीम, का. सनातन सिंह स्वाट टीम, मोहसिन खान स्वाट टीम, शिवानन्द उपाध्याय स्वाट टीम, अरुण यादव सर्विलांस सेल, अरुण राय सर्विलांस सेल, का. दीपक यादव, सौरभ गिरी, राजेश यादव शामिल रहें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 32000 नकद इनाम देने की घोषणा की। प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर डॉक्टर कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक अपराध अशोक कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी कैंट सुमित शुक्ला मौजूद रहें।

## वैन को दिखाई हरी झंडी

**गोरखपुर।** भारत सरकार क्षेत्रीय लोक सम्पर्क कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय गोरखपुर के सौजन्य से नोवल कोरोना वाइरस (कोविड-19) दस दिवसीय 4 से 13 नवम्बर तक प्रचार-प्रसार अभियान हेतु जागरूकता सचल प्रदर्शनी वैन को हरी झण्डी दिखाकर महापौर सीताराम जायसवाल ने रामगढ़ताल पर्यटक स्थल नौका विहार पार्क से रवाना किया। महापौर ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो सन्देश दिया है ''दो गज की दूरी मास्क है जरूरी, जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं'' का पालन करते हुए भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिये गये कोविड-19 के निर्देशों के अनुसार स्वयं भी सतर्क रहे एवं आस-पास के लोगों को भी सतर्क रखने का प्रयास करें। महापौर द्वारा उपस्थित जनमानस जिनके पास मास्क उपलब्ध नहीं था उन्हें मास्क भी उपलब्ध कराया गया। उक्त अवसर पर महापौर के साथ उप सभापति अजय राय, डा. नरसिंह राम उप निदेशक क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### प्रेमिका से मिलने गये प्रेमी ने लगायी फांसी

**गोरखपुर।** जनपद के गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव में महिला से मिलने कमरे में पहुंचे युवक को उसके घरवालों ने पकड़ लिया। पहले तो उसने भागने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा बंद करने पर फंदे से लटक गया। परिवार के लोगों ने नीचे उतारने के बाद पुलिस को सौंप दिया। युवक का पड़ोस में रहने वाली महिला से प्रेम संबंध है। बीती रात में वह महिला के कमरे मे घुस गया। कमरे के अंदर दोनो अकेले थे। बाहर सो रहे पति की कुछ देर बाद नींद खुली तो कमरे में पहुंचा। पत्नी के साथ युवक को देख बाहर से दरवाजा बंद कर घरवालों को सूचना दी। इस बीच पति ने कमरे को बाहर से बंद कर दिया। घिरने के बाद युवक उसी कमरे में पंखा में साड़ी बांधकर गले में लपेटकर लटक गया। महिला के शोर मचाने पर परिवार के लोगों ने दरवाजा खोलकर युवक को बाहर निकाला। डायल 112 पर सूचना देने के बाद पहुंची पुलिस युवक के साथ महिला को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पूछताछ के बाद महिला को घर भेज दिया। महिला का पति बाहर रहकर मजदूरी करता था। लाकडाउन में घर आया था।

### विधान परिषद प्रत्याशी आज से करें नामांकन

**गोरखपुर।** आयुक्त/रिटर्निंग आफिसर गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र ने बताया है कि गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन के संबंध में 5 से 12 नवम्बर (लोक अवकाश से भिन्न) की अवधि में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे के बीच आयुक्त न्यायालय कक्ष में नाम निर्देशन पत्र परिदत्त किये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा 13 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से मण्डलायुक्त कार्यालय में की जायेगी। अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 17 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे से पूर्व निर्धारित हुआ है तथा मतदान 01 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे बजे के मध्य सम्पन्न होगा। आयुक्त/रिटर्निंग आफिसर ने यह भी सूचित किया है कि गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले जनपद बहराइच, गोण्डा, बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अमेठी, अयोध्या, महाराजगंज, कुशीनगर, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, संतकबीर नगर से विधान परिषद क्षेत्र में निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवार 5 से 12 नवम्बर तक अपना नामांकन पत्र पूर्ण रूप से भरकर आयुक्त न्यायालय, मण्डलायुक्त कार्यालय गोरखपुर मण्डल के कक्ष संख्या-1 में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जमा कर सकते है।

### धरातल पर दिखे कार्यः सीडीओ

**गोरखपुर।** मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में नेहरू युवा केन्द्र में युवा गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु गठित जिला युवा कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें नेहरू युवा केन्द्र द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2020-21 की कार्य योजना पर विस्तृत समीक्षा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्ययोजना के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा कार्य धरातल पर वास्तविक रूप से दिखे। उन्होंने गांव में किशोरी मंच गठित करने का निर्देश देते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं की जानकारी जन सामान्य तक पहुंचाने में नेहरू युवा केन्द्र अपनी भूमिका निभाये। उन्होंने कहा कि बैठक नियमित रूप से करायी जाये। कोविड-19 से बचाव संबंधी जानकारियां उपलब्ध करायी जाये। बैठक का संचालन जिला युवा समन्वयक द्वारा किया गया।

### वेबसाइट पर दर्ज करायें विवरण

**गोरखपुर।** शासन द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय हेतु भारत सरकार शिकायत पोर्टल का व्यापक प्रचार किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिला अल्पसंख्यक कलयाण अधिकारी ने समस्त जन समुदाय से कहा है कि अल्पसंख्यक संबंधित ऐसे प्रकरणों जिन्हें अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार के संज्ञान में लाया जाना अपेक्षित है, उनका विवरण आयोग की वेबसाइट ूण्दबउण्दपबण्पद पर दर्ज करायें।

### ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन

**गोरखपुर।** एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत जनपद के लिए टेराकोटा उत्पाद का चयन किया जाना है। रोजगार सृजन के उद्देश्य से जनपद में गारमेंट उत्पाद के क्षेत्र में अधिक सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा जनपद के लिए द्वितीय उत्पाद के रूप में रेडीमेंट गारमेंट उत्पाद के रूप में चयन किया गया है, जिसमें जनपद में अधिक से अधिक रोजगार सृजित हो सके। इस योजना का लाभ लेने के लिए उ.प्र. सरकार द्वारा चलायी जा रही 'एक जनपद एक उत्पाद' ऋण योजना में आन लाइन आवेदन कर ऋण प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना के अन्तर्गत आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए, शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। आवेदन हेतु पात्रता की शर्ते पूर्ववत रहेगी। आवेदक को अपना आवेदन आन लाइन वेबसाइट ूण्कपनचउेउमनचेकबण्हवअण्पद पर करना होगा। उक्त जानकारी जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र ने दी है।

### कृषकों के टोकन कन्फर्म

**गोरखपुर।** कृषि निदेशालय से प्राप्त सूचना के अनुसार सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर योजनान्तर्गत जिन लाभार्थी कृषकों द्वारा कृषि यंत्रों के क्रय हेतु टोकन की प्री बुकिंग किया गया था, उन कृषकों के टोकन (टैक्टर, कम्बाइन तथा कस्टम हायरिंग सेंटर को छोड़कर) विभाग द्वारा कन्फर्म कर दिया गया हैं। कृषक बन्धुओं से अपील है कि प्री बुकिंग के टोकन, जो अब कन्फर्म हो रहे है, उनकी टोकन मनी बैंक में अविलम्ब जमा करके बुक किये गये कृषि यंत्रों का क्रय कर लें तथा अनुदान प्राप्त हेतु बिल/अभिलेख अपलोड तथा अन्य कार्यवाही नियमानुसार अविलम्ब पूर्ण करें। अधिक जानकारी के लिए कृषि भवन, चरगांवां में किसी भी कार्यदिवस में आकर सम्बन्धित पटल सहायक से सम्पर्क कर सकते हैं। उक्त जानकारी उप कृषि निदेशक ने दी है।

### माइनर सफाई कार्य का सांसद ने किया उद्घाटन

**अम्बेडकरनगर।** सांसद रितेश पाण्डेय संसदीय क्षेत्र द्वारा सिंचाई खण्ड टाण्डा के अधीन रवी 1428 फसली वर्ष 2020-21 के पूर्व अमरौला माइनर के किमी 1450 पर सिल्ट सफाई के कार्यों का उद्घाटन आज किया गया। उद्घाटन के समय मा0 सांसद के साथ अधिशाषी अभियंता बी0सी0 लाल, सहायक अभियंता संजीव सोनकर, अवर अभियंता ध्रुव चन्द्र, बृजेश कुमार, राहुल पटेल एवं काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भाई भी उपस्थित रहे। सांसद रितेश पाण्डेय ने अधिशाषी को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त माइनरों, रजवाहों की सिल्ट सफाई उचित ढंग से करवाते हुए टेल तक पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य को अतिशीघ्र करें जिससे किसानों को समय से कृषि के लिए जल उपलब्ध हो सके।

### मुख्यालय पर पानी की आपूर्ति

**अम्बेडकरनगर।** जिला मुख्यालय की आधी आबादी लगभग 24 घंटे तक पानी के लिए कराहती रही। नगर पालिका प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के कारण लोगों को पानी की समस्या से दो चार होना पड़ा। आपूर्ति बाधित होने से जिला मुख्यालय के पटेल नगर, गदायां, शास्त्रीनगर, महानगर, मोहसिनपुर, बस स्टेशन क्षेत्र, मुरादाबाद में जलापूर्ति बाधित रही। अधिशाषी अधिकारी सुरेश कुमार मौर्या ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा बिजली के खम्भे को हटाये जाने के दौरान पानी आपूर्ति की मुख्य पाइप लाइन टूट गई जिसके कारण नगर में जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई। मंगलवार दोपहर बाद से बाधित हुई पानी की आपूर्ति बुधवार को अपरान्ह चार बजे के बाद बहाल हो सकी। इस दौरान लोग पानी की तलाश में इधर -उधर भटकने को मजबूर हुए तथा उनकी दैनिक क्रिया प्रभावित हुई।

### पुरूषों में भी दिखा करवा चौथ का उल्लास

**अम्बेडकरनगर।** पति के दीर्घजीवी होने के लिए मनाए जाने वाले पवित्र करवाचौथ का उल्लास महिलाओं के साथ पुरुषों में भी देखने को मिला। मालूम हो महिलाएं पर्व से सम्बंधित सामग्रियों के साथ अपने साज श्रृंगार की सामानों को बाजारों में खरीदारी करती नजर आयी तो पतिदेव भी साज सज्जा के साथ कपड़े और जरूरी सामान खरीदते नजर आए।

# रिश्तेदारी में आयी बालिका के साथ युवक ने किया दुराचार

संवाददाता। जानाबाजार, अयोध्या

**आधी** रात में मां के पास सोई 8 वर्षीय दलित बालिका को रिश्तेदारी में आए हुए स्वाजातीय युवक ने उठाकर झाड़ी में ले जाकर दुराचार किया। रोती बिलखती बिना वस्त्र के मां के पास पहुंची बालिका को देखकर पूरा परिवार सकते में आ गया। सुबह 4 बजे सूचना 112 की पहुंची पुलिस ने तत्काल पीड़ित को थाने भेज दिया और अन्य कार्यवाही में जुट गई। इस दौरान दिनभर पंचायत होती रही। परंतु दूसरे दिन थाने में कार्यवाही करते हुए 8 वर्षीय पीड़ित बालिका को महिला कांस्टेबल के साथ मेडिकल के लिए पुलिस ने भेज दिया। बताया गया है कि युवक शादीशुदा है। मामला हैदरगंज थाना क्षेत्र की एक गांव का है जहां पर अनुसूचित जनजाति का एक व्यक्ति अपनी ससुराल में कई वर्षों से रह रहा है। मंगलवार की बीती रात वह और उसका पूरा परिवार खा पीकर सोया हुआ था। रात में लगभग 1 बजे के आसपास उसकी पत्नी के बगल सोई हुई 8 वर्षीय बालिका को बगल रिश्तेदारी में आए हैवानियत सवार स्वाजातीय युवक ने बिस्तर सहित दबे पांव गांव के बाहर उठा ले गया कामवासना से हैवान बने युवक ने गांव के बाहर झाड़ में ले जाकर बालिका के साथ जबरन दुराचार किया। कामांध युवक के चंगुल से किसी तरह छूट कर बिना कपड़ों के ही बदहवास हालत में भागी बालिका ने घर पहुंचकर चिल्लाते हुए अपनी मां को पूरी बात बताया। इसी बीच पीछे पीछे कामांध युवक बालिका को पकड़ने उसके पीछे दौड़ा आ रहा था। परंतु परिजनों को जगा देख कर वह छिप गया। बालिका के पिता और मामा ने इसकी सूचना सुबह 4 बजे के आसपास 112 नंबर डालकर पुलिस को दे दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए पीड़ित परिवार को थाने भेजकर युवक की तलाश में लग गई। पीड़ित परिवार अपनी दर्द से कराह रही 8 वर्षीय बालिका को लेकर थाने पहुंच गया। इसी दौरान दुराचारी युवक के गांव निवासी रिश्तेदार कुछ क्षेत्रीय लोगों के साथ पैसे का प्रलोभन देकर मामले को रफा.दफा करने में लग गये। परंतु देर शाम तक दोनों पक्षों में बात नहीं बन सकी। वहीं सूत्रों की माने तो पुलिस ने मौका ना गवाते हुए पकड़े गए युवक संजय का शांति भंग में चालान कर दिया था। बुधवार को पीड़ित बालिका को पुलिस ने महिला कांस्टेबल के साथ मेडिकल के लिए जिले पर भेज दिया। वही 24 घंटे से ज्यादा बीत जाने के बाद भी दुराचार की पीड़ित बालिका का इलाज नहीं हो पाने के चलते मेडिकल के लिए जाते समय बालिका की तबीयत ज्यादा खराब हो रही थी। दुराचार का आरोपी युवक संजय जगदीशपुर गांव का बताया गया है जो एमीघाट के पास पड़ता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष हैदरगंज रतन कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार को बालिका के पिता या परिवार की तरफ से कोई भी तहरीर नहीं दी गई।जिसके चलते ही पकड़े गए संजय को शांति भंग में चालान कर दिया गया। परंतु वही बुधवार को पीड़ित बालिका के पिता और मामा ने थाने पर तहरीर दिया। तहरीर मिलते ही तत्काल पीड़ित बालिका को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। अन्य कानूनी कार्यवाही चल रही है।

### छुट्टा पशुओं को गौशाला ले जाने की माँग की

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डीहपूरे बीरबल आस्तीकन में छुट्टा जानवरों ने आतंक मचा रखा है। आए दिन इनकी चपेट में आकर कोई न कोई ग्रामीणध् राहगीर घायल होता रहता है। ग्राम डीहपूरे बीरबल निवासी प्रांजल यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अधिकारियों को पत्र देकर छुट्टा जानवरों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि आने वाले समय में छुटटा पशुओं से कभी भी भयंकर दुर्घटना हो सकती है। क्योंकि यहाँ पर छुटटा जानवर 80.90 के झुंड में हमेशा चलते हैं। यहां का किसान अपनी गाढ़ी कमाई से जो फसल तैयार करता है।

## छापेमारी में लाखों के पटाखे बरामद

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**दीपावली** के पूर्व पटाखों के भण्डारण को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हो रही विस्फोट की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। बुधवार को उपजिलाधिकारी मोइनुल इस्लाम, क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर अवैध रूप से भण्डारण किये गये लाखों रूपये के पटाखे को जब्त कर लिया। अधिकारियों की टीम ने शहजादपुर स्थित कसौधन एवं टण्डन पटाखा भण्डार पर छापा मारा तथा अवैध रूप से भण्डारण किये गये पटाखे को कब्जे में ले लिया। अधिकारियों का कहना था कि जिस स्थान पर पटाखे का भण्डारण किया गया था वह निर्धारित स्थल से हटकर है तथा आबादी के बीच में था। अधिकारियों ने सटीक सूचना पर पण्डा टोला मोहल्ले में बनाये गये अवैध भण्डार गृह पर छापा मारा था।

# सांसद ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का किया बखान

संवाददाता। अयोध्या



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम अमानीगंज, कुचेरा, हैरिंग्टनगंज, कुमारगंज एव मिल्कीपुर में आज संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आज मुख्य रूप से सांसद लल्लू सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया अमानीगंज में बीते 6 साल में हुए अंत्योदय प्रयास पर बोलते हुए सांसद लल्लू सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का बखान किया एवं केंद्र सरकार के द्वारा गरीब कल्याण के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि यह सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है यह सरकार ने सबका साथ सबका विकास की मूल भावना के साथ काम करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है ।वही कुमारगंज में लल्लू सिंह ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए केंद्र सरकार की जन धन योजना, स्टार्टअप, स्किल इंडिया पर बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार गरीब कल्याण के लिए नौजवानों के कल्याण के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज लाई है इस पैकेज के माध्यम से समाज का युवा आत्मनिर्भर होगा स्वावलंबी होगा वह खुद को तो रोजगार देगा ही देगा एवं और अपने साथ योजनाबद्ध तरीके से काम करके युवाओं को रोजगार देने का काम भी करेगा। जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने आज के भारत की वैचारिक मुख्य धारा एवं हमारी विचारधारा पर बोलते हुए कहा कि आज का समाज वैचारिक रूप से बटने ना पाए जिस प्रकार से सरदार वल्लभभाई पटेल ने सब को एकता के सूत्र में पिरोए रखा उसी तरीके से हम लोगों की जिम्मेदारी हैं एआप सब की भी जिम्मेदारी है इस समाज को एकता के सूत्र में बांधे रखें यही हमारी मुख्य विचारधारा होगी और इसी से हमारी जीत हुई सुनिश्चित है। पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने हमारी कार्य पद्धति एवं संगठन संरचना में हमारी भूमिका पर बोलते हुए कार्यकर्ताओं से कहा की हमारे संगठन की संरचना सामाजिक समरसता की सूचक है।

# निलंबित कोटा बहाल

**● हाई प्रोफाइल मामले में हुआ था निलंबित**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**निलंबित** कोटा बहाल होने की खुशी में कोटेदार जावेद राइन ने सभी कार्ड धारकों को निशुल्क राशन वितरित करने का फैसला किया है। जिसका वितरण आगामी 5 नवंबर को किया जाएगा। बता दें कि विधायक प्रतिनिधि व बसखारी के कोटेदार के बीच हुए विवाद के मामले में कोटेदार जावेद राइन का कोटा निलंबित कर दिया गया था।इस हाईप्रोफाइल हुए विवाद के मामले में विधायक प्रतिनिधि के ऊपर भी तत्कालीन थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के द्वारा विधायक प्रतिनिधि व उनके कुछ साथियों के ऊपर लूट की धाराओं में मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था। जिसको लेकर विधायक प्रतिनिधि वा सत्ता पक्ष के लोगों लिए नाक का सवाल बना जावेद राइन का कोटा तो निलंबित कर दिया गया था लेकिन थाना अध्यक्ष के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई थी। हालांकि इसी प्रकरण से जोड़कर तत्कालीन थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह का हस्तांतरण दूसरे थाने में कर दिया गया था।लेकिन कोविड-19 के दौरान तत्कालीन थानाध्यक्ष के द्वारा निकाला गया विदाई जुलूस उनकी गले का फांस बन गया और उनके साथ साथ करीब थाने पर तैनात 10 पुलिसकर्मियों को भी निलंबन का दंश झेलना पड़ा। वही बीते कुछ दिनों पहले बहाल हुए कोटे की खुशी में जावेद राईन ने सभी कार्ड धारकों को निशुल्क राशन वितरित करने का फैसला लिया है। जावेद राईन पीके ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष भी हैं। जो निरंतर लॉकडाउन से ही सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर कार्य कर रहा है।

# राम की पैड़ी पर 24 घाटों पर लगभग 6 लाख दीये जलाने का लक्ष्य

संवाददाता। अयोध्या

**डॉ.** राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में चतुर्थ दीपोत्सव 2020 की तैयारियों के सम्बन्ध में संकायाध्यक्षोंए विभागाध्यक्षोंए समन्वयकों एवं स्वयंसेवकों के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह एवं जिला प्रशासन की तरफ से एडीएम सिटी अयोध्या वैभव शर्मा ने बैठक की। बैठक में दीपोत्सव.2020 को भव्य बनाने के लिए कुलपति रविशंकर सिंह ने बताया कि इस बार 24 घाटों पर लगभग 6 लाख दीए लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 5 लाख 50 हजार दीए जलाये जायेंगे। इसके लिए 8 हजार स्वयंसेवकों, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर, महाविद्यालय, विभिन्न गैर संस्थानिक संस्थान, एनसीसी, एनएसएस के स्वयसेवकों एवं छात्र-छात्राएं अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे। दीपोत्सव में प्रति स्वयंसेवक 75 दीए जलाने का लक्ष्य है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय को पुनः दीपोत्सव की जिम्मेदारी मिली है। इस बार का लक्ष्य बड़ा है फिर भी हमें पूरा विश्वास है कि पिछली बार के रिकार्ड को तोड़ेगे। कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय द्वारा तैयारियां चल रही है एवं समितियां अपना कार्य शीघ्रता के साथ कर रही है। कोविड.19 के अनुपालन में स्वयंसेवक दीए जलायेंगे। एडीएम सिटी अयोध्या वैभव शर्मा ने स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाते हुए बताया कि आप सभी की सहभागिता बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। आप सभी अपने आप में दीपोत्सव के लिए मिशाल है। स्वयसेवकों से कहा कि आपके बिना यह कार्यक्रम संभव नहीं है। हमें पूर्ण विश्वास है कि पूर्व के रिकार्ड को इस बार भी पूरी सावधानी बरतते हुए तोडेंगे और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करायेंगे। कोविड.19 के सूरक्षात्मक उपायो को ध्यान में रखते हुए दीए जलाये जायेंगे। जिला प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद की जायेगी। दीपोत्सव कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो0 शैलन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि दीपोत्सव कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कमेटियां गठित कर दी गई है। सभी कमेटियों के समन्वयकों एवं स्वयंसेवकों को उनके दायित्वों से भी अवगत करा दिया गया है। कोविड.19 के अनुपालन में इस दीपोत्सव को भव्य बनाया जायेगा एवं पिछले रिकार्ड को तोड़कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में नाम दर्ज किया जायेगा। प्रो0 वर्मा ने बताया कि इस बार दीपोत्सव में 5 लाख 50 हजार दीएं जलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अयोध्या की राम की पैड़ी पर 24 घाटों का चयन किया गया है। जिसमें लक्ष्मण घाट पर 48 हजार, वैदेही घाट 22 हजार, श्रीराम घाट 30 हजारए दशरथ घाट 39 हजार, भरतघाट 17 हजार, शत्रुध्न घाट 17 हजारए माण्डवी नागेश्वर उमाघाट 52 हजारए ऋतु कीर्ति घाट 40 हजार, कैकेयी घाट 40 हजारए कौशल्या घाट 40 हजारए सुमित्रा घाट 40 हजारए उर्मिला घाट 40 हजार सहित अन्य घाटों पर दीए जलाये जायेंगे। प्रो0 वर्मा ने बताया कि दिनांक 08 नवम्बरए 2020 को घाटों पर मार्किंग का कार्य कराया जायेगा। 11 नवम्बर को 12 बजे स्वयंसेवकों के साथ घाटों पर उनके कार्यो से उनको अवगत कराया जायेगा। दिनांक 12 व 13 नवम्बर 2020 को प्रातः 10 बजे स्वयंसेवकों एवं समन्वयकों को उपस्थित होना होगा। दीपोत्सव कार्यक्रम में मोबाइल टीम बनाई गई है, जो आवश्यकता पड़ने पर दीए जलाने में सहायता प्रदान करेंगे। ड्रोन के द्वारा पूरे दीपोत्सव की मॉनिटरिंग की जायेगी।

### प्रदेश उपाध्यक्ष का कार्यक्रम आज

**अम्बेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक गुरूवार को एक दिवसीय दौरे पर जिले में पंहुच रहे हैं। वह भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविरों को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष गुरूवार को जला मुख्यालय पंहुचेंगे वह मालीपुर मण्डल में आयोजित प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित करेंगे।

# हाइड्रिल परिसर में कार की टक्कर से अवर अभियंता की मौत

**● बेवाना विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात थे अवर अभियंता मनोज वर्मा, करवा चौथ पर घर जाने के लिए कमरे से निकले थे मनोज**



संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**अकबरपुर** विद्युत उपकेन्द्र में हुई एक दुर्घटना में एक अवर अभियंता की दर्दनाक मौत हो गई। अवर अभियंता की मौत से करवा चौथ पर पति का इंतजार कर रही पत्नी के सभी सपने क्षण भर में चकनाचूर हो गये। घटना के बाद से विद्युत कार्यालय परिसर में मातम छा गया। मृत अवर अभियंता बेवाना विद्युत उपकेन्द्र पर कार्यरत थे। सुल्तानपुर जिले के लम्भुआ थाना अन्तर्गत गोपालरायपुर बेलाही गांव निवासी 38 वर्षीय मनोज वर्मा पुत्र पारस नाथ वर्मा अकबरपुर स्थित हाइड्रिल कालोनी में रहते थे। बुधवार को दोपहर वह कालोनी से निकल कर सड़क की तरफ पैदल ही आ रहे थे, इसी दौरान वर्कशाप के सामने पीछे से आई बलेनो कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अवर अभियंता मनोज वर्मा सामने रखे ट्रांसफार्मर पर गिर गये। वहां मौजूद साथी अवर अभियंता रमेश मौर्या ने अन्य लोगों के सहयोग से घायल अवर अभियंतो को तुरन्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चिकित्सक द्वारा मृत घोषित किये जाते ही अधिकारियों में मातम छा गया। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि वह कमरे से घर जाने के लिए निकले थे और उन्हें बस स्टेशन पर सामान लेना था लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। टक्कर मारने वाली कार अधिशाषी अभियंता के धावक के रिश्तेदार की बताई जा रही है। फिलहाल कार चालक व कार पकड़ से बाहर है।

## उत्सव के रूप में मनेगी फैसले की तारीख

**अयोध्या।** श्रीराम जन्म भूमि पर भव्यतम मन्दिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के निर्णय की तिथि को पर्व के रूप में मनाया जायेगा। आगामी 9नवम्बर को प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में लक्ष्मण घाट के सहस्त्र धारा घाट पर श्रीअयोध्याजी का दुग्धाभिषेक करते हुए। रामादल मुख्यालय पर श्रीमद बाल्मीकि रामायण कृत सुन्दर काण्ड के पाठ का आयोजन करते हुए। श्रीराम जन्म भूमि पर मन्दिर निर्माण का स्वप्न साकार करने वाले मोदी के प्रयासों की सफलता एवं स्वस्थ्य दीर्घायुष्य जीवन की प्रार्थना करते हुए सिद्ध श्री टेढीयतीश्वरनाथ महादेवजी का रुद्राभिषेक किया जायेगा तत्पश्चात अयोध्या जी के प्रमुख शिवालयों पर घी का दीपक प्रज्ज्वलित कर साँय बेला में सरयू तट पर भी घी के दीपक जलाये जायेंगे। देश दुनिया में रह रहे रामादल परिवारों से भी सायंकाल की बेला में घरों में अपनी सुविधानुसार दीपक जलाने के लिए दूरभाष के माध्यम से पहली वर्षगांठ को पर्व के रूप में मनाने के लिए कहा गया है।

# राज्यसभा में मजबूत राजग

## कमजोर पड़ा विपक्ष

**राज्यसभा** में राजग के मजबूत होने के साथ विपक्ष और कमजोर हो गया है। ऐसे में उसे सदन के बहिष्कार के बजाय एकजुटता प्रदर्शित करनी होगी। राज्यसभा को देश की चेतना कहा जाता है जो लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रख कर बहस, संवाद, नियंत्रण एवं संतुलन बनाए रखती है। लेकिन कृषि संबंधी कानूनों के मामले में ऐसा नहीं दिखाई पड़ा। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग पहले ही अति विश्वास से भरा हुआ है और कानून पास करवाने में अपने संख्याबल का प्रयोग करता है। वह संसदीय कार्रवाई के माध्यम से अपना चुनाव घोषणापत्र आगे बढ़ाने में लगा रहता है तथा सुशासन पर पार्टी हितों को वरीयता देता है। इस दृष्टिकोण से वह विपक्ष की बात नहीं सुनता है। कृषि संबंधी कानूनों का ध्वनि मत से पास होना इसी दिशा में एक कदम है। जब सदन में सत्ता व विपक्ष के बीच विभाजन लगभग बराबरी का हो तो अध्यक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है, लेकिन 'मित्र' अध्यक्ष सत्ता का पक्ष ले सकते हैं। अब राज्यसभा में राजग की स्थिति और मजबूत हो गई है और भाजपा के नौ सदस्य निर्विरोध चुने जाने के बाद उसकी शक्ति 100 से अधिक हो गई है। दूसरी ओर कांग्रेस की उच्च सदन में संख्या घट कर 38 रह गई है जो अब तक की न्यूनतम है। 242 सदस्यों के सदन में हालिया निर्वाचन में उसने भाजपा को दो सीटें और सौंप दीं। राज्यसभा की खाली 11 सीटों में से भाजपा की 9 पर विजय हुई जिससे पार्टी की संख्या बढ़ कर 92 हो गई। हालांकि, अभी राजग की संख्या 121 के बहुमत से थोड़ी कम है, पर उसके सहयोगी हैं जिनसे उसे मुद्दा आधारित समर्थन मिल जाता है। जदयू के पास 5 सीटें हैं तथा छोटी पार्टियों जैसे, आरपीआई-अठावले, असम गण परिषद, मिजो नेशनल फ्रंट, नेशनल पीपुल्स पार्टी, नगा पीपुल्स फ्रंट, पट्टालि मक्कल काच्चि व बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के पास एक-एक सीट है। इसके साथ ही चार नामांकित सदस्य हैं। इस बीच 9 सदस्यों वाली अन्नाद्रमुक, 9 सीटों वाली बीजद, सात सीटों वाली टीआरएस तथा 6 सीटों वाली वाईएसआरसीपी विधेयकों को पास करने में राजग की सहायता करती हैं।




पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद विपक्ष बहुत कमजोर हो गया है जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है। उच्च सदन में भी कांग्रेस की संख्या घटने का अर्थ यह है कि वह इतनी थकी व पराजित कभी नहीं लगती थी। उपयुक्त जवाबी एजेंडे, खासकर आर्थिक एजेंडे के अभाव में वह मुख्य विपक्षी पार्टी की जिम्मेदारी निभाने में विफल है और ऐसे में किसी अन्य का नेतृत्व करने का सवाल ही नहीं उठता है। कांग्रेस में आंतरिक टकरावों के कारण वह दिशाहीन हो गई है। संख्याबल बढ़ने से भाजपा की संसद में प्रभावशीलता और बढ़ी है जो भविष्य में दिखाई देगी। सोलहवीं लोकसभा ने 133 विधेयक पास किए। सरकार ने 45 अध्यादेशों को कानूनों में बदला और इसमें उसे किसी बाधा का सामना नहीं करना पड़ा। एक अकेली पार्टी के प्रभुत्व का अर्थ विचार-विमर्श में कमी आना है। एक रिपोर्ट के अनुसार कोविड-पूर्व सत्र में ही प्रश्न काल, चर्चा व ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर लगने वाले समय में काफी कमी आई थी। चर्चा की अनेक मांगों को अस्वीकार कर दिया गया तथा विपक्ष का विरोध भी सत्तारूढ़ दल के हाथ का हथियार बन गया। अब तक राज्यसभा विधेयकों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए पार्टी पर सुशासन को वरीयता देती थी तथा इस प्रकार संघवाद को सुरक्षित रखती थी। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने आधार कानून, 2016 के मामले में कहा था कि 'चीजों को दुहराने वाले सदन के रूप में संविधान निर्माताओं ने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए इसकी कल्पना की थी, भले ही वह लोकप्रिय राय के विपरीत ही क्यों न हो। राज्यसभा बहुसंख्यकवाद के खिलाफ एक प्रतीक है।' यह सदन वैकल्पिक दृष्टिकोण का केन्द्र रहा है, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। अनेक विधेयकों को धन विधेयक की तरह पेश करने से भी राज्यसभा का अधिकार घटा है।

# जनरल नरवणे की नेपाल यात्रा

सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की नेपाल यात्रा से गोरखा संपर्क व उसका आकर्षण मजबूत होगा। इससे द्विपक्षीय संबंध सहज होने के साथ वे और मजबूत होंगे।



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



भारतीय सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की नेपाल यात्रा को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सबंधों को गति देने के प्रयासों की तरह देखा जा रहा है जो मानचित्रों व सड़कों के विवाद के कारण प्रभावित हुए थे। काठमांडू ने अपने द्वारा प्रस्तुत मानचित्रों में कालापानी, लिपुलेख व लिंपीधुरा के विवादित क्षेत्रों को नेपाल में शामिल बता दिया था। जनरल नरवणे की यात्रा 1972 से शुरू एक विशेष परंपरा का हिस्सा है जिसमें दोनों देशों के सेना प्रमुखों को समारोह पूर्वक एक दूसरे का की सेनाओं का प्रमुख घोषित किया जाता है। सैम बहादुर के नाम से लोकप्रिय फील्ड मार्शल सैम मानेकशा ने इस विशिष्ट सैनिक परंपरा की शुरुआत की थी जिसके दोनों देशों के लिए राजनीतिक व रणनीतिक महत्व हैं। सैम कहते थे, 'जब कोई सैनिक कहता है कि वह मौत से नहीं डरता है तो या तो वह झूठ बोलता है या गोरखा है।' नेपाल के गोरखाओं की तरह कोई भी शक्ति दोनों देशों को इस तरह नहीं जोड़ती है जिन्होंने भारत की क्षेत्रीय अखंडता एवं संप्रभुता बनाए रखने के लिए भी सेवा की है। इस प्रकार दो संप्रभु देशों की सेनाओं तथा भारतीय सेना के गोरखा संपर्क से रणनीतिक सैनिक संबंधों का दुहरा स्तर स्पष्ट होता है।

भारत के लिए नेपाल भू-रणनीतिक रूप से सर्वाधिक महत्वपूर्ण पड़ोसी है जो भारत के केन्द्रीय गंगा के मैदानों तक महत्वपूर्ण पहुंच के स्थल पर है। हिमालय के उत्तर से उभरने वाली सुरक्षा चिन्तायें हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। 1959 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि नेपाल और भूटान पर होने वाले किसी हमले को भारत पर हमला माना जाएगा। ऐसी ही टिप्पणी चीन ने भी की थी। हालांकि, नेपाल को भी दो दशक पहले माओवादियों के कारण पैदा एक आंतरिक खतरे का सामना करना पड़ा था। आईसी-814 के अपहरण ने नेपाल की कमजोर आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था प्रकट की थी। सौभाग्य से उसे किसी बाहरी खतरे का सामना नहीं करना पड़ा है।

1952 में राजा त्रिभुवन ने भारत को एक सैनिक प्रशिक्षण मिशन गठित करने हेतु आमंत्रित किया था जिसमें नेपाली सेना की 22 सीमान्त चौकियों पर कब्जा शामिल था, पर कालापानी इसमें नहीं थी। 1970 तक राजमहल में कम्युनिस्ट लाबी के दबाव में प्रशिक्षण सुविधायें वापस ले ली गईं। 1965 में राजा महेंद्र व 1990 में राजा वीरेन्द्र ने भारत से नेपाली सेना को आधुनिक बनाने की प्रार्थना की। इसके लिए 80 प्रतिशत भारतीय हथियारों से उसे लैस किया जाना था जो मित्रतापूर्ण मूल्य पर उसे दिए जाने थे। इसमें 70 प्रतिशत सहायता व 30 प्रतिशत भुगतान शामिल था जो एक प्रकार से लगभग मुफ्त ही था। संधि के अनुसार, नेपाल विदेशों से सैनिक उपकरण तभी खरीद सकता था जब भारत उनको न दे सके। लेकिन यह कोई पवित्र समझौता नहीं था तथा अमेरिका, ब्रिटेन व पूर्वी यूरोपीय देशों ने नेपाल को हथियार बेचे थे।

नेपाली सेना की परीक्षा माओवादियों के खिलाफ अभियान के दौरान हुई, जब यह शुरुआत में चुनौती से निपटने में विफल हो गई। भारतीय सेना ने उसे इससे निपटने में रणनीतिक सलाह व सैनिक उपकरण दिए। सितंबर, 2003 में एक द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग व्यवस्था बनाई गई जिसकी साल में दो बार बैठक प्रस्तावित थी। राजा ज्ञानेन्द्र द्वारा फरवरी, 2005 में शाही विद्रोह के बाद सेना को सप्लाई बंद कर दी गई। इससे सेना प्रमुख जे.जे. सिंह व विदेश मंत्रालय में मतभेद पैदा हुए। जनरल सिंह का कहना था कि हथियारों व उपकरणों की सप्लाई बंद करने से नेपाली सेना के विद्रोही-विरोधी अभियान प्रभावित होंगे। हालांकि, बाद में यह निर्णय उलट दिया गया, लेकिन इससे दोनों देशों के सैनिक संबंध प्रभावित हुए। नेपाली सेना का अधिकांश विशेष प्रशिक्षण भारत में होता है और उसे अधिकतम स्पेस मिला है।

सूर्य किरण सीरीज़ के अंतर्गत संयुक्त प्रशिक्षण बटालियन स्तर तक पहुंच गया तथा दोनों देशों में सैनिक अभ्यास आयोजित किए गए। नेपाल में किसी संकट या आपदा में भारतीय सेना ने पहले प्रतिक्रिया की। 1990 के दशक में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भयानक हवाई त्रासदी हुई। भारतीय वायुसेना ने दुर्घटना पीड़ितों को बचाने के लिए हेलीकाप्टर भेजे। इसी प्रकार 2015 में भूकंप के बाद भारतीय सेना ने फौरन प्रतिक्रिया को नेपाली सेना प्रमुख जनरल गौरव राणा ने स्वीकार किया था। द्विपक्षीय संबंधों का दूसरा आयाम नेपाली गोरखाओं की भारतीय सेना में उपस्थिति है। 1947 के त्रिपक्षीय समझौते के अंतर्गत यह ब्रिटिश विरासत बनाए रखी गई है। इसके अंतर्गत नेपालियों को अपनी सेना के साथ ब्रिटिश व भारतीय सेनाओं में प्रवेश मिलता था। ब्रिटेन ने भारतीय सेना में गोरखाओं को इस रूप में सुरक्षा दी थी कि उनका नेतृत्व भारतीय अधिकारियों के पास नहीं था। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद 51 गोरखा बटालियनें थीं जिनको ब्रिटिश व भारतीय सेनाओं में बांट दिया गया था।

वर्तमान समय में 43 गोरखा बटालियनें हैं जो पूरे ब्रिटिश तोपखाने की संख्या से अधिक हैं जहां केवल दो गोरखा बटालियनें हैं। इस प्रकार गोरखा भारतीय सेना की सबसे बड़ी तोपखाना रेजीमेंट है। शुरुआत में सबकी नियुक्ति नेपाल से होती थी, पर धीरे-धीरे नेपाली गोरखाओं की संख्या घटा कर 70 प्रतिशत की गई जो अब 60 प्रतिशत है, जबकि बाकी की पूर्ति भारत में धर्मशाला से लेकर दार्जिलिंग में बसे गोरखाओं से होती है। 2015 में पूरी तरह भारतीय गोरखाओं की एक बटालियन बनाई गई थी। भारत में हर साल औसतन 1,500 से 2,000 नेपाली गोरखाओं की सेना में भर्ती होती है जिसके लिए उम्मीदवारों की लंबी लाइनें लगती हैं। भारतीयों ने गोरखाओं को वह गरिमा प्रदान की है जिससे ब्रिटिश सेवानिवृत्त गोरखा ईर्ष्या करते हैं। इन बटालियनों ने जो वीरता पुरस्कार प्राप्त किए हैं वे उनको भारतीय रेजीमेंटों के समान खड़ा करते हैं। यह उन भारतीयों के लिए भी जवाब है जो उनकी निष्ठा में संदेह करते हैं।

भारतीय दूतावास ने नेपाल में 1.25 लाख सेवानिवृत्त गोरखा सैनिकों के लिए अनेक सुविधाओं का निर्माण किया है इससे उनके परिवारों समेत 10 लाख लोग लाभान्वित होते हैं। नेपाली गोरखा अत्यधिक संगठित व अनुशासित हैं तथा हाल ही में उनको भारत सरकार द्वारा घोषित वन रैंक वन पेंशन-ओआरओपी से भारी आर्थिक लाभ हुआ है। सेना मुख्यालय में एक विशेष गोरखा प्रकोष्ठ उनके कल्याण पर नजर रखता है। व्यापार व पर्यटन के बाद वेतन व पेंशन नेपाल को मिलने वाली सबसे बड़ी प्राप्तियां हैं जिन पर वर्तमान महामारी या अन्य संकटों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

वामपंथी झुकाव वाले नेपाली राजनेता व खासकर माओवादियों ने विदेशी सेनाओं, खासकर भारतीय सेना में भर्ती पर बार-बार सवाल उठाए हैं। कम्युनिस्ट सरकार बनने के बाद नेपाल में चीनी प्रभाव नाटकीय रूप से बढ़ा है। इसने 2017 के बाद संयुक्त सैनिक प्रशिक्षण समेत अन्य मामलों में भारत के साथ बराबरी की मांग की है। चीन मित्रवत चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के बजाय भारतीय सेना में नेपाली सैनिकों पर आपत्ति कर सकता है जिसकी गूंज डोकलाम में सुनाई पड़ी थी। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के सत्ता में आने के बाद से सेना में भर्ती का मुद्दा उठता रहा है। आशंका है कि नेपाल में भारतीय सेना में वीरता दिखाने वाले गोरखाओं के खिलाफ निन्दा अभियान शुरू हो सकता है। इस संबंध में काठमांडू दूतावास द्वारा 1974 में दिया प्रस्ताव नई दिल्ली ने खारिज कर दिया था क्योंकि इससे भारत का महत्वपूर्ण रणनीतिक संसाधन कमजोर होता। सेवारत व सेवानिवृत्त गोरखा सैनिक नेपाल में विश्वसनीय भारत-समर्थक तत्व हैं। भारत-नेपाल संबंध खराब होने की स्थिति में नई दिल्ली इन पर विश्वास कर सकती है। थल सेना प्रमुख जनरल नरवणे की नेपाल यात्रा से यह गोरखा गरिमा व आकर्षण और मजबूत होगा। इससे दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य बनाने में भी सहायता मिलेगी।

# जलवायु परिवर्तन का जंगलों पर प्रभाव

> "कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के प्रबंधन को जलवायु परिवर्तन से अनुकूलित करने के लिए तरीके ईजाद करने तथा दीर्घकालीन संवहनीयता हेतु योजना बनाने की आवश्यकता है।"

**वी के बहुगुणा**
(लेखक सेवानिवृत्त सिविल सेवक हैं)



जलवायु परिवर्तन ने भारत के वन्य जीव अभ्यारण्यों को प्रभावित करना प्रारम्भ कर दिया है। 2019 के दौरान, 1,200 से 1,300 मिलीमीटर औसत वर्षा के विपरीत, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में वर्षा का औसत 1,800 मिलीमीटर तथा एक दिन के भीतर 300 मिलीमीटर दर्ज किया गया। इस कारण मृदा को नुकसान हुआ तथा उन जल स्रोतों को जो रेत व मलबे से भर गए। बहुत से पुलों को क्षति पहुंची वनस्पतियों को भी। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के प्रबंधन को जलवायु परिवर्तन से अनुकूलित करने के लिए तरीके ईजाद करने तथा दीर्घकालीन संवहनीयता हेतु योजना बनाने की आवश्यकता है, जो भारत के सबसे पुराने वन्य जीव अभ्यारण्यों में से एक है।

देश के बेहतरीन बाघ पर्यावासों में से एक तथा बारासिंघा, गौर व चीतल जैसी प्रजातियों के निवास स्थलों में से एक, कान्हा अभ्यारण्य मध्य प्रदेश के वनों से आच्छादित मांडला एवं बालाघाज जिलों के दायरे में 1,949 वर्ग किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है। इसका मूल क्षेत्रफल 940 वर्ग किलोमीटर है और 1,099 वर्ग किलोमीटर का बफर क्षेत्र है। इसे 1879 में संरक्षित वन, 1933 में अभ्यारण्य और अंत में 1955 में राष्ट्रीय उद्यान के तौर पर अधिसूचित किया गया था। अन्य संरक्षित क्षेत्रों की तरह, कान्हा को भी 1973 में बाघ परियोजना लागू होने के कारण प्रबंधन का काफी बल मिला। उसके समीप 110 वर्ग किलोमीटर के दायरे में फैला फेन वन्य जीव अभ्यारण्य भी उसके अतिरिक्त कोर क्षेत्र का हिस्सा है।

यह पादप तथा पशु आनुवंशिक संसाधनों की समृद्ध जैव विविधता से परिपूर्ण है। घासों से भरे चरागाहों के कारण यह शाकाहारी जानवरों साथ ही साथ बाघ तथा अन्य मांसाहारी जानवरों के लिए एक उपयुक्त पर्यावास है। इसे परिणामस्वरूप इसमें बड़ी संख्या में बाघ, तेंदुए, जंगली कुत्ते, सियार, जंगली सुअर, लंगूर, पायथन तथा अन्य वन्य प्राणी निवास करते हैं। राष्ट्रीय पक्षी मोर, उद्यान में प्रचुर मात्रा में देखे जाते हैं। 125 से अधिक बाघों के लिए उपलब्ध शिकार का भंडार 40,000 चीतलों, 11,000 सांभरों एवं 800 बारासिंघों का विचरण स्थल है। कान्हा में पक्षियों की 139 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें हिमालय, मध्य एशिया व यूरोप से आने वाले गोल्डन ओरिएल, हरी चिड़िया, रोजी स्टर्लिंग, ब्राउन श्रीक, कामन स्टोनचैट, उत्तरी पिनटेल बत्तख, बार्न स्टार्टलिंग, भारतीय ग्रे हार्न, वैगल्स, श्वेत गिद्ध आदि समेत कई विदेशों से आने वाले पक्षी भी शामिल हैं। जलवायु एवं भूवैज्ञानिक दशाएं, यथा लहराते हुए भूक्षेत्र एवं जल धाराओं, तालाबों व झीलों का संजाल, आदि समृद्ध जैव विविधता को बनाए रखने में सहयोगी कारक हैं। ग्रीष्म ऋतु में 43 से 44 डिग्री का तापमान तथा श्रीत ऋतु में शून्य से दो डिग्री नीचे चला जाने वाला तापमान व लगभग 1,400 मिलीमीटर वर्षा इस उद्यान को व्यापक जैव विविधता से परिपूर्ण बनाती है।



उद्यान के बेहतर प्रबंधन के लिए अधिकारियों की सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने आवास, बच्चों के लिए स्कूल जैसा उपयुक्त ढांचा तैयार किया है तथा नवीन चिकित्सा योजनाओं तथा आसान ऋण जैसे बेहतरीन कर्मचारी कल्याणकारी उपायों के द्वारा प्रोत्साहन दिए हैं। स्मारिका दूकाने एवं कैंटीनें कर्मचारी समिति द्वारा संचालित की जाती हैं और मुनाफे को वार्षिक बोनस के तौर पर साझा किया जाता है। पिछले वर्ष का टर्नओवर 95 लाख रुपए था और इस वर्ष लाकडाउन के बावजूद अब तक 66 लाख रुपए का रहा है। ये नई पहलकदमियों पर आधारित कदम पार्क की प्रबंधन नीति के प्रमुख अंग हैं।

जैव विविधता का वैज्ञानिक प्रबंधन प्रजातियों तथा निर्जीव घटकों की अंतरनिर्भरता पर केंद्रित है। उद्यान को बाघ के अलावा अन्य प्रजातियों पर ध्यान देने जैसे उपायों के लिए जाना जाता है। खतरे में पड़ी प्रजाति बारासिंघा का संरक्षण कार्यक्रम बेहतर काम कर रहा है कि जानवरों को अन्य वन्य जीव संरक्षित क्षेत्रों में भेजा जाता है। उद्यान प्रबंधन ने, ''अनाथ बाघ शावकों के पुन: वनीकरण हेतु स्कूल'' चलाने जैसे नवीन प्रयास किए हैं जिनमें उन्हें बचाया, पाला एवं प्रशिक्षित किया जाता है और पुन: जंगल में छोड़ दिया जाता है। उन 27 गांवों की आजीविकाओं एवं अवसंरचना की सहायता के लिए एक कान्हा विकास निधि का गठन किया गया है जो कोर क्षेत्र से विस्थापित किए गए थे।

राज्य पारिस्थितिकी विकास बोर्ड भी वन्य जीव संरक्षित क्षेत्रों के लिए इन गतिविधियों में सक्रिय है तथा लोगों व वन्य जीवों के लिए अनुकूल स्थिति कायम रखने में योगदान कर रहा है। हालांकि, कर्मचारियों से बातचीत में एक बात स्पष्ट हो जाती है। राज्य सरकार को रेंज अधिकारियों व अन्य क्षेत्रीय कर्मचरियों की वेतन ढांचों से संबंधित वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देना होगा जिन्हें अन्य राज्यों के पुलिस एवं वन कर्मचारियों के समकक्ष लाए जाने की आवश्यकता है। शिवराज सिंह चौहान की सरकार को इतना तो करना ही होगा कि वह उनकी मांगों को माने क्योंकि उनके प्रयासों से ही वन में पशु एवं वनस्पतियां इतनी समृद्ध हुई हैं। यह वन्य क्षेत्र उस इलाके में जल संरक्षण तथा कृषि में मदद करने का काम कर रहा है। सबसे ऊपर, उन्होंने मध्य प्रदेश को भारत का बाघों वाला राज्य बना दिया है जिसके परिणामस्वरूप जैव-पर्यटन के द्वारा अर्थव्यवस्था को बल प्राप्त हुआ है।

## आप की बात

### भ्रष्टाचार पर रोक

**सीबीआइ** द्वारा आयोजित भ्रष्टाचार रोकने के लिये आयोजित तीनदिवसीय कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ राज्यो में भ्रष्टाचार राजनीतिक संस्कृति का रूप लेने पर चिंता व्यक्त किया। भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने के बाद उनके खिलाफ कोई कार्यवाही न होने से बड़े बड़े घोटाले और भ्रष्टाचार होते है। भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला कर रहा है। विकास की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाली जांच एजेंसिया प्रभावकारी साबित नही हो रही है। इन जांच एजेंसियों को दक्ष बनाने की जरूरत है।जिससे विकास का पैसा विकास और लोगो के कल्याण में खर्च हो प्रधानमंत्री जी लोगो की जिंदगी में सरकारका दखलन हो लेकिन सरकार का प्रशासनतन्त्र और प्रशासनिक अधिकारियों पर दखल होना चाहिए। अधिकारियों पर लगाम लगाने और उनकी जवाब देही तय करनी की ओर सरकार का ध्यान जाना चाहिये। यदि हमारे प्रशासनिक अधिकारी अपने दायित्व के प्रति सजग हो तो घोटाले और भ्रष्टाचार नही हो सकते। प्रधानमंत्री जी देश का प्रथम मुद्दा लचर प्रशासनतन्त्र और प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली है। जिसको सुधारने और सवारने की ओर ध्यान जाना चाहिये।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### राहत की बात

**कोरोना** वायरस के रोजाना मामलों में हाल ही के दिनों में बहुत बड़ी गिरावट देखने को मिली है। जून और जुलाई के महीनों में जहां कोरोना वायरस संक्रमित के आंकड़े बहुत ज्यादा थे वहीं इस बार यानी कि अक्टूबर-नवंबर में संक्रमित ओ की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। मात्र पिछले चौबीस घंटों में कोरोना के 40,000 से कम केस दर्ज किए गए हैं। जबकि एक समय यह आंकड़ा अस्सी नब्बे हजार का हुआ करता था यह कहीं ना कहीं एक राहत देने वाली बात है परंतु जिस समय यह आपने बहुत ही बढ़ रहे थे उस समय हमारी लापरवाही भी बहुत बढ़ रही थी जैसे धीरे-धीरे त्योहारों का सीजन आता गया हम और लापरवाह होते रहे हैं इसीलिए हमें और सतर्क होने की जरूरत है। इसके साथ-साथ वैज्ञानिकों ने हल्के लक्षण वाले कोविड-19 के साथ अलग-अलग स्वरूपों की पहचान भी की है और साथ ही साथ यह भी पाया गया कि कोरोना संक्रमण 10 सप्ताह बाद भी रोग प्रतिरोधक प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव छोड़ जाता है। हमारी रिकवरी दर भी बयानवे फीसदी हो गई है। परंतु इसके बाद भी हमें जागरूक होने की जरूरत है क्योंकि अभी कोरोना की वैक्सीन नहीं आई है और जब तुम नहीं आएगी इसका असर जारी रहेगा।

- **सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल


### महिला सम्मान की पहल

**उ.प्र** के मुख्यमंत्री श्री योगी जी ने महिलाओं के साथ अत्याचार , और विगत समय हुई घटनाओं को देखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय पहल की। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर बेटों को अच्छे संस्कार के लिए महिला सशक्तिकरण का विषय माध्यमिक शिक्षा के पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाएगा। महिलाओं को स्वालम्बन बनाने , और जागरूक करने का यह मिशन महिलाओं के सुरक्षा और सम्मान के लिए उपयोगी साबित होगा। पाठ्यक्रम के माध्यम से बेटो को संस्कार देने की इस अनुकरणीय पहल कितना रंग लाएगी ये तो समय ही बताएगा। परन्तु इसमे कोई दो मत नही की सार्थकता भरे इस निर्णय से महिलाओं की सुरक्षा , और सम्मान में बिल्कुल इजाफा होने के आसार कुछ हद तक बढ़ेंगे। वैसे उ.प्र के अलावा भी देश के कहि हिस्सों से महिलाओं के साथ अत्याचारों , की घटनाएं, छेड़खानी, बलात्कार की घटनाएं, अपहरण, हत्याओं की घटनाएं अखबारों में सुर्खियों में ही रहती हैं। देश भर के स्कूलों और विश्वविद्यालयों में नैतिक शिक्षा की अनिवार्यता होनी चाहिए।

- **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**शिक्षा** मुक्ति का औजार है और लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। सरकारी नीतियां वंचितों के उत्थान में मदद करें।

- **कमल पाशा**
सेवानिवृत्त न्यायाधीश



**महागठबंधन** की सरकार बनने जा रही है और वह सरकार किसी जाति, वर्ग, मजहब की नहीं होगी। वह सरकार संपूर्ण बिहार के लिए होगी।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**खेल** तेज हो गया है मगर सुरक्षित भी होता जा रहा है। चाहे वो फिरकी गेंदबाज हो या तेज गेंदबाज, पेशेवर स्तर पर बल्लेबाज को हेलमेट पहनना चाहिए।

- **सचिन तेंदुलकर**
पूर्व क्रिकेटर

# राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन-पूजन

- धमार्थ मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी ने गवर्नर को मोमेंटो, अंगवस्त्रम आदि किया भेंट
- कमिश्नर ने कॉरिडोर के बारे में महामहिम को मानचित्र के माध्यम से बताया





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**राज्यपाल** आनंदी बेन पटेल के वाराणसी प्रवास के तीसरे दिन सुबह वह श्री काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन पूजन के लिए पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम कारीडोर को देखा। वहीं इससे पूर्व राज्यपाल के बाबा दरबार पहुंचने से पहले सुरक्षाकर्मी मुस्तैद रहे और आने जाने वालों को रोककर दर्शन पूजन के लिए सुरक्षाकर्मी सतर्क नजर आए। मंदिर के बाद वह शहर में दूसरे अन्य कार्यकमों के लिए रवाना हो गईं।

सुबह राज्यपाल मैदागिन से विश्वनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान कीं तो मंदिर प्रशासन की ओर से भी पूजन की तैयारियां पूरी कर ली गईं। मंदिर में दर्शन पूजन के दौरान मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी और सुरक्षा बलों की मौजूदगी रही। बाबा दरबार पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सविधि पूर्वक दर्शन पूजन के बाद काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर में भ्रमण कर कॉरीडोर के बारे में जानकारी ली।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन पूजन के लिए पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम कारीडोर को देखा। वहीं इससे पूर्व राज्यपाल के बाबा दरबार पहुंचने से पहले सुरक्षाकर्मी मुस्तैद रहे और आने जाने वालों को रोककर दर्शन पूजन के लिए सुरक्षाकर्मी सतर्क नजर आए। मंदिर के बाद वह शहर में दूसरे अन्य कार्यकमों के लिए रवाना हो गई।सुबह राज्यपाल मैदागिन से विश्वनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान कीं तो मंदिर प्रशासन की ओर से भी पूजन की तैयारियां पूरी कर ली गईं। मंदिर में दर्शन पूजन के दौरान मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी और सुरक्षा बलों की मौजूदगी रही। बाबा दरबार पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सविधि पूर्वक दर्शन पूजन के बाद काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर में भ्रमण कर कॉरीडोर के बारे में जानकारी ली। त्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बुधवार की सुबह श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचीं तो मंदिर के अर्चक पं. श्रीकांत मिश्र के आचार्यत्व में पांच वैदिक ब्राह्मणों द्वारा बाबा का षोड्षोपचार पूजन किया। पूजन अर्चन के पश्चात राज्यपाल विश्वनाथ धाम पहुंचीं तो वहां मैप के माध्यम से चल रहे कार्यों की जानकारी कमिश्नर ने उनको दी। राज्यपाल के प्रस्थान के समय धर्मार्थ कार्य मंत्री नीलकंठ तिवारी ने उनको मोमेंटोंए अंग वस्त्रए रुद्राक्ष की माला और प्रसाद भेंट किया। इसके बाद राज्यपाल अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गईं। भ्रमण के दौरान कमिश्नरए डीएम समेत अलाधिकार और भाजपा के पवन शुक्ला और रमेश तिवारी भी मौजूद रहे।

# माघमेला की तैयारियों का प्रमुख सचिव ने लिया जायजा

## माघमेला में व्यवस्थाओं और सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजामः दीपक कुमार

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में माघमेला के संबंध में हुई बैठक
- कोविड 19 के मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के दिये निर्देश

**प्रमुख सचिव** नगर विकास दीपक कुमार ने संगम क्षेत्र में लगने वाले माघमेला के आयोजन को लेकर बैठक की। बुधवार को आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में हुई बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास ने विद्युत विभाग पीडब्लूडी विभाग जल निगम स्वास्थ्य सिंचाई पुलिस विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को माघमेला को सम्पन्न कराये जाने के लिए मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को कार्ययोजना में शामिल किए जाने का निर्देश दिया।

बैठक में जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी द्वारा पावर प्रेजेंटेशन के जरिए मेले के आयोजन हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के सम्बंध में बिंदुवार जानकारी दी गयी। उन्होंने मेले में पाण्टुन पुलों के निर्माण सेक्टर विद्युत व्यवस्था मेला क्षेत्र में चकर्ड प्लेट से बनने वाली सड़कों पेयजल की व्यवस्था शौचालय सेनेटाइजेशन घाटों के निर्माण गंगा नदी के कटान को रोकने हेतु सिंचाई विभाग द्वारा बनाये जाने वाले बाड़ वेरिकेडिंग जेटी की व्यवस्था सहित मेले के आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया। जिलाधिकारी ने माघमेला क्षेत्र में बनने वाले पाण्टुन



माघमेला आयोजन की तैयारियों का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव नगर विकास दीपक कुमार एवम डीएम भानुचंद्र गोस्वामी

पुलों के स्थलों गंगा के कटान वाले स्थानों बिजली सड़क सहित अन्य की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में प्रमुख सचिव को बताया।

प्रमुख सचिव दीपक कुमार ने प्रमुख विभागों के अधिकारियों से उनके द्वारा कराये जाने वाले कार्यों तथा उनसे सम्बंधित समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। कमिश्नर आर रमेश कुमार आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह ने मेले के आयोजन को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में सुझाव दिए। प्रमुख सचिव ने मेला आयोजन से सम्बंधित सभी विभागों के अधिकारियों से उनकी कार्ययोजना के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि मेला आयोजन में मूलभूत आवश्यकताओं और सुविधाओं में कोई कमी न रहे। उन्होंने मेला क्षेत्र में कोविड 19 के मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा। कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम हेतु आवश्यक तैयारियों के सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे। मेला क्षेत्र में साफ सफाई एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हेतु भी इंतजाम किए जाएं। इसके बाद प्रमुख सचिव ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर डीआईजी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी नगर आयुक्त रवि रंजन आदि उपस्थित रहे।

# एनसीआर ने त्योहारों पर कोविड-19 जागरूकता अभियानों को किया तेज

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**त्योहारों** के अवसर पर रेलयात्रियों की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर 32 प्रारम्भिक विशेष रेलगाड़ियों सहित 290 विशेष रेलगाड़ियाँ और 18 प्रारम्भिक त्योहार विशेष रेलगाड़ियों सहित 132 त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे में यात्री रेलगाड़ियों के परिचालन में क्रमिक वृद्धि के साथ स्टेशनों ट्रेनों कॉलोनियों कार्यस्थलों आदि में कोविड 19 पर गहन जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से नियमित जागरूकता अभियान चलाने के अतिरिक्त रेलवे स्टेशनों ट्रेनों कॉलोनियों आदि में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी विभिन्न जागरूकता अभियानों में भाग लिया जा रहा है। मास्क के नियमित उपयोग न्यूनतम दो गज की दूरी बनाए रखने और उचित हाथ स्वच्छता पर आधारित गहन जागरूकता अभियान जन आन्दोलन को पूरे उत्तर मध्य रेलवे में पिछले महीने से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत यात्री यातायात वाले सभी स्टेशनों और उत्तर मध्य रेलवे की सोलह जोड़ी प्रारम्भिक विशेष ट्रेनों में कोविड के अनुरूप उपयुक्त व्यवहार पर लगभग 750 पोस्टर और बैनर लगाये गए हैं। 85 स्टेशनों पर कोविड 19 सम्बंधी जागरूकता संदेशों का आटो एनाउंसमेंट किया जा रहा है। 09 स्टेशनों पर जागरूकता क्लिप का डिजिटल डिस्प्ले किया जा रहा है। पचास हजार से अधिक रेलयात्रियों रेलकर्मियों और अन्य व्यक्तियों द्वारा कोविड के अनुरूप उपयुक्त व्यवहार पालन करने का संकल्प लिया गया है। कोविड 19 से संबंधित लगभग 170 ट्वीट्स और 35 फेसबुक पोस्ट एक महीने के दौरान साझा किए गए। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए रेल अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा विशेष जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। रेल सुरक्षा बल द्वारा स्टेशनों और ट्रेनों में एक जागरूकता अभियान चलाया है। जिसके अंतर्गत यात्रियों के मध्य जागरूकता फैलाने के अतिरिक्त नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ रेलवे अधिनियम 1989 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई भी की जा रही है। महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे अभियान मेरी सहेली के तहत यात्रियों को सुरक्षा संबंधी मामलों में सहायता प्रदान करने के साथ साथ कोविड 19 के प्रति बरते जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जागरुक किया जा रहा है। कोविड 19 लक्षणों वाले व्यक्तियों की पहचान करने के लिए प्रयागराज चुनार मिर्जापुर फतेहपुर मानिकपुर और अन्य रेलवे कॉलोनियों में डोर टू डोर सर्वेक्षण का कार्य किया गया।

# मतदान पेटियों को जमा कर वापस लौट रहे कर्मी की मौत

- अज्ञात वाहन ने बाइक में बुधवार की भोर पहर मारी थी टक्कर

**उन्नाव।** मतदान पेटियों को वेयर हाउस में जमा कर वापस लौट रहे कर्मी की बाइक में बुधवार भोर पहर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में कर्मी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा के रहने वाले राजेश द्विवेदी (45) बांगरमऊ में राजस्व विभाग में संग्रह अनुसेवक के रूप में कार्यरत थे। मंगलवार मतदान बाद शहर के दही चैकी स्थित वेयर हाउस स्ट्रांग रूम में मतदान पेटियों को जमा करवाने के लिए बाइक से आया था। पेटियों के देरी से जमा होने पर वेयर हाउस में रुक गया था। बुधवार भोरपहर बाइक से वापस जाते समय दही चैकी के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मतदान कर्मी की मौके पर मौत हो गई। मृतक की मां प्रेमा व पत्नी मालती व तीन बेटियों में गुनगुनए अरोही व लाडो रो.रोकर बेहाल है। भाई का आरोप था कि मौत के बाद अभी तक कोई विभागीय अधिकारी पोस्टमार्टम हाउस तक नहीं पहुंचा है और पुलिस की लापरवाही के चलते कागजात तक समय से नहीं आ सके हैं।

## मतदान खत्म अब परिणामों को लेकर शुरू हुई चकल्लस

- प्रत्याशी आराम फरमाने में जुटे, समर्थक जीत-हार को लेकर कर रहे मंथन
- कौन जीतेगा, जीत का अंतर कितना होगा, इस पर अभी भी एकमत नहीं समर्थक

**उन्नाव।** बांगरमऊ उपचुनाव का मंगलवार को मतदान सकुशल सम्पन्न हो गया है। मतदान के बाद अब परिणाम को लेकर चुनावी चकल्लस शुरू हो चुकी है। सार्वजनिक स्थानोंए चाय की दुकानों के साथ ही जहां भी लोगों की बैठकी हो रही हैए सिर्फपरिणाम को लेकर ही चर्चा होती दिख रही है। प्रत्याशी भले ही मतदान के बाद आराम फरमाने में जुट गए है लेकिन समर्थक अब जीत हार को लेकर मंथन करने में जुटे हुए है। उपचुनाव में मंगलवार को उम्मीद से कम वोटिंग हुई है। मतदान के बाद प्रत्याशी जहां बुधवार को आराम फरमाने में जुटे रहे तो वहीं समर्थकों के बीच अब परिणाम को लेकर कयासबाजी का दौरा शुरू हो चुका है। पानए चाय की दुकानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर लोग इसी गुणा गणित में लगे देखे जा रहे है कि किस सीट से कौन जीत रहा है। कहां किसे अधिक वोट मिला तो कहां किसे कम। कलेक्ट्रेट स्थित चाय की दुकान पर परिणामों को लेकर चल रही जोरदार चर्चा चल रही है। कौन जीतेगाए जीत का अंतर कितना होगाए इस पर अभी भी एकमत कोई नजर नहीं आ रहा था। लोगो का कहना है कि बीजेपी जीतेगी। वहीं काफी लोग कांग्रेस प्रत्याशी को जीता रहे थे। मगर इसका फैसला दस नवंबर को होगा।

## अचलगंज पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

**उन्नाव।** अचलगंज पुलिस बुधवार को एक हिस्ट्रीशीटर आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी बंदूक व तीन कारतूस बरामद किए है। एसएचओ ने बताया कि आरोपित के विरूद्व विभिन्न थानो में 39 मुकदमें दर्ज है। बुधवार को अचलगंज की नेवरना चैकी में तैनात आरक्षी प्रदीप कुमार यादव ने पड़री कला गांव के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर अवधेश उर्फ पप्पू गुरू पुत्र स्वण् सीताराम को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से पुलिस ने एक देशी बंदूक व तीन कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपित के विरूद्व 39 मुकदमें दर्ज है। आरोपित को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए दो कर्मचारी सम्मानित

**प्रयागराज।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रयागराज के संकल्प भवन में संरक्षा संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अनिल कुमार कीमैन और संजय कुमार चम्पिया गेटमैन को पुरस्कृत किया गया। बताया जा रहा है कि अनिल कुमार कीमैन प्रयागराज ने गाड़ी में असामान्य स्थिति दिखाई देने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए गाड़ी को अगले स्टेशन पर रुकवाया था एवम संजय कुमार चम्पिया गेटमैन शंकरगढ़ ने रेल में असामान्य स्थिति दिखाई देने पर गाड़ी रोकने हेतु उचित कार्यवाही की थी। इसे लेकर दोनों को डीआरएम मोहित चंद्रा ने सम्मानित किया। इस मौके पर अपर रेल प्रबंधक वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी एवम वरिष्ठ मंडल अभियंता उपस्थित रहे।

## सीएम योगी से उपचार के लिए बेली को खोले जाने की मांग

**प्रयागराज।** भाजपाईयों ने सीएम योगी से बेली अस्पताल को सामान्य उपचार के लिए खोले जाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया है। भाजपा महानगर किसान मोर्चा के तत्वावधान में भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी एवं यमुनापार जिलाध्यक्ष वैभव नाथ भारती ने प्रयागराज जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ज्ञापन के माध्यम से प्रयागराज में कोरोना संक्रमण के प्रभाव को कम को देखते हुए कोविड 19 संक्रमण के कारण आरक्षित रहे जिला चिकित्सालय तेज सप्रू बहादुर चिकित्सालय प्रयागराज को सामान्य रोगों के इलाज के लिए खोलने की मांग की है। जिससे कि गरीबों को सभी प्रकार के रोगों का इलाज संभव हो सके। ज्ञापन देने वालों में प्रवीण श्रीवास्तव धन्नू भैया राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल रतन खरे राजू पाठक रोहित शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चुनौतियों के बाद भी किया डटकर मुकाबला

**प्रयागराज।** कोरोना काल के बाद हाल ही में शुरू हुआ शो राम प्यारे सिर्फहमारे अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और कोयल शमीन मन्नान दुलारी ज्योति शर्मा एवं राम निखिल खुराना जैसे काल्पनिक किरदारों के शानदार चित्रण के चलते पहले ही दर्शकों का पसंदीदा शो बन चुका है। दिलचस्प मोड़ के साथ दर्शकों को बांधे रखने वाले शो में हाल ही में दर्शकों को राम और कोयल का वेडिंग ड्रामा देखने को मिला। इसे जानने के लिए राम प्यारे सिर्फजी टीवी पर सोमवार से शनिवार रात साढ़े दस बजे पर आएगा। जिसे समय रहते कोई और नहीं बल्कि दुलारी रोक लेती है। दुलारी ने फिलहाल राम को कोयल से दूर कर दिया है। कोयल के सामान्य अवतार से अलग शमीन ने अपने नए आकर्षक लुक से सेट पर सभी को चौंका दिया। वैसे दुल्हन के अवतार में आना शमीन के लिए कोई नई बात नहीं है। लेकिन इस अवतार की खासियत यह थी कि उन्होंने अपने लुक को मैच करने के लिए दो दिनों में बारह घंटों तक पचास किलो भारी लहंगा और भारी भरकम ज्वेलरी पहनकर शूटिंग की। इस चुनौती के बावजूद शमीन ने यह सुनिश्चित किया कि वह चेहरे पर बिना कोई शिकन लाए हर सीन को पूरे परफेक्शन के साथ शूट करें। इसे देखने के लिए बहुत कुछ तैयार करना होगा।

## बुनकरों ने बिजली बिल के फ्लैट रेट की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र के जंसा थाना अंतर्गत हरसोस गाँव में बुधवार को सैकड़ों बुनकरों ने फ्लैट रेट पर बिजली की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। जंसा क्षेत्र के हरसोस, दिनदासपुर, महमदपुर, नई बस्ती, हरपुर नागेपुर, गाँव के सैकड़ों बुनकर हरसोस गाँव में एकत्रित होकर सभा किया। बुनकरों ने बढ़े बिजली दाम के विरोध में नारे लगाये, आक्रोशित बुनकरों ने कहा कि फ्लैट बिजली की माँग को लेकर बनारस में गाँव से लेकर शहर तक बुनकर लगातार विरोध कर रहे हैए लेकिन सरकार उनकी माँगो पर ध्यान नही दे रही है। बुनकरों ने चेतावनी दिया है कि अगर सरकार जल्द उनकी माँगो को पूरा नही करती तो वो जिला मुख्यालय का घेराव करेंगे। बुनकरों ने कहा कि अभी तक हमें बिजली की पुरानी व्यवस्था 2006 के बिजली विभाग के अधिनियम के अनुसार बुनकरों को एक पावरलूम पर प्रतिमाह 70.75 रुपये बिजली का बिल चुकाना पड़ता था।

# चांद व पति का दीदार कर सुहागिनों ने तोड़ा व्रत, पतियों ने दिए मनपसंद उपहार

संवाददाता। उन्नाव

**पति की** लंबी आयु की कामना को लेकर सुहागिनों ने बुधवार को करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही घरों में तैयारियों का दौर शुरू हो गया था। सुहागिनों ने रात को चांद और पति का दीदार कर पूजन.अर्चन कर व्रत खोला तो पतियों ने भी प्रेम के इस पर्व पर पत्नी को कुछ न कुछ उपहार दिया।

भारतीय संस्कृति में पति.पत्नी के प्रेम के रिश्तों को सात जन्म के बंधनों से जोड़ कर देखा जाता है। यही वजह है कि पति.पत्नी के प्रेम को प्रदर्शित करने वाला यह पर्व सुहागिनों के लिए विशेष महत्वपूर्ण है। बुधवार को जिले में प्रेम के पर्व करवाचैथ का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। इस दौरान महिलाओं ने निर्जला व्रत रख कर पति की लंबी आयु की कामना की। मान्यता के अनुसार हर साल कार्तिक महीने की कृष्णपक्ष की चतुर्थी को करवा चैथ का पर्व मनाया जाता है।

### आज चांद का कुछ अलग ही रहा महत्व

यूं तो चांद हर रात दिखता है, लेकिन बुधवार की रात चांद का कुछ अलग ही महत्व रहा। सुहागिनों ने पूरे दिन निर्जल व्रत रखा और रात में सोलह श्रृंगार कर चांद का दीदार करने के बाद व्रत तोड़ा।

सुबह से ही घरों में तैयारियों का दौर चलता रहाए जहां महिलाएं सोलह श्रृंगार, मेहंदी आदि लगाकर तैयार हुईं तो वहीं घरों में भी तरह.तरह के पकवान बनाए गए। दिन भर निर्जला व्रत रखने के बाद रात में चांद का दीदार और पति को देखकर कर पूजन.अर्चन की रस्में निभाई। इस दौरान महिलाओं ने चंद को अर्घ्य देकर विधि विधान से पूजन किया। पूजन के बाद पतियों ने पत्नियों को अपने हाथों से पानी पिलाकर व कुछ मीठा खिलाकर व्रत खुलवाया।

# राष्ट्रीय पर्व पर महानगर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग ने मां गंगा का किया दुग्धाभिषेक व आरती

- प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष ने कहा कि गंगा राष्ट्रीय धरोहर है, इनको संजोकर रखने की जिम्मेदारी हमसब की हैः प्रमोद पाण्डेय

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**महानगर** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय पर्व पर दशाश्वमेध स्थित बड़ी शीतला माता के पास मॉ गंगा का आचमन किया तथा मॉ को पंचमेवा से दुग्धाभिषेक कर आरती उतारी। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने किया। इस अवसर श्री वर्मा ने कहा कि प्राचीनकाल से भारत के लोग मॉ गंगा नदी की आस्था से जुड़े हैं। भारतीय संस्कृति का रिश्ता मॉ गंगा से प्राच्य



सनातनी रिश्ता रहा है। प्रदेश सेवा दल के अध्यक्ष डॉ0 प्रमोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि यूपीए सरकार ने अपना वादा पूरा कर मॉ गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित कर भारत का मान बढ़ाया है और गंगा माता का जन्म और मोक्ष का तर्पण प्राच्यकाल से मॉ गंगा से हो रहा है। उन्होंने काशी की जनता से अपील करते कहा कि वे हर संभव मॉ गंगा को स्वच्छ रखें तथा गंगा में कूड़ा, फूल-माला आदि न बहायें साथ ही इस राष्ट्रीय धरोहर को संजाकर आने वाली पीढ़ियों को इसका मान करायें। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल कवी अंसारी ने तथा धन्यवाद प्रकाश सेवादल के जिलाध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने किया।कार्यक्रम में एआईसीसी के पूर्व सदस्य अनिल श्रीवास्तव, शकील अहमद जादूगर, प्रदीप गुप्ता, ब्रहम्दत्त त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे, गणेश शंकर पाण्डेय, अतुल मालवीय, दिग्विजय सिंह, डॉ0 जितेन्द्र सेठ, ओमप्रकाश ओझा, देवन्द्र सिंह, भईयालाल सेठ, सुनील कपूर, संदीप त्रिपाठी, इकबाल अहमद अंसारी, विनोद शुक्ला, कुंवर बबलू बिंद, संजय शर्मा, वैभव त्रिपाठी, आदि लोग उपस्थित रहे।

## युवती के आत्महत्या मामले में पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया

**शुक्लागंज, उन्नाव।** फैजाबाद पुलिस मंगलवार की रात को छापेमारी कर मंशाखेड़ा मोहल्ले के रहने वाले युवक को हिरासत में लेकर चली गई। उधरए मामले को लेकर परिजन कुछ बालने से इनकार करते रहे। मंशा खेड़ा के रहने वाले वैभव जायसवाल का फैजाबाद कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मंगलवार को युवक की युवती से फोन पर बात करते समय बहस हो गई। जिसके चलते युवती ने आत्महत्या कर ली। युवती के परिजनों ने युवक के खिलाफ फैजाबाद कोतवाली में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया। मंगलवार देर रात एक बजे फैजाबाद कोतवाली पुलिस ने गंगाघाट के मंशाखेड़ा में आकर युवक के घर दबिश देकर उसे हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए फैजाबाद लेकर चली गई। मामले को लेकर युवक के परिजन कुछ भी बालने से इनकार करते रहे।

# धान खरीद को लेकर आ रही समस्याओं पर सदर विधायक ने सौंपा ज्ञापन

- विधायक ने कहा कि 48 घण्टे बाद क्रय केंद्र का करुंगा निरीक्षण, असुविधा हुई तो सीएम को कराऊंगा अवगत



**उन्नाव।** धान की खरीद को लेकर आ रही किसानो की समस्याओ पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बुधवार को एडीएम राकेश सिंह को ज्ञापन सौंपा। पत्र में विधायक ने कहा कि धान क्रय केन्द्रो पर कई प्रकार की शिकायते प्राप्त हो रही है। शासन की मंशानुरुप किसानो को सरकार द्वारा घोषित सरकारी समर्थन मूल्य का सीधे भुगतान हो सके बिचैलियो पर पूर्णतया नकेल कसकर किसानो से ही क्रय केन्द्रो पर खरीददारी हो। इसके लिये तत्काल जिला प्रशासन रणनीति तय कर आवश्यक कार्रवाई करे। किसानो को धान बिक्री करने में कोई असुविधा न हो इस के लिए हमारे विधानसभा क्षेत्र में हर पांच किलोमीटर की दूरी पर धान क्रय केन्द्रो स्थापित कराए जाए। जितने भी क्रय केन्द्र स्थापित किए गए उनके स्थल प्रभारियो के नाम व नंबर की सूची सार्वजनिक प्रसारित कराई जाए। ताकि किसान अपने नजदीकी क्रय केन्द्र पर पहुंचकर विक्रय कर सके। धान बिक्री में किसी भी किसान को किसी भी प्रकार की भुगतान या अन्य शिकायत दर्ज कराने के लिए ट्रोल फ्री नम्बर जारी किया जाए। जिससे कही भी किसानो को परेशानी होने पर वह शिकायत दर्ज करा सके और दर्ज होने वाली शिकायतो का त्वरित समयबद्ध निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने चार सूत्रीय मांग पत्र सौपते हुए कहा कि किसान हित में इन मांगो पर त्वरित कार्रवाई की जाए। पर्यवेक्षण के लिए टीम गठित कर क्रय केन्द्र की व्यवस्थाओ की जांच कराई जाए। कहा कि 48 घण्टे बाद मै स्वयं एक.एक क्रय केन्द्र का निरीक्षण करुंगा यदि किसानो को कही भी असुविधा हुई तो प्रकरण से मुख्यमंत्री को भी अवगत कराऊंगा।

## रामकथा आयोजन की तैयारियां शुरू

**प्रयागराज।** कोरोना के लंबे अंतराल के बाद रामकथा का आयोजन शुरू हो रहा है। कोरोना संक्रमण से पहले प्रयागराज में कथा वाचक मोरारी बापू की कथा अप्रैल पर हुई थी। भगवान श्रीकृष्ण की बाललीला स्थली श्री रमणरेती धाम मथुरा में सुप्रसिद्ध कथा वाचक मोरारी बापू की 851 वीं रामकथा उन्नीस नवंबर से प्रारंभ होगी। मोरारी बापू की ग्यारह दिवसीय रामकथा का वाचन स्वामी कार्ष्णि गुरुशरणानंद महाराज की उपस्थिति में उन्नीस नवंबर से उनतीस नवंबर तक होगा। कोरोना संक्रमण काल के संदर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सीमित संख्या में ही श्रोताओं को कथा में शामिल होने की अनुमति होगी। जो लोग कथा में शामिल नहीं रह पाएंगे। वह रामकथा का सीधा प्रसारण उन्नीस नवंबर सांय चार बजे से सात बजे तक और बीस नवंबर से उनतीस नवंबर तक सुबह साढ़े नौ बजे से एक बजे तक आस्था चैनल पर देख सकते हैं। मोरारी बापू की 851 वीं राम कथा का आयोजन श्री रमणरेती धाम महावन गोकुल मथुरा में किया जाएगा।

# फतेहपुरचौरासी क्षेत्र में डेंगू का बढ़ा प्रकोप, ग्रामीणों में दहशत




**फतेहपुरचैरासी, उन्नाव।** अभी कोरोना कहर बरपा ही रहा है। ऐसे में मच्छरों से पैदा होने वाले डेंगू ने भी अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। इसे रोकने के समय रहते प्रयास नहीं हुए तो यह भी अपना तेजी से डंक मारना शुरू कर सकता है।

ताजा मामले में एफ चौरासी क्षेत्र की ग्राम पंचायत सैंता गांव में डेंगू के प्रकोप से करीब आधा सैकड़ा से अधिक लोग प्रभावित हैं। जिनमें से राईसा (49) पत्नी इस्तियाक खां की डेंगू की चपेट में आने से मौत भी हो चुकी है। इसी तरह माजिदा पत्नी मैकूए जाहिदा पत्नी बाबूए हाफिज रहीम पुत्र सहीम खा की लगभग 15 दिनों के अन्तराल में ही मौत हो गई। जबकि गुलशन, सानिया, साहिल, कमरून निशा अब्दुल्ला समेत कई मरीज विभिन्न अस्पतालों और में अपना इलाज करा रहे हैं। बुधवार को सूचना पर फतेहपुरचैरासी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किट द्वारा करीब 35 लोगो का डेंगू का परीक्षण किया। जिनमें तीन लोगों की डेंगू रिपोर्ट किट से पाजिटिव आई है। जिनके सैंपल जांच के लिए लखनऊ भेजे गए।

# स्वाभिमान की राजनीति होनी चाहिए : राजनाथ

पूर्णिया। भाषा



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध और पुलवामा हमले के मुद्दे पर आरोप लगाने के लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि भारत की ताकत का एहसास सारी दुनिया में हो रहा है और जनता की आंखों में धूल झोंकने की बजाए स्वाभिमान की राजनीति की जानी चाहिए। राजनाथ सिंह ने आज पूर्णिया में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, जब हमारे पायलट अभिनंदन को पकड़ लिया गया था तब उसके बाद के घटनाक्रम का जिक्र करते हुए पाकिस्तान के पूर्व स्पीकर ने वहां की संसद में इस बात का उल्लेख किया कि किस प्रकार वहां की सरकार ने कहा कि अभिनंदन को जल्दी छोड़ दो , वरना भारत नौ बजे हमला कर देगा।

केंद्रीय मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ गतिरोध के मुद्दे पर कहा कि देश की सेना ने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय दिया है और सभी को एकजुट होकर सेना का समर्थन करना चाहिए लेकिन यहां तमाशा बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान की राजनीति होनी चाहिए और जनता की आंखों में धूल झोंक कर राजनीति नहीं करनी चाहिए, बल्कि जनता की आंखों में आंखे डालकर राजनीति करनी चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भारत की ताकत का एहसास सारी दुनिया में हो रहा, लेकिन इन सब पर राहुल गांधी के पास कोई जवाब नहीं है। उन्होंने इस बात को दोहराया कि भारत की एक इंच जमीन पर भी कोई कब्जा नहीं कर सकता। सिंह ने कहा, बिहार में फिर से राजग पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। पंद्रह साल बाद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की छवि पर कोई दाग नहीं है। पूरे बिहार को नीतीश कुमार पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है।

## जंगलराज वाले मुखौटा लगा अच्छी बातें और चुनावी घोषणाएं कर रहे हैं : नड्डा



**लौरिया ( बिहार )।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने राजद सहित विपक्षी महागठबंधन पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि जंगलराज वाले भी मुखौटा लगाकर अच्छी-अच्छी बातें कर रहे हैं और नौकरी सहित चुनावी घोषणाएं करके गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वे लोग विकास नहीं कर सकते। लौरिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति की संस्कृति बदली दी। इसके बाद अब तो जंगलराज वाले भी मुखौटा लगाकर अच्छी-अच्छी बातें करने लगे हैं। चुनाव के दौरान ए बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रहे हैं और बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन लोगों को इनसे सावधान रहने की जरूरत है। नड्डा ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा, जंगलराज के लोग क्या जानें कि विकास क्या होता है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में आज से 15 साल पहले कभी भी विकास की चर्चा नहीं होती थी लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कारण चुनाव में जंगलराज के युवराजों को अगर विकास की चर्चा करनी पड़ रही है।



जालंधर में बुधवार को करवा चौथ की पूजा करती विवाहित महिलाएं

# गुजरात में एक गोदाम में विस्फोट, 12 लोगों की मौत

भाषा। अहमदाबाद

**गुजरात** में रसायन के एक गोदाम में बुधवार सुबह हुए विस्फोट से इसका एक हिस्सा ढह गया, जिससे पांच महिलाओं समेत कम-से-कम 12 श्रमिकों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अहमदाबाद शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक औद्योगिक क्षेत्र, पिराना-पिपलाज रोड पर स्थित इमारत में विस्फोट हुआ। इस गोदाम में रसायन के ड्रम रखे हुए थे।

नौ घंटे तक तलाश और बचाव अभियान के दौरान शहर के अग्निशमन दल ने मलबे से 12 शवों को निकाला और नौ अन्य लोगों को बचाया। अभियान रात करीब आठ बजकर 30 मिनट पर समाप्त हुआ। घायलों को अहमदाबाद नगर निगम संचालित एलजी अस्पताल ले जाया गया है। गोदाम में सुबह 11 बजे शक्तिशाली विस्फोट की वजह से ढांचे को नुकसान पहुंचा और पड़ोसी गोदामों में आग लग गई, जहां मजदूर तैयार कपड़ों को पैक कर रहे थे। दमकल विभाग के प्रमुख अधिकारी एम.एफ दस्तूर ने कहा, हमारा अभियान अब समाप्त हुआ। हमने मलब से 12 शवों को निकाला। नौ लोगों को जिंदा बचाया। उन्होंने बताया कि शाम में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने भी काम शुरू किया था। अधिकारी ने बताया कि लोगों की मौत विस्फोट की वजह से हुई है और बाकी क्षति भी इसकी वजह से हुई। आग मामूली रूप से ही लगी थी। इमारत विस्फोट की वजह से गिरा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने ट्वीट में कहा, अहमदाबाद के गोदाम में आग लगने से जानमाल के नुकसान की खबर से मैं व्यथित हूं। मृतकों को श्रद्धांजलि और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## जदयू ने एमएलसी दिनेश सिंह को निलंबित किया

**पटना ( भाषा )।** बिहार विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण की तैयारी के बीच राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने अपने विधानपरिषद सदस्य (एमएलसी) दिनेश कुमार सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर बुधवार को निलंबित कर दिया। जदयू के प्रदेश महासचिव नवीन कुमार आर्य ने पार्टी के बिहार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) दिनेश कुमार सिंह को निलंबित किए जाने को लेकर बुधवार को एक पत्र जारी किया।

निलंबन पत्र में दिनेश कुमार सिंह पर जदयू में रहते हुए मुजफ्फरपुर के गायघाट विधानसभा क्षेत्र से इस बार लोजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही अपनी पुत्री कोमल सिंह के पक्ष में काम करने के लिए जदयू कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाने और उन्हें धमकी देने के आरोप के आलोक में उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किए जाने की बात कही गई है। राजग की ओर से जदयू उम्मीदवार महेश्वर प्रसाद यादव गायघाट से चुनावी मैदान में हैं।

# राहुल ने रोजगार, पलायन, किसानों के मुद्दे पर मोदी व नीतीश को घेरा

भाषा। मधेपुरा



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कोरोना वायरस संकट, बेरोजगारी, किसानों एवं छोटे व्यापारियों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगागे हुए बुधवार को कहा कि पिछले वादे पूरे नहीं करने वाले ये नेता अब चुनाव में लोगों से वोट मांग रहे हैं। मधेपुरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, छह साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार दिलवाएंगे...मिला? नीतीश कुमार ने कहा था बिहार को बदल दूंगा, लेकिन क्या बिहार बदला... ?

राहुल ने कहा, इस चुनाव में वो ही युवा उनसे पूछते हैं कि हमें रोजगार क्यों नहीं दिया तो नीतीश जी उन्हें धमकाते हैं। जदयू के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव की बेटी सुभाषिनी यादव इस चुनाव में मधेपुरा के बिहारीगंज से चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस नेता ने सुभाषिनी के लिए वोट मांगे और यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने वरिष्ठ समाजवादी नेता से काफी कुछ सीखा है। राहुल ने कहा, मोदी ने कोरोना वायरस से लड़ने के लिए कहा ताली बजाओ, थाली बजाओ। उन्होंने मोबाइल फोन की लाइट जलवाई और 22 दिन में कोरोना वायरस संक्रमण खत्म होने की बात कही लेकिन कोरोना फैलता जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लॉकडाउन के दौरान जब लाखों मजदूर पैदल ही अपने घर आ रहे थे, तब नीतीश जी और मोदीजी ने उनकी मदद नहीं की। राहुल ने आरोप लगाया जब कोरोना महामारी आई तो प्रधानमंत्री मोदी ने बिना कोई चेतावनी दिए, बिना लॉकडाउन का नोटिस दिए ही, इसे लागू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे नोटबंदी लागू की, वैसे ही लॉकडाउन कर दिया और देशभर के मजदूरों को इस दौरान भूखे प्यासे पैदल यहां आना पड़ा। कांग्रेस नेता ने केंद्र के नए कृषि कानूनों को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नए कानून किसानों को खत्म करने वाले हैं। राहुल ने कहा कि किसानों को उनकी फसल के सही दाम दिलवाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने क्या किया?

## क्विक न्यूज

### पूर्व मंत्री हरिनारायण राय की आय से अधिक संपत्ति मामले में अपील खारिज, सजा बरकरार

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में राज्य के पूर्व मंत्री हरिनारायण राय, उनकी पत्नी एवं भाई को विशेष सीबीआई अदालत द्वारा सुनाई गई पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा को बरकरार रखा। अदालत ने बुधवार को सजा के खिलाफ उनकी अपीलों को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति ए के चौधरी ने राय की अपील को खारिज करते हुए निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को बरकरार रखा। राय के साथ इस मामले में उनकी पत्नी सुशीला देवी व उनके भाई संजय कुमार राय की भी अपील खारिज कर दी गई। राय, उनकी पत्नी तथा भाई, तीनों को सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा दी गई सजा को उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा है।राय 2006 से 2008 तक राज्य की मधु कोड़ा सरकार में मंत्री थे। सीबीआई की विशेष अदालत ने 14 दिसंबर, 2016 को 1.46 करोड़ रुपए की आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में उन्हें पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। सीबीआई अदालत के इस फैसले के खिलाफ राय एवं उनके परिजनों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### 59 लाख रुपए मूल्य के नकली जूते और बैग जब्त

**अहमदाबाद।** गुजरात सीआईडी-अपराध के एक दल ने वडोदरा शहर में एक दुकान से नकली ब्रांड के जूते और बैग जब्त किए जिनका कुल मूल्य 59.19 लाख रुपए है। सीआईडी-अपराध की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि दुकान में नाइकी, प्यूमा और एडिडास जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों और नामचीन ब्रांड के नाम वाले नकली सामान बेचे जा रहे थे। गोपनीय सूचना के आधार पर सीआईडी-अपराध के एक दल ने वडोदरा शहर के पनिगते क्षेत्र में स्थित सुपर सेल नामक दुकान पर मंगलवार को छापा मार कर 59.19 लाख रुपए मूल्य के जूते, स्लीपर और बैग बरामद किए तथा दुकान के मालिक सलीम मेमन को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में सीआईडी-अपराध के वडोदरा जोन पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वडोदरा के अजवा रोड इलाके के निवासी मेमन ने यह नकली सामान दिल्ली से खरीदा था और वह उन्हें असली ब्रांड का बता कर यहां बेचता था। छापे के दौरान सीआईडी ने मेमन का फोन और 4,030 रुपए जब्त कर लिए जो उसने उस दिन नकली सामान बेचकर कमाए थे।

### समस्तीपुर में सुबह की सैर के दौरान प्रत्याशी को गोली मारी, अस्पताल में चल रहा है इलाज

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी संजय दास बुधवार को सुबह की सैर के दौरान हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में जख्मी हो गए। पुलिस अधीक्षक विकास बर्मन ने बताया कि घायल के फर्दबयान पर मुफ्फसिल थाने में नामजद आरोपी गुड्डू दास तथा तीन अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी गुड्डू दास उर्फ गुड्डू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच के क्रम में ए बात सामने आई है कि दोनों के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा है। उन्होंने बताया कि गुड्डू, संजय दास के ही गांव मुफस्सिल थाने के बिशनपुर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि युवा क्रांतिकारी पार्टी के प्रत्याशी संजय दास के जांघ और घुटने के बीच गोली लगी है और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### छह वारदात में शामिल रहा माओवादी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले में एक माओवादी को गिरफ्तार किया गया है जो कई आपराधिक वारदात में वांछित था। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। गोपनीय सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए पुलिस के एक दल ने कृपाल उर्फ रमेश (38) को पनकी पुलिस थानांतर्गत क्षेत्र से मंगलवार को गिरफ्तार किया। उस समय आरोपी अपने परिवार से मिलने अबुन गांव जा रहा था। अधिकारी के अनुसार पुलिस पिछले चार साल से कृपाल की तलाश कर रही थी। अधिकारी ने कहा कि आरोपी छह से अधिक नक्सली हिंसा की वारदातों में आरोपी के रूप में नामजद है।



कोलकाता में विभिन्न समुदायों के परंपरागत कलाकारों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करतीं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ आपत्तिजनक ट्वीट करने के आरोपी को मिली जमानत

भाषा। मुंबई

**महानगर** की एक अदालत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और अन्य के खिलाफ आपत्तिजनक ट्वीट करने के आरोपी दिल्ली के एक वकील को जमानत दे दी। आरोपी के वकील ने अदालत से कहा था कि उनके मुवक्किल को अपने किए पर अफसोस है और वह सोशल मीडिया पर माफी मांगेगा। सत्र न्यायाधीश डी ई कोठालिकर ने सोमवार को आरोपी विभोर आनंद को 50,000 रुपए के निजी मुचलके पर जमानत प्रदान कर दी। आनंद ने अपनी अर्जी में माना कि उन्होंने रिपब्लिक टीवी और इसके एंकर के प्रभाव में आकर ठाकरे एवं अन्य के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। आरोपी के अनुसार एंकर ने कहा था कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और उनकी पूर्व प्रबंधक दिशा सालियान की हत्या की गई थी तथा उसने इन कथित हत्याओं के सिलसिले में कई लोगों के नाम लिए थे।

अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि दिल्ली निवासी आनंद ने अपने ट्विटर हैंडल पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर मुख्यमंत्री एवं राज्य के पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे को बदनाम किया। आनंद के वकील ने कहा कि वह इस बात पर तो सवाल ही नहीं उठा रहे हैं कि आवेदक ने सोशल मीडिया पर टिप्पणियां कीं।

उन्होंने कहा कि आरोपी वकील सोशल मीडिया पर अलग पोस्ट डालकर माफी मांगेंगे और इस बात का ख्याल रखेंगे कि आगे फिर ऐसा न हो। इसपर अदालत ने आनंद की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। अदालत ने कहा कि आरोपी को अपने वकील के बयान का हर हाल में पालन करना चाहिए और आदेश के सात दिन के अंदर माफी मांगनी चाहिए।

# समीत ठक्कर को नौ नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके पुत्र आदित्य ठाकरे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए ट्विटर यूजर समीत ठक्कर को नौ नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। ठक्कर को नागपुर अदालत से जमानत मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मंगलवार को उन्हें स्थानीय अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें मामले की आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

ट्विटर पर ठक्कर के 59,000 फॉलोअर हैं और कई सरकारी अधिकारी भी सोशल मीडिया पर उन्हें फॉलो करते हैं। नागपुर पुलिस ने ट्विटर पर उनकी टिप्पणियों को लेकर उन्हें 24 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। इन टिप्पणियों में आदित्य ठाकरे के खिलाफ बेबी पेंगुइन टिप्पणी भी शामिल थी। नागपुर पुलिस ने ठक्कर की गिरफ्तारी का विरोध करने वाले भाजयुमो के कुछ कार्यकर्ताओं के खिलाफ रविवार को मामला दर्ज किया था। इन कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते समय ऐसे कपड़े पहन रखे थे जिनपर पेंगुइन की तस्वीर थी।

जिन प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, उनमें शिवानी दानी वाखरे भी शामिल हैं जिनके ट्विटर एकाउंट पर लिखा है कि वह भाजयुमो महासचिव हैं। ठक्कर की गिरफ्तारी के समय पुलिस ने उन्हें भाजपा का पदाधिकारी बताया था। हालांकि, भाजपा ने इस बात से इनकार किया है कि ठक्कर उसके पदाधिकारी या उसकी आईटी इकाई के सदस्य हैं।

# कोर्ट ने मप्र में विधायकों के खिलाफ अयोग्यता कार्यवाही को लेकर याचिका का निबटारा किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने और फिर मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान नीत सरकार में मंत्री बनने वाले कुछ विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही लंबित होने का मुद्दा उठाकर दायर याचिका का निबटारा कर दिया, जब उसे बताया गया कि मामला निरर्थक हो गया है क्योंकि राज्य में उपचुनाव हो गए हैं। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ को याचिकाकर्ता कांग्रेस के विधायक विनय सक्सेना की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने विधानसभा की 28 सीटों के लिए मंगलवार को हुए उपचुनाव के बारे में बताया।

सिब्बल ने अयोग्यता के मामले की सुनवाई में विलंब पर अपनी नाराजगी जाहिर की और कहा, मार्च से लेकर नवंबर तक विलंब ने इस मामले को निरर्थक बना दिया है। उन्होंने पीठ से कहा कि इस तरह के मामलों की सुनवाई स्थगित होती है और अंततः ए निरर्थक हो जाते हैं। तमिलनाडु और गोवा के भी इसी तरह के मामलों की महीनों सुनवाई नहीं हुई थी। सिब्बल ने कहा कि तमिलनाडु का मामला करीब साढ़े तीन साल से लटका हुआ है और अंततः यह भी निरर्थक हो जाएगा।

पीठ ने कहा, लेकिन जवाब दाखिल करने या ऐसे ही दूसरी वजहों से अनुरोध पर सुनवाई स्थगित होती है। हम भविष्य में इस बात का ध्यान रखेंगे। न्यायालय ने 22 सितंबर को मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष से कहा था कि वह बताएं कि सत्तारूढ़ भाजपा के खेमे में शामिल होने वाले कांग्रेस के 22 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता के लिए दायर याचिकाओं पर कब तक फैसला लिया जाएगा।

पीठ ने कहा था कि विधानसभा अध्यक्ष को सिर्फ यह वक्तव्य देना है कि इन आवेदनों पर कब फैसला लिया जाएगा। इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि इन सदस्यों को अयोग्य घोषित करने के लिए अध्यक्ष के पास 12 मार्च से ए याचिकाएं लंबित हैं। शीर्ष अदालत ने 17 अगस्त को सक्सेना की याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से जवाब मांगा था। सक्सेना की दलील थी कि भाजपा में शामिल होने के लिए इस्तीफा देने वाले कांग्रेस के विधायकों को उन्हें अयोग्य घोषित करने के लिए दायर याचिकाएं लंबित होने के दौरान शिवराज सिंह चौहान सरकार में मंत्री नियुक्त नहीं किया जा सकता है। याचिका में मणिपुर मामले में शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला दिया गया जिसमें कहा गया था कि अयोग्यता संबंधी कार्यवाही पर अध्यक्ष को तीन महीने के भीतर निर्णय करना होगा। ये याचिकाएं लंबित होने के दौरान ही भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेस के 22 में से 12 विधायको को राज्य सरकार में मंत्री बना दिया गया था।




कोलकाता में सब्जियों की बढ़ती हुई कीमतों को लेकर राज्य व केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

# युवाओं व महिलाओं की उम्मीद है राजग: मोदी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के तहत सात नवंबर को होने वाले मतदान से पहले बुधवार को कहा कि राज्य के लोग सुशासन की राजनीति ही पसंद करते हैं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही वहां के युवाओं व महिलाओं की उम्मीद है। विपक्षी दलों द्वारा बेरोजगारी को प्रमुख मुद्दा बनाए जाने के बीच प्रधानमंत्री ने दावा किया कि बिहार के युवाओं को सुविधा, सुरक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सिर्फ राजग ही दे सकता है।

मोदी ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि सासाराम में पहली रैली से लेकर सहरसा में हुई उनकी आखिरी रैली तक जनता ने उन्हें ढेर सारा प्यार दिया और एक जनसेवक के रूप में बिहार की भूमि का चरण स्पर्श उन्हें जनसेवा के लिए और प्रतिबद्ध करता है। उन्होंने कहा, बिहार ने हमेशा लोकतंत्र के मूल्यों को ही सर्वोच्च माना है। इसलिए, बिहार के लोग सुशासन की राजनीति ही पसंद करते हैं। राजनीतिक चेतना से लेकर सामाजिक मंथन तक, तीज-त्योहार से लेकर खान-पान तक बिहार अद्भुत है। यही बिहार की प्राणवायु है। यही आत्मनिर्भर बिहार की नींव है।

उन्होंने कहा कि बिहार में राजग की सभी रैलियों में उन्हें एक समानता युवाशक्ति और नारीशक्ति की बढ़चढ़ कर भागीदारी के रूप में दिखी। उन्होंने कहा, अगर राजग यहां लगातार जीत हासिल कर रहा है तो ए इनका ही आशीर्वाद है। हमें इस आशीर्वाद से ही लगातार काम करने की ऊर्जा मिलती है। बिहार के युवा और महिलाएं, राजग में उम्मीद देखते हैं। उन्होंने कहा कि जनधन से लेकर मुद्रा लोन योजना तक, स्वच्छ भारत मिशन से लेकर आयुष्मान भारत योजना तक, उज्ज्वला से लेकर जल जीवन मिशन तक बिहार ने विकास के हर कदम पर महत्वपूर्ण पड़ाव तय किए हैं। उन्होंने कहा कि बिहारवासियों ने तय कर लिया है कि प्रगति के पथ पर बढ़ चले ए तेज कदम अब न रुकेंगे, न थमेंगे। बिहार के युवाओं को सुविधा, सुरक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सिर्फ राजग ही दे सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व निवेश बिहार में रोजगार के नए अवसर बना रहा है। मुद्रा योजना और स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत बिहार को एक लाख करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजग ने किसानों के लिए जितना किया और कर रहा है, उतना किसी ने कभी नहीं किया। मेगा फूड पार्क, आधुनिक कोल्ड चेन, एग्रो-प्रोसेसिंग क्लस्टर्स बिहार को आधुनिक कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर देंगे। कृषि उत्पाद संघों की बढ़ती संख्या छोटे किसानों की ताकत बढ़ाएगी, उन्हें बड़े बाजारों से जोड़ेगी। भ्रष्टाचार को विकास का सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए मोदी ने कहा कि यह गरीबों से उनका अधिकार छीनता है। उन्होंने कहा कि बैंक खातों, आधार और मोबाइल को जोड़कर राजग सरकार ने गरीबों को उनका अधिकार दिया है और काली कमाई के अनेक रास्ते बंद कर दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अब अधिकांश योजनाओं का पैसा गरीबों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार के हर जिले में ऐसे उत्पाद हैं जिनकी अपनी पहचान है चाहे वह खाने-पीने की चीजें हों, फल-सब्जियां या पेंटिंग-हैंडीक्राफ्ट जैसी अन्य चीजें। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर बिहार में...हमारा लक्ष्य है -कानून का राज बनाए रखना, हमारा उद्देश्य है-गरीबों का कल्याण, हमारा मिशन है- युवाओं को अवसर, महिलाओं की सुरक्षा, हमारा मंत्र है - सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास। कोरोना महामारी के दौरान गरीबों को उपलब्ध कराए गए मुफ्त राशन और अन्य सहायताओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर बिहारी वासी हमेशा से लोकल के लिए वोकल रहा है। उन्होंने कहा कि राजग इस पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## तमिलनाडु के सीएम ने तीन अम्मा कैंटीन वाहनों की शुरुआत की

**चेन्नई।** आम जनता और कामगारों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने बुधवार को यहां तीन सचल अम्मा कैंटीन की शुरुआत की। कम कीमत पर भोजन उपलब्ध कराने की सचल सेवा का उद्घाटन करते हुए पलानीस्वामी ने यहां सचिवालय में जनता को भोजन वितरित किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि तीनों वाहनों की कुल कीमत लगभग 27 लाख रुपए है। पलानीस्वामी ने कहा, तीन सचल अम्मा कैंटीन सेवा की शुरुआत कर मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने अपने ट्वीट कर कहा कि यह पहल, पहले से मौजूद अम्मा कैंटीन की श्रृंखला का विस्तार है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम, निकाय प्रशासन मंत्री एस पी वेलुमणि, मत्स्य पालन मंत्री डी जयकुमार और मुख्य सचिव के नेतृत्व में आला अधिकारी मौजूद थे। एक अधिकारी ने कहा कि ग्रेटर चेन्नई कार्पोरेशन की पहल वाले ये तीन वाहन कहीं भी काम कर रहे मजदूरों को उनके कार्यस्थल पर जाकर भोजन उपलब्ध करा सकेंगे।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले सीएए लागू करना प्राथमिकता में रहेगा : विजयवर्गीय

भाषा। कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि चुनाव के पहले नागरिकता कानून को लागू करना प्राथमिकता में रहेगा क्योंकि उनकी पार्टी और केंद्र दोनों राज्य की शरणार्थी आबादी की चिंताओं को दूर करना चाहते हैं। भाजपा के प्रदेश प्रभारी विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हुए बिना मुक्त और पारदर्शी चुनाव संभव नहीं है। हालांकि, भाजपा पांच नवंबर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दो दिवसीय दौरे के दौरान शायद यह मुद्दा नहीं उठाएगी।

प्रदेश इकाई बंगाल में हालिया राजनीतिक हत्याओं और कुछ पुलिस अधिकारियों के राजनीतिकरण और अपराधीकरण पर अपनी शिकायतों से उन्हें अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) कवायद पर चर्चा नहीं होगी। इस वक्त भाजपा पड़ोसी देशों से उत्पीड़न के शिकार होकर आए शरणार्थियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा, हमारी (केंद्र) सरकार ने पड़ोसी देशों में प्रताड़ित होकर आए शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने के इरादे से संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पारित किया। लेकिन सीएए के खिलाफ अदालत में कुछ याचिकाएं हैं। विजयवर्गीय ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हमें उम्मीद है कि जब (महामारी की) स्थिति सामान्य होगी तो इस पर फैसला होगा। हम पश्चिम बंगाल में चुनाव के पहले सीएए को लागू करने पर प्राथमिकता देंगे। सीएए को लागू करने में देरी के कारण बांग्लादेश से राज्य में आए मतुआ समुदाय के लोगों के एक धड़े के बीच बेचैनी बढ़ती जा रही है। भाजपा सांसद शांतनु ठाकुर ने हाल में कहा था कि बंगाल में तुरंत कानून को लागू करने के लिए, वह शाह को पत्र लिखेंगे ताकि मतुआ समुदाय को नागरिकता का अधिकार मिले। बांग्लादेश में हिंदुओं के मकानों पर हालिया हमलों का हवाला देते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि उस देश और पाकिस्तान में भी उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों की मदद के लिए सीएए को लागू किया गया था।

पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर बात करते हुए विजयवर्गीय ने कहा, राष्ट्रपति शासन लगाए बिना अगले साल मुक्त और पारदर्शी विधानसभा चुनाव संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि लोग बिना किसी परेशानी के अपने अधिकार का इस्तेमाल कर पाएं। क्या पार्टी की प्रदेश इकाई तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ मंत्री सुवेंदु अधिकारी के साथ संपर्क में है, इस पर विजयवर्गीय ने कहा कि नहीं। सुवेंदु अधिकारी कुछ समय से सत्तारूढ़ दल से दूरी बनाए हुए हैं। गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) सुप्रीमो बिमल गुरुंग के तृणमूल कांग्रेस खेमे में जाने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि गोरखा नेता के राजग का साथ छोड़ने के फैसले से बहुत असर नहीं पड़ेगा क्योंकि समुदाय के एक बड़े हिस्से को लगता है कि उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी से हाथ मिलाकर उनके साथ छल किया है।

# सीए की आगामी परीक्षाएं ऑनलाइन कराना संभव नहीं

भाषा। नई दिल्ली

● आईसीएआई ने न्यायालय को बताया

**इंस्टीट्यूट** ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि सीए की आगामी परीक्षाएं ऑनलाइन आयोजित करना संभव नहीं है। कुछ छात्रों ने सुझाव दिया था कि कोविड-19 के मद्देनजर ये परीक्षा ऑनलाइन कराई जाए क्योंकि इसमें परीक्षार्थियों की विश्लेषण करने की क्षमता को परखा जाता है। आईसीएआई ने कहा कि उसकी तीन घंटे की यह परीक्षा एक अलग तरह की होती है जिसमे निशान नहीं लगाने होते बल्कि प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखने होते हैं।

न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने आईसीएआई से कहा कि वह कोविड-19 को लेकर छात्रों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करें। पीठ ने इसके साथ ही सीए की आगामी परीक्षा के लिए निर्धारित मानकों की जानकारी के लिए दायर याचिका का निबटारा कर दिया। चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट की परीक्षाएं 21 नवंबर से 14 दिसंबर तक होनी हैं। याचिका पर सुनवाई के दौरान आईसीएआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामजी श्रीनिवासन ने कहा कि उनके पास परीक्षा केन्द्रों के रूप में अलग से कमरा नहीं है और न ही चिकित्सकों की सुविधा है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के निर्देशानुसार याचिकाकर्ताओं की वकील बांसुरी स्वराज द्वारा दिए गए सारे सुझावों पर विचार किया है। उन्होंने कहा, यह सुझाव दिया गया है कि हम यह परीक्षा ऑनलाइन कर सकते हैं। हमारी परीक्षा का स्वरूप भिन्न है और इसलिए हम ऑनलाइन परीक्षा आयोजित नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में छात्रों की विश्लेषण क्षमता परखी जाती है। पीठ ने स्वराज से कहा कि याचिकाकर्ताओं को अपनी मांगों के बारे में तर्कसंगत होने की आवश्यकता है और वह उनके रवैए से संतुष्ट नहीं है। श्रीनिवासन ने कहा कि याचिकाकर्ता ने यातायात और आवास की सुविधा मांगी है लेकिन यह संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि आईसीएआई ने गृह मंत्रालय से अनुरोध किया है कि कराने के लिए ई-प्रवेश पत्र से होटल बुक कराने की अनुमति दी जाए। पीठ ने कहा कि यह पहले की तरह ही राज्य से जुड़ा मुद्दा है जब इसी तरह के सुझाव पर सरकार राजी हो गई थी। पीठ ने स्वराज से सवाल किया कि जब प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखने हैं तो ऑन लाइन परीक्षा कैसे हो सकती है। ऐसा कैसे हो सकता है। पीठ ने कहा, ऐसा कैसे हो सकता है? सिर्फ इसलिए कि न्यायालय ने कई बातों की अनुमति दी हैं, आप लगातार मांग नहीं कर सकते। अपनी मांगों के प्रति तर्कसंगत होइए। पीठ ने आईसीएआई से कहा कि वह याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाई गई समस्याओं के बारे में सारी सूचना वेबसाइट पर जारी करे। इसके साथ ही न्यायालय ने याचिका का निबटारा कर दिया।



ब्यावर में बुधवार को करवा चौथ त्योहार समारोह के दौरान अनुष्ठान करने के बाद सेल्फी लेती हुए हिंदू विवाहित महिलाएं

## पंजाब में कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शनों के चलते रेलवे को 1,200 करोड़ रुपये का नुकसान

**नई दिल्ली।** पंजाब में कृषि कानूनों के खिलाफ 32 जगहों पर रेल पटरियों पर किसानों के विरोध प्रदर्शन के चलते रेलवे को लगभग 1200 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेलवे के आंकड़ों के अनुसार प्रदर्शनों के कारण जारी नाकेबंदी की वजह से जरूरी सामान लाने वाली 2,225 से अधिक मालगाड़ियों का संचालन नहीं हो सका है। लगभग 1,350 मालगाड़ियों का संचालन रद्द करना पड़ा है या उनका मार्ग बदल दिया गया है। एक अधिकारी ने कहा, प्लेटफॉर्मों या रेल की पटरियों के निकट प्रदर्शनकारियों का धरना जारी है, जिसके चलते लगभग ।,200 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। संचालनात्मक और सुरक्षा चिंताओं के चलते ट्रेनों की आवाजाही बंद है। प्रदर्शनकारी अचानक कुछ ट्रेनों को रोक चुके हैं और विभिन्न स्थानों विशेष रूप से जंडियाला, नाभा, तलवंडी साबो और बठिंडा के आसपास छिटपुट नाकेबंदी जारी है।

अधिकारी ने कहा, पंजाब में रेल पटरियों के कुछ हिस्सों में जारी नाकेबंदी के चलते मालगाड़ियों की आवाजाही और कृषि, उद्योग तथा बुनियादी ढांचे से संबंधित क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों की उपलब्धता पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इससे पहले, रेल मंत्री पीयूष गोयल ने पंजाब के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर रेलगाड़ियों का संचालन फिर से शुरू करने से पहले रेल की पटरियों और संचालन कर्मियों की सुरक्षा का आश्वासन मांगा था।

## मप्र विस उपचुनाव नतीजे डालेंगे तीन क्षत्रपों के भविष्य पर असर

भाषा। भोपाल

**मध्य** प्रदेश में 28 विधानसभा सीटों पर मंगलवार को हुए उपचुनाव के 10 नवंबर को आने वाले परिणाम न केवल प्रदेश की भाजपा नीत सरकार के भाग्य का फैसला करेंगे, बल्कि प्रदेश के तीन क्षत्रपों- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के राजनीतक भविष्य पर भी असर डालेंगे। इस साल मार्च में राज्य में सत्ता के लिए जो राजनीतिक उठापटक हुई थी, उसमें ये तीनों प्रभावशाली नेता शामिल थे।

इस उठापटक में कमलनाथ के नेतृत्व वाली 15 महीने पुरानी कांग्रेस नीत सरकार गिराने में सिंधिया की अहम भूमिका रही है, क्योंकि सिंधिया के मार्च में कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने के बाद उनके समर्थित कांग्रेस के 22 विधायकों ने विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे। इससे कमलनाथ की तत्कालीन सरकार अल्पमत में आ गई थी, जिसके कारण कमलनाथ ने 20 मार्च को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और इसके बाद चौहान के नेतृत्व में 23 मार्च को फिर से भाजपा की सरकार बनी। भाजपा में आने के बाद सिंधिया इस साल जून में मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य बने हैं।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि भाजपा में आने के बाद से ही पूर्व में केन्द्रीय मंत्री रह चुके सिंधिया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में भी मंत्री बनने की महत्वाकांक्षा है। जब सिंधिया कांग्रेस में थे, तब 2018 में प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के बाद वह कमलनाथ से मुख्यमंत्री पद की दौड़ में पिछड़ गए थे। इसके अलावा, उन्हें कमलनाथ के स्थान पर प्रदेश अध्यक्ष भी नहीं बनाया गया। कांग्रेस द्वारा दरकिनार किए जाने से सिंधिया का राजनीतिक भविष्य खतरे में पड़ने लगा। इससे सिंधिया पार्टी से निराश थे और उनकी इस हताशा को भांपकर भाजपा ने इस अवसर को मौके में बदलकर फायदा उठाया तथा सिंधिया एवं उनके बागी समर्थकों के सहयोग से करीब सात महीने पहले सत्ता में फिर से वापसी की। राजनीतक विशेषज्ञों का कहना है कि यदि चौहान के नेतृत्व में भाजपा उपचुनाव वाली इन 28 सीटों में से 15 से अधिक पर जीत दर्ज कर लेती है तो पार्टी में उनका कद और भी बढ़ जाएगा। चौहान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आते हैं और प्रदेश में इस वर्ग की जनसंख्या 50 प्रतिशत से अधिक है।

विश्लेषकों ने कहा कि मार्च में भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने चौहान को चौथी बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का दायित्व दिया था, क्योंकि जनता में उनकी छवि अच्छी है। माना जाता है कि जनता के चहेते नेता होने के कारण वह उपचुनाव में पार्टी को अधिक से अधिक सीटें जितवाकर 230 सदस्ईय विधानसभा में बहुमत के जादुई आंकड़े 116 को पार करवा सकते हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि जब चौहान ने अपने मंत्रिमंडल का गठन किया, तो इसके लिए उन्हें पूरी तरह से छूट नहीं दी गई थी और इसके लिए उन्हें पार्टी के आला नेताओं से सलाह मशविरा करने के लिए कई दफा भोपाल से नई दिल्ली आना-जाना पड़ा।

मध्य प्रदेश विधानसभा की कुल 230 सीटें हैं। इनमें से वर्तमान में भाजपा के 107 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के घटकर 87 हो गए हैं। इनके अलावा, चार निर्दलीय, दो बसपा एवं एक सपा विधायक हैं। बाकी 29 सीटें रिक्त हैं, जिनमें से दमोह विधानसभा को छोड़कर 28 सीटों पर तीन नवंबर को उपचुनाव हो गए हैं और इनका परिणाम 10 नवंबर को आएगा। दमोह सीट पर उपचुनाव की तिथि घोषित होने के बाद कांग्रेस विधायक राहुल सिंह लोधी ने विधानसभा की सदस्यता एवं कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और भाजपा में शामिल हो गए।

## महाराष्ट्र में आज से खुलेंगे सिनेमाघर, मल्टीप्लेक्स और स्वीमिंग पुल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में निरूद्ध क्षेत्रों से बाहर स्थित सिनेमाघर, नाटकघर, मल्टीप्लेक्स, स्वीमिंग पूल और योग संस्थान पांच नवंबर से फिर खुल सकेंगे। राज्य सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स और नाटकघरों को 50 प्रतिशत लोगों के बैठने की क्षमता के साथ संचालन की अनुमति होगी। इनके अंदर किसी भी तरह के खाद्य पदार्थों की व्यवस्था नहीं होगी। ये सभी प्रतिष्ठान मार्च में कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए लॉकडाउन लागू किए जाने के बाद से बंद हैं। पिछले महीने राज्य में होटल और बार को दोबारा खोलने की अनुमति दे दी गई थी। नए सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल होने वाले स्वीमिंग पूल और निरुद्ध क्षेत्रों से बाहर स्थित स्वीमिंग पुलों को पांच नवंबर को फिर से खोला जा सकता है। इसके अलावा योग संस्थान, बैडमिंटन हॉल, टेनिस, स्क्वैश कोर्ट, इंडोर शूटिंग रेंज को भी बृहस्पतिवार से खोला जा सकेंगा। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि शारीरिक दूरी और सैनिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। शेष लॉकडाउन पाबंदियों को पहले ही 30 नवंबर तक बढ़ाया जा चुका है।

# अर्नब गोस्वामी को 18 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

भाषा। अलीबाग (महाराष्ट्र)

**एक** इंटीरियर डिजाइनर को आत्महत्या के लिए कथित तौर पर उकसाने के मामले में बुधवार को गिरफ्तार किए गए रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी को यहां की एक अदालत ने 18 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

अदालत ने रात में यह आदेश सुनाया। गोस्वामी ने जमानत के लिए अर्जी दी और अदालत ने जांच अधिकारी को जवाब दाखिल करने को कहा। पत्रकार गोस्वामी के वकील गौरव पारकर ने इस बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि अलीबाग की एक अदालत में पुलिस ने गोस्वामी की 14 दिनों की हिरासत देने का अनुरोध किया। रायगढ पुलिस की एक टीम ने गोस्वामी (47) को सुबह में मुंबई में उनके आवास से हिरासत में लिया था। उन्हें पुलिस वैन में बैठाया गया। गोस्वामी ने दावा किया था कि पुलिस ने उनके साथ हाथापाई की।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पुलिस ने आईपीसी की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) और 34 (समान मंशा के साथ लोगों द्वारा किया गया कृत्य) के तहत गोस्वामी को गिरफ्तार किया।

# पेज 1 का शेष

### सैन्य अफसरों...

कोई बदलाव नहीं होगा। वर्तमान में 20-25 साल की सेवा करने के बाद रिटायर होने वाले अधिकारी को उसके अंतिम वेतन का 50 फीसदी बतौर पेंशन दिया जाता है। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई तो उसकी पेंशन आधी हो जाएगी। सूत्रों ने कहा कि हो सकता है कि इस प्रस्ताव का सेवारत अधिकारी जो रिटायर होने वाले हैं और विभिन्न पूर्व सैनिक संगठन स्वागत न करें। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले साल सीडीएस के गठन के साथ बने डीएमए के पास पेंशन फार्मूले में बदलाव का अधिकार नहीं हैं अगर ऐसा किया जाता है तो मामला अदालत में जा सकता है। डीएमए मानव संसाधन मुद्दों के साथ सेना, नौसेना और वायुसेना के बीच समन्वय के लिए जिम्मेदार है।

### घुसपैठियों को...

और राजद ने देश के संसाधनों पर एक वर्ग विशेष को अधिकार दे दिया। हमारे लिये जनता ही परिवार है लेकिन उनके लिये परिवार ही पार्टी और पार्टी ही देश है। उसके बाहर उनको दिखाई नहीं देता है। योगी ने कहा कि कांग्रेस और राजद की सरकार में मुंबई में आतंकी हमला हुआ जिसमें बहुत सारे लोग मारे गए। जब जनता आक्रोशित हुई और सवाल पूछता तो कांग्रेस सरकार ने कहा कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। कांग्रेस का नेतृत्व पाकिस्तान के एटम बम से घबरा रहा था। वहीं जब फरवरी 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ के बहादुर जवानों पर पाकिस्तान संरक्षण प्राप्त आंतकियों ने कायराना हमला किया तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि इसका बदला कैसे लेना है, यह हमारे वीर जवान खुद तय करेंगे। एक महीने के भीतर हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान के अंदर घुस कर आंतकी कैंपों को नष्ट करने का काम किया। पुलवामा हमले के बार जब विंग कमांडर अभिनंदन को सुरक्षित भारत लाने की बात हुई तो पाकिस्तान के आर्मी प्रमुख पसीने से लथपथ थे और डर रहे थे कि भारत हमला कर देगा तो पाकिस्तान का क्या होगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान व रक्षा मंत्री सब डरे हुए थे कि कहीं भारत हमला बोल कर पाकिस्तान को नेस्तानाबूद न कर दें। आज का भारत दुनिया के अंदर अपनी ताकत का एहसास करा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परिवारवाद की राजनीति से बचें और विश्वास के साथ प्रगति पथ पर बढ़ते हुये बिहार चुनाव में अच्छे प्रतिनिधियों का चुनें और बिहार को बेहतर सरकार दें।

### कुशीनगर की...

अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि इस मामले में लापरवाही के आरोप में दरोगा रितेश सिंह, बीट हेड कांस्टेबल मानिकचंद तथा सिपाही संतोष कुमार और मनीष प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कसया क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में कम से कम 12 लोग घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### केंद्रीय शिक्षक...

के कारण अभ्यार्थियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए सीबीएसई ने उन्हें परीक्षा केंद्र के शहर के अपने विकल्प में सुधार के लिए एक और मौका देने का फैसला किया है। अधिकारी ने कहा, अभ्यार्थियों को उनके द्वारा चुने गए शहरों में समायोजित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा लेकिन अगर कोई स्थिति उत्पन्न होती है तो विकल्प के रूप में चुने गए चार शहरों के अलावा कोई अन्य शहर (परीक्षा केंद्र के तौर पर) आवंटित किया जा सकता है।

### केरल ने...

ने भी सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति को वापस ले लिया था। एक सरकारी बयान में यहां बताया गया है कि मुख्यमंत्री पी विजयन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस बाबत फैसला किया गया। देश में एकमात्र वाम दलों द्वारा शासित राज्य ने यह फैसला ऐसे वक्त में किया है कि जब सीबीआई महत्वाकांक्षी 'लाइफ मिशन परियोजना' में कथित विभिन्न अनिमियतताओं की जांच कर रही है। यह परियोजना गरीबों को घर देने की पहल है। बयान में कहा गया है, 'हमने दिल्ली पुलिस स्थापना अधिनियम 1946 की धारा 6 के तहत एक अधिसूचना के जरिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति को वापस लेने का फैसला किया है।' बयान में कहा गया है, 'केंद्रीय एजेंसी को जरूरी स्थिति में ही जांच के लिए मामला सौंपा जाएगा, वह भी राज्य सरकार की विशेष इजाजत के बाद।'

### उम्मीद की...

के जरिये ही कोरोना वायसर इंसानी कोशिश में प्रवेश करता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इसका मतलब यह है कि वैक्सीन वायरस के म्यूटेटेड स्ट्रेन के प्रति भी सुरक्षा प्रदान कर सकता है। अध्ययन के अनुसार, जब कोरोना वैक्सीन का मॉलिक्युलर स्ट्रक्टर एक हद तक वायरस की नकल करता है, संभवत: यही वैक्सीन की रिस्पांस क्षमता बढ़ने का कारण है। अध्ययन के सह लेखक नील किंग कहते हैं, 'हमें उम्मीद है कि हमारे नैनो पार्टिकल प्लेटफॉर्म से इस महामारी के खिलाफ जंग लड़ने में मदद मिलेगी।'

## मित्र देशों की भारी मांग के मद्देनजर एनडीसी में दो साल में और 20 सीटें बढ़ाई जाएंगी: रक्षा सचिव

भाषा। नई दिल्ली

**मित्र** देशों की भारी मांग के चलते राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) में अगले दो साल में सीटों की संख्या 100 से बढ़ाकर 120 की जाएगी। रक्षा सचिव अजय कुमार ने बुधवार को यह जानकारी दी। कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगले साल जब क्षमता बढ़ेगी तब अतिरिक्त सीटों का आवंटन नेपाल, म्यांमां और बांग्लादेश को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान, फिलीपीन, इंडोनेशिया और मालदीव को पहली बार एनडीसी के एक साल के पाठ्यक्रम में सीटों की पेशकश की गई है। उल्लेखनीय है कि नेपाल, म्यांमां, बांग्लादेश और 18 अन्य मित्र देशों के सैन्य बलों के अधिकारी अब तक एनडीसी के रणनीतिक नेतृत्व पाठ्यक्रम में हिस्सा लेते हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में पाठ्यक्रम में 100 सीटें हैं जिनमें से 25 सीटें इन 21 देशों के अधिकारियों के लिए आरक्षित हैं जबकि शेष 75 सीटों पर भारतीय सैन्य बलों और भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रवेश दिया जाता है। कुमार ने बताया, हम वर्ष 2021 में एनडीसी की मौजूदा 100 सीटों को बढ़ाकर 110 करेंगे और इसके बाद 2022 में इनकी संख्या 110 से बढ़ाकर 120 की जाएगी। उन्होंने बताया कि एनडीसी की योजना पांच और छह नवंबर को हीरक जयंती मनाने की है और इस मौके पर दो दिनों का वेबिनार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा: एक दशक बाद विषय पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपने विचार रखेंगे।

## भारत में कोविड-19 के मामले 83 लाख के पार

● मरीजों के ठीक होने की दर 92.09 फीसद

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 46,253 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले 83 लाख के पार चले गए। वहीं 76.56 लाख लोगों के ठीक होने के बाद मरीजों के ठीक होने की दर 92 प्रतिशत से अधिक हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में अभी तक कोविड-19 के कुल 83,13,876 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं 514 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर।,23,611 हो गई। आंकड़ों के अनुसार अभी तक कुल 76,56,478 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के बाद देश में मरीजों के ठीक होने की दर 92.09 प्रतिशत हो गई है। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.49 प्रतिशत है। देश में लगातार छठे दिन उपचाराधीन लोगों की संख्या छह लाख से कम रही। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 5,33,787 लोगों का कोविड-19 का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 6.42 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी। वहीं, कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख और 29 अक्टूबर को 80 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार तीन नवम्बर तक कुल 11,29,98,959 नमूनों की कोविड-19 की जांच की गई, जिनमें से 12,09,609 नमूनों का परीक्षण मंगलवार को ही किया गया। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 514 लोगों की मौत हुई, उनमें से सबसे अधिक 120 महाराष्ट्र के थे।

# दिलेर दिल्ली का सामना मजबूत मुंबई से

## आईपीएल का पहला क्वालीफायर मुकाबला गुरुवार को

**भाषा** । दुबई

**बड़े** मैचों में खेलने का अपार अनुभव रखने वाली मुंबई इंडियन्स की मजबूत टीम और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाली दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार को यहां पहले क्वालीफायर में कांटे का मुकाबला होने की संभावना है। आईपीएल में चार बार के चैंपियन मुंबई की टीम को लीग चरण में हराना आसान नहीं रहा लेकिन मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 10 विकेट की हार से उसका थोड़ी लय गड़बड़ा गई है।


दूसरी तरफ अपने पहले खिताब की कवायद में लगे दिल्ली ने लगातार चार मैच गंवाने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को छह विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया। इस जीत से निश्चित तौर पर उसका मनोबल बढ़ा होगा। मुंबई की टीम के लिए सकारात्मक पहलू उसके कप्तान रोहित शर्मा की वापसी है जो हैमस्ट्रिंग के कारण चार मैचों में नहीं खेल पाए थे। यह स्टार सलामी बल्लेबाज हालांकि सनराइजर्स के खिलाफ जल्दी पवेलियन लौट गया था। मौजूदा चैंपियन के पास आक्रामक बल्लेबाज हैं और बेहतरीन गेंदबाज हैं लेकिन सनराइजर्स के खिलाफ उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। उसके गेंदबाजों को भी विकेट नहीं मिल पाया था और महत्वपूर्ण मैच से पहले यह उनके लिए अच्छा सबक रहा कि किसी भी मैच को सहजता से नहीं लेना चाहिए।

दिल्ली का मध्यक्रम उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन करने में नाकाम रहा है। वह मुख्य तौर पर एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर रहा है। मुंबई के शीर्ष क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। युवा इशान किशन (428 रन) उसके प्रमुख बल्लेबाज के रूप में उभरे हैं। क्विंटन डिकाक (443 रन) अपनी शानदार फार्म जारी रखने के लिए तैयार होंगे। इसके बाद सूर्यकुमार यादव (410 रन) ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। लंबे शॉट खेलने में माहिर हार्दिक पंड्या (241 रन), कीरोन पोलार्ड (259 रन) और क्रुणाल पंड्या (95) ने जरूरत पड़ने पर अपने कौशल का बखूबी प्रदर्शन किया है।

पोलार्ड ने सनराइजर्स के खिलाफ भी चार छक्के लगाए थे। मुंबई ने अपने मुख्य गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह (23 विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (20 विकेट) को सनराइजर्स के खिलाफ विश्राम दिया था। इन दोनों ने शुरुआत और डैथ ओवरों में घातक गेंदबाजी की है। राहुल चाहर और क्रुणाल को दिल्ली के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले सनराइजर्स के डेविड वार्नर और ऋद्धिमान साहा के हाथों हुई धुनाई को भूलना होगा। दूसरी तरफ अजिंक्य रहाणे का फार्म में लौटना दिल्ली के लिए अच्छे संकेत हैं। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 60 रन की मैच विजेता पारी खेली थी।

शिखर धवन (525) शानदार फार्म में हैं लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों से सहयोग की दरकार है। दिल्ली की बड़ी चिंता पृथ्वी सॉव और ऋषभ पंत की फार्म है जो अभी तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। उनके विदेशी खिलाड़ियों शिमरोन हेटमायर और मार्कस स्टोइनिस को भी महत्वपूर्ण मैच में अपनी फार्म दिखानी होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर (421) को पारी संवारने का बीड़ा उठाना होगा। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (25 विकेट) और एनरिक नोर्जे (19 विकेट) ने उसकी गेंदबाजी विभाग की अगुवाई सफलतापूर्वक की है। रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल ने स्पिन विभाग अच्छी तरह से संभाला है। इससे पहली लीग चरण में मुंबई ने दिल्ली को दोनों मैच में हराया था लेकिन रोहित ने कहा कि वह इतिहास है। रोहित ने कहा कि यह मजेदार प्रारूप है जिसमें लगातार अच्छा खेलना होता है। आप दिल्ली कैपिटल्स पर मिली दो जीत को याद करना चाहोगे लेकिन हमें वर्तमात में जीना है और लगातार सुधार करना है।

## रोहित की लय गड़बड़ा सकती है उसका फायदा उठाएंगे: धवन



**दुबई**। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा कि मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा को हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरकर वापसी करने के बाद लय हासिल करने में समय लगता है तो उनकी टीम गुरुवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग क्वालीफायर में इसका फायदा उठाने की कोशिश करेगी। रोहित बाएं पांव की हैमस्ट्रिंग के कारण दो सप्ताह तक नहीं खेल पाए। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में वापसी की। धवन ने पहले क्वालीफायर की पूर्व संध्या पर कहा, रोहित बहुत अच्छा खिलाड़ी है और उसने बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं इसलिए मुझे उसकी लय के बारे में पता नहीं है। इसका मतलब है कि हम निश्चित तौर पर इसका फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, मेरी शुभकामनाएं उसके साथ हैं लेकिन विरोधी टीम में होने के कारण हम इसका फायदा उठा सकते हैं और हम उसी हिसाब से अपनी रणनीति बनाएंगे। रोहित को चोट के कारण आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया है लेकिन लंबे समय तक राष्ट्रीय टीम में उनके जोड़ीदार रहे धवन ने कहा कि वह आईपीएल की अपनी अच्छी फार्म को आस्ट्रेलिया में भी बरकरार रखना चाहेंगे। आईपीएल में अब तक 14 पारियों में 525 रन बनाने वाले धवन ने कहा, एक बार जब आप अच्छा स्कोर बनाना शुरू कर देते हो तो अगली शृंखला में उस फार्म को जारी रखना चाहते हो। मुझे आस्ट्रेलिया में खेलना पसंद है। वह क्रिकेट खेलने के लिए शानदार स्थान है। पिचें बहुत अच्छी होती है और मुझे उनकी गेंदबाजी खेलने में आनंद आता है। उन्होंने कहा, यह विशेष शृंखला होगी क्योंकि भारतीय टीम लंबे समय बाद खेलेगी। मैं वहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। धवन ने लगातार लचर प्रदर्शन कर रहे अपने सलामी जोड़ीदार पृथ्वी सॉव का पक्ष भी लिया। सॉव ने पिछले छह मैचों में 4,0, 0, 7, 10 और 9 रन बनाए।

# कोहली और रोहित आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष दो स्थान पर बरकरार

**भाषा** । दुबई

**भारतीय** कप्तान विराट कोहली और उप कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष दो स्थान पर बने हुए हैं जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। कोविड-19 के कारण सभी तरह की क्रिकेट गतिविधियां ठप्प पड़ने के बाद से कोहली (871 रेटिंग अंक) और रोहित (855) ने किसी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में हिस्सा नहीं लिया लेकिन वह बल्लेबाजी सूची में क्रमश: पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों में 221 रन बनाकर इन दोनों भारतीय बल्लेबाजों से अंतर को थोड़ा कम कर दिया है। उन्हें आठ रेटिंग अंकों का फायदा हुआ लेकिन वह पहले की तरह तीसरे स्थान पर हैं। जिम्बाब्वे के ब्रैंडन टेलर और सीन विलियम्स को शृंखला में शतक जड़ने के कारण फायदा मिला। टेलर नौ पायदान ऊपर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पहले मैच में 112 रन बनाए थे और शृंखला में 204 रन बनाने में सफल रहे थे। विलियम्स 12 पायदान ऊपर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अंतिम मैच में 118 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी सूची में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट (722) शीर्ष पर हैं और उनके बाद बुमराह (719) का नंबर आता है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पर पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने पहले वनडे में पांच विकेट लिए थे। इससे वह आठ पायदान चढ़ने में सफल रहे। पाकिस्तान ने यह शृंखला 2-1 से जीती और उसे विश्व कप सुपर लीग में 20 अंक मिले। जिम्बाब्वे ने तीसरा मैच सुपर ओवर में जीता जिससे उसे 10 अंक हासिल हुए। इंग्लैंड सुपर लीग में 30 अंक के साथ अभी शीर्ष पर है। पाकिस्तान के आस्ट्रेलिया के समान 20 अंक हैं लेकिन वह बेहतर रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है। उसके बाद भारत, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान का नंबर आता है।



## हैमस्ट्रिंग अब पूरी तरह से ठीक है : रोहित

**शारजाह**। भारतीय सलामी बल्लेबाज और मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि उनकी हैमस्ट्रिंग अब पूरी तरह से ठीक है और दो सप्ताह तक चोट से बाहर रहने के बाद वह मैदान पर वापसी करके खुश हैं। रोहित ने कहा कि मुझे मैदान पर लौटकर अच्छा लग रहा है। कुछ मैच और खेलने हैं और फिर देखते हैं कि कैसा रहता है। हैमस्ट्रिंग अब पूरी तरह से ठीक है। रोहित को इसी चोट के कारण आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया, लेकिन उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के अंतिम लीग मैच में मुंबई की अगुवाई की। इस मैच में उनकी टीम को 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा जिसे उन्होंने टीम का आईपीएल के इस सत्र का सबसे खराब प्रदर्शन बताया। सनराइजर्स ने इस जीत से प्लेऑफ में जगह बनाई। रोहित ने मैच के बाद कहा कि हम इस दिन को याद नहीं रखना चाहेंगे। यह इस सत्र का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। हमने कुछ प्रयोग किए जो चल नहीं सके।

# हमने कभी हार मत मानो का रवैया अपनाया: वार्नर



**भाषा** । शारजाह

**सनराइजर्स** हैदराबाद के कप्तान डेविड वार्नर ने कहा कि कभी हार मत मानो के रवैए के कारण ही उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही। सनराइजर्स ने अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज मुंबई इंडियन्स के खिलाफ करो या मरो वाले मैच में 10 विकेट की शानदार जीत से प्लेऑफ में जगह बनाई। वार्नर ने नाबाद 85 और ऋद्धिमान साहा ने नाबाद 58 रन बनाए। इन दोनों ने 151 रन जोड़कर मैच को एकतरफा बना दिया। वार्नर ने मैच के बाद कहा कि किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ हार के बाद अब अच्छा लग रहा है। उन्होंने (मुंबई) अपने कुछ खिलाड़ियों को विश्राम दिया लेकिन इस मैदान पर उन्हें 150 रन पर रोकना शानदार था। गेंदबाजों को काफी श्रेय जाता है। शाहबाज नदीम ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने कहा कि इसके बाद हम सहजता से बल्लेबाजी करना चाहते थे और इससे अच्छा लग रहा था। सनराइजर्स की यह लगातार तीसरी जीत है। उसको प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए इन तीनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी थी। वार्नर ने कहा कि हमने कभी हार मत मानो का रवैया अपनाया और हम हर मैच में इसी सोच के साथ उतरे। हमारे कुछ खिलाड़ी चोटिल हो गए थे लेकिन उनकी भावनाएं हमारे साथ की और हम उनके लिए जीत दर्ज करना चाहते थे। अगर हम अगले मैचों में ऐसा ही प्रदर्शन करते हैं और यही लय बनाए रखते हैं तो हमें वास्तव में बहुत खुशी होगी। उन्होंने कहा कि हमने 2016 को ध्यान में रखा जब हम इसी तरह की स्थिति में थे। तब हमें खिताब जीतने के लिए हर मैच जीतना था।

## कोई भी मुंबई का सामना नहीं करना चाहता है : बांड

**दुबई**। मुंबई इंडियन्स के गेंदबाजी कोच शेन बांड ने बुधवार को कहा कि कोई टीम भी उनका सामना नहीं करना चाहती है क्योंकि वह समझती है कि हम अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और कातिलाना गेंदबाजी से कितना नुकसान पहुंचा सकते हैं। मौजूदा चैंपियन मुंबई ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नौ मैच जीतकर 18 अंक के साथ प्लेऑफ में जगह बनाई। बांड ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले क्वालीफायर की पूर्व संध्या पर कहा कि हमारी बल्लेबाजी बहुत अच्छी है। हमारी गेंदबाजी बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि हमारी टीम ऐसी है जिसका वास्तव में कोई सामना नहीं करना चाहता है क्योंकि वे जानते हैं कि अगर वे हमसे खेलते हैं तो हम उन्हें कुछ नुकसान पहुंचा सकते हैं। न्यूजीलैंड के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि हमारे पास ऐसे कई खिलाड़ी हैं जिन्हें टूर्नामेंट जीतने का अच्छा अनुभव है। वे जानते हैं कि बड़े मैचों, दबाव वाले मैचों में कैसे जीता जाता है, इसलिए हम इस मजबूत पक्ष के साथ मैदान पर उतरेंगे और यह अंतर पैदा कर सकता है।

## रोहित का फिट और उपलब्ध होना अच्छी खबर: गावस्कर

### शास्त्री और गांगुली के सुझाव जायज थे

**भाषा** । दुबई

**भारत** के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा के फिट होकर वापसी करने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि आस्ट्रेलिया दौरे से पहले भारतीय क्रिकेट के लिए यह सबसे अच्छी खबर है। रोहित को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। उन्होंने मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में वापसी की। इसी चोट के कारण उन्हें आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया।

गावस्कर ने कहा कि रोहित की चोट को लेकर पहले जो कुछ भी हुआ, उसे दरकिनार करते हैं मैं यही कहूंगा कि उसका फिट होना भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने यह भी कहा कि वापसी में जल्दबाजी नहीं करने के मुख्य कोच रवि शास्त्री और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के सुझाव जायज थे। उन्होंने कहा कि सभी ने यह सोचकर चिंता जताई थी कि वापसी में जल्दबाजी करने पर चोट बढ़ सकती हैजो जायज है। लेकिन वह आत्मविश्वास से भरपूर दिखा। उसने सीमा के पास और 30 गज के भीतर फील्डिंग की। गावस्कर ने कहा कि बीसीसीआई अगर रोहित का फिर से फिटनेस टेस्ट लेना चाहता है तो कोई हर्ज नहीं है। उन्होंने कहा कि उसने मैच खेलकर यह दिखा दिया कि वह फिट है। बीसीसीआई अगर फिर से उसका फिटनेस टेस्ट लेना चाहे तो इसमें कुछ गलत नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह इन सवालों में नहीं पड़ना चाहते कि टीम में वापसी पर रोहित को उपकप्तानी मिलेगी या नहीं। गावस्कर ने कहा कि कप्तानी, उपकप्तानी तो कोई मसला ही नहीं होना चाहिए। अहम मुद्दा यह है कि खिलाड़ी खेलने के लिए उपलब्ध है या नहीं और वह है। उसने मैच से पहले दो बार कहा कि वह फिट है। कल के बारे में बात करने की बजाय आज की बात करें और आज वह फिट है।

## पूर्वांचल प्रीमियर क्रिकेट लीग छह दिसंबर से

**लखनऊ**। पूर्वांचल क्रिकेट संघ के तत्वाधान में छह दिसंबर से द्वितीय पूर्वांचल प्रीमियर टी-20 क्रिकेट लीग का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया जाएगा। पूर्वांचल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अंशुल शर्मा के अनुसार कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी। आठ दिवसीय प्रतियोगिता के सभी मैचों का सीधा प्रसारण दूरदर्शन के डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर किया जाएगा कलर ड्रेस और सफेद गेंद से आयोजित प्रतियोगिता में पूर्वांचल डिस्ट्रिक्ट की टीमें भाग लेंगी। जिनमें गोरखपुर चैलेंजर्स, किंग्स इलेवन अयोध्या, पीसीए एकादश, आजमगढ़ वारियस, रॉयल चैलेंजर्स बस्ती, काशी विश्वनाथ एकादश वाराणसी, बलिया सुपर किंग्स, गाजीपुर रॉयल्स, सुल्तानपुर पैंथर, बहराइच राइडर्स एगोंडा लायंस और सनराइजर्स बाराबंकी की टीमें भाग लेंगी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 13 दिसंबर को खेला जाएगा

## खेलो इंडिया के फर्जी विज्ञापन के जरिए ठगी के मामले में साइ ने जांच की मांग की

**भाषा** । नई दिल्ली

**अगले** साल के खेलो इंडिया गेम्स के फर्जी विज्ञापन के जरिए खिलाड़ियों को चूना लगाए जाने के मामले में भारतीय खेल प्राधिकरण ने एफआईआर दर्ज कराके मामले की तुरंत जांच की मांग की है। खेलो इंडिया गेम्स अगले साल पंचकूला में होने हैं। साइ ने एक बयान में कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण को देश भर से जमीनी स्तर के खिलाड़ियों से अनेक शिकायतें मिली हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक विज्ञापन के जरिए पंचकूला में 2021 में होने वाले खेलो इंडिया गेम्स में भागीदारी के लिए आवेदन मंगवाए गए हैं। इसमें कहा गया कि विज्ञापन में खिलाड़ियों को खेलो इंडिया शिविर में भाग लेने के लिए 6000 रुपए जमा कराने को कहा गया और उन्हें आश्वासन दिया गया कि ट्रायल के बाद वे खेलों में भाग ले सकेंगे। साइ ने कहा कि विज्ञापन में युवा कार्य और खेल मंत्रालय, साइ और खेलो इंडिया के लोगो का भी इस्तेमाल किया गया जिससे खिलाड़ियों को लगा कि ए सरकारी विज्ञापन है। साइ को दोषियों के बैंक खातों का पता चल गया है और मामले की जांच की मांग की गई है। बयान में कहा गया कि यह व्यक्ति आगरा का निवासी है। साइ ने उत्तर प्रदेश पुलिस के पास एफआईआर दर्ज कराई है। साइ ने कहा कि खेलो इंडिया सरकारी योजना है और इसमें भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होता है।

**मार्लोन सैमुअल्स ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया**

**किंग्सटन**। वेस्टइंडीज के मध्यक्रम के बल्लेबाज मर्लोन सैमुअल्स ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। वेस्टइंडीज जिन दो टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा उनमें सैमुअल्स ने टीम की तरफ से सर्वाधिक स्कोर बनाया था लेकिन उनका करियर विवादों से भी घिरा रहा और भ्रष्टाचार के लिए उन पर दो साल का प्रतिबंध भी लगा था। क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी जॉनी ग्रेव ने पुष्टि की है कि सैमुअल्स ने जून में ही बोर्ड को सूचित किया था।

# लिवरपूल और बायर्न म्यूनिख की बड़ी जीत

### चैंपियन्स लीग फुटबॉल
### रीयल मैड्रिड भी जीता

**एपी** । रोम



रोम में चैंपियंस लीग के ग्रुप डी में लीवरपूल और अटलांटा के बीच खेले गए मैच का एक दृश्य

**लिवरपूल** और बायर्न म्यूनिख ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल में मंगलवार को अपने प्रतिद्वंद्वियों को करारी शिकस्त दी जबकि रीयल मैड्रिड इस सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज करने में सफल रहा। लिवरपूल ने पिछले साल चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले अटलांटा को 5-0 गोल से हराया। यह इन दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला था। पुर्तगाल के स्ट्राइकर डिएगो जोटा ने हैट्रिक बनाई। सितंबर में लिवरपूल से जुड़ने के बाद सभी तरह की प्रतियोगिताओं में उन्होंने जो 10 मैच खेले हैं उनमें उन्होंने सात गोल किए हैं। ग्रुप डी के इस मैच में 2019 के चैंपियन की तरफ से मोहम्मद सालेह और सैडियो माने ने भी गोल किए।

लिवरपूल की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने ग्रुप डी में नौ अंक के साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इस बीच ग्रुप बी में 13 बार के चैंपियन रीयल मैड्रिड ने रोड्रिगो के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से इंटर मिलान को 3-2 से हराया। यह उसकी इस सत्र में पहली जीत है। दोनों टीमें 80वें मिनट तक 2-2 से बराबरी पर थी। मौजूदा चैंपियन बायर्न म्यूनिख ने जेरोम बोटेंगे, लेरॉय साने, राबर्ट लेवान्डोस्की और लुकास हर्नानडेज के अंतिम 15 मिनट में किए गए गोल की बदौलत ग्रुप ए में आरबी साल्ज्बर्ग को 6-2 से शिकस्त दी। मैनचेस्टर सिटी ने भी ग्रुप सी में फेरान टोरेस, गैब्रियल जीसस और जोओ कैन्सेलो की गोल की मदद से ओलंपियाकोस को 3-0 से हराया। बोरूसिया मोनशेंगलाबाख ने भी ग्रुप बी में शख्तार डोनेत्स्क को 6-0 से करारी शिकस्त दी। अजाक्स और पोर्तो ने भी अपने मैच जीते जबकि लोकोमोटिव मास्को ने एटलेटिको मैड्रिड का 1-1 से ड्रा पर रोका। इस तरह से एक दिन में आठ मैचों में 35 गोल हुए। यह एक दिन में सर्वाधिक गोल के रिकार्ड से केवल दो गोल कम है।

## डिएगो माराडोना के मस्तिष्क में रक्तस्राव की सफल सर्जरी



**ब्यूनस आयर्स**। डिएगो माराडोना का अपने 60वें जन्मदिन के कुछ दिन बाद मस्तिष्क में संभावित रक्तस्राव के लिए सफल आपरेशन किया गया। माराडोना की जनसंपर्क टीम ने मंगलवार की रात जारी बयान में कहा कि यह सब सफल रहा और उम्मीद के अनुरूप हुआ। उनके निजी चिकित्सक लियोपोल्डो लुके ने कहा, माराडोना को सबड्यूरल हेमेटोमा था, जिसका मतलब एक झिल्ली और मस्तिष्क के बीच रक्त जमा होना है। पेश के न्यूरोलोजिस्ट लुके ने कहा कि यह समस्या संभवत: एक दुर्घटना की वजह से हुई लेकिन माराडोना ने कहा कि उन्हें ऐसी कोई घटना याद नहीं है। अर्जेंटीना के इस दिग्गज फुटबॉलर को एक निजी अस्पताल में कम से कम 48 घंटे बिताने होंगे। स्थानीय मीडिया के अनुसार माराडोना के साथ अस्पताल में उनकी बेटियां डाल्मा, जियानिना और जाना तथा अन्य रिश्तेदार हैं। माराडोना को सोमवार को अवसाद के लक्षणों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# अर्थव्यवस्था तेजी से पटरी पर लौट रही है: प्रकाश जावड़ेकर

**नई दिल्ली**। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा है कि अर्थव्यवस्था उम्मीद से अधिक तेजी से पटरी पर लौट रही है। जावड़ेकर ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बिजली की मांग में वृद्धि और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा कि अब अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे की माल ढुलाई से प्राप्ति में वृद्धि, ऊंचा जीएसटी संग्रह, बिजली की मांग में बढ़ोतरी और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह में सुधार से संकेत मिलता है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था उम्मीद से अधिक तेजी से पटरी पर लौट रही है। जावड़ेकर ने कहा कि अच्छी बारिश की वजह से कृषि क्षेत्र की बिजली खपत कम रही है। वहीं रेलवे की बिजली खपत भी अभी कम है। इसके बावजूद बिजली की कुल मांग में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि बिजली की मांग में 12 प्रतिशत की वृद्धि से पता चलता है कि उत्पादन क्षेत्र की स्थिति अब पूरी तरह सामान्य हो चुकी है। चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में कोरोना वायरस महामारी की वजह से लागू लॉकडाउन के चलते सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 23.9 प्रतिशत की जबर्दस्त गिरावट आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 9.5 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है। इससे पहले वित्त सचिव तरुण बजाज ने भी मंगलवार को कहा था कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हो रहा है।

## सेवा क्षेत्र ने अक्टूबर में वृद्धि दर्ज की

**नई दिल्ली**। कोविड-19 के चलते लगाए गए प्रतिबंधों में राहत के बाद बाजार दशाओं में सुधार के चलते भारतीय सेवा क्षेत्र ने पिछले सात महीनों से जारी गिरावट का अंत करते हुए अक्टूबर में वृद्धि दर्ज की। एक मासिक सर्वेक्षण के मुताबिक अक्टूबर में भारत का सेवा कारोबार गतिविधि सूचकांक 54.1 रहा। यह आंकड़ा सितंबर में 49.8 था।

आईएचएस मार्किट इंडिया सर्विस पर्चेसिंग मैनेजर्स सूचकांक (पीएमआई) फरवरी के बाद पहली बार 50 अंक से अधिक है। इस सूचकांक में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि सेवा गतिविधियों में बढ़ोतरी हो रही है।

## सेंसेक्स 355 अंक उछला निफ्टी ने फिर 11,900 का स्तर हासिल किया

**मुंबई**। शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स 355 अंक की मजबूती के साथ बंद हुआ। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आने से पहले वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और कोटक बैंक में तेजी के साथ बाजार में मजबूती आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 355.01 अंक यानी 0.88 प्रतिशत मजबूत होकर 40,616.14 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 95 अंक यानी 0.80 प्रतिशत उछलकर 11,908.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में इंडसइंड बैंक रहा। इसमें करीब 5 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, कोटक बैंक और टेक महिंद्रा में भी अच्छी तेजी रही।

## पूंजी बाजार से जुटाया गया 75,230 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली**। कंपनियों ने सितंबर महीने में पूंजी बाजार से 75,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाई। यह इससे पिछले महीने अगस्त में जुटाई गई राशि से 31 प्रतिशत कम है। कंपनियों के लिए वित्त पोषण को लेकर ऋण प्रतिभूतियों का निजी नियोजन सर्वाधिक तरजीही मार्ग बना हुआ है। मुख्य रूप से व्यापार विस्तार योजनाओं के वित्त पोषण, कर्ज भुगतान और कार्यशील पूंजी जरूरतों को पूरा करने के लिए राशि जुटाई गई। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास उपलब्ध आंकड़े के अनुसार कंपनियों ने इस साल सितंबर महीने में कुल 75,230 करोड़ रुपए जुटाए। जबकि अगस्त में इक्विटी और ऋण प्रतिभूति जारी कर 1.1 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे। कुल 75,230 करोड़ रुपये में से 64,389 करोड़ रुपये ऋण प्रतिभूतियों के निजी नियोजन के जरिए और 9,022 करोड़ रुपए इक्विटी के निजी नियोजन के माध्यम से जुटाए गए। इसमें पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) और तरजीही आबंटन शामिल हैं।

# भारतीय मूल के चारों डेमोक्रेट सांसद दोबारा निर्वाचित हुए

**भाषा।** वाशिंगटन

अमेरिकी कांग्रेस के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े भारतीय मूल के चारों प्रत्याशियों - डॉ.एमी बेरा, प्रमिला जयपाल, रो खन्ना और राजा कृष्णमूर्ति- ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर जीत दर्ज की है। अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी समुदाय पहली बार एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है और डेमोक्रेटिक तथा रिपब्लिकन, दोनों पार्टियों ने समुदाय के 18 लाख मतदाताओं को लुभाने के लिए कई कदम उठाए। फ्लोरिडा, जॉर्जिया, मिशिगन, नार्थ कैरोलिना, टेक्सास और पेनसिल्वेनिया जैसे कांटे की लड़ाई वाले राज्यों में जीत के लिए इस समुदाय के मत अहम हैं। भारतीय मूल के सांसदों के समूह को कृष्णमूर्ति अनौपचारिक रूप से समोसा कॉकस कहते हैं और इस चुनाव में इस समूह में कम से एक सदस्यों की वृद्धि की पूरी संभावना है क्योंकि डॉ. हीरल तिपिरनेनी की एरिजोना के छठे कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र में रिपब्लिकन उम्मीदवार डेविड श्वेकर्ट पर अंतिम सूचना मिलने तक बढ़त बनी हुई थी। अगर 52 वर्षीय हीरल निर्वाचित होती हैं तो प्रतिनिधिसभा पहुंचने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला होंगी। जयपाल पहली महिला हैं जो 2016 में प्रतिनिधिसभा के लिए निर्वाचित हुई थीं। समोसा कॉकस में इस समय पांच भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं जिनमें से चार प्रतिनिधिसभा के सदस्य हैं जबकि पांचवी सदस्य सीनेटर कमला हैरिस (56) हैं। हैरिस इस चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं। कृष्णमूर्ति (47) ने आसानी से लिबरटेरियन पार्टी उम्मीदवार प्रेस्टन नेल्सन (30)को हरा दिया। अंतिम सूचना मिलने तक उन्हें कुल गिने गए मतों के करीब 71 प्रतिशत मत मिले थे।रो खन्ना ने आसानी से अपने भारतीय मूल के प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी रितेश टंडन (48) को हराया।

उन्होंने करीब 50 प्रतिशत मतों से जीत दर्ज की। खन्ना लगातार तीसरी बार कैलिफोर्निया के 17वें निर्वाचन क्षेत्र से विजई हुए हैं। समोसा कॉकस में सबसे वरिष्ठ सदस्य डॉ. एमी बेरा (55) ने आसानी से पांचवी बार कैलिफोर्निया के सातवें कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज की। आखिरी सूचना मिलने तक वह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 65 वर्षीय बज पैटरसन पर 25 प्रतिशत मतों की अजेय बढ़त बना चुके थे। वहीं टेक्सास के 22वें कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से डेमोक्रेटिक पार्टी के टिकट पर लड़ रहे श्री प्रेस्टन कुलकर्णी (42) को रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रॉय नेहल्स (52) से हार मिली है। लोकप्रिय शेरिफ (काउंटी में पुलिस अधिकारी) और सेना से अवकाशप्राप्त नेहल्स को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समर्थन किया था। वर्जीनिया के 11वें कांग्रेस निवार्चन क्षेत्र से रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार मंगा अनंतमुला को मौजूदा डेमोक्रेटिक सांसद और उम्मीदवार गेरी कॉनोली से हार मिली है। रिपब्लिकन पार्टी प्रत्याशी निशा शर्मा को भी डेमोक्रेटिक पार्टी प्रत्याशी मार्क डीसाउल्नियर से 50 प्रतिशत से अधिक मतों से हार मिली है।



फ्रैंकलिन में यूएस सीनेट विजेता बनने की घोषणा के बाद बिल हेगर्टी अपने परिवार के साथ

## सराह मकब्राइड होंगी अमेरिका की पहली ट्रांसजेंडर राज्य सीनेट सदस्य

**एपी।** डोवर (अमेरिका)

● लंबे समय तक राज्य सीनेटर रहे हैरिस मकडॉवेल के सेवानिवृत्त होने के बाद डेलावेयर की सीट खाली हो गई थी

**डेमोक्रेट उम्मीदवार** साराह मकब्राइड ने डेलावेयर से राज्य सीनेट की सीट पर जीत हासिल की है और शपथ लेने के बाद वह देश की पहली ट्रांसजेंडर राज्य सीनेटर (राज्य सीनेट की सदस्य) बन जाएंगी।मकब्राइड ने रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी स्टीव वाशिंगटन को हराकर यह जीत हासिल की। मकब्राइड ने मंगलवार रात को कहा, मुझे लगता है कि आज रात के नतीजे से पता चलता है इस डिस्ट्रिक्ट के निवासी खुले विचारों वाले हैं और वह उम्मीदवारों की नीयत को देखते हैं न कि उनकी पहचान को। यह मैं हमेशा से जानती थी। उन्होंने कहा, मुझे आशा है कि डेलावेयर या देश में कहीं और मौजूद एक एलजीबीटीक्यू बच्चा इन नतीजों को देखकर समझ पाएगा कि हमारा लोकतंत्र उनके लिए भी है। मकब्राइड ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के अधीन वाइट हाउस में काम किया था और उन्होंने 2016 में पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाषण दिया था।ऐसा करने वाली वह पहली ट्रांसजेंडर थीं। लंबे समय तक राज्य सीनेटर रहे हैरिस मकडॉवेल के सेवानिवृत्त होने के बाद डेलावेयर की सीट खाली हो गई थी जिस पर मकब्राइड ने जीत हासिल की है।

## अमेरिका के करीब 69 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं ने बाइडेन के पक्ष में मतदान किया : एग्जिट पोल

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** राष्ट्रपति चुनाव में करीब 69 प्रतिशत मतदाताओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी प्रत्याशी जो बाइडेन के पक्ष में मतदान किया जबकि 17 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं ने रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी एवं मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया। यह आकलन अमेरिका के एक मुस्लिम नागरिक अधिकार समूह द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में किया गया है।

अमेरिका के सबसे बड़े मुस्लिम नागरिक अधिकार समूह दि काउंसिल ऑन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशन्स (सीएआईआर) ने मंगलवार को राष्ट्रपति चुनाव-2020 में मुस्लिम मतदाताओं के रुख को जानने के लिए कराए गए एग्जिट पोल के नतीजों को जारी किया। सीएआईआर ने 844 पंजीकृत मुस्लिम मतदाताओं के परिवारों में सर्वेक्षण किया और पाया कि 84 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया जिनमें से 69 प्रतिशत ने बाइडेन के और 17 प्रतिशत ने ट्रंप के पक्ष में मतदान किया। सीएआईआर ने कहा कि 10 लाख से अधिक अमेरिकी मुस्लिम मतदाताओं ने मतदान किया है जो रिकॉर्ड है। संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी निदेशक निहाद अवद ने कहा, मुस्लिम समुदाय में राष्ट्रपति चुनाव सहित इस देश के विभिन्न चुनावों को प्रभावित करने की क्षमता है और इस तथ्य को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। उल्लेखनीय है कि 2016 के चुनाव में ट्रंप को 13 प्रतिशत मुस्लिम मत मिले थे। वहीं इस चुनाव में उन्हें समुदाय से चार प्रतिशत अधिक यानी 17 प्रतिशत मत मिलने की संभावना है। प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक अमेरिका में 2017 में मुसलमानों की आबादी करीब 34.5 लाख थी, जो कुल आबादी का करीब 1.1 प्रतिशत हैं।

## डाक-मतपत्र को लेकर न्यायाधीश के आदेश का तुरंत पालन मुश्किल : डाक सेवा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी डाक सेवा ने मंगलवार को कहा कि वह संघीय न्यायाधीश के डाक-मतपत्र के जरिए डाले मतों को जल्द केन्द्रों तक पहुंचाने के आदेश का पालन तुरंत नहीं कर सकता क्योंकि इससे मतदान के दिन के उसके अन्य कार्य बाधित हो सकते हैं।वाशिंगटन डी.सी. के जिला न्यायाधीश इम्मेट जी2416ी सुलिवन ने एजेंसी से मंगलवार दोपहर तक कई बैटलग्राउंड इलाकों के 27 केन्द्रों की तलाशी करने और लंबित मतों को तुरंत भेजने का आदेश दिया था।बैटलग्राउंड उन इलाकों को कहा जाता है, जहां रुझान स्पष्ट नहीं होता। आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए डाक सेवा ने कहा कि उसने सुबह ही सभी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उसने कहा कि डाक-मत पत्रों के लिए 220 केन्द्रों का रोजाना दौरा किया जा रहा है और मंगलवार को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने से कुछ घंटे पहले भी उनका निरीक्षण किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### ओहायो से सीनेटर चुने गए पहले भारतीय-अमेरिकी बने नीरज एंटनी

**वाशिंगटन।** नीरज एंटनी ओहायो से सीनेट चुने गए पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। एंटनी ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार मार्क फोगल को मात दी।शपथ ग्रहण करने के बाद वह ओहायो से सीनेटर बनने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी बन जाएंगे। एंटनी ने कहा, मै इस समुदाय के निरंतर समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं, जिसमे मैने जन्म लिया और पला-बढ़ा। राजनीतिशास्त्र में स्नातक एंटनी 24 साल की उम्र में 2014 में ओहायो प्रतिनिधिसभा के लिए चुने गए थे। एंटनी ने कहा, सीनेटर के तौर पर, मैं हर दिन कड़ी मेहनत करूंगा ताकि ओहायो के लोगों को अपना अमेरिकी सपना साकार करने का मौका मिले। एंटनी के माता-पिता 1987 में अमेरिका आए थे।

### हिलेरी ने वर्ष 2016 की हार के बाद अपने संदेश को दोबारा रीट्वीट किया

**वाशिंगटन।** वर्ष 2016 के राष्ट्रपति चुनाव मे डोनाल्ड ट्रंप से हारने वाली हिलेरी क्लिंटन ने ट्विटर पर दोबारा उसी पोस्ट को साझा किया है जो उन्होंने चार साल पहले रिब्लिकन नेता से हारने के बाद साझा किया था। डेमोक्रेटिक पार्टी की 73 वर्षीय नेता ने चार साल पुराने संदेश के साथ ट्वीट किया, निराश मत हो....(मतदान से)। उन्होंने चार साल पहले ट्वीट किया था, ग्रंथ हमें बताते हैं, अच्छे कार्य करने से थके नही, खासतौर पर प्रतिकूल माहौल में, अगर हम निराश नही हो तो हम हासिल कर सकते हैं। हिलेरी द्वारा नौ नवंबर 2016 को इस संदेश के साथ अपनी मुस्कुराती हुई तस्वीर साझा की गई थी।

### डेमोक्रेटिक पार्टी के रिची टोरेस कांग्रेस में निर्वाचित होने वाले पहले समलैंगिक अश्वेत बने

**वाशिंगटन।** डेमोक्रेटिक पार्टी के रिची टोरेस अमेरिकी कांग्रेस के लिए निर्वाचित होने वाले पहले अश्वेत समलैंगिक बन गए है। न्यूयॉर्क डेली न्यूज ने खबर दी है कि न्यूयार्क सिटी काउंसिल के सदस्य टोरेस (32) ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार पैट्रिक डेलिसेज को हराकर न्यूयार्क के 15 वें कांग्रेस जिला से चुनाव जीता।टोरेस ने एक बयान में कहा, आज, साउथ ब्रोंक्स के लिए एक नया युग प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा, ब्रोंक्स अनिवार्य एवं जीवंत है और यहां प्यारे एवं प्रतिभाशाली लोग रहते है जिन्होंने अपनी ताकत, तकदीर और जिद को प्रदर्शित किया है। ब्रोंक्स न्यूयार्क सिटी की धड़कन है। अपनी पहचान अफ्रीकी-लैटिन बताने वाले टोरेस 2013 से सिटी काउंसिल में हैं।

### ट्रंप के विरोध में व्हाइट हाउस के नजदीक जमा हुए प्रदर्शनकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास व्हाइट हाउस से महज कुछ दूरी पर स्थित ब्लैक लाइव मैटर प्लाजा पर एक हजार से अधिक प्रदर्शनकारी मंगलवार रात को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का विरोध करने के लिए एकत्र हुए। वही सैकड़ो प्रदर्शनकारियो ने वाशिंगटन की सड़कों पर मार्च निकाला और कई बार यातायात को बाधित किया एवं पटाखे जलाए। न्यूयॉर्क शहर से लेकर सिएटल तक कई छिट-पुट प्रदर्शन हुए, लेकिन मतदान समाप्त होने के कुछ घंटो बाद पूरे अमेरिका में कुल मिलाकर गंभीर हिंसा या अशांति के संकेत नही मिले।वाशिंगटन में प्रदर्शन कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। लोग नारे लगा रहे थे, यह किसकी सड़क है? हमारी हैउ और हमें अगर न्याय नही मिला तो उन्हे शांति नही मिलेगी। समूह मे शामिल किशोर सड़क पर नाच रहे थे और वहां से गुजरने वाले मुस्कुरा रहे थे। प्रदर्शनकारियो ने विशाल बैनर लिए थे जिनमे से एक पर लिखा था, ट्रंप हमेशा झूठ बोलते है। एक स्थान पर मार्च करने वाले प्रदर्शनकारियो ने वहां खड़ी पुलिस की गाड़ी के टायर पंचर कर दिए। पूरे अमेरिका मे चुनाव से पहले सैकड़ो कारोबार हिंसा की आशंका से बंद रहे। वाशिंगटन की मेयर मुरियल बॉउसर ने दिन मे कहा, कुछ लोग अफरा-तफरी और समस्या उत्पन्न करना चाहते है। बॉउसर ने कहा कि कभी उन्होंने दिन मे इतने सारे कारोबारो बंद नही देखा। उन्होंने कहा, यह मुझे दुखी करता है।

### डेमोक्रेटिक पार्टी के भारतीय-अमेरिकी नेता श्रीनिवास प्रेस्टन कुलकर्णी टेक्सास से चुनाव हारे

**ह्यूस्टन।** भारतीय-अमेरिकी पूर्व राजनयिक श्रीनिवास राव प्रेस्टन कुलकर्णी अमेरिकी कांग्रेस के लिए हुए चुनाव मे टेक्सास के 22वे जिले से रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रॉय नेहल्स के हाथो शिकस्त का सामना करना पड़ा है। ताजा चुनाव नतीजो के अनुसार नेहल्स को तीन नवंबर को हुए चुनाव मे 204,537 यानी 52 प्रतिशत जबकि कुलकर्णी को 175,738 यानी 44 प्रतिशत वोट मिले। लुइसियाना मे जन्मे कुलकर्णी (41) अगर चुनाव जीत जाते तो वह टेक्सास सीट से कांग्रेस प्रतिनिधि चुने जाने वाले पहले एशियाई-अमेरिकी बन जाते।


सेंट पीटर्सबर्ग में रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन नये डीजल इलेक्ट्रिक आइसब्रेकर का अवलोकन करते हुए

## अमेरिका पेरिस जलवायु संधि से औपचारिक रूप से अलग हुआ

**भाषा।** वाशिंगटन,

● अमेरिका अनिवार्य एक साल की प्रतीक्षावधि बुधवार को पूरा हो जाने पर इस करार से बाहर आ गया। इस ऐतिहासिक करार में धरती के बढ़ते तापमान को दो डिग्री के नीचे रखने की व्यवस्था पर बल दिया गया है

**चुनावी अनिश्चितता** के बीच अमेरिका बुधवार को पेरिस जलवायु संधि से औपचारिक रूप से अलग हो गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कटौती से संबंधित इस ऐतिहासिक करार से अमेरिका को अलग करने का अपना इरादा 2017 में प्रकट किया था। उन्होंने पिछले साल संयुक्त राष्ट्र को औपचारिक रूप से इस संबंध में अधिसूचित किया था। अमेरिका अनिवार्य एक साल की प्रतीक्षावधि बुधवार को पूरा हो जाने पर इस करार से बाहर आ गया।इस ऐतिहासिक करार में धरती के बढ़ते तापमान को दो डिग्री के नीचे रखने की व्यवस्था पर बल दिया गया है। यह एक ऐसा आंकड़ा है जिसके संबंध में जलवायु विज्ञानियों का मानना है कि यदि तापमान इससे ऊपर गया तो विनाशकारी परिणाम होंगे।ट्रंप ने बार-बार इस करार की आलोचना की है और इसे आर्थिक रूप से नुकसानदेह बताया है। उनका दावा है कि इससे 2025 तक उनके देश में 25 लाख नौकरियां चली जाएंगी।उन्होंने यह भी कहा कि इससे चीन और भारत जैसे बड़े उत्सर्जकों को बड़ी छूट मिल जाएगी। अमेरिका इस वैश्विक करार से निकलने वाला एक मात्र देश हैं। वह अब भी इस संबंध में वार्ता कर सकता है और अपनी राय रख सकता है लेकिन अब उसकी स्थिति बस पर्यवेक्षक की होगी।

## द. कोरिया ने मौसमी जुकाम और कोविड-19 की एक ही जांच पद्धति को मंजूरी दी

**एपी।** सियोल

● देश में अब तक संक्रमण के 26,925 मामले सामने आ चुके हैं और कोविड-19 से 474 मरीजों की मौत हो चुकी है

**दक्षिण कोरिया** में स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक नई जांच पद्धति को मंजूरी दी है जिसमें एक ही नमूने में कोविड-19 और मौसमी जुकाम (इन्फ्लुएंजा) का पता लगाया जा सकता है। सर्दी जुकाम का मौसम आने वाला है और ऐसे में इससे अस्पतालों में भीड़भाड़ कम होने में सहायता मिलेगी। देश में संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं लेकिन जानकारों का मानना है कि ठंड के मौसम में कोरोना वायरस का प्रसार अधिक हो सकता है जिस मौसम में लोग ज्यादातर समय घर के भीतर रहते हैं। कोरियाई रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी ने बुधवार को कहा कि संक्रमण के 118 नए मामले सामने आए हैं जिनमें से अधिकतर सियोल की घनी आबादी वाले क्षेत्र के हैं। देश में अब तक संक्रमण के 26,925 मामले सामने आ चुके हैं और कोविड-19 से 474 मरीजों की मौत हो चुकी है। जांच की इस नई पद्धति में उन जीनों का लक्षित किया गया है जो कोविड-19 और मौसमी जुकाम दोनों में होते हैं। यह पीसीआर जांच का विकसित स्वरूप है जिसमें नाक और गले से नमूने लेकर कोविड-19 की जांच की जाती है। स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी यून तैहो ने कहा कि मौसमी जुकाम और कोविड-19 दोनों रोगों के लक्षण समान होते हैं इसलिए तीन से छह घंटे में इन दोनों का पता लग जाने से रोगियों को सुविधा होगी और स्वास्थ्य कर्मियों पर भी अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा।

## वैज्ञानिकों ने उन कोविड-19 मरीजों की पहचान की जो जल्दी ठीक हुए और उनमें स्थाई एंटीबॉडी बना

**भाषा।** बोस्टन (अमेरिका)

**अनुसंधानकर्ताओं ने** कोविड-19 के उन मरीजों के उप समूह की पहचान की है जो जल्दी ठीक हुए और शरीर में विकसित एंटीबॉडी ने कोरोना वायरस के खिलाफ तेजी से काम किया। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इससे प्रतिरोधक प्रणाली के काम करने के तरीके की जानकारी और बीमारी के खिलाफ टीका विकसित करने में मदद मिलेगी।

अमेरिका स्थित ब्रिघम ऐंड वुमेन हॉस्पिटल सहित विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के हल्के से मध्यम लक्षणों से ठीक हुए मरीजों की जांच की और पाया कि जहां एक ओर अधिकतर मरीजों में समय के साथ एंटीबॉडी के स्तर में कमी आ जाती, वहीं कुछ लोगों में इस एंटीबॉडी का स्तर संक्रमण के बाद भी कई महीनों तक बना रहता है। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक पिछले अध्ययन में इस बारे में विरोधाभासी जानकारी दी गई थी कि जल्द ठीक होने वाले मरीजों में संक्रमण से रक्षा करने वाली एंटीबॉडी बनी रहती है या नहीं। मौजूदा अनुसंधान के नतीजों को जर्नल सेल में प्रकाशित किया गया है। इसमें रेखांकित किया गया है कि लंबे समय तक कायम रहने वाले एंटीबॉडी कम समय तक लक्षण वालों में विकसित होते हैं जो संकेत करता है कि कुछ लोग जो कोविड-19 से जल्दी ठीक हो जाते हैं उनमें वायरस के खिलाफ प्रभावी और लंबे समय तक लड़ने की प्रणाली विकसित होती है।

ब्रिघम ऐंड वुमेन हॉस्पिटल की सह शोधपत्र लेखक डुएने वेसिमैन ने कहा, हमने उन लोगों के उप समूह का पता लगाया है जिनमें कोविड-19 से ठीक होने के बाद स्थाई एंटीबॉडी विकसित हुई।

इस अध्ययन में अनुसंधानकर्ताओं ने मार्च से जून 2020 तक बोस्टन के इलाके में कोविड-19 बीमारी से ठीक हुए 92 लोगों को शामिल किया। अध्ययन के मुताबिक इन मरीजों में से पांच को अस्पताल में भर्ती कराया गया था जबकि बाकी का इलाज गृह एकांतवास में हुआ। वैज्ञानिकों ने बताया कि जिन लोगों में स्थाई एंटीबॉटी विकसित हुई उनमें औसतन 10 दिन तक लक्षण रहा जबकि सामान्य एंटीबॉडी वालों में औसतन 16 दिन तक वायरस का असर रहा।

उन्होंने कहा स्थाई एंटीबॉडी वालों की टी कोशिका और बी कोशिका में भी अंतर देखने को मिला। बता दें कि दोनों प्रकार की कोशिकाएं प्रतिरोध के लिए संक्रमण संबंधी आकंडों को सुरक्षित रखने और रक्षा करने में अहम भूमिका निभाती हैं।वेसिमैन ने कहा, आंकड़ों से रेखांकित हुआ कि यह प्रतिरोधक प्रणाली न केवल वायरस के लक्षणों को ठीक करने में कारगर रहा बल्कि उन कोशिकाओं का भी बेहतर उत्पादन किया जो लंबे समय तक वायरस के खिलाफ स्थाई आईजीजी एंटीबॉडी बनाते हैं।

## अमेरिका ने ताइवान को ड्रोन बेचने की मंजूरी दी

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने कांग्रेस को अधिसूचित किया है कि उसने ताइवान को 60 करोड़ डॉलर मूल्य के ड्रोन बेचने को मंजूरी दी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने ताइवान को हथियारों और अन्य उपकरणों से लैस चार ड्रोन बेचने की मंजूरी दे दी है।

माना जा रहा है कि इससे चीन की नाराजगी और बढ़ेगी जो ताइवान को अपना अलग हुआ प्रांत मानता है और पहले भी अमेरिका द्वारा द्वीपीय देश को हथियार बिक्री की घोषणा पर गुस्से का इजहार कर चुका है।

मंत्रालय ने कहा, प्रस्तावित बिक्री से अमेरिका के राष्ट्रीय, आर्थिक और सुरक्षा हितों की पूर्ति, ताइवान द्वारा अपनी सेना के आधुनिकीकरण और विश्वसनीय रक्षात्मक क्षमता कायम करने के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों के समर्थन से होगी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रस्तावित बिक्री से प्राप्तकर्ता देश की सुरक्षा मजबूत होगी और क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता, सैन्य संतुलन, आर्थिक विकास और प्रगति में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते ट्रंप प्रशासन ने ताइवान को 2.37 अरब डॉलर कीमत की हार्पून मिसाइलें बेचने की मंजूरी दी थी। यह घोषणा चीन द्वारा बोइंग सहित अमेरिकी रक्षा उपकरणों के आपूर्तिकर्ताओं पर प्रतिबंध की घोषणा के महज कुछ घंटों बाद की गई।

### अमेरिका ने अगर ताइवान को हथियार बेचे तो उचित जवाब देंगे : चीन

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को संकल्प लिया कि अगर अमेरिका ताइवान को हथियार बेचने की योजना पर आगे बढ़ता है तो वह उचित और जरूरी जवाब देगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि ताइवान को 60 करोड़ डॉलर मूल्य के सैन्य ड्रोन की बिक्री चीन के आंतरिक मामलों में घोर हस्तक्षेप है और चीन की संप्रभुता व सुरक्षा हितों की गंभीर अनदेखी है। वांग ने संवाददाताओं के साथ दैनिक संवाद में कहा कि अमेरिका को ताइवान के साथ हुए ऐसे सभी बिक्री (हथियारों) करारों को रद्द कर देना चाहिए ताकि चीन-अमेरिका के रिश्तों को और एवं ताइवान की शांति व स्थिरता को और नुकसान से बचाया जा सके। उल्लेखनीय है कि चीन, ताइवान पर अपना दावा करता है। वांग ने कहा कि उत्पन्न होने वाली परिस्थिति के अनुरूप उचित और जरूरी जवाब दिया जाएगा। गौरतलब है कि अमेरिका के विदेश विभाग ने मंगलवार को बताया कि उसने हथियार और अन्य उपकरणों से लैस आधुनिक श्रेणी के चार ड्रोन ताइवान को बेचने की मंजूरी दे दी है।

# 'हर गाने की एक रोचक कहानी भी होती है'

**गीतकार, पटकथा लेखक और फिल्म निर्माता अमिताभ एस वर्मा हाल ही में अपने गाने 'अवल्ला' के माध्यम से गायक बने हैं, अपने गाने को मिलने वाली प्रतिक्रिया, गाना लिखते समय वो क्या सोचते हैं और उनके आने वाले प्रोजेक्ट आदि के बारे बात कर रहे हैं पायनियर संवाददाता मुस्बा़ हाशमी से। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश....**



**■ आपका गाना 'अवल्ला' किस बारे में है?**

अवल्ला सर्वोच्च प्रेम के बारे में है जो वास्तव में प्रेम की सर्वोच्च अवस्था होती है जो ईष्वर के प्रति होता है। ये सूफी गाना है जिसमें भक्त ईष्वर को अपने प्रेमी या प्रेमिका के रूप में देखता है। भक्ति आंदोलन के दौरान मीराबाई भी एक ऐसी ही भक्त थीं, हमनें उनका उल्लेख इस गाने में किया है।

**■ आपके गाने को बहुत सराहना मिल रही है। सुनकर कैसा लगता है?**

मेरे कई मित्रों ने सोशल मीडिया पर इस गाने को लेकर अपने प्यार और सराहना से मुझे अवगत कराया है। गाने को इतनी प्रशंसा मिलने पर बहुत अच्छा प्रतीत होता है। ये तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब गाने को बनाने के पीछे कोई वाणिज्यिक दबाव नहीं था। हम बस एक अच्छा गाना बनाना चाहते थे जिसमें संगीत, बोल, वीडियो आदि भी हमारी इच्छानुसार ही रखे गए थे। ये ऐसा गाना है जो हम सुनना चाहते हैं और मुझे विश्वास है कि इस प्रकार के संगीत को पसंद करने वाले लोगों की कोई कमी नहीं है। मैंने अपने व्यवस्थापक और प्रोग्रामर निर्मल्य हमतू डे को बता दिया था कि 'मैं संगीत पर अधिक फोकस चाहता हूं। हमनें इस गाने के लिए जीवंत वाद्ययत्रों का प्रयोग किया है जो इस गाने को और भी अधिक मूल्यवान बना देता है।

**■ आपने कई कर्णप्रिय और हिट गाने लिखे हैं। क्या इस बारे में आपकी कोई स्मृतियां हैं जो आप हमसे साझा करना चाहें?**

हर गाने की एक रोचक कहानी भी होती है और स्मृतियां तो साझा करने के लिए ही होती हैं। मेरे पास ऐसी ढेर सारी स्मृतियां हैं और मैं इन्हें सुनाता ही रहूंगा। मैं अपनी ही एक पूर्व की फिल्म 'माई ब्रदर निखिल, का एक प्रसंग सुनाता हूं। इसमें एक ही गाने 'ले चले, के तीन संस्करण हैं जिन्हें केके, शान और सुनिधि चौहान ने गाया है। गाने को पूरी फिल्म में परिस्थितियों के अनुसार प्रयोग किया जाना था। जब वो शान के साथ गाना रिकॉर्ड कर रहे थे तो निर्देषक ओनीर को लगा कि इसका एक और अंतरा होना चाहिये था। शान अपनी रिकॉर्डिंग पूरी करने वाले थे तो ऐसे में सहनिर्देषक संजय सूरी ने थोड़ा समय लेने के लिए शान को चाय का प्रस्ताव किया और उधर मैं इस गाने में एक और अंतरा जोड़ने में लगा हुआ था। ईश्वर का धन्यवाद है कि मैंने थोड़े ही समय में एक अंतरा जोड़ने में सफलता पा ली।

फिल्म 'लाइफइन अ मेट्रो' का मुख्य गाना 'अलविदा' फिल्म बनने से 10 वर्ष पूर्व लिखा गया था। प्रीतम जी और मैं मित्र रहे हैं और एफटीआईआई में हम एक ही कक्षा में थे। हमनें वो गाना वहीं सेट पर बनाया था। अनुराग कश्यप ने ये गाना सुना और फिर उसे अपनी फिल्म में उपयोग करने का निर्णय कर लिया। खूबसूरत फिल्म का एक और गाना 'मां का फोन आया, भी गाना नहीं था। हम बस फिल्म में प्रयोग के लिए एक रिंगटोन बनाना चाह रहे थे। बनने के बाद रिया कपूर को वो इतना अच्छा लगा कि उन्होंने तुरंत संगीत निर्देशक स्नेहा खानवलकर को बुलाकर इसे एक पूर्ण गाने में परिवर्तित करने के लिए कहा।

**■ 'लव इज़ अ वेस्ट ऑफटाइम और अलविदा जैसे हिट गाने लिखे जाने के लिए क्या आवश्यक होता है?**

मैं ऐसा ही गाना बनाना चाहता हूं जो मैं स्वयं सुनना चाहूं। तब ऐसा गाना दर्शकों को भी भाता है क्योंकि आपका ऐसे में दर्शकों से भी कुछ जुड़ाव बन जाता है। वास्तव में गाने में कोई नियम आदि नहीं होते। लेकिन गाना लिखते समय मैं कुछ बातें अवश्य ध्यान में रखता हूं। लेकिन आपका उत्तर देने के लिए मैं यही कहूंगा कि पहले तो सुर और उसकी व्यवस्था और इसके बाद शब्द चयन ही किसी भी गाने की जान होती है। गाने की परिस्थिति उसके लिए जरूरी विचार तथा मूड बनाते हैं। इसके लिए फिल्म का निर्देशक हमें बताता है कि गाने की परिस्थिति क्या है और फिर उसी के अनुरूप गाना लिखा जाता है।

**■ इंडस्ट्री में आपका अब तक का अनुभव कैसा रहा है?**

अभी तक तो अच्छा रहा है। किसी प्रकार का परिवाद और खेद आदि मुझे नहीं है। मुझे राजकुमार हिरानी, अनुराग बसु, हंसल मेहता, आनीर और विक्रम भट्ट जैसे निर्देशकों के साथ काम करने का अवसर मिला है ये मेरा सौभाग्य ही है। मैं समझता हूं कि मैं ऐसा अकेला फिल्म निर्माता हूं जो हर विभाग के काम का अनुभव रखता है और जिसका काम अच्छा रहा है। फिल्म के संपादन, जिसके लिए वास्तव में एफटीआईआई में मुझे प्रशिक्षित किया गया था से लेकर स्क्रिप्ट लेखन तक और बाद में गीतकार से लेकर निर्देशक बनना और अब गायन भी करता हूं। ईश्वर की मुझपर बड़ी कृपा रही है।

**■ संगीतकार, गायक और गीतकारों के लिए आप इंडस्ट्री में किस प्रकार का परिवर्तन लाना चाहेंगे?**

हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। नए लोगों को सामने लाया जाना चाहिये और नए लोगों को अवसर दिये जाने होंगे। हमें इस इंडस्ट्री को अधिक और नई प्रतिभाओं के लिए खोलना होगा।

**■ अपने भावी प्रोजेक्ट्स के बारे मे कुछ बताइये...**

जी हां, कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा हूं। तीन दो पांच नाम से अपनी पहली फिल्म बना रहा हूं। इसे शीघ्र ही पूरा हो जाना चाहिये। हम वैसे इसकी थियेटरों में रिलीज़ चाहते थे लेकिन परिस्थितियों के कारण अब इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ही रिलीज़ करेंगे।

मैंने हाल ही में एक संगीतात्मक यात्रा संस्मरण पूरा किया है जिसका नाम है कैलिडोस्कोप ऑफ नॉर्थईस्ट, इसका निर्माण भी मैंने किया है। इसे मैंने अपनी पत्नी श्रुत अनिंदिता वर्मा के साथ लिखा और निर्देशित किया है। ये मैंने दूरदर्शन के लिए बनाया है। इससे मैं अनछुए पहलुओं को सामने लाने में सफ्ल रहा हूं। हाल ही में मैंने एक लघु फिल्म भोली बनाई थी जिसे पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। आज भी इसे विविध फिल्म महोत्सवों में प्रस्तुत किया जाता है।

## कुणाल खेमू का टैटू चार साल में हुआ पूरा



**अभिनेता** कुणाल खेमू को टैटू प्रिय हैं और हाल ही में वो अपना चार साल से अधूरा टैटू पूरा कराने के लिए एक टैटू स्टूडियो गए थे। बुधवार को कुणाल ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक फेटो और वीडियो साझा करते हुए अपना टैटू दिखाया जिसमें बाघ का मुंह और उनके हाथ के एक हिस्से पर भी कुछ रहस्यमयी डिजाइन बनी थी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'अब जाकर ये पूरी हुई, मैंने 2016 से ही इस टैटू को किसी को नहीं दिखाया क्योंकि ये पूरा नहीं था। लेकिन अब ये 30 घंटों में पूरा हो सका है जिसमें छः घंटों के सत्र होते थे। लेकिन अब ये मुझे बहुत प्रिय है।' एक दिन पहले ही कुणाल की पत्नी सोहा अली खान ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें कुणाल स्टूडियो में शांत लेटे हुए हैं जबकि उनका टैटू बनाया जा रहा था।

## 'तैश' की रिलीज से पहले बिजॉय नांबियार तनाव में



**बिजॉय** नांबियार ने कहा है कि 'हर नई रिलीज़ के साथ ही मेरे पेट में हलचल होने लगती है। मैं वर्तमान में दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने को अत्यंत तनाव में और उत्सुक हूं। हमपर दोहरा दबाव है क्योंकि हम 'तैश' को दो प्रारूपों में रिलीज़ कर रहा हूं। पहला, पूर्ण फीचर फिल्म के रूप में और दूसरा वेब सीरीज़ में। दोनों ही प्रारूपों में हमारा लक्षित दर्शक वर्ग हैं।

## बॉबी देओल, सान्या मल्होत्रा की नई फिल्म 'लव हॉस्टल'



**जाने** माने अभिनेता बॉबी देओल, सान्या मल्होत्रा और विक्रम मैसी आने वाली अपराधा आधारित थ्रिलर फिल्म 'लव हॉस्टल' में दिखाई देंगे। फिल्म ग्रामीण उत्तर भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

फिल्म का लेखन और निर्देषन किया है शंकर रमण ने, जो पुरस्कार विजेता सिनेमाऑटोग्राफर हैं। हाल ही में वो गुड़गांव नाम से एक फिल्म निर्देशित कर चुके हैं।

रमण ने बताया, 'मुझे प्रसन्नता है कि बॉबी देओल, सान्या मल्होत्रा और विक्रम मैसी में मुझे सही अभिनेता मिल गए हैं। इस फिल्म में न केवल समाज पर कुछ प्रश्न चिन्ह लगाए गए हैं बल्कि उसमें समस्या का समाधान भी प्रस्तुत किया गया है।'

## ख्लोए करदाशियां भी कोरोना पॉज़िटिव



**रियल्टी** टीवी में लोकप्रिय अभिनेत्री ख्लोए करदाशियां ने कोविड-19 का परीक्षण कराने और पॉज़िटव निकलने के बारे में प्रशंसकों को बताया है। एक रिकॉर्डेड क्लिप में उन्होंने संक्रमित होने और पृथक रहने के बारे में बताया। उनके वीडियो में वो कहते देखी जा रही हैं कि 'मैं कोरोना संक्रमित हूं और अपने कमरे में भी। सबकुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन पिछले कुछ दिन अच्छे नहीं थें।' 'कीपिंग अप विद द करदाशियां' के आने वाले एपिसोड में इस सूचना की पुष्टि भी हो जाएगी। ख्लोए इसमें रुग्ण अवस्था में दिखाई दे रही हैं। उनके अनुसार उन्हें तेज खांसी और बोलने में कठिनाई भी हो रही थी।

## सफलता की एक अलग ही कहानी है हैरी पॉटर श्रृंखला

### ● हैरी पॉटर एंड द सारसर्स स्टोन का वर्ल्ड प्रीमियर हुआ लंदन में

**भाषा।** नई दिल्ली



**गोल** मटोल चेहरे पर गोल फ्रेम वाला चश्मा पहने भोले भाले हैरी पॉटर से दुनिया का बच्चा बच्चा वाकिफ है। जे. के. रोलिंग ने अपनी किताबों में हैरी पॉटर के किरदार और एक जादुई दुनिया की रचना की, जिसमें जादू का विद्यालय, झाड़ू की सवारी और अजीब अजीब से जानवर बहुत सी कहानियों में गढ़े गए थे। इन किताबों पर बनी पहली फिल्म हैरी पॉटर एंड द सारसर्स स्टोन का वर्ल्ड प्रीमियर 4 नवंबर 2001 को लंदन में हुआ। अब तक हैरी पॉटर श्रृंखला की आठ हॉलीवुड फिल्में बन चुकी हैं और सफलता की एक अलग ही कहानी लिख चुकी हैं। इक्कीसवीं सदी के इस सबसे मशहूर उपन्यास से 21वीं सदी की सबसे मशहूर फिल्में बनाई गई हैं। फिल्म का मु य किरदार हैरी पॉटर है। वह और उसके कुछ दोस्त जादू के विद्यालय में जादू सीखते हैं और कदम कदम पर हैरतअंगेज घटनाओं से दो चार होते हैं। फिल्म में अनोखे नाम वाले मिथकीय चरित्र हैं।

## बॉलीवुड अभिनेता फराज खान का 46 की उम्र में निधन



**मुंबई।** बॉलीवुड में नब्बे के दशक की फरेब और मेहंदी जैसी फिल्मों में काम करने वाले अभिनेता फराज खान का 46 वर्ष की आयु में बुधवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। अभिनेत्री उवं फिल्मकार पूजा भट्ट ने सोशल मीडिया पर खान के निधन की जानकारी दी। भट्ट ने कहा, भारी मन से कहना पड़ रहा है कि फराज खान का निधन हो गया है। आप सभी के द्वारा दी गई सहायता और शुभकामनाओं के लिए आभार। कृपया उनके परिवार के लिए प्रार्थना करें। उनके जाने से जो क्षति हुई है उसे कोई पूरा नहीं कर सकता। दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता युसूफ खान के बेटे फराज को कई बार दौरे आने के बाद पिछले महीने बेंगलुरु के विक्रम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फराज के इलाज के लिए उनके रिश्तेदार फरहाद अबूशर और अहमद शमून ने धनराशि एकत्रित करने का अभियान चलाया था। पूजा भट्ट ने पिछले महीने फराज के इलाज के लिए लोगों से वित्तीय मदद देने की अपील की थी। इसके बाद सलमान खान ने फराज की चिकित्सा में होने वाले खर्च का भुगतान किया था। फराज ने 1996 में विक्रम भट्ट की फिल्म फरेब से बॉलीवुड में पदार्पण किया था।

## प्रकृति के अनुरूप जीवन जीने का संदेश है देती है कोविड-19 महामारी : पर्यावरणविद चंडी प्रसाद भट्ट

**भाषा।** औली



**प्रख्यात** पर्यावरणविद चंडी प्रसाद भट्ट का कहना है कि कोविड-19 महामारी मानव जाति को अंधाधुंध उपभोक्तावाद को छोड़ने और प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली अपनाने का संदेश देती है। चिपको आंदोलन के लिए जाने जाने वाले 87 वर्षीय प्रसाद ने हिमालय की पारिस्थितिकी के पतन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके संरक्षण की मांग की।

उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया आज कोविड संकट में जकड़ी हुई है। यह हमें इस बारे में चिंता करने का मौका देता है कि हम कहां गलत हैं। यह महामारी हमें अंधाधुंध उपभोक्तावाद को छोड़ने और पर्यावरण के अनुरूप जीवनशैली अपनाने का सबक देती है। भट्ट ने यह टिप्पणी मंगलवार को यहां महामारी के खिलाफ जनजागरूकता अभियान शुरू करते हुए की। ह ते भर चलने वाला यह जागरूकता अभियान भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की पहल है। भट्ट ने ग्लेशियरों के घटने, जल स्रोतों के सूखने, हरित क्षेत्र के कम होने और पहाड़ों पर भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं समेत हिमालय की पारिस्थितिकी संबंधी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। मैग्सेसे पुरस्कार से स मानित ने भट्ट ने कहा कि हिमालय की पारिस्थितिकी का संरक्षण हमारी प्राथमिकताओं में होना चाहिए, क्योंकि यह हमारी नदियों का स्रोत है और इससे देश की आधे से ज्यादा आबादी एवं दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा हिस्सा प्रभावित होता है। भट्ट ने सामाजिक विकास के काम करने के लिए आईटीबीपी की सराहना की।

**पांच नवंबर का इतिहास**

## बड़ी उपलब्धिः भारत ने अपना पहला मंगलयान अंतरिक्ष में रवाना किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**देश** के अंतरिक्ष विज्ञान इतिहास में पांच नवंबर का दिन एक खास उपलब्धि के साथ दर्ज है। भारत ने 5 नवंबर, 2013 को अपना पहला मंगलयान सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में रवाना किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से अपने पीएसएलवी के माध्यम से इसे प्रक्षेपित किया। इसके साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने एक नया अध्याय लिख दिया। इसके साथ ही भारत मंगल की कक्षा में पहुंचने वाला पहला एशियाई देश और पहले प्रयास में ही पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बना। सबसे कम लागत में तैयार यह अंतरिक्ष यान 24 सितंबर 2014 को मंगल की कक्षा में पहुंचा। भारत से पहले अमेरिका, रूस और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने मंगल की कक्षा में प्रवेश करने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

## केंद्र ने टेलीविजन रेटिंग पर दिशा-निर्देश की समीक्षा के लिए कमेटी का गठन किया

**नई दिल्ली।** केंद्र ने देश में टेलीविजन रेटिंग पर दिशा-निर्देश की समीक्षा के लिए बुधवार को एक कमेटी का गठन किया। प्रसार भारती के सीईओ शशि एस वे पति चार सदर्स्य कमेटी की अध्यक्षता करेंगे। अगर मौजूदा दिशा-निर्देश में किसी तरह के बदलाव की जरूरत होती है तो कमेटी को मजबूत, पारदर्शी और जवाबदेह रेटिंग सिस्टम के लिए सिफारिशें देने को कहा गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा है, विश्वसनीय और पारदर्शी रेटिंग सिस्टम के लिए व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है। खासकर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की हालिया सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए दिशा-निर्देशों पर गौर किए जाने की जरूरत है। इसलिए देश में टेलीविजन रेटिंग सिस्टम के विभिन्न पहलुओं पर गौर करने के लिए एक कमेटी गठित की जा रही है। कमेटी मौजूदा व्यवस्था का मूल्यांकन करेगी, समय-समय पर ट्राई द्वारा की गई सिफारिशों, इंडस्ट्री के समग्र हालात का अध्ययन करेगी और हितधारकों की जरूरतों का समाधान करते हुए अगर जरूरत हुई तो मौजूदा दिशा-निर्देश में मजबूत, पारदर्शी और जवाबदेह रेटिंग सिस्टम के लिए सिफारिशें करेगी। टीआरपी को लेकर कथित हेराफेरी पर विवाद के बाद केंद्र ने यह कदम उठाया है।



मुंबई में अपनी कार से उतरतीं अभिनेत्री करीना कपूर। करीना गर्भवती हैं

## पिनाका रॉकेट प्रणाली का सफल परीक्षण

**भाषा।** नई दिल्ली



**डीआरडीओ** ने बुधवार को कहा कि उसने ओडिशा तट से पिनाका रॉकेट प्रणाली के नए संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने कहा कि लगातार छह रॉकेट छोड़े गए और परीक्षण के दौरान लक्ष्य पूरा करने में सफलता मिली। डीआरडीओ ने ट्वीट किया, डीआरडीओ द्वारा विकसित पिनाका रॉकेट प्रणाली का बुधवार को ओडिशा तट के पास चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। डीआरडीओ ने कहा कि पिनाका रॉकेट सिस्टम के उन्नत संस्करण मौजूदा पिनाका एमके-आई का स्थान लेंगे, जिसका वर्तमान में उत्पादन हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यह रॉकेट अत्याधुनिक दिशासूचक प्रणाली से लैस है जिसके कारण यह सटीकता से लक्ष्य की पहचान कर उसपर निशाना साधता है। पुणे स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला, आयुध अनुसंधान एवं विकास स्थापना (एआरडीई) और हाई एनर्जी मैटेरियल रिसर्च लेबोरेटरी ने इसका डिजाइन और इसे विकसित किया है। पिनाका रॉकेट की रेंज करीब 37 किलोमीटर है। पिछले दो महीने में भारत ने कई मिसाइलों का परीक्षण किया है। इसमें सतह से सतह पर मार करने में सक्षम सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस और एंटी रेडिएशन मिसाइल रूद्रम-एक भी शामिल है।



# करवा चौथ के रंग 'पायनियर' के संग

संवाददाता। सीतापुर

**एक बार** फिर सनातन संस्कृति की रस्मों को निभाते हुए महिलाओं ने निर्जल व्रत रखकर पति की लम्बी उम्र की कामना की। इस दौरान सभी महिलाओं ने व्रत रखते हुए सुबह से ही करवा चौथ की पूजा की तैयारियां शुरू कर दी और शाम को अपने चांद का दीदार कर व्रत खोला। पतियों ने भी इस बीच पूजा की तैयारियों में पूजा में हाथ बटाया और अपने-अपने तरीको से पत्नी के प्रति अपने प्रेम का इजहार किया। पेश है '**पायनियर**' की करवा चौथ पर चलाई गई 'सेल्फी विद साजन' मुहिम की एक झलक-

## चलनी में पिया का दीदार



## जनम-जनम का साथ है हमारा-तुम्हारा





पूनम-रवि भार्गव।



सीतापुर-करवा चौथ पूजन के बाद मौजूद परिवार।



सीतापुर-चलनी से पति का दीदार करती बबिता गुप्ता।

# कोरोना के 10 नए मरीज

**सीतापुर।** स्वच्छता के साथ मास्क व सेनेटाइजर के प्रयोग के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। कई दिनों से नए मरीजों का आंकड़ा 10 से 15 के बीच ही चल रहा है। बुधवार को जिले में 10 नए कोरोना मरीजों की पहचान की गई। षहर के लोहारबाग और थमसनगंज में एक-एक मरीज मिला है। कसमण्डा में 3, बिसवां के मल्लापुर व महमूदाबाद के बेहटी में 2-2 और हरगांव के दीपपुर में 1 मरीज मिला हैं। अब जिले में 4,288 कोरोना केस हो गए हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्र हरपालपुर का हुआ उदघाटन

**मछरेहटा सीतापुर।** मछरेहटा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरपालपुर में वर्ल्ड विजन संस्था द्वारा निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन ग्राम प्रधान दिग्विजय यादव वाह बाल विकास परियोजना अधिकारी सबीना मछरेहटा तथा गोंदलामऊ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विदित हो कि ग्राम पंचायत हरपालपुर में वर्ल्ड विजन संस्था ने लगभग 14 लाख की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र बनवाया जिसका उद्घाटन आज जिलाधिकारी महोदय के कर कमलों से होना था लेकिन किसी कारणवश उनके ना पहुंचने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सबीना मछरेहटा व गोंदलामऊ एडीओ पंचायत मछरेहटा ग्राम विकास अधिकारी गौरव मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलन करके भवन का विधिवत उद्घाटन किया इस अवसर पर ग्रामीणों की अच्छी खासी उपस्थित रहे।

# प्रधान पति को मिली जान से मारने की धमकी

संवाददाता। नेरी सीतापुर

● मौजूदा प्रधान पति सोनपाल सिंह को दी गई धमकी

**कोतवाली** महोली इलाके में फैसला कराने गए प्रधान पति को दबंगों द्वारा जान से मार देने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाल अमरमणि त्रिपाठी से न्याय की गुहार लगाई है।

दरअसल मामला कोतवाली इलाके के गांव बद्दापुर का है जहां बीते मंगलवार प्रधान महेश्वरी सिंह के पति सोनपाल सिंह गांव के ही नन्हे सिंह के खेतों की मेढ़ का फैसला करने गए थे। वहीं पीछे से नन्हे का भाई अजय पाल सिंह पुत्र चंद्रिका सिंह मौके पर पहुंच गया। आरोप है इस दौरान अजय पाल सिंह ने वहां मौजूद लोगों को भद्दी और जातिसूचक गालियां दी। तो वही उसके बेटों मोनू सिंह, श्यामू सिंह और रानू सिंह ने तो दबंगई की सीमा ही लांग दी और प्रधान व मौजूद लोगों पर लाइसेंसी बंदूक तानते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। इतना ही नहीं कुछ देर बाद आरोपी द्वारा प्रधान पति को फोन पर भी जान से मारने की धमकी दी गई। इस बाबत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दे दी है। मामले में कोतवाल अमरमणि त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा पंजी.त कर लिया गया है, जांच करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## 7वीं पुण्य तिथि पर होगा भव्य श्रद्धांजलि समारोह

**मिश्रिख सीतापुर।** नैमिषारण्य में जगदाचार्य ब्रह्मलीन स्वामी नारदानंद सरस्वती की 37वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन गुरूवार को होगा। स्वामी विद्या चौतन्य महाराज ने बताया कि इस श्रद्धांजलि समारोह मे देश भर से आने वाले साधु संतों का सम्मान किया जाएगा।

## रजिस्ट्री कार्यालय के उपनिबंधक पर भ्रष्टाचार का आरोप

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर तहसील के अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय के उपनिबंधक विनोद कुमार पर भ्रष्टाचार का लगया आरोप है उसके विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की। मामले के तूल पकड़ने पर बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ताओ ने बार सभागार में समस्त अधिवक्ताओ के साथ बैठक कर आगामी कार्यवाही की रूप रेखा तय की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद बाजपेई ने बताया कि, भ्रष्टाचार के विरुद्ध अधिवक्ताओं ने हमेशा संघर्ष किया है और करते रहेंगे। इस अवसर बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद बाजपेई, महामंत्री श्रवण जायसवाल, कन्हैया लाल तिवारी, देवेंद्र पाण्डेय, दिनेश श्रीवास्तव,बाल .ष्ण वर्मा,जवाहरलाल मिश्रा, मोहम्मद युनुश खान, लक्ष्मी कान्त बाजपेई, रमेश बाजपई, श्री निवास भार्गव, कमलेश वर्मा,जेड आर रहमानी,समीर पूरी, .पा शंकर पाण्डेय, हाजी साबिर अली,बूटा सिंह,जय शंकर शुक्ला,अतुल वर्मा सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

# हत्थे चढ़े पुलिस की नाक में दम करने वाले छह चोर

**सीतापुर।** चोरी और नकबजनी की घटनाओं को करने वाले अभियुक्तों पर पुलिस मुखिया आरपी सिंह ने करवाई का डंडा चलाया है। इसी के चलते सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में गठित की गई टीम ने थाना लहरपुर के टांडाकला निवासी रामप्रकाश, थाना सकरन के गणोसा निवासी कलीम, कोतवाली बिसवा के सांडा निवासी मोनू पटवा, थाना सदरपुर के टिकरा निवासी वीरेंद्र कुमार, थाना थानगांव के सुकेठा निवासी बाबा पाल व थाना रेउसा के मधवापुर निवासी पवन को गिरतार किया है। इस दौरान एसपी आरपी सिंह ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उन्होंने बीते दिनों थाना सदरपुर के बेनिगवां, थाना मानपुर की लाला पुरवा, दिबियापुर व थाना सकरन के इटावा में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इनके पास से 15 हजार की नगदी व चोरी किए गये माल के अलावा चार अवैध तमंचा 8 जिंदा कारतूस बरामद हुए है। गिरतारी टीम में थाना प्रभारी सदरपुर उमाकांत दीपक, एसआई हरभजन सिंह, एसआई मनीष सिंह, एसआई अजय रावत, हेड कांस्टेबल राजित राम, विमलेश द्विवेदी, कांस्टेबल अरुण प्रताप, ज्ञानेंद्र सिंह, टीटू कुमार, राहुल कुमार, आनंद कुमार, सुमित सहाय व सोहन पाल शामिल रहे।



पूजन के बाद सेल्फी में पति-पत्नी



रचना-गौरव त्रिपाठी।



शिखा-सौरभ।



-आकाक्षा-अनुराग



नीतू-दिनेश।



निर्मला-एमसी भार्गव।



सुशीला-सुरेन्द्र राजवंशी।



संतोष भार्गव।



डाली-सुशील।




आलोक वर्मा।



उदित नरायण पांडेय।











पूर्णिमा- शशिभूषण राय एसडीएम।









सीतापुर-पूजन के बाद मौजूद परिवार।



रितेश सिंह गौर।

# सहकारी समिति के सचिव पर दबंगों ने किया हमला

● गीला धान न खरीदने को लेकर दबंगों ने पीटा

●तहरीर पर पुलिस ने नामजद मुकदमा किया दर्ज

संवाददाता। बेहजम-खीरी

**धान** क्रय केंद्र पर गीला धान खरीदने को लेकर साधन सहकारी समिति भूलनपुर में सचिव पर दबंगों ने जानलेवा हमला किया था। सरकारी अभिलेखों को नष्ट करने के साथ-साथ समिति में जमकर गुंडागर्दी की थी। पीड़ित सचिव की तहरीर पर नीमगांव पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बताते चलें कि थाना नीमगांव क्षेत्र के भूलनपुर गांव में स्थित साधन सहकारी समिति पर तैनात सचिव संदीप राज जब समिति बंद कर कर अपने घर जा रहे थे। उसी समय क्षेत्र के हसनापुर गांव के रंजीत सिंह कार पर सवार होकर आए। उसके साथ करीब आधा दर्जन साथियों ने सचिव को पकड़कर मारा-पीटा जिससे सचिव को गंभीर चोटें आईं। वहीं समिति पर रखे सरकारी अभिलेखों को फाड़ दिया। वहां रखे कुर्सी व मेजों को तोड़-फोड़ कर दबंग हमलावरों ने द्वारा सचिव के कपड़े भी फाड़ दिये। जेब में रखी नकदी भी लूट कर फरार हो गए। वहीं शोरगुल सुनकर कुछ ग्रामीणों ने आकर सचिव की जान बचाई। समिति सचिव संदीप राज के समर्थन में सिसांवाकला सचिव सिया राम सिंह व गौरिया समिति के सचिव लालता प्रसाद शुक्ला के साथ एडीओ सहकारिता आरपी प्रजापति ने नीमगांव पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना पर बेहजम चौकी प्रभारी अनिल पांडे ने मौका मुआयना किया। घटना के दूसरे दिन पीड़ित सचिव संदीप राज ने नीमगांव पुलिस को तहरीर दी। नीमगांव पुलिस ने समिति के सचिव की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में करीब आधा दर्जन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।एडीओ कोपरेटिव बेहजम आरपी प्रजापती ने बताया कि समिति सचिव से किसान के द्वारा धान खरीद को लेकर कहासुनी और विवाद हो गया था। सचिव के द्वारा नीमगांव कोतवाली में आरोपी किसान के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया है। मामले की विभागीय जांच भी की जा रही है। फिलहाल समिति पर धान खरीद की तौल बाधित है।

## भाई ने काट लिए भाई के पेड़

**निघासन** खीरी। अपने सगे भाई के खेत में लगे आम के हरे वृक्षों को उसके भाई जगमोहन सिंह ने जबरन काट लिया। पीड़ित ने चौकी पहुंच कर तहरीर दी है। ढखेरवा चौकी क्षेत्र के केदारीपुरवा गांव के कश्मीर सिंह पुत्र कृपाल सिंह चार भाइयों में सबसे छोटा है। आपसी सहमति से पैतृक संपत्ति का बंटवारा 2009 में हो गया था। पीड़ित का आरोप है कि बड़े भाई मनमोहन सिंह के द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा है। बंटवारे के वक्त मिली जमीन में 40 पेड़ लगे हुये थे। लेकिन बंटवारे में जमीन का जो भाग हिस्सा हमें मिला था उस जमीन पर सिर्फ दो पेड लगे थे। कल शाम को बड़ा भाई उन पेड़ों की लकड़ी काटकर अपने घर ले गया है। पीड़ित किसान ने ढखेरवा चौकी पहुंचकर तहरीर दी है।

## महिलाओं के अधिकारों व स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त शंतोष शर्मा के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का मंचन किया इस नाटक में सं महिलाओ के अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, छेड़खानी, बाल विवाह, दहेज प्रथा, महिलाओ के सम्मान, महिलाओ के अधिकार के विषय में काललकारों द्वारा लोगो को जानकारी दी गई । नगर निगम की टीम द्वारा शहीद उद्यान टाउनहाल पर नुक्कड़ नाटक ने जनता को स्वच्छता के प्रति भी जगरूक किया गया । यह नुक्कड़ नाटक स्थानीय कलाकारो द्वारा योगेश पाण्डे के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित व्यक्तियो द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं कार्यकम को सरहा गया। इस कार्यक्रम में उपनगर आयुक्त आशतोश कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त, रष्मि भारती एवं अंगद गुप्ता, सैफ सिददीकी, विनय प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# केंद्र प्रभारियों को फटकार

● एसडीएम ने किया मंडी का दौरा

● एक केंद्र प्रभारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को लिखा पत्र



संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

**धान खरीद** को लेकर किसानों की समस्या को देखते हुए उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला मंडी समिति धान क्रय केन्द्रों पर अचानक पहुंची। क्रय केन्द्र प्रभारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने सभी क्रय केंद्रों पर कितने किसानों के धान खरीदने की जानकारी ली।

उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने बताया कि एक क्रय केंद्र पर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। कई बार उस केंद्र प्रभारी को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन किसानों के प्रति उसका रवैया उदासीन नहीं रहा। आज अपर जिलाधिकारी को पत्र लिखकर उस केंद्र प्रभारी के खिलाफ एफ आईआर लिखने की अनुमति मांगी गई है। उन्होंने कहा शासन के दिशा-निर्देश पर हर किसान का धान आएगा। जो भी क्रय केंद्र मनमानी करेगा उस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आज निरीक्षण किया गया जिसमें सभी के धान तौलने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व की भांति तहसीलदार और नायब तहसीलदार लगातार मंडी में रहकर इसकी मानिटरिंग कर रहे हैं।

## गैंगेस्टर की सम्पत्ति की कुर्की का आदेश

**मैगलगंज-खीरी।** डीएम के आदेश पर थाना मितौली में गैंगेस्टर अंबिका प्रसाद व वीरेंद्र कुमार यादव उर्फ अतीत कुमार यादव पुत्रगण विश्राम यादव निवासी ग्राम मोहम्मदपुर नगरा थाना मितौली के द्वारा ग्राम आशिक नगर थाना मैगलगंज में आपराधिक कृत्य से अर्जित की गई कुल 18 बीघा जमीन को उत्तर प्रदेश गिरोहबंध एवं असामाजिक क्रियाकलाप के अंतर्गत कुर्क करने का आदेश तहसीलदार मितौली के द्वारा दिया गया। जिस पर मैगलगंज थाना प्रशासन ने प्रभावी कार्रवाई की। जिसमें थाना प्रभारी के साथ साथ तहसीलदार मितौली थानाध्यक्ष मितौली चौकी इंचार्ज फतेहपुर व समस्त राजस्व टीम और पुलिस टीम शामिल रही।

## मधुमक्खी भगाने के चक्कर में जले पांच घर



**बेहजम-खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र के एक गांव में मधुमक्खी भगाने को लेकर लगाई गई आग से पांच घर जलकर राख हो गए। हादसे में घरों में रखा सामान भी जल गया। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड गांव पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। गुलौला गांव में कमलेश कुमार के घर के अंदर छप्पर में मधुमक्खियों ने अपना डेरा जमा लिया था जिसको मधुमक्खी भगाने को लेकर आग का लौ दिखा रहे थे। इसी बीच आग की लपट छप्पर में लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गांव के ही अवधेश कुमार, आदित्य कुमार, मिथिलेश कुमारी, छविनाथ, रामसेवक व पुष्पेंद्र कुमार के घरों को आग ने अपने आगोश में लेते हुए घरों में रखा खाने पीने का सामान व कपड़े नकदी सहित बिस्तर जलाकर राख कर दिया। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड ने पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया। राजस्व विभाग की टीम के द्वारा आगजनी में हुई क्षति का आंकलन करते हुए पीड़ित परिवारों को सहायता दिलाने की कार्रवाई की गई।

## पति की लम्बी आयु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

**लखीमपुर-खीरी।** बुधवार को महिलाओं ने अपने पतियों की लम्बी आयु की कामना के लिए करवा का व्रत रखा। महिलाओं ने पूरा दिन खाए-पीए बिना व्रत का पालन किया। रात में चांद निकलने पर विधिवत पूजन किया। पति की छलनी से सूरत देखी और अपने पति के हाथों से पानी पीकर व्रत का समापन किया। महिलाओं ने परम्परागत तरीके से घरों में पकवान भी बनाए। पूर्ण श्रृंगाकर कर पूजन के लिए चौक रखी। पतियों ने भी महिलाओं को इस व्रत के बदले उपहार दिए। कई जगहों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा का पूजन किया।

## साइकिल से नेपाल पहुंचाई जा रही खाद

● पुलिस व सीमा पर खड़ी एसएसबी बनी मूकदर्शक

संवाददाता। पलियाकलां-खीरी

**भारत-नेपाल** बार्डर पर बसे एक गांव में जमकर है खाद तस्करी का खुला खेल चल रहा है। बार्डर पर तैनात एसएसबी मुख दर्शक बनी है। जिसकी वजह से तस्करों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। यही नहीं भारतीय बार्डर क्षेत्र के करीब में बसे बाजारों में खाद की सैकड़ों टन ट्रकों से लादकर जगह-जगह गुप्त दुकानों में डंप किया जा रहा है। आपको बता दें कि भारतीय बॉर्डर क्षेत्रों में सरकार की तरफ से किसी भी खाद लाइसेंस को अनुमति नहीं दी गई है। इसके बावजूद भी बिना लाइसेंस के भारी भरकम ट्रकों से लाकर खाद को स्टाक लगाया जाता है। इससे राजस्व को तो चूना लग ही रहा है कहीं न कहीं तस्करी के कामों को खुलेआम अंजाम देकर पुलिस एसएसबी तमाम सुरक्षा एजेंसियों को धाता दिखाकर चैलेंज दे रहे हैं। वहीं अगर बात करें सुरक्षा एजेंसियों की तो छुटपुट तरीके से ले जा रहे कैरिंग करने वालों को एसएसबी व पुलिस के द्वारा पकड़ लिया जाता है। लेकिन जो बड़े-बड़े आका बार्डर पर बैठकर भारी वाहन व ट्रकों से भरकर बड़ी मात्रा में खाद को जंप कर ठिकाने लगाने का काम कर रहे हैं। उससे कहीं न कहीं बॉर्डर पर बैठी तमाम सुरक्षा एजेंसियों पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

## सोशल आडिट का कार्यक्रम कराया गया संपन्न

**लखीमपुर खीरी।** विकास खंड मितौली में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का सोशल ऑडिट निदेशालय ग्राम विकास विभाग निदेशक के निर्देश के क्रम में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 21 ग्राम पंचायतों में समवर्ती सोशल ऑडिट का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिसमें प्रत्येक बुधवार को 21 ग्राम पंचायतों में समवर्ती सोशल ऑडिट कार्य कार्यक्रम संचालित किया जा गया है। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो. दो सदस्यों की सोशल ऑडिट टीम गांव-गांव जाकर गत माह में कराए गए विकास कार्यों का स्थलीय सत्यापन करती हैं। समवर्ती सोशल ऑडिट की नई विधा कोरोना कॉविड 19 के दृष्टिगत रखते हुए भीड़ भाड़ ना एकत्रित करते हुए सोशल ऑडिट की जा रही है। ग्राम पंचायत सेमरावां, सेमरा ग्रंट, सलाहपुर रेवाना, रावन कला, रौतापुर, रसूलपुर, रामपुर रामदास, रहमतपुर, पिपरझला, परसेहरा, कस्ता, ओसरी, ओदारा, निमचेनी, नकारा आदि ग्राम पंचायतों का सोशल ऑडिट टीम सदस्य बिजनेस कुमार व रामप्रसाद आदि मौजूद रहे।

## चार्ली आब्दो मैग्जीन के प्रति विरोध जताया



**लखीमपुर-खीरी।** फ्रांस की चार्ली आब्दो मैग्जीन द्वारा लगातार पैगम्बर मोहम्मद के अभद्र कार्टून प्रकाशित किए जाने व विश्व स्तर पर विरोध के बावजूद वहां के राष्ट्रपति द्वारा मैग्जीन का समर्थन किए जाने के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड आफ इंडिया के लखीमपुर-खीरी के प्रेसीडेंट ने विदेश मंत्री को पत्र भेजकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। विदेश मंत्री को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि विश्व व्यापी विरोध के बावजूद फ्रांस के राष्ट्रपति ने कार्टून छापने वाली आब्दो मैग्जीन पर प्रतिबंध लगाने की जगह उस पर कार्रवाई न कर खुली छूट दे रखी है। यह स्थिति गंभीर है। बोर्ड प्रेसीडेंट ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम की तौहीन किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विदेश मंत्री से अंतर्राष्ट्रीय रिश्तों का हवाला देकर उक्त प्रकरण में उचित कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर मौलाना अशफाक कादरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### प्रसव के दौरान महिला की मौत, आशा को बताया जिम्मेदार

**बरेली।** प्रसव के दौरान एक बच्ची को जन्म देने के बाद प्रसूता की मौत हो गयी। उसके पति ने आशा को उसकी मौत के लिए जिम्मेदार बताते हुए पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।शाही थाना क्षेत्र के गांव कुल्छा निवासी बद्री प्रसाद की 28 वर्षीय पत्नी रूपा देवी की सोमवार की शाम एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पति बद्री प्रसाद ने पत्नी को घर से बुलाकर ले जाने वाली आशा बहन शरबती देवी को उसकी मौत के लिए जिम्मेदार बताते हुए कहा कि शरवती देवी कल 9 माह की गर्भवती को दोपहर में अल्ट्रासाउंड कराने की बात कह कर अपने साथ ले गई। उसने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। 4 बजे उसने फोन से पति को सूचना दी कि रूपा देवी ने एक बेटी को जन्म दिया है। लेकिन रूप देवी की मौत हो चुकी है। बच्ची सुरक्षित है। पति तुरंत अस्पताल पहुंचा। जहां उसे बिस्तर पर पत्नी की लाश मिली। उसने आशा बहन शरबती को उसकी मौत का जिम्मेदार बताते हुए पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### भाभी से झगड़े के बाद ननद ने फांसी लगाकर जान दी

**बरेली।** चाय बनाने को लेकर भाभी से हुए झगड़े के दाद ननद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नेमार जागीर निवासी नारायण दास के 18 वर्षीय बेटी बीना देवी ने कल शाम अपने घर की उपरी मंजिल पर बने कमरे में छत के गुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पिता ने बताया कि बीना का कल अपनी भाभी मीना से चाय बनाने को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद बीना की मां घर से बाहर चली गई। उसके जाने के बाद बीना मकान की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में गई और गुंडे से लटक कर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद काम से वापस लौटे पिता ने उसको तलाशा लेकिन बीना का कहीं पता नहीं लगा। तब वह छत पर गया जहां उसने कमरे में बीना की लाश को फांसी पर लटके देखा। उसने शोर मचाया तो घर के बाहर गई बीना की मां भी वापस लौट आई। घर में कोहराम मच गया। शोर सुनकर गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए।घटना की सूचना पुलिस को दी गई। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी। मृतका 8 भाई बहनों में सबसे छोटी थी।

### किशोर ने फांसी लगाकर जान दी

**बरेली।** किशोर ने घर के पास ही पेड़ से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली। पुलिस ने उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भुता थाना क्षेत्र के गणेश खेड़ा निवासी अनिल सिंह के 14 वर्षीय बेटे सौरभ सिंह ने कल शाम घर से कुछ ही दूरी पर जंगल में लगे पेड़ से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सौरव का पिता अनिल सिंह हिमाचल प्रदेश की एक फैक्ट्री में काम करता है। सौरव गांव के पास ही स्थित एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा आठ का छात्र था। कल शाम को वह बिना बताएं घर से बाहर गया था। जब वह घर वापस नहीं लौटा। तो उसे तलाशने की कोशिश शुरू की गई। इसी दौरान किसी ने उसकी लाश को पेड़ पर लटके देखा। उसने घर वालों को सूचना दे दी। मौके पर पहुंचे घर वालों ने लाश को पेड़ पर लटके देखकर पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। मृतक की मां का नाम कविता देवी है।

### करवाचौथ के दिन सुहागिन ने रोड हादसे में खो दिया पति

**शाहजहांपुर।** करवाचौथ के दिन जहां सुहागिन महिला अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं, वहीं एक महिला का सुहाग ही करवाचौथ के दिन उजड़ गया। सड़क हादसे में उसके पति की मौत हो गई। घर के मुखिया की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हादसा बुद्धवार सुबह तड़के थाना खुदागंज क्षेत्र दियुरिया नौगवा संपर्क मार्ग पर हुआ। दरअसल खुदागंज क्षेत्र के गांव चिरचिरा निवासी दंगा सुबह अपने किसी परिचित से मिलकर घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान दियुरिया नौगवा संपर्क पर किसी अज्ञात वाहन ने उससे टक्कर मार दी। कुछ देर बाद जब राहगीरों ने देखा तो पुलिस को इत्तला दी। पुलिस के आने से पहले ही दंगा की मृत्यु हो चुकी थी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। । पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### ट्रैक्टर मैकेनिक प्रशिक्षण के लिए प्रवेश लें

**फतेहपुर।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिविल लाइन शैलेष कुमार बाजपेयी ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो में तृतीय सूची/अपग्रेडशन सूची से प्रवेश की अंतिम तिथि 06 नवम्बर कार्यालय समय निर्धारित है। उक्त के क्रम में सूची से सम्बंधित प्रशिक्षार्थी व्यवसाय मैकेनिक ट्रैक्टर एवं स्वीग टेक्नोलॉजी में प्रवेश ले सकते है।

## रन फॉर गंगा दौड़ प्रतियोगिता में दो सौ लोगों ने लिया हिस्सा

**शाहजहांपुर ।** राष्ट्रीय नदी गंगा दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में गंगा उत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत रन फॅार गंगा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन ढाई चौराहा से ढाई घाट तक मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणाषर्मा की उपस्थिति में उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गंगा ग्रामों के अतिरिक्त अन्य स्थानों के लगभग 200 व्यक्तियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले श्री राहुल मौर्या को रू0 11000 एवं द्वितीय स्थान पाने वाले श्री महेन्द्र मौर्या को रू0 5100 तथा तृतीय स्थान पाने वाले मो0 युनुस को रू0 2100 का पुरस्कार मुख्या विकास अधिकारी द्वारा देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नमन कुमार, अंकित यादव, षनि पाल, अनूप सिंह यादव, नितेष यादव, रोहित कुमार वर्मा, अतुल सिंह कष्यप, हामिद अली, राम मोहन कष्यप, सचिन आदि 10 लोगों को सांत्वना पुरस्कार के रूपम में रू0 500 की धनराषि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गया। इसके साथ समापन समरोह में विगत दो दिन में करायी गयी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

## ऑनलाइन इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण

**शाहजहांपुर ।** इस्लामियां इंटर कालेज के सभागार में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर आयोजित ऑनलाइन इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया प्रधानाचार्य मोहम्मद अमीन ने बताया कि 30 अक्टूबर को ऑनलाइन प्रतियोगिता हुई थी। हसनैन, अब्दुल हादी, मोहम्मद बिलाल, फैसल खान ने पहला, मुजीब उर रहमान, मोहम्मद उमर, उमम निहाल, शुएब खान ने दूसरा, दानियाल खान, रेहान खान, मोहम्मद हसनैन, शदाब अली, शादान हसन खान ने तीसरा स्थान पाया। इससे पहले मोहम्मद फहीम खान ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# सरोज सिंह राठौर पंचतत्व में विलीन

● बड़े पुत्र भाजपा के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर ने दी मुखाग्नि



संवाददाता। शाहजहांपुर

**भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अध्यक्ष जेपीएस राठौर की माता श्रीमती सरोज सिंह राठौर का खन्नौत घाट स्थित मोक्षधाम पर अंतिम संस्कार हुआ। उनका कल दिल्ली के इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बाइलरी साइंस में लीवर की लम्बी बीमारी के बाद स्वर्गवास हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूरभाष(मोबाइल) पर प्रदेश महामंत्री श्री राठौर से शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि व्यक्त की । कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और पूर्व केन्द्रीय मंत्री कृष्णाराज व स्वामी चिन्मयानन्द ने श्री राठौर के सेठ इन्क्लेव स्थित आवास पर पहुँच कर भाजपा नेता की माँ के पार्थिव शरीर पुष्पांजलि अर्पित की।दोपहर 12 बजे शवयात्रा मोक्षधाम को चली जहाँ 1 बजे अन्त्येष्टि की गयी जिसमें सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता व अन्य राजनीतिक दलों के लोग भी शामिल हुए ।इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, मुख्यमंत्री ओएसडी अभिषेक कौशिक, सांसद अरुण सागर, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्र बाल्मीकि, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव आशीष तिवारी, विधायक मानवेन्द्र सिंह, रोशनलाल वर्मा, वीर विक्रम सिंह प्रिंस, लखनऊ कैंट विधायक सुरेश तिवारी, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, सवायजपुर विधायक माधवेंद्र सिंह रानू, बरखेडा विधायक किशनलाल राजपूत, मल्लावां विधायक आशीष सिंह राजपूत, लहरपुर विधायक ज्ञान तिवारी, गोला विधायक अरविन्द गिरी, पूर्व मंत्री धर्मपाल सिंह, पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष हरदोई सौरभ मिश्रा, जिलाध्यक्ष लखीमपुर सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष सीतापुर अचिन मेहरोत्रा, जिलाध्यक्ष शाहजहाँपुर हरिप्रकाश वर्मा, महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, पूर्व सांसद मिथलेश कुमार, पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष कौशल मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश मिश्रा, वीरेन्द्र पाल सिंह यादव, श्यामनारायण मिश्रा, सत्यभान भदौरिया, बलवीर सिंह, बाबूराम गुप्ता आदि रहे ।

### डिप्टी जनरल मैनेजर मामले में डाक्टरों ने पोस्टमार्टम के बाद विसरा सुरक्षित किया

**शाहजहांपुर।** रिलायंस पावर परियोजना में आईटी डिपार्टमेंट में डिप्टी जनरल मैनेजर के पद पर तैनात सुनील कुमार के शव का बुधवार को पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया शवविच्छेदन के बाद विसरा सुरक्षित कर जाँच के लिए भेजा गया इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए थाना रामचंदर चंद्र मिशन के इंचार्ज संजय सिंह ने बताया पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौप दिया गया आगे के कार्यवाही विसरा रिपोर्ट आने के बाद होगी थानाप्रभारी ने कहा प्रथम दृष्टिया डिप्टी जनरल मैनेजर के पद पर तैनात सुनील कुमार की मौत बीमारी के कारण होने का अनुमान है मृतक के शव के पास ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की दवाई थी।

## पीड़ितों की समस्याओं का प्राथमिकता पर किया जाएगा निस्तारणः उपजिलाधिकारी

**बिन्दकी, फतेहपुर।** प्रियंका सिंह बिंदकी की नई उपजिलाधिकारी बनायी गयी है, जबकि पहले रहे उप जिलाधिकारी आशीष कुमार का सदर में अपर उप जिला अधिकारी के पद पर तैनाती हुई है। नई उपजिलाधिकारी ने कार्यालय पहुंचकर चार्ज संभाला और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बुधवार को पीसीएस अधिकारी प्रियंका सिंह ने बिंदकी तहसील के उपजिलाधिकारी का चार्ज संभाला। उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये और आगे की रूपरेखा के बारे में चर्चा भी की। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से पीड़ितों की समस्याओं को हल करना होगा। इसमें कोई लापरवाही नहीं होगी। किसी व्यक्ति विशेष का किसी मामले में दबाव नहीं माना जाएगा और निश्चित रूप से पीड़ित को सही और कम समय में न्याय दिलाने का काम किया जाएगा। वहीं अब तक रहे उप जिलाधिकारी आशीष कुमार का फतेहपुर तहसील में अपर उपजिलाधिकारी के पद पर स्थानांतरण हुआ है। नई उपजिलाधिकारी प्रियंका सिंह के आने के बाद निश्चित लोगों में इस बात की आस जगी है कि अब उन्हें सही न्याय मिलेगा और आवश्यक मामलों में जल्द कार्रवाई की जाएगी।



प्रियंका सिंह ने संभाला बिन्दकी एसडीएम का चार्ज

## संयुक्त महिला समिति ने मनाया सामूहिक रूप से करवा चौथ पर्व

**फतेहपुर।** करवा चौथ व्रत कार्तिक मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। संयुक्त महिला समिति की प्रमुख उमा गुप्ता ने बताया अबकि बार सभी बहनों ने करवा चौथ साथ में मनाने का निर्णय लिया था जिससे त्यौहार में आपसी प्यार और एकजुटता समरसता बनी रहती है। साथ में त्यौहार मनाने का एक अलग महत्व होता है। इस दिन सुहागिन स्त्रियां निर्जला व्रत रखती हैं। रात में चंद्रमा को अर्ध्य देकर पति के हांथ से पानी पीकर अपना व्रत पूर्ण करती हैं। त्याग एवं तप का फल उन्हें अवश्य प्राप्त होता है। इसमें भगवान शिव, माता पार्वती व भगवान श्री गणेश की पूजा महिलाएं श्रद्धा भाव से करती हैं। इसकी तैयारी हफ्ते भर पहले से शुरू हो जाती है। सभी महिलाओं ने मेहंदी भी एक साथ ही लगवाई, मंगल गीत गाए और पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। संस्था के माध्यम से रीता सिंह व साधना चौरसिया को पुरस्कृत भी किया गया। हमारी परंपराएं संस्कृति जीवंत रहे हम सब का यही प्रयास निरंतर संस्था के माध्यम से होता रहेगा। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी पूनम तिवारी, वंदना द्विवेदी, स्मिता सिंह, कल्पना सिंह, अर्चना शिवहरे, गुंजन मोदनवाल, रंजना केसरवानी, सोना शिवहरे, भारती, काजल शिवहरे, ज्योत्सना गुप्ता, साधना चौरसिया, रीता सिंह तोमर, मोनिका उपाध्याय, अर्चना ओमर, नीलम शिवहरे, काजल शिवहरे आदि महिलाएं मौजूद रहीं।



## एन्टी करप्शन टीम ने घूस लेते लेखपाल को दबोचा

संवाददाता। संडीला (हरदोई)

**दो भाईयों** की भूमि नाप कर आने के लिए पांच हजार रुपये की घूस मांगने पर एन्टी करप्शन ब्युरों की टीम ने लेखपाल को रंगे हाथ दबोच लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बढईनखेड़ा मजरे लूमामऊ निवासी गुरुचरन पुत्र गयारी की सत्रह बिसवा भूमि से उसके भाई प्रेमशंकर को भूमि का बटवारा करना था। इसके लिए गुरुचरन ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई के लिए कहा। जिस पर एसडीएम ने हल्का लेखपाल राकेश कुमार अस्थाना को भूमि की नाप कराने का आदेश दिया। विगत 28 अक्टूबर को गुरुचरन, राकेश अस्थाना से मिला और उसको एसडीएम का आदेश पत्र देकर अपनी जमीन की नापकर उसका बटवारा करने के लिए कहा कि गुरुचरन का आरोप है कि लेखपाल राकेश अस्थाना ने उससे पांच हजार रुपये लाकर देने के लिए कहा कि उसने काफी खुशामद की लेकिन लेखपाल बिना वांछित पैसा लिये भूमि का बंटवारा करने के लिए तैयार नहीं हुआ। इस पर गुरुचरन ने लखनऊ जाकर एन्टी करप्शन ब्युरो से सम्पर्क किया। इसके बाद ब्युरों के अधिकारी सक्रिय हुए और गुरुचरन को दो हजार के दो तथा पांच पांच सौ रुपये के दो नोट केमिकल लगाकर दिये साथ ही एन्टी करप्शन ब्युरों की टीम इं0 राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जिसमें श्याम चन्द्र त्रिपाठी, अली हमजा सिद्दीकी, शैलेन्द्र सिंह, संजय सिंह, देवप्रकाश मिश्रा शामिल थे। तहसील पहुंच गयी उसके गुरुचरन ने फोन करके लेखपाल को तहसील गेट पर बुलाया। लेखपाल ने गेट पर आकर जैसे ही गुरुचरन से रुपये लिये एन्टी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया। उसके बाद उसके हाथ धुलवाये गये। नोटों पर केमिकल लगे होने के कारण उसके हाथ लाल हो गये। एन्टी करप्शन टीम उसे लेकर कोतवाली पहुंची और उसे पुलिस कस्टडी में सौंप दिया। लेखपाल के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण कानून के अर्न्तगत् एफआईआर दर्ज करके उसे जेल भेज दिया गया है।

## भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस के

# प्रत्याशी कर रहे जीत का दावा

संवाददाता। घाटमपुर





**अनुसूचित** जाति के लिये आरक्षित घाटपुर विधान सभा सीट के उप चुनाव में मतदाताओं की धीमी चाल से सत्ता दल के साथ कांग्रेस, बसपा और सपा प्रत्याशी की बेचैनी बढ़ा दी है वहीं मतदान के बाद आज पहले दिन उनके चुनावी कार्यालय की हालत बदली-बदली नजर आयी, सत्ता दल भाजपा के कानपुर रोड पर स्थित चुनावी कार्यालय में ताला लटका रहा, यही हाल कुछ कम बेश सपा व बसपा के चुनावी कार्यालय का दिखा। इसके बिपरीत कांग्रेस के चुनावी कार्यालय आज भी खुला रहा लेकिन रोज की तरह आज समर्थक नजर नही आये। लेकिन कस्बे की जल पान और होटलों में समर्थक हार-जीत का गुणा भाग लगाते दिखे, कोई कह रहा था कि भाजपा तीसरे नंबर पर पंहुचेगी, वहीं भाजपा के समर्थक अपना पक्ष रख कर पुनः कमल खिलेगा का दावा करते नजर आये। किसके सिर ताज बंधेगा ये तो 10 नवंम्बर का मतगणा के बाद पता चलेगा कि जनता ने किसे बिधान सभा जाने का टिकट दिया है। उधर भाजपा प्रत्याशी उपेंन्द्रनाथ पासवान, कांग्रेस के प्रत्याशी डा0 कृपाशंकर, बसपा के कुलदीप संखवार तथा सपा से मौदान में उतरे इन्द्रजीत कोरी सभी ने अपनी-अपनी जीत का दावा कार रहे हैं।

### कैमरों की निगरानी में 10 को मतगणना, 2 बजे तक परिणाम

**घाटमपुर।** बीते कल यानी मंगलवार को मतदान संम्पन्न होने के बाद कड़ी सुरक्षा ब्यवस्था के साथ ईवीएम मशीनें कानपुर मंण्डी समिति में बने स्ट्रांग रुम में पंहुच गयी। इसके साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट अतुल कुमार व कमिश्नर डा0 राजेशेखर ने स्ट्रांग रुम का निरीक्षण किया सीटी मजिस्ट्रेट अतुल कुमार ने बताया कि स्ट्रांग रुम की निगरानी के लिये प्रत्येक दिन अलग-अलग पुलिस और प्रशासिनिक अधिकारी की बदल बदल कर निगरानी के लिये डियुटी लगायी जायेगी तथा 10 नवंम्बर को सबेरे 8 बजे से सीसी कैमरों की निगरानी में होगी और 2 बजे तक परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।

## ट्रक से कुचलकर किसान की मौत

**फर्रूखाबाद।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में सड़क पार कर रहे एक 80 वर्षीय वृद्ध ग्रामीण की अचानक तेज रफ्तार वाले ट्रक से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार को यहां बताया कि मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के ग्राम नेकपुर खुर्द का निवासी 80 वर्षीय किसान सियाराम बुधवार को सुबह साईकिल से खेतों की ओर जा रहा था। तभी इसी दौरान उसने कायमगंज-फर्रूखाबाद मार्ग को पार करते समय अचानक गांव हथियापुर की ओर से आ आ रहे तेज रफ्तार वाले एक ट्रक ने उसे कुचल दिया। सके बाद उसे फर्रूखाबाद के डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल इसके बाद उसे फर्रूखाबाद के डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सा उपचार के लिये भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

# खरीद केंद्रों पर एसडीएम के निरीक्षण से मचा हड़कंप



संवाददाता। इटावा

**भरथना** कृषि उत्पादन मंडी समिति प्रशासन व आढ़तियों व सरकारी धान खरीद केंद्रों के संचालको में बुधवार की दोपहर उस समय हड़कम्प मच गया जब भरथना की उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह ने भरथना तहसील की राजस्व विभाग टीम के साथ मंडी में संचालित सरकारी धान खरीद केन्द्रों अचानक पर पहुँचकर निरीक्षण शुरू कर दिया। निरीक्षण दौरानएसडीएम नम्रता सिंह ने सरकारी धान खरीद केन्द्रों पर लगे इलैक्ट्रोनिक कांटे और अब तक खरीदे गये धान का बारीकी से अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने खरीद केन्द्रों पर धान की कम खरीद को देखते हुए समय रहते निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के कड़े निर्देश दिए है।उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह ने निरीक्षण उपरान्त बताया कि धान खरीद केन्द्रों के निरीक्षण में उन्हें केई प्रकार की मामूली खामियां भी मिली है। जिसपर खरीद केन्द्रों के सम्बन्धित संचालको को उक्त सभी खामियां दूर करने के भी निर्देश दिए है।

# किसानों से प्यार से करें बात, नहीं तो खरीद केंद्र पर डाल दूंगा ताला

संवाददाता। कायमगंज/फर्रूखाबाद



**कायमगंज** में क्रय केन्द्र पर किसानों की समस्याए सुन विधायक एमआई से नाराज दिखे। उन्होंने साफ कहा किसानों से प्यार से बात करे नही तो केन्द्र में ताला डाल दूगा। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम को भी किसानों की समस्या के संबंध में अवगत कराया।

क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह खटिक किसानों की शिकायत पर हाट शाखा स्थित क्रय केन्द्र पर जा पहुंचे। जहां मोहल्ला नोनियमगंज के किसान सुरेन्द्र ने कहा कि 10 कुन्तल धान है। 15 दिन से चक्कर लगा रहे है लेकिन खरीद नहीं हो पाई है। बराबिकू के किसान भीम सिंह ने कहा 30 कुन्तल मक्का है। तीन बार आ चुके है। लेकिन कुछ नहीं हुआ। वह परेशान है। कंपिल क्षेत्र के गांव भागीपुर उमराह विजय सिंह आदि ने शिकायत की कि धान व मक्का के लिए परेशान हैं। किसानों का कहना था कि एमआई लेट आते हैं। उन्हे काफी देर इंतजार करता पड़ता है। टोकन सिस्टम सही नहीं है। इस पर विधायक ने नाराजगी जाहिर की। जब विधायक ने वहा कार्यरत कर्मचारियों से पूछा कि सुबह से तौल क्यो नहीं चालू हुई तो बताया गया कि लेबर नहीं थी। जब विधायक ने लेबर के संबंध में जानकारी की तो पता चला कि सुबह से ही लेबर वहां मौजूद है। विधायक ने कहा कि उनके किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। छोटे मझोले किसानों का ध्यान रखें। उन्होंने एमआई से कहा कि अपने रवैए में सुधार लाए नहीं तो केन्द्र पर ताला डाल देगे। किसानों से प्यार से बात करे नहीं तो मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी। इस संबंध में विधायक ने एसडीएम सुनील कुमार यादव को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

## बंटवारे की रंजिश में पति को पीटा, कोर्ट के आदेश पर केस

**फर्रूखाबाद।** कोर्ट के आदेश पर मोहल्ला पृथ्वीदरवाजा निवासी सरोज ने अपनी जेठानी अनीता, सत्यभान, जनपद एटा के अलीगंज के गांव सिमौर, सुनील, इनायतनगर निवासी गौरव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि बंटवारे को लेकर उक्त लोगो ने कहासुनी हो गई थी। 4 जुलाई को सरोज अपने पति महेन्द्र के साथ अपनी गोदाम से घर जा रही थी। तभी उक्त आरोपितों ने जानमाल की धमकी देते हुए पति के साथ मारपीट की और ईट से प्रहार कर दिया। इससे पति गंभीर रूप से घायल हो गए।

## आलू की फसल की नष्ट, 4 पर केस दर्ज

**कायमगंज/फर्रूखाबाद।** कायमगंज क्षेत्र के गांव जिराऊ निवासी शिवशंकर ने विक्रम उर्फ बिक्की, उसके भाई धर्मेन्द्र उर्फ चीचीयां, ग्रीश व उसके भाई रविन्द्र पर उसकी आलू की फसल में दवा डाल कर खराब करने का आरोप लगाया। उसने बताया कि उक्त लोग दबंग किस्म के है। धमकी देते है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

# नमामि गंगे व गंगा स्वच्छ अभियान के तहत पौधरोपण

संवाददाता। फर्रूखाबाद/राजेपुर



**गंगापार** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां नेहरू युवा नमामि गंगे व गंगा स्वच्छ अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह मुख्य, विकास अधिकारी राजेन्द्र पैंसिया, गंगापार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल सिंह वन विभाग की टीम अमृतपुर उपजिलाधिकारी विजेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे। जिसमें लड़कियों ने खेल खो-खो व लड़कों ने वाली बॉल टीम खेल में आयोजन किया। जिसमें प्रतियोगिता के विजेता अभिषेक, धनंजय, सचिन राजेपुर उपविजेता संदीप, मनोज, कौशलेंद्र बाली बॉल विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मां गंगे को राष्ट्रीय गंगा नदी घोषित किया गया। कचरा और प्लास्टिक अन्य घरेलू कचरा ना फेंके क्योंकि प्रदूषण फैलता है और ग्रामीणों को अवगत कराते हुये गंगा नदी को स्वच्छ बनाएं। जिलाधिकारी ने कहा है कि गंगा उत्सव में की मुख्य साफ-सफाई गंगा में अभियान के बारे में कहा गया। जिसमें कहा है कि प्लास्टिक पॉलिथीन यदि कचरा गंगा में फेंकने से माँ गंगा का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। जिससे मानव का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मैं जिस दिन जिले में आया तो घटियाघाट में गन्दगी देख कर उसके बाद सफाई अभियान चलाया और उसका नाम पांचालघाट किया। वही कायमगंज में जहां देखा कि चारों तरफपॉलीथिन दिख रही थी। आज से 30 साल पहले कचरा होता था वह कुछ दिनों में मिट्टी में मिल जाता था। अब मिट्टी में नहीं मिल पाता है। जिससे गंदगी फैलती है हर घर में कचरा में प्लास्टिक का कचरा लोगों के हाथ बेच देना चाहिए। जिससे कि आपका भी कचरा साफ होता रहे, गंदगी भी नहीं फैलेगी। जिलाधिकारी श्री सिंह ने खेलकूद प्रतियोगिताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया, अंत में जिलाधिकारी ने पौधरोपण किया।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता ताले सिंह यादव का निधन

संवाददाता। इटावा



**भरथना** कस्बा के मोहल्ला ब्रजराज नगर व ग्रामीण अंचल ग्राम शेखूपुर चन्देठी के वाशिंदे बुधवार की भोर होते ही उस समय शोक में डूब गयेएजब बरिष्ठ कांग्रेस नेता 82 बर्षीय बुजुर्ग ताले सिंह यादव पुत्र तेज सिंह यादव निबासी शेखूपुर चन्देठी का बुधवार की सुबह 5 बजे दुःखद निधन हो गया। कांग्रेस नेता श्री यादव के निधन की खबर मिलते ही उनके साथी व समर्थक और शुभचिन्तक रहे सैकड़ो लोग उनके पार्थिक शरीर के अन्तिम दर्शन करने को उनके भरथना नगर में स्थित ब्रजराज नगर व ऊसराहार रोड कल्पना नगर आवास पर पहुँच गये और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अन्तिम दर्शन किये।

आपको बतादें ताले सिंह यादव कांग्रेस के बरिष्ठ नेता होने के साथ वे पंचायत शेखूपुर चन्देठी पंचायत के 3.4 कार्यकाल लगातार 25 बर्षो तक निर्विरोध ग्राम प्रधान व ताखा क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य पूर्व में रह चुके थे। वे जिला कांग्रेस कमेटी में भी संगठन की बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी निभा चुके थे। वर्तमान समय मे श्री यादव व उनके पांचों पुत्र रमेश यादव, महेश यादव, नरेश यादव, शिशुपाल यादव, उमेश यादव समाजवादी पार्टी में कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे है।

# डीएम ने किया रबी उत्पादकता गोष्ठी मेले का शुभारंभ

संवाददाता। कानपुर देहात

**सब** मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्टेशन आत्मा योजनान्तर्गत रबी उत्पादकता गोष्ठीध्मेला का आयोजन इको पार्क सामुदायिक भवन माती में किया गया। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय द्वारा फीता काटकर गोष्ठी का उद्घाटन किया गया। कृषि विभागए सहयोगी विभागों एवं निजी बिक्रेताओं द्वारा लगाई गयी स्टालों का निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के दौरान प्रगतिशील कृषक बाबूलाल निवासी फरीदपुर निटर्रा को ऑवला एवं लौकी के प्रदर्शन पर प्रसन्न होकर प्रोत्साहन दिया। बाल विकास विभाग की महिलाओं द्वारा बनायी गयी सब्जी की रंगोली पर प्रसन्न होकर प्रोत्साहन दिया।

जिलाधिकारी द्वारा कृषक गोष्ठी की नयी परम्परा की शुरूआत करते हुए सबसे बरिष्ठ किसान बालकराम तथा महिला कृषकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रकाश देवी को मंच पर बुलाकर अध्यक्ष के रूप में नामित किया जिसे किसानों द्वारा ताली बजाकर स्वागत किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा अमराहट सिचाई परियोजना को जल्द से जल्द चालू कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। स्वास्थय के प्रति कृषकों को सजग रहने के लिए विभिन्न सब्जियोंए फूलों में पाए जाने वाले तत्वों का उल्लेख करते हुए कहावतों के साथ किसानों को जागरूक किया तथा प्रतिदिन व्यायाम की विभिन्न मुद्राओं के बारें में कृषकों को जानकारी दी। जैविक खेती के उत्पादन पर जोर दिया। सिचाईए विद्युतए कृषिए पशुपालन एवं कृषि से जुडे समस्त विभाग के अधिकारी निरन्तर कृषकों की समस्याओं का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। फसलों के अवशेष प्रबन्धन के विषय में कृषकों को जागरूक करते हुए पराली न जलाने की अपील की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी पराली न जलाएं जाने की अपील की गयी एवं पराली प्रबन्धन के लिए कृषि यंत्रों को किराये पर लेकर उपयोग करने की सलाह दी। बीज उर्वरकए कृषि रक्षा रसायन की उपलब्धता तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया तथा महिलाओं को पोषण वाटिका स्थापित करने हेतु प्रेरित किया। महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढने हेतु प्रेरित किया गया। कृषि कार्य एवं पशुपालन में महिलाएं अपना योगदान देकर आय को बढा सकती। रानेपुर प्राड्यूसर कम्पनी रसूलाबाद को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उनके द्वारा क्रय किए गए फार्म मशीनरी बैंक की चाबी देकर कृषि यंत्र अनुदान पर वितरित किया गया। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं एवं उर्वरक बीजए कृषि रक्षा रसायन की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डा. जेएन यादव ने सब्जी की फसलेंए भिण्डीए बेंगनए टमाटरए मूली आदि की खेती से अधिक लाभ प्राप्त करने की विधियों के बारे में जानकारी दी। कमलवंशी ने रबी की फसलों में लगने वाली कीट व बीमारियों की जानकारी दी। राजेश राय एवं अरूण कुमार सिंह ने कृषकों को रबी की फसलों में गुणवत्ता ध्अधिक उत्पादन की जानकारी दी। प्रगतिशील नूजीबीडू सीड्स लिमटिड द्वारा कृषकों को थैले बॉटे गये एवं 6 प्रगतिशील कृषकों को राई की मिनीकिट जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा वितरित किये गएं गोष्ठीध् मेला में समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारी कृषि वैज्ञानिक एवं 650 कृषकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी, कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी आदि विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारी व किसान मौजूद रहे।

# त्योहार में भी कोरोना को लेकर रहें सतर्क



संवाददाता। फर्रूखाबाद

**कोरोना** में अभी लापरवाही बरतने की कोई आवश्यकता नही है। जरा सी भी असावधानी खतरे की घंटी बजा सकती है। त्योहार पर बाजार में जाएं तो दो गज की दूरी का जरूर ख्याल रखें। स्वास्थ्य के एक्सपर्ट ने जिस प्रकार से सावधानी बरतने की सलाह दी है तो ऐसे में लापरवाही मुश्किल पैदा कर सकती है। क्योंकि जिले में कोरोना का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और इसमें कोई कमीं नही आ रही है। मौत का आंकड़ा भी बढ़कर 59 पर पहुंच गया है।

दीपावली, धरतेरस, भाई दूज, करवाचौथ जैसे त्योहार पर बाजारों में भारी भीड़ उमड़ रही है। लोगों को कोरोना का डर भी नही सता रहा है। जबकि लगातार इसको लेकर एलर्ट भी किया जा रहा है। खुद प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में मास्क का प्रयोग, दो गज की दूरी और हाथ स्वच्छ रखने का संदेश दिया था। प्रधानमंत्री के मूल मंत्रों के आधार पर भी यहां जिला प्रशासन की ओर से गाइड लाइन जारी की गई। मगर इस गाइड लाइन पर लोग सजग नहीं है। बाजार में जो भीँड़ से हालात दिख रहे हैं उससे यही लग रहा है कि लोगों को अपनी जिंदगी की कतई परवाह नहीं है। संक्रमितों का आंकड़ा जहां बढ़ रहा है तो वहीं सर्दी में भी संक्रमण कम होने की संभावना नहीं दिख रही है। शहर के मुख्य बाजारों में देखा गया तो स्थिति बेहद भयावह मालुम पड़ी। मुख्य बाजार नेहरू रोड से लेकर रेलवे रोड, किराना बाजार, लोहाई रोड, पक्का पुल और सेठ गली जैसे मुख्य बाजारों में भीड़ उमड़ी देखी गई। पचास फीसदी लोगों के पास तो मास्क भी नही दिखा। दुकानों पर भी यही हालात थे। लोगों को सतर्क करने का काम नहीं किया गया। दुकानदार न मास्क लगाए थे और न सेनेटाइजर का प्रयोग कर रहे थे। फतेहगढ़ के मुख्य बाजारों के यही हालात थे। भीड़ से यहां पर भी स्थिति खराब होती दिखाई पड़ी। चूड़ी वाली गली में तो पैदल निकलने की जगह नहीं दिखाई पड़ी। यही हालत कोतवाली रोड पर बाजारों का था। यहां पर भीड़ से कई बार जाम भी लगा। अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ ने कहा कि कोरोना के संक्रमण से बहुत सावधान रहने की जरूरत है। बाजार से घर जाएं तो सेनेटाइज हाथ अवश्य करें। समय समय पर हाथ धुलते रहें।

### जीवन की रंगोली में न भरने पाए कोरोना का रंग

**फर्रूखाबाद।** त्योहारों की खुशियाँ बरकरार रखने के लिए जरूरी है कि हर कदम पर कोरोना को लेकर पूरी सावधानी बरतें ताकि उत्सव के साथ जीवन की रंगोली में कोरोना का रंग कतई न भरने पाए । इस दौरान बाजार में भीड़ लगाने से बचें, स्थानीय उत्पादों को तरजीह दें ताकि छोटे-छोटे कामगारों के जीवन को भी दीप पर्व के प्रकाश से जगमग किया जा सके । पटाखों की चंद सेकेण्ड की रोशनी और धमक पूरे जीवन को स्याह बना सकती है, इसलिए इस दीपावली घर-परिवार को पटाखों से दूर रखकर कोरोना से खुद को सुरक्षित बनाने के साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित बनाने का नेक काम किया जा सकता है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वन्दना सिंह ने कहाकि खरीददारी को भीडभाड वाली जगह पर जाने से बचें । करवा चौथ, धनतेरस और दीपावली के साथ ही छठ पूजा की खरीददारी के लिए बाजार में अभी से अच्छी खासी भीड़ देखी जा सकती है । ऐसे में यह कदापि नहीं भूलना है कि अभी कोरोना खत्म नहीं हुआ है, इसलिए इन प्रमुख पर्वों की खुशियाँ अनंत काल तक बरकरार रखने के लिए उन जरूरी बातों का जरूर ख्याल रखें जो कोरोना से सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक हैं । बाजार में खरीददारी के वक्त मास्क से मुंह व नाक अच्छी तरह से ढककर रखना है, एक दूसरे से उचित दूरी बनाकर रखना है, दुकान में प्रवेश करते वक्त और निकलते वक्त हाथों को अच्छी तरह सेनेटाइजर करना भी न भूलें ।

# सब्जी व्यापारियों ने गल्ला आढ़तियों पर अतिक्रमण का लगाया आरोप



संवाददाता। जसवंतनगर

**मंडी** समिति के कुछ सब्जी व्यापारियों ने एसडीएम से मिलकर गल्ला आढ़तियों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। दरअसल यहां नवीन गल्ला मंडी में गल्ला व सब्जी आढ़तियों को अलग अलग स्थान निर्धारित किये हैं। सब्जी व्यापारियों का आरोप है कि गल्ला आढ़तियों द्वारा सब्जी के लिए आवंटित स्थानों पर गल्ला आदि डालकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया जाता है जिससे सब्जी क्रेता व विक्रेताओं को आवाजाही में खासी परेशानियां उठानी पड़ रही है। रास्ते मे धान आदि के ढेर पसरे हुए हैं और सब्जी व्यापारियों को दी गई टिनशेड व चबूतरे को गल्ला आढ़ती प्रयोग नहीं करने देते जिसका विरोध करें तो झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। शिव रामए हरिओमए ईशानए इमरान आदि सब्जी व्यापारियों ने गल्ला आढ़तियों द्वारा मंडी सड़क पर लगाए गए धान आदि के बोरे से लगने वाली जाम और अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण करने वाले आढ़तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। जबकि प्रभारी मंडी सचिव रविन्द्र कुमार का कहना है कि मंडी में कुल एक सैकड़ा से ज्यादा सब्जी व गल्ला व्यापारियों को दूकानें आवंटित की गई हैं जिनमें लगभग एक तिहाई व्यापारी सब्जी के हैं जिन्हें दस फीट गहराई वाली आवंटित दूकानों के बाहर 15 फीट का टीनशेड और 10 फीट का चबूतरा भी उपयोग करने हेतु दिया गया है फिर भी ये सब्जी व्यापारी सड़क किनारे अपनी दूकानें सजा लेते हैं। किसी भी प्रकार का सड़क पर कोई अतिक्रमण नहीं है यदि कोई अतिक्रमण करेगा तो उसके खिलाफ सख्ती बरती जाएगी

# सपा जिलाध्यक्ष जिला जेल से हुये रिहा



संवाददाता। फर्रूखाबाद

**जिला** एवं सत्र न्यायालय से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी को आज बुधवार को जमानत मिलने पर जिला जेल से रिहा कर दिया गया। सपा पार्टी सूत्रों के अनुसार फर्रूखाबाद जिला एवं सत्र न्यायालय ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी की जमानत याचिका पर सुनवाई करने के बाद नदीम अहमद फारूकी से 50-50 हजार रूपये के व्यक्तिगत बंदपत्र भरवाकर जमानत मंजूर की। सपा जिलाध्यक्ष फारूकी ने न्यायालय को वादनीय को न डराने व धमकाने और गवाहों पर कोई दवाब न बनाने की शर्त के साथ विवचेना में पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिलाया गया।

देर सायंकाल फतेहगढ़ जिला से रिहा होने के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्री फारूकी का फूल-मालाओं से स्वागत किया। यहां सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के कुछ लोगों ने एक योजना के तहत उनकी छवि धूमिल करने का काम किया लेकिन भाजपा ने जो दमन की नीति अपनायी उससे कोई नुकसान नहीं हुआ बल्कि समाजवादी पार्टी और वह स्वयं खुद मजबूत हुये हैं। झूठी योजना जल्दी बेनकाब होगी। ज्ञातव्य हो कि सपा जिलाध्यक्ष नदीम फारूकी को शमसाबाद थाना एवं कस्बा के मोहल्ला कोटला निवासिनी एक महिला के घर में घुसकर पिटाई करने व आदि के मामले में पिछले दिनों गिरफ्तार किया गया था।

## ददरी दोहरा हत्याकांड में

# आठ नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

**राठ (हमीरपुर)।** मंगलवार को ददरी गांव में पूर्व प्रधान और उसके पुत्र की गोली मारकर हत्या में घायल पुत्र ने थाने में आठ नामजद व एक अज्ञात के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करायी है। इस गोलीबारी में घायल पूर्व प्रधान का सबसे छोटा पुत्र झांसी में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। गांव में कल देर रात पूर्व प्रधान पृथ्वीराज यादव उसके लड़के जीतेंद्र की मृत्यु हो गयी थी जीतेंद्र का छोटा भाई आज भी जीवन व मौत से झांसी में संघर्ष कर रहा है। गांव मृतक पूर्व प्रधान पृथ्वीराज यादव के घायल पुत्र धीरेंद्र ने पुलिस को बताया कि बीते मंगलवार की शाम वह अपने पिता पृथ्वीराज और भाई जीतेंद्र के साथ खेत से घर लौट रहा था। जैसे ही वह कपिल के घर के पास पहुचा तो पहले से घात लगाये बैठे असलहो से लैस रामसेवक ने अपने पुत्र संजय, कपिल, पत्नी लुडडन, कपिल की पत्नी, बल्ल्राय निवासी प्रदीप, सूरज व एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें घेर लिया और लाठी डंडों से पीटने लगे। इस बीच उक्त सभी लोगों ने अवैध असलहों से ताबड़तोड़ गोलियां दागी। गोली लगने से पिता पृथ्वीराज और भाई जीतेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। गोलियों की तड़तड़ाहट सुन जब उसकी मां और भाभी सहित अन्य ग्रामीण चिल्लाते हुये मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग गये। पुलिस ने घायल धीरेंद्र की तहरीर पर रामसेवक, संजय, कपिल, लुडडन, संजय की पत्नी, कपिल की पत्नी निवासीगण ग्राम ददरी, प्रदीप व सूरज निवासीगण बल्ल्राय सहित एक व्यक्ति के विरूद्ध धारा 147, 148, 149, 323, 302 व 307 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।


ददरी गांव में फैला सन्नाटा

### गांव के लोग अपने घरों में है कैद, दहशत

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के ददरी गांव में मंगलवार को हुये दोहरे हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। इस दोहरे हत्याकांड से परिजन फफक-फफक कर रो रहे है। मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने पर बच्चे सहमे हुये है। सड़कें सुनसान और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव में लोग अपने घरों के बाहर नहीं दिख रहे है। सुरक्षा को लेकर इस समय गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पूर्व विधायक डा.अम्बेश कुमारी, सत्यपाल यादव, रामसजीवन यादव, मृत्युंजय प्रताप सहित सपा कार्यकर्ताओं ने सीएचसी राठ पहुंच मृतक के परिजनों से मिल ढांढस बधाया। मंगलवार की शाम ददरी गांव में हुये दोहरे हत्याकांड के 24 घंटे बीत गये है। लेकिन पुलिस अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। ददरी गांव में दोहरे हत्याकांड में पिता व पुत्र की हत्या के चौबीस घंटे व्यतीत हो गये मगर आरोपी पुलिस की पकड़ से कोसो दूर नजर आ रहे है।

### पूर्व सीएम अखिलेश ने परिजनों से की फोन पर बात

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ददरी गांव में बीते मंगलवार की शाम हुए दोहरे हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। सरेशाम हुए इस हत्याकांड की खबर को प्रदेश स्तरीय नेता भी अपने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट कर के पीडित को न्याय दिलाने की बात कहते हुए क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर अनेकों सवाल उठा रहे हैं। घटना के कुछ घंटे गुजरने के बाद ही समाजवादी पार्टी के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने समाजवादी नेता सत्यपाल यादव के फोन के माध्यम से करीब सवा दस बजे परिजनों से सुध ली व न्याय दिलाने की बात कही। दोहरा हत्याकांड को लेकर राजनैतिक दल धीरे सक्रिय होते जा रहे है।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे कई लोग घायल

संवाददाता। मौदहा(हमीरपुर)

**मौदहा** कोतवाली क्षेत्र के इचौली गांव में अपने अपने बाड़ों की हदों को लेकर दो पक्षों में हुये कई लोग घायल हो गये।गांव के रामजीवन एवं कामता प्रसाद के बीच अपने अपने बाड़ों की हदों को लेकर विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि जान बचाने की आ पड़ी दरअसल इचौली गांव में रामजीवन और कामता प्रसाद अपने अपने बाड़ों की हदें बना रहे थे तभी कुछ आपसी कहासुनी हो गई जिस पर लाठी डंडों से एक दूसरे पर वार करने लगे।जब बात इतने में नहीं बनी तो कामता पुत्र दयाराम ने रामजीवन के सिर पर एक लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया जिस पर रामजीवन के सिर पर गंभीर चोटें आई हुई है आनन-फानन में रामजीवन को मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## क्विक न्यूज

### युवक की मौत पर ग्रामीणों ने लगाया जाम

**हमीरपुर।** जरिया थाना क्षेत्र मे कल रात एक युवक का शव बरामद होने व पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न होने एवं परिवारीजनो द्वारा जहरीली शराब पीने से हुयी मौत का आरोप लगाकर गांव के लोगों ने रोड पर जाम लगा दिया है. देर रात एएसपी व एडीएम के मौके पर जाकर समझाने बुझाने के बाद ग्रामीणों ने जाम नही खोला है। कल रात छिबौली गाव निवासी करन सिंह (40) की लाश कबूतरा डेरा गाव के पास पुलिस ने बरामद की थी पुलिस ने आज रिपोर्ट दर्ज नही की जिससे नाराज ग्रामीणों ने छिबौली तिराहे पर जाम लगा दिया कई घंटे जाम लगने के बाद दोनो तरफ वाहनो की लाइन लग गयीजानकारी होने पर एएसपी व एडीएम मौके पर पहुचे ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया मगर परिवारीजनों का आरोप है कि पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज नही कर रही है जहरीली शराब पीने से इसके पहले चार लोगों की मृत्यु हो चुकी है आबकारी विभाग की मिली भगत से कबूतरा डेरा गांव में जहरीली शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है इस मामले कीजानकारी कई मर्तवा उच्चाधिकारियो दी जा चुकी है मगर कोई कार्यवाही नही हुयी है जिससे हर समय घटनाए होती जा रही है। वही गांव वाल ने बताया कि जरिया निरीक्षक रीता सिंह शराब माफियाओं से मिलकर अवैध शराब का धंधा करा रही है जिससे लोगों के गर परिवार उज़ड़ रहे है। चार थानों का पुलिस फोर्स मौके पर पहुचचुका था मगर जाम नही खोला गया उधर ग्रामीणों ने जरिया थानाध्यक्ष को हटाने की मागं की है। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी हो रही है।

### प्रधान ने हैंडपंप उखड़ावाकर विद्यालय के बाहर फेंकवाया

**मौदहा (हमीरपुर)।** परछछ गांव के प्राथमिक विद्यालय में स्थापित हैंडपंप को ग्राम प्रधान ने उखड़ाकर बाहर कर दिया है जिससे विद्यालय में पानी पीने की समस्या उत्पन्न हो गयी प्रधान के इस कार्य की सबने निंदा की है। विद्यालय में अध्यापक प्रतिदिन अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं और पानी पीने के लिए बाहर हैंडपंप खोजते हैं जिससे वह अपनी प्यास बुझा सके। हालांकि अभी कोरोना काल के चलते बच्चों को स्कूल जाने की परमिशन तो नहीं हुई है लेकिन आने वाले कुछ दिनों में बच्चे पूर्ण रूप से विद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे और पानी पीने की समस्या को लेकर किस अधिकारी का दरवाजा खटखटाएंगे। जब इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी शिव शंकर पाल से बात की गई तो उन्होंने स्कूल परिसर में पर्याप्त जगह ना होने का हवाला दिया और कहा कि स्कूल परिसर में बोर करने वाली मशीन नहीं जा सकती है सचिव ने इस मामले में उच्चाधिकारियों को गुमराह कर दिया है।

### ट्रांसफार्मर चोरी की रिपोर्ट

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के रानीगंज मौजा में स्थापित राजकीय नलकूप के ट्रांसफार्मर का तेल निकाल लेने व क्षतिग्रस्त करने की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज की है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के बेरी गांव निवासी किसान आकाशदीप पालीवाल ने पुलिस को बताया कि रानीगंज मौजे में राजकीय नलकूप लगा हुआ है इस नलकूप से खेतों की सिंचाई के लिए पानी मिलता है वहीं इस नलकूप के विद्युत ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त करके अज्ञात लोगों द्वारा तेल निकाल लिया गया है, तथा पलेवा का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है।

### डंडों से मारपीट कर जख्मी किया

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी महिला ने पति के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत पुलिस से की है। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी महिला अर्चना पत्नी भूरा ने थाने में बताया कि बीती शाम उसका पति अपनी बाइक छप्पर के नीचे खड़ी कर रहा था तभी पड़ोसी राम कैलाश हुआ उसके पुत्र सत्येंद्र तथा उत्तम ने गाली-गलौज करते हुए डंडा से मारा पीटा शोरगुल सुनकर जब मैं पति को बचाने गई तो मेरे साथ भी मारपीट की जिससे पैर में चोट आई है पीड़ित महिला ने इस मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### 19 सौ स्वास्थ्य कर्मियों का हुआ परीक्षण

**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि दो से 23 अक्टूबर तक स्टाफके साथ शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में आशा बहू, आशा संगनी व आंगनबाडी कार्यकत्री, एएनएम, सीएचओ, लैब टेक्नीशियन व लैब सहायक के स्वास्थ्य की जांच की गई। बुधवार को डीसीपीएम विकास कुशवाहा ने बताया कि फिट हेल्थ वर्कर कैम्पेन के तहत जिले के स्वास्थ्य कर्मियों की जांच में 19 सौ स्वास्थ्य कर्मियों की स्क्रीनिंग हुई। 174 स्वास्थ्य कर्मी गैर संचारी रोग से ग्रसित मिले। सभी ने डॉक्टरों की सलाह से दवायें ली। 805 आशा व आशा संगनी, 152 एएनएम, 40 स्टाफ नर्स, 22 लैब टेक्नीशियन, 28 फार्मासिस्ट, 38 मेडिकल ऑफीसर, एक सर्जन, 51 सीएचओ, 614 आंगनबाडी कार्यकत्री व अन्य स्टाफकी जांच की गई। तीन सौ स्वास्थ्य कर्मियों ने इलाज कराते हुए दवायें ली। ये जांच जिला अस्पताल में की गई। अभियान में तीस लैब टेक्नीशियन व लैब सहायक ने सीधे कोरोना संक्रमण का सामना करते हुए ड्यूटी निभाई।

### पुलिस ने दो के विरुद्ध की गैंगस्टर की कार्रवाई

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा दो लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई। विनीस पुत्र राम चंद्र निवासी ग्राम बलनपुर थाना तिर्वा व सानू पुत्र रूप सिंह निवासी कांशीराम कॉलोनी, कुतलूपुर मकरंद नगर द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए जनपद सहित गैर जनपदों में देशसी तमंचा का प्रयोग करके रास्ते में लूट जैसे जघन्य अपराध किये गये है। कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई।

### खराब बीज देने से मटर की नहीं उगी फसल

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकास खंड के झलोखर गाँव के आधा दर्जन से अधिक किसानों ने मण्डी समिति के गल्ला व्यापारी से मटर बीज महंगी दर पर खरीद कर दो सप्ताह पूर्व खेतो में वुवाई की थी। लेकिन अभी तक मटर की फसल नही उग रही है। इससे किसान परेशान हैं। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी किसान देवेंद्र सिंह 10 बीघा, संतोष विष्वकर्मा 5 बीघा ,प्रेम सिंह 10 बीघा, रामदास 15बीघा, शिवम निगम 7 बीघा जमीन पर मंडी समिति के अन्दर सुभम गल्ला स्टोर के संचालक श्याम गुप्ता से तेरह हजार रुपये से पंद्रह हजार रुपये प्रति कुन्तल की दर से हरा मटर ग्रीन वैली बताकर दिया था। लेकिन वुवाई के बीस दिन बाद भी बीज का जमाव नही हो रहा है। इससे किसान परेशान हैं। वही जब किसानों ने व्यापारी से खराब बीज देने की शिकायत की तो वह कोई बात नहीं सुन रहा है। बीज के नाम पर किसानों के साथ धोखा किया गया है। अब किसान अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। एक बार बीज की व्यवस्था करने में परेशानी होती है।

### विद्युत आपूर्ति न होने पर होगा कलेक्ट्रेट का घेराव

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को सम्बोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। प्रत्येक गांव में संचालित गौशालायें सही ढंग से कार्य नहीं कर रही हैं। अन्ना पशुओं के खेतों को नष्ट करने से जिले के किसान बुरी तरह प्रभावित हैं। बुधवार को बुन्देलखण्ड किसान विकास समिति के अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रधान की अगुवाई में किसानों ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपते हुए कहा कि निजी ट्यूबवेल कनेक्शन लेने को तीन सैकड़ा किसानों का पैसा जमा होने के साल भर बाद भी विद्युत सामान नहीं मिला है।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर सख्ती से लगायी जाय रोक

**हमीरपुर।** स्थानीय मीटिंग हाल मे उद्योग बंधु की संपन्न हुयी बैठक में एडीएम ने कहा कि उद्योग बंधु व व्यापार बंधुओं की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए। मिलावटी खाद्य पदार्थों आदि का विक्रय किसी भी दशा में न किया जाए ,इसके नियंत्रण हेतु लगातार प्रवर्तनीय कार्यवाही की जाए। पटाखे आदि का भंडारण विक्रय नियमानुसार अनुमति प्राप्त करने लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही किया जाय। सुमेरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में जल निकासी समस्या को शीघ्र दूर किया जाए। व्यापारियों ने विद्युत कटौती तथा लो वोल्टेज, सुमेरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में जल भराव की समस्या, विद्युत सरचार्ज अधिक होने की भरुआ सुमेरपुर में जलापूर्ति एवं विद्युत व्यवस्था की समस्या, नवीन सब्जी मंडी स्थल मौदहा में शौचालय आदि ना खुलने की समस्या से अवगत कराया।

सुमेरपुर में डेंगु, संक्रामक रोगों की समस्या तथा कुरारा गल्ला मंडी में कांटा खराब होने जैसी समस्याओं से अवगत कराया गया जिसमें मुख्य विकास अधिकारी कमलेश कुमार वैश्य समयबद्ध ढंग से निस्तारित किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया। उपायुक्त वाणिज्यकर जयसेन, जीएमडीआईसी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मोहम्मद फरीद अहमद, व्यापार मंडल राठ के जिला अध्यक्ष के जी अग्रवाल, व्यापार मंडल राठ के नगर महामंत्री प्रमोद बजाज, नगर व्यापार मंडल हमीरपुर के जिला महामंत्री सूर्य कुमार तिवारी, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सुमेरपुर महेश गुप्ता, नगर अध्यक्ष कुरारा साकेत गुप्ता तथा व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे ।

### दलित पीड़िता को धमका रहे आरोपी

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के दुर्गाकुंज तरौंहा की अनुसूचित जाति की मंजू देवी पत्नी सन्त कुमार ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि स्टाफ नर्स उमापाल व उपचारिका मधू देवी व डॉ गिरीश पाण्डेय सोनेपुर जिला अस्पताल के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपीगण धमकी दे रहे हैं। आरोपियों की पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर रही है। बुधवार को दुर्गाकुंज तरौंहा की मंजू देवी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से बढ़े हौसलों के चलते आरोपी धमकी दे रहे हैं। कहते हैं कि सीओ से मिलकर मुकदमा समाप्त करा देंगे। मुकदमे में राजी न होने पर परिवार को जान से मरवा देंगे। पीड़िता ने कहा कि पति का बयान बदलने को दबाव डाल रहे हैं। पीड़िता ने कहा कि आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाये। पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता को न्याय का भरोसा दिया है।

## भाजपा से संबद्ध संगठनों के प्रयास से सकारात्मक समाज की रचनाः पटेल

**चित्रकूट।** भाजपा केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अगुआई में मण्डल अध्यक्षों की अध्यक्षता में मऊ, रामनगर, बरगढ मण्डल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मानिकपुर विधायक आनन्द शुक्ला ने कहा कि भाजपा के निर्माण के पहले संघ व समाज जीवन के अनेक क्षेत्रों में कार्य करने वाले आनुसांगिक संघटनों के सतत प्रयासों से सकारात्मक समाज का पुनर्निर्माण हुआ है।

बुधवार को पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा की निष्ठा व प्राथमिकतायें कल भी वही थी और आज भी वही हैं। केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों, योजनाओं व निर्णयों के क्रियान्वयन में परिलक्षित होती है। दिनेश तिवारी ने कहा कि 2014 के बाद देश में राजनीतिक पटल पर अनेक सकारात्मक बदलाव हुए हैं। दीप से कमल की यात्रा जनसंघ से भाजपा की यात्रा हजारो लाखों कार्यकर्ताओं अथक परिश्रम की गाथा है।


प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ करते सांसद आरके सिंह पटेल आदि।

रामरतन प्रजापति ने कहा कि संगठन व कार्यकर्ता के निरंतर विस्तार और विस्तार के साथ कार्य में स्थिरता लाने के स्थायी प्रयासों के प्रबंधन के लिए केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग ने हर मण्डल की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं को शुरु किया है। प्रशिक्षण कार्यशाला के जिला संयोजक राजेश जायसवाल ने आभार जताया। प्रशिक्षण शिविरों में सांसद आर के सिंह पटेल, प्रदेश मत्री अशोक जाटव, गोसेवा आयोग के सदस्य भोले सिंह, रामरतन प्रजापति, मडल अध्यक्ष बाला जी, प्रदीप सिह, मनीष सिह, राजेश मिश्रा, महेश पाडे, मोनू मिश्रा, राघवेन्द्र सिह, सोनू मिश्रा, श्यानराण शुक्ला, सोनू मिश्रा, जयप्रकाश पाडे, मुन्नालाल प्रजापति, रमेश मिश्रा, सतोष मिश्रा, पारस शुक्ला, ममता तिवारी के साथ सभी जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक व सेक्टर प्रभारियों के साथ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दीपदान मेले के सफल आयोजन को यूपी व एमपी के अधिकारियों ने बनाई रणनीति

● मेले में 30 से 40 लाख श्रद्धालुओ के श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट आने की है संभावना


बैठक करते हुए दोनों प्रान्तों के अधिकारीगण।

**चित्रकूट।** आदि तीर्थ एवं भगवन श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में आयोजित होने वाले दीपदान मेले को कोविड प्रोटोकाल के साथ सकुशल संपन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के अधिकारियों ने कमर कस ली है। बुधवार को जिलाधिकारी चित्रकूट शेषमणि पांडेय, डीएम सतना (मप्र) अजय कठसेरिया तथा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अंकित मित्तल व पुलिस अधीक्षक सतना (मध्य प्रदेश) धर्मवीर सिंह की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई बैठक में धनतेरस, दीपावली मेला, भैया दूज आदि पर्वो को सकुशल संपन्न कराने की रणनीति तय की गई। इस बैठक में दोनों प्रदेशो के अधिकारियों के अलावा साधु-संत भी मौजूद रहे। डीएम शेषमणि पांडेय ने कहा कि किसी भी दशा में कोविड-19 के प्रोटोकॉल को फॉलो करते हुए मेला को सकुशल संपन्न कराया जाये। मास्क लगाना अनिवार्य है,मठ -मंदिरो में सैनिटाइजेशन के साथ -साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाए। दोनों प्रदेशों के अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि सभी विभाग आपस में तालमेल अवश्य बनाकर मेला को सकुशल संपन्न कराएं। दीपदान के दिन रामघाट का लेजर शो बंद रखा जाए तथा पुल भी बंद रहे नाव व पूजन सामग्री की दर अवश्य अंकित कराये। हनुमान धारा की तरफ पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराये। चित्रकूट उप्र में मेला क्षेत्र को नौ जोन तथा 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। सीएमओ से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को देखते हुए एंबुलेंस आदि व्यवस्थाएं पूर्व की भांति सुनिश्चित करले तथा सुबह-शाम पूरे मेला क्षेत्र में सैनिटाइज अवश्य कराये। जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि पूरे मेला क्षेत्र में साफ-सफाई निरंतर कराते रहें परिक्रमा को दोनों तरफ के अधिकारी तीन बार सफाई अवश्य कराएं सफाई के लिए मोबाइल टीम भी गठित की जाए। किसी भी दशा में अन्ना जानवर न घूमें तथा खोया पाया केंद्र सीसीटीवी कैमरे आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाये। पेयजल व्यवस्था पर पेयजल से संबंधित अधिकारियों से कहा कि पार्किंग स्थल व पूरे मेला क्षेत्र में निरंतर बनी रहे पानी की कोई समस्या नहीं होना चाहिए जो पाइप लाइन खराब है उन्हें अभी ठीक करा लिया जाए।

रामघाट पर मां मंदाकिनी गंगा पर मोटर बोट दोनों तरफ पर रहे तथा उप जिलाधिकारी कर्वी व मझगवां सतना सुनिश्चित करें की जो नाव चलाई जाए उन पर नंबर अवश्य डाला जाए तथा सवारियों की क्षमता भी अंकित की जाए। घाट में जिस दिन दीपदान हो उस दिन जलाए गए दीपों को हटाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि यूपीटी सीतापुर से रामघाट तक का सड़क निर्माण कार्य तत्काल पूर्ण करा दें। जहां जहां पर पार्किंग स्थल बनाए जाने हैं वहां पर स्लोप की व्यवस्था अवश्य कराये। वाहनों के आने-जाने में कोई समस्या न हो। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग में जो अंडरग्राउंड केबल का कार्य हो रहा है उसे 10 नवंबर के पहले प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाए। दोनों तरफके विद्युत विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि कहीं पर तार व पोल अगर जर्जर है तो उन्हें तत्काल ठीक करा लिया जाए तथा प्रकाश व्यवस्था के लिए जनरेटर की भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। दीपदान मेला की प्राचीन परंपरा है इसमें कोरोना को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। एआरएम रोडवेज को निर्देश दिए कि और बसों का संचालन कराया जाए तथा स्टेशन मास्टर से भी कहा कि स्पेशल ट्रेनों की भी मांग कर ली जाए। मेला के पूर्व सभी विभाग अपनी अपनी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें ताकि मेला के दौरान कोई समस्या न हो।वहीँ जिलाधिकारी सतना (मप्र) अजय कठसेरिया ने कहा कि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है। ऐसे में दीपदान मेले में ज्यादा भीड़ न हो उसको रोकने की अपील करने की जरूरत है। संभावित भीड़ को देखते हुए मध्य प्रदेश प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। दोनों तरफ के अधिकारी सभी व्यवस्थाओं में एक दूसरे का सहयोग करें। दोनों तरफ के परिक्रमा परिक्षेत्र में नारियल, अगरबत्ती पर पूर्णतया रोक लगाया जाए। मध्यप्रदेश की तरफ 5 अस्थाई पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है पीली कोठी पर भी वाहन नहीं आएंगे। परिक्रमा मार्ग सहित पूरे क्षेत्र को 11 जोन में बांटा गया है सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। कोविड-19 को देखते हुए इस मेला में इस महामारी के ज्यादा फैलने की आशंका को देखते हुए सतर्क रहकर मेला को सकुशल संपन्न कराएं।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अंकित मित्तल ने कहा कि हमारी टीम को सक्रिय रहकर मेला को सकुशल संपन्न कराना है। सभी विभाग जिन अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह पूर्व में ही भ्रमण करके देख लें। ताकि मेला के दौरान समस्या न हो। आपस में कम्युनिकेशन गैप नहीं होना चाहिए दोनों तरफके कंट्रोल रूम के नंबरों का आदान प्रदान अवश्य कर लिया जाए। जिन अधिकारी कर्मचारी जिनकी मेला में ड्यूटी लगाई गई है उसकी भी सूची मोबाइल नंबर सहित आदान-प्रदान कराया जाए। रामघाट व परिक्रमा क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस व्यवस्था रहेगी। दुकानों पर खाद्य पदार्थों को लेकर छापेमारी की कार्यवाही अभी से सुनिश्चित की जाए। सिलेंडर का प्रयोग दुकानों पर न करने दिया जाए। पूरे मेला क्षेत्र का अतिक्रमण हटवाया जाए रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर चेंजिंग रूम व खोया पाया केंद्र बनाया जाए उसमें साइन बोर्ड अवश्य लगाया जाए।

## चौदह किलो गांजे के साथ महिला व युवक को दबोचा

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस अधीक्षक** अंकित मित्तल के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री रोकने को जारी अभियान के तहत कोतवाल कर्वी अरुण कुमार पाठक की टीम व सर्विलांस सेल टीम ने कर्वी बस स्टैण्ड के पास लवलेश पटेल पुत्र काशी प्रसाद निवासी देहरुचमाफी थाना रैपुरा के कब्जे से दस किलो गांजा बरामद कर जेल भेजा है।

बुधवार को कोतवाल की टीम ने भरतकूप थाने के ललती पत्नी अवधकिशोर निवासी टिटिहरा के कब्जे से चार किलो गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्जकर जेल भेजा है। उल्लेखनीय है कि नौ सितम्बर को खोह रेलवे क्रासिंग के पास 80 किलो गांजा बरामद हुआ था। दो लोगों को पुलिस ने दबोचा था। लवलेश पटेल अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया था। कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज होने पर लवलेश पटेल को प्रयास के बाद गिरफ्तार किया गया। टीम में कोतवाली के दरोगा राजीव कुमार, दरोगा आनन्द कुमार मिश्रा, महिला सिपाही संगीता, सिपाही विजेन्द्र, रोहित सिंह व आशीष कुमार यादव शामिल रहे।

इसी क्रम में शिवरामपुर चौकी प्रभारी अजीत कुमार सिंह की टीम ने पडरी गांव में ताश के पत्तों से जुआ खेलते रंगे हाथ अरुण कुमार, पुरुषोत्तम वर्मा, बुद्धविलास वर्मा निवासी चकला गुरुबाबा, लवलेश आरख, राजकिशोर कोरी निवासी पडरी को दबोचा है। इनके कब्जे से मालफड से 6370 रुपये, जामा तलाशी में 920 रुपये व ताश के 52 पत्ते बरामद कर जुआ अधिनियम में चालान किया है।

### यातायात माहः 95 वाहनों का चालान कर वसूला जुर्माना

**चित्रकूट।** एसपी अंकित मित्तल के निर्देश पर यातायात माह के तहत यातायात प्रभारी घनश्याम पाण्डेय व सह प्रभारी योगेश कुमार यादव ने बड़े पैमाने पर 95 वाहनों का चालान कर 77 हजार पांच सौ रुपये जुर्माना वसूला है। बुधवार को यातायात माह के तहत यातायात पुलिस खासी सक्रिय दिख रही है। यातायात प्रभारी व सह प्रभारी ने यातायात व्यवस्था चौकस रखने की गरज से ट्राफिक चौराहा, पटेल तिराहा, शम्भू पेट्रोल पम्प तिराहा कर्वी में वाहनों की जांच की। तीन सवारी, बिना मास्क, बिना हेलमेट, ओवर स्पीड व बिना सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 95 वाहनों का चालान किया। 15 वाहनों से तीन हजार रुपये नकद जुर्माना वसूला। 80 वाहनों से 74500 रुपये ई-पेन्डिंग चालान किया। वाहन चालकों को पम्पलेट के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर स्तर पर प्रोत्साहित करेगा संघः सुब्रत पाठक

● जिला ओलम्पिक संघ कन्नौज की प्रथम बैठक का आयोजन

**कन्नौज।** नगर के जी.टी. रोड स्थित एम. एल. होटल में जिला ओलम्पिक संघ कन्नौज की एक आवश्यक प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सांसद/प्रदेश महामंत्री भाजपा सुब्रत पाठक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद सुब्रत पाठक नें कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए हर स्तर पर हर प्रकार से संघ द्वारा प्रोत्साहित हेतु प्रयास किया जाएगा।

इस ओलम्पिक संघ की संबद्धता उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ से मिल चुकी है, इस सम्बद्धता के संबंध में अध्यक्ष महासचिव एवं उपाध्यक्ष ने स्वयं लखनऊ पहुंचकर सम्बद्धता पत्र प्राप्त किया। सभी खेलों की सम्बद्धता भी जिला ओलम्पिक संघ कन्नौज से की गई है। इसके पश्चात संघ के महासचिव आर एस कठेरिया ने संघ के स्वरूप की व्याख्या की और सभी के कार्य बताए। इस दौरान सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि अभी तक कन्नौज की खेल प्रतिभाओं को निखरने हेतु उचित प्लेटफॉर्म नही मिल पाने के कारण प्रतिभाओं का ह्रास हो जाता था, या पैसे के अभाव में प्रतिभा दब जाती थी। जिला ओलम्पिक संघ का ये प्रयास रहेगा कि आने वाले समय मे प्रदेश और राष्ट्रीय लेबल के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय लेबल पर भी हमारे जनपद की प्रतिभाओं को खेलते हुए देखने को मिलेगा। पिछले वर्ष पूज्य पिता स्व. ओम प्रकाश पाठक की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित हुये स्टेट लेवल क्रिकेट का सफल आयोजन से प्रेरणा लेते हुए जिला ओलम्पिक संघ का गठन करने का विचार मन में आया और उस पर आप सभी के सहयोग से कार्य किया गया, आज परिणाम आप सभी के समक्ष है। जिला उपाध्यक्ष प्रवीण टण्डन ने कहा कि जल्द ही आप सभी अपने अपने खेलों के ब्लॉक और तहसील स्तर पर टूर्नामेंटों का आयोजन शुरू कर जिले स्तर के लिए चुनिंदा प्रतिभाओं को खिलाया जाए और राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रोत्साहित करने का कार्य करना है। जिला ओलम्पिक संघ कन्नौज से विभिन्न खेलों को सम्बद्धता दी। मंच पर जिला ओलम्पिक संघ के अन्य पदाधिकारियों में कोषाध्यक्ष सचिन चतुर्वेदी, महासचिव आर. एस. कठेरिया, उपाध्यक्ष प्रवीण टण्डन, एस. के. सिंह चन्देल, पवन त्रिवेदी, सचिव विवेक सिंह, अभिषेक दुबे, उप सचिव रवि प्रताप सिंह, सह कोषाध्यक्ष अवनीश बेरिया, सदस्य अनिल यादव जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एस के सिंह चंदेल ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा नरेंद्र राजपूत, पवन पाण्डेय, आशुतोष मिश्रा, जीतू तिवारी, रामवीर कठेरिया, अभिमन्यु ठाकुर, मंगलम पाण्डेय, शिवेंद्र कुमार, राजा पाठक, समुद्र श्रीवास्तव, अंकित कठेरिया, संदीप बर्मा, संदीप भदौरिया, श्यामजी ठाकुर, ज्ञानेश चतुर्वेदी, पीयूष तिवारी, धर्मेंद्र बर्मा आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर लगाए जाएंः नबाव सिंह


मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पूर्व सदर ब्लॉक प्रमुख नबाव सिंह।

**कन्नौज।** सपा के पूर्व सदर ब्लॉक प्रमुख की अगुआई में कार्यकर्ताओं नें जिले में बढ़ते डेंगू के जानलेवा कहर को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रदर्शन के उपरांत ज्ञापन सौपा। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा जिस तरह प्रशासन ने कोरोना को लेकर तैयारी की थी परंतु डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी से हर साल सैकडो लोग काल के गाल में समा जाते है परंतु प्रशासन हर साल नींद में सोया रहता है सरकार की आँख तब खुलती है जब सैकडो लोग असमय मौत का सामना करते है छिड़काव के नाम पर करोडो रुपए का बंदर बांट हो जाता है परंतु स्वास्थ्य व्यवस्था जस की तस रहती है हम समाजवादी लोग सरकार और प्रशासन को नींद से जगाने आये है कि जिले में आधा सैकड़ा लोग काल के गाल में समा गऐ है प्रशासन को जो गाव के लोग डेंगू से पीड़ित है वहां पर चिकित्सा शिविर लगाये जाये लोगो को जागरूक किया जाऐं यदि प्रशासन नीद से नही जागा तो हम समाजवादी लोग सड़को पर उतरकर आंदोलन करने के लिये मजबूर हो जाएंगे।

# मारपीट में घायल गर्भवती महिला की मौत, कोहराम

संवाददाता। सुलतानपुर

**बल्दीराय** थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव में दो दिन पहले रंशिजन एक परिवार पर हुए हमले में गर्भवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से गांव में आक्रोश व्याप्त है। पीडित की तहरीर पर पुलिस नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

भवानीपुर गांव निवासी हौसिला प्रसाद की पडोसी से पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि इसी रंजिश में एक नवंबर की शाम विपक्षीगण सावित्रा पत्नी स्वामीनाथ, कंचन पुत्री स्वामीनाथ, राजदेव एवं मंगलदेव पुत्र राम समुझ ने हौसिला प्रसाद के घर लाठी-डंडों से लैस होकर धावा बोल दिया। घर में मौजूद हौसिला की पत्नी भानमती (गर्भवती) को जमकर मारा पीटा। हल्ला-गुहार पर ग्रामीण बीच-बचाव करने पहुंचे तो हमलावर भाग निकले। गंभीर हालत में जख्मी महिला को सीएससी बल्दीराय में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बल्दीराय थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। शव पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। मृतक भानमती के पति हौसिला का कहना है कि विगत छह माह से विपक्षी लड-झगड रहे हैं। आए दिन जान से मारने की धमकी दी जाती रही है। कई बार बल्दीराय पुलिस से शिकायत की गई थी। जान को खतरा बताया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि पुलिस चेती होती तो शायद मेरी पत्नी की जान बच जाती। पीडित परिवार के आरोपों से घिरी बल्दीराय पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है।

काफी दिनों से चली आ रंजिश ने पांच मासूम बच्चों से मां की ममता छीन लिया। मृतक भानमती के चार बेटी और एक बेटा है। सबसे बडी बेटी (14), राधना (12), जयकला (10), बेटा रामकृपाल (8) व सबसे छोटी पुत्र सुरती महज 4 वर्ष की है। मां की मौत से सभी बच्चे अवाक रह गए हैं। घर पर पहुंच रहे नात-रिश्तेदार इन बच्चों को सांत्वना देते हुए अपने-आप को रोने से नहीं रोक पा रहे हैं।

# गुणवत्ता में कमी पर ठेकेदार को फटकार

## अध्यक्ष के साथ नए अधिकारियों ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



संवाददाता। सुलतानपुर

**नगर** पंचायत कोइरीपुर में नाली इंटरलाकिंग समेत अन्य निर्माणाधीन कार्यों का बुधवार को अध्यक्ष की मौजूदगी में अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निर्माण की गुणवत्ता पर अफसरों ने ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई। साथ ही शीघ्र गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया। कोइरीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर साहू, अधिशाषी अधिकारी कु.आरती श्रीवास्तव व अवर अभियंता निर्माण राजकुमार, वरिष्ठ लिपिक रामकृष्ण मिश्र ने संयुक्त रूप से विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्ता पर सुधार को लेकर फटकार लगाई। वहीं पुराने निर्माण कार्य में तेजी लाकर गुणवत्तापूर्ण जल्द पूरा कराने को भी कहा। अधिकारियों ने जवाहर नगर नाली निर्माण कार्य, विवेक नगर इंटर लॉकिंग, पार्क निर्माण व गोशाला निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। सब्जी मण्डी में दो जगह पर टूटे हुये चेम्बर को जल्द से जल्द दुरस्त कराने का निर्देश दिया। इसी के साथ कस्बे के साफसफाई का भी जायजा लिया। इस दौरान कर्मचारियों व ठेकेदारो में हड़कम्प मचा रहा।

## नजदीकी गौ-आश्रय केन्द्र पर भिजवाएं पराली

**गोंडा।** उपनिदेशक कृषि डा. मुकुल तिवारी ने किसानों से अपील किया है कि जनपद के किसान पराली न जलाएं, बल्कि उसे अपने ग्राम पंचायत के सचिव या ग्राम प्रधान अथवा गौ आश्रय केन्द्र के प्रभारी को सूचित कर अपने खेत की पराली नजदीकी गौ आश्रय केन्द्र पर भेजवा सकते हैं। सूचना के बाद पराली उठवाने का कार्य सम्बन्धित गौ आश्रय केन्द्र प्रभारी, पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान द्वारा सुनिश्चित कराई जाएगी। उपनिदेशक ने किसानों से अपील की है वे कि फसल अवशेष जलाए जाने से रोकने के सम्बंध में मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण द्वारा जारी दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं के रोकथाम तथा पराली के यथा स्थान इनसीटू प्रबंधन विषयक आवश्यक दिशा-निर्देश एनजीटी द्वारा प्राप्त हुए हैं। धान के फसल की कटाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।

# गन्ना प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले कृषक को किया सम्मानित



संवाददाता। गोंडा

**बजाज** चीनी मिल कुन्दुरखी परिक्षेत्र स्थित नबाबगंज के गन्ना किसान सत्य प्रकाश तिवारी को शीघ्र पौधा संवर्ग में उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास विभाग द्वारा आयोजित गन्ना प्रतियोगिता वर्ष 2019-20 में 2121 कुन्तल उपज प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर चीनी मिल के इकाई प्रमुख जी.वी. सिंह एवं महाप्रबन्धक (गन्ना) योगेन्द्र सिंह द्वारां संयुक्त रूप से अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इकाई प्रमुख श्री सिंह ने बताया कि कृषक श्री तिवारी गन्ना उपज में अपनी मेहनत एवं परिश्रम से निरन्तर उत्पादन बढाने के उद्देश्य से प्रगतिशील रहे हैं। जिसके फलस्वरूप प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले एवं चीनी मिल का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर चीनी मिल के जोनल हेड मानव संसाधन आर.सी. पाण्डेय, जोनल हेड (वित्त) एस.एन. शुक्ला, उपमहाप्रबन्धक (आई.टी.) यू.के. पाण्डेय, वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक अरूण सिंह, गन्ना प्रबन्धक, साकेत पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# धान की खरीद में लापरवाही पर विधायक ने दी चेतावनी

संवाददाता। करनैलगंज (गोंडा)

**करनैलगंज** क्षेत्र में धान की खरीद में क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा की जा रही लापरवाही पर क्षेत्रीय विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फलल्ला भैया ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि किसानों के धान खरीद में लापरवाही बरती गई तो उसके परिणाम कर्मचारियों के साथ अधिकारियों को भी भुगतना पड़ेगा। उनके विरुद्ध शासन स्तर से जांच के साथ कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में तमाम शिकायतें प्राप्त हो रही है कि धान के किसान अपनी उपज को लेकर क्रय केंद्रों पर कई दिनों से तोल होने का इंतजार कर रहे हैं। मगर क्रय केंद्र पर कभी कर्मचारी नहीं होते हैं तो कभी उन्हें धान में कमी बताकर वापस कर दिया जाता है। यही स्थिति लगातार देखने को मिल रही है। धान क्रय केंद्रों की हालत में सुधार नहीं हुआ या धान की खरीद में लापरवाही की गई तो क्रय केंद्र के प्रभारियों समेत संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों पर कठोरतम कार्रवाई कराई जाएगी। उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर कर उन्हें दंडित कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में धान की फसल अच्छी होने का किसानों को उसका लाभ मिलना चाहिए और यदि उसमें लापरवाही की गई तो क्रय केंद्र प्रभारियों के लिए यह उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में धान की पैदावार लेकर क्रय केंद्र पर पहुंचे किसानों को संतुष्ट करके ही वापस भेजा जाए और धान खरीद में लापरवाही कतई न की जाए। लल्ला भैया ने चेतावनी दी कि जिस क्रय केंद्र की शिकायत उनके पास पहुंचेगी उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए शासन स्तर पर पत्र भेजकर कार्रवाई कराएंगे।

# सोलह लोगों की क्षमता वाली चार मंजिला बैरक बनेगी

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)

**शिवगढ़** थाना परिसर में 89.96 लाख की लागत से बनाए जाने वाले बैरग और विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए क्षेत्रीय भाजपा विधायक रामनरेश रावत, क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र चतुर्वेदी, शिवगढ़ थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने भूमि पूजन किया। विदित हो कि लोक निर्माण विभाग द्वारा शिवगढ़ थाना परिसर में 89.96 लाख की लागत से 16 लोगों की क्षमता वाला 4 मंजिला बैरग और एक विवेचना कक्ष बनाया जाएगा। बुधवार को जिसका भूमि पूजन विधि-विधान पूर्वक क्षेत्रीय भाजपा विधायक रामनरेश रावत, महराजगंज क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र चतुर्वेदी, शिवगढ़ थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव, शिवगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.जीबी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर उपस्थित प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग रायबरेली के सहायक अभियंता गणेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बैरग 4 मंजिला बनाया जाएगा। जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर 4 महिला आरक्षियों के लिए रहने की व्यवस्था होगी। वहीं पहले, दूसरे और तीसरे माले पर पुरुष आरक्षियों के लिए रहने की व्यवस्था रहेगी। जिसमें प्रत्येक फ्लोर में 4 व्यक्तियों के रहने की व्यवस्था रहेगी। श्री त्रिपाठी ने बताया कि इसी लागत में अलग से एक विवेचना कक्ष बनाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व एमएलसी एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह, महराजगंज ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, शिवगढ़ प्रधान संघ अध्यक्ष विनोद सिंह, अवर अभियंता अमन कुमार, नंदकिशोर तिवारी, कप्तान सिंह, एंटी रोमियो टीम प्रभारी राम कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर

**बछरावां।** रायबरेली बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत थुलेडी ग्राम सभा में सैयद मजार ईदगाह के पास महराजगंज रोड पर आज फिर दुर्घटना में महराजगंज की ओर जा रही अनियंत्रित कार में तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। बाइक सवार लगभग 25 मीटर दूर जा गिरा हुआ। वही बाइक पास के ही एक नजदीकी तालाब में जा गिरी। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को एंबुलेंस द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कार बछरावां से महराजगंज की ओर जा रही थी। सड़क पर खड़े लोगों व खेत काटने वालों ने बताया कि बाइक सवार लगभग फुल स्पीड में था और बाइक को कंट्रोल नहीं कर पाया जाकर कार में टक्कर मार दिया।

# बाईपास बंद होने से लग रहा जाम

संवाददाता। लालगंज,रायबरेली



**जिस** बाईपास मार्ग का लोकार्पण स्वयं प्रधानमंत्री ने किया और महज पांच माह में ही वह मार्ग ध्वस्त होने से बंद कर दिया गया हो वह डेढ़ साल बाद भी बंद पड़ा है। उसकी रिपेयरिंग तक न किए जाने व मार्ग न खोले जाने से लोगां में नाराजगी है। बाईपास रोड़ बंद रखे जाने से भारी वाहनों को कस्बे के अंदर से होकर गुंजरना पड़ रहा है जिससे जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। उल्लेखनीय है कि लालगंज में भारी वाहनों के चलते लगने वाले लम्बे जाम से निजात को लेकर ही बाईपास रोड़ बनवाया गया था। जो कि लालगंज-फतेहपुर मार्ग को लालगंज-रायबरेली मार्ग से जोड़ता है। लेकिन निर्माण के महज पांच माह में ही मार्ग तो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ ही चक पंचम गांव के निकट बने रेल ओवरब्रिज के पिलर में भी दरार आ गयी थी जिससे मार्ग को बंद कर दिया गया था। बीती 29 मई 2019 को एडीआरएम समेत एनएचएआई के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया था। ब्रिज को मजबूती देने के लिए नीचे से लोहे के एंगल से पिलर के रूप में सपोर्ट दिया गया है लेकिन अब तक मार्ग को आवागमन के लिए खोला नहीं गया है। जिससे चौपहिया वाहन चालकों को अतिरिक्त चक्कर काटकर नगर के अंदर से आवागमन करना पड़ रहा है। जिससे वह जाम में भी फंस रहे हैं। इसी बाईपास मार्ग निर्माण को लेकर ऐहार के निकट टोल वसूली भी शुरू हुई थी जो मार्ग बंद होने के बाद भी जारी है जिससे लोगों में आक्रोश है।

# सड़क दुर्घटना के प्रति छात्र छात्राओं को किया जागरूक



**श्रावस्ती।** भिनगा यातायात माह नवंबर के अवसर पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जानेण् स्कूली वाहन चालकों व अन्य में यातायात जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु प्रभारी यातायात उ0नि0 राजीव कुमार मिश्रा मय टीम द्वारा लव विद्या पीठ खरगौरा के छात्र.छात्राओं व स्कूली वाहन चालकों व अन्य को यातायात नियमो व संकेतो के बारे में जानकारी देते हुए उनका अनुपालन करने एवं कोविड.19 को ध्यान में रखते हुए मास्क लगाने और वाहन चलाते समय हेलमेट लगानाण् सीट बेल्ट लगाना तथा मोबाइल का प्रयोग न करने के साथ.साथ शराब पीकर वाहन न चलाने ओवर स्पीड व लापरवाही पूर्वक वाहन न चलाने की अपील की गई तथा सभी को यातायात पम्पलेट हैंडविल पोस्टर आदि वितरित किया गया।

# गायब हुए बच्चे का शव नाले में मिला

- 11 दिन पूर्व गायब हुआ डेढ़ वर्षीय बालक

संवाददाता। श्रावस्ती

**इकौना** थाना अंतर्गत ग्राम कासिम बनकटी में 11 दिन पहले गायब हुए डेढ़ वर्षीय बालक का शव बुधवार को घर के पीछे स्थित बरियार नाले मे बरामद हुवा। सूचना पर पहुंची पुलिस व फारेंसिक टीम ने हर पहलुओं का बारीकी के साथ जांच पड़ताल की उसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना इकौना थाना अंतर्गत सौंरूपुर मौजा के कासिम बनकटी निवासी पिल्लू उर्फ कंधई लाल का डेढ़ वर्षीय बालक धर्मेन्द्र कुमार अपनी दादी शांति देवी के साथ 25 अक्टूबर को खेत पर गया था वापस खेत से लौटते समय घर के नजदीक पहुंचकर बालक जिद करके पगडण्डी पर लेट गया तो उसकी दादी उसे वहीं छोड़कर घर चली आयी जब बालक वापस नहीं लौटा तो वह वापस उसी स्थान पर पहुंची तो बालक वहाँ पर नही मिला। तब परिजनो ने खोजबीन शुरू कर दी काफी खोज के बाद भी जब बालक नही मिला तो पिता पिल्लू उर्फ कंधई ने थाना इकौना पर बच्चे के गुमशुदा होंने की तहरीर दी जिसपर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अपहरण की धाराओं में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर बालक की तलाश कर रही थी तभी बुधवार की सुबह खेत की ओर गये ग्रामीणों को बदबू का एहसास हुआ तो लोग नाले की ओर गये जहां बच्चे का शव पड़ा मिला। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी सूचना पाते ही थानाध्यक्ष अनिल दीक्षित मौके पर पहुंचकर कार्यवाही शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस वा फोरेंसिक टीम के साथ घटना के हर पहलू की पड़ताल कर रही है।

# सोते समय तेंदुए के हमले में बालक घायल

- माँ के शोर मचाने पर ग्रामीणों के आ जाने पर बच्चे को छोड़ जंगल की तरफ भागा



संवाददाता। श्रावस्ती

**सिरसिया थाना** अंतर्गत जंगल के करीब बसे ग्राम मेड़किया निवासी अंगनू प्रसाद का सात वर्षीय पुत्र सन्दीप कुमार मंगलवार की रात अपने मां व भाई के साथ बरामदे में चारपाई पर सो रहा था। देर रात लगभग दो बजे के करीब बरामदे में सो रहे संदीप पर तेन्दुए ने झपट्टा मारा ही था उसकी माँ व भाई जग गए और जोर जोर से शोर मचाने लगे। शोर सुनकर घर के अन्य सदस्य के अलावा ग्रामीण भी जग गए टार्च की रोशनी व ग्रामीणों के एकत्र होता देख तेंदुआ बच्चे को छोड़कर जंगल की ओर भाग खड़ा हुआ। लोगों ने इस घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन दरोगा सहित अन्य वन कर्मियों ने गांव पहुंच कर घायल संदीप को सीएचसी सिरसिया में भर्ती कराया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार जख्मी

**सुलतानपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग के चांदा कस्बे के समीप बाइक से आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बे वासियों की मदद से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## क्विक न्यूज

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**लालगंज,रायबरेली।** मोटर का स्टार्टर चालू करने गए युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सोहवल गांव निवासी कृष्ण कुमार सिंह(20) पुत्र बजरंग बहादुर सिंह बुधवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे घर बाथरूम में स्टार्टर का स्विच आन करने गया था। जैसे ही उसने बटन चालू किया वह करंट की चपेट में आ गया।परिजन आनन फानन उसे लेकर लालगंज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाई रमेश सिंह, इंद्रजीत सिंह व दो बहनों रानी व प्रियंका में तीसरे नंबर पर था। उसकी मौत पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### विवाहिता की हालत बिगड़ी

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव पुरनशाहपुर निवासिनी आरती 18वर्ष की हालत एकाएक बिगड़ने पर सीएचसी मे लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।जिसमे कोई फांसी लगाने का प्रयास तो कोई और कोई चर्चा कर रहा था।

### युवक मार्गदुर्घटना मे घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव जिल्लाहवा निवासी सियाराम 45वर्ष पुत्र देवीप्रसाद अपनी बाइक से फिसल जाने पर गंभीर चोट खा गए।जिनको स्थानीय ग्रामीणो की मदद से सीएचसी ऊंचाहार लाया गया जहां पर प्राथमिकउपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### 13 शिक्षिका 7 शिक्षक हुए गुरूजी

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार ब्लाक के अन्तर्ग परिषदीय विद्यालयो मे 13 शिक्षिका व 7 शिक्षक नवंगुतक मिले है।जिनके कार्यभार ग्रहण करवाने के बाद उनको विद्यालय मे भेज दिया गया है।जिसकी पुष्टि बीईओ अनिल त्रिपाठी ने किया है।

### उचक्कों ने पार किया रुपयों से भरा बैग

**लालगंज,रायबरेली।** बैंक अभिकर्ता की बाइक में रूपयों से भरा बैग उचक्कों ने पार कर दिया। मामले की शिकायत पर पुलिसकर्मी सीसी कैमरा चेक करने पहुंचे लेकिन फुटेज में घटना रिकार्ड न होने से वह बैरंग लौट आए। गायत्रीपुरम मजरे आलमपुर निवासी राजेश वाजपेयी सहारा बैंक में अभिकर्ता हैं। बुधवार को सुबह वह किश्त का रूपये लेने रेलवे स्टेशन रोड़ स्थित दूध डेयरी गए थे। उनका रूपयों से भरा बैग बाइक में ही टंगा था उसमें जरूरी अभिलेख भी थे।इसी बीच किसी ने बाइक से बैग गायब कर दिया। बैग में लगभग 30 हजार रूपये थे। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को मामले का शिकायती पत्र दिया है।

### दिव्यांगजन शादी प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए करें आवेदन

**श्रावस्ती।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि दिव्यांग जनसशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी.विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में 15000 रुपये व युवती के दिव्यांग होने की दशामें 20000 रुपये तथा युवक.युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में 35000 रुपये धनराशि प्रदान की जातीहै। शादी.विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु इच्छुक व्यक्ति जिनका विवाह वर्तमान वर्ष एवं गत् वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ है। ऐसे व्यक्ति शादी.विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु विभागीय वेबसाइटआनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र आय व जाति प्रमाणपत्र युवक एवं युवती का आयु प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि का आंकन हो सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र राष्ट्रीय कृत बैंक मे संचालित संयुक्त खाता अधिवास का प्रमाणपत्र एवं युवक एवं युवती के आधारकार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र आनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर करना अनिवार्य है। साथ ही आनलाइन सबमिट आवेदनपत्र की प्रिंट एवं संलग्न प्रपत्रों की हार्ड कॉपी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन श्रावस्ती में कमरा नं0.18 में किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करायें।

### जाम के झाम में फंसा नगर

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार नगर में बुधवार के दिन लखनऊ से प्रयागराज मार्ग व सलोन मार्ग से कोतवाली मार्ग दोनो पर वाहनो की लंबी कतार लगी हुई थी जिसमे कई वाहनो के स्वामियों व चालकों मे आपस मे झड़प तक हुआ।जिसको लेकर स्थानीय स्तर पर यातायात दुरूस्त करने पर पूरे दिन मतहतो के पशीने छुटते रहे।जिसमे एबुलेंस से लेकर कई वाहनो को जाम के झाम मे फंसना पड़ा है।उधर एसडीएम ने बताया कि ये समस्या रायबरेली मे चल रहे डायवर्जन को लेकर है 8नवंबर से समस्या से निजात मिलेगा फिलहान अपने स्तर से जाम हटाने का कार्य किया जा रहा है।

### बिना प्रचार-प्रसार के ही कराई गांव की खुली बैठक

**करनैलगंज (गोंडा)।** बिना ग्राम प्रधान की उपस्थिति व बिना प्रचार-प्रसार के ही गांव की खुली बैठक करा दी गई। विकास खंड करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पाण्डेयचौरा निवासी राजेश सिंह ने खंड विकास अधिकारी, एसडीएम, मुख्य विकास अधिकारी व जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमे कहा गया है कि मंगलवार को ग्राम प्रधान की अनुपस्थिति में बिना किसी सूचना, एजेंडा व डुग्गी मुनादी कराये ही उनके परिवार के सदस्य व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत की खुली बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्या क्या कार्य योजना प्रस्तावित की गई ग्राम पंचायत के लोगो को उसकी कोई जानकारी नही है। जो पंचायत नियमावली के विपरीत व जनता के अधिकारों का हनन है। उन्होंने बैठक को निरस्त करते हुये डुग्गी मुनादी कराकर ग्राम प्रधान की मौजूदगी में बैठक आयोजित कराने की मांग की है। ग्राम प्रधान नीलम सिंह ने बताया कि आरोप निराधार है कुछ आवश्यक कार्य से मुझे बाहर जाना पड़ा। बैठक की अध्यक्षता के लिये ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्य को मेरे द्वारा नामित किया गया था।

### पत्रकार अर्णव गोस्वामी की गिरफ्तारी की आलोचना

**सुलतानपुर।** पत्रकार अर्णव गोस्वामी की गिरफ्तारी से महाराष्ट्र सरकार की चहुंओर आलोचना हो रही है। भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री सरला द्विवेदी ने कहाकि जिस निर्मम तरीके से प्रख्यात पत्रकार के साथ मुंबई पुलिस ने ठाकरे सरकार के इशारे पर बदसलूकी करते हुए गिरफ्तारी की गई वो लोकतंत्र पर एक बदनुमा दाग है। महाराष्ट्र सरकार और मुंबई पुलिस की कार्यवाही से भारत का लोकतंत्र शर्मशार हुआ है। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री को मामले पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिए। प्रेस की आजादी पर हुए हमले को सुप्रीम कोर्ट भी स्वत: संज्ञान लेकर उचित निर्णय लें, यदि ऐसे अधिनायक वादी प्रवृत्ति पर अंकुश नहीं लगा तो देश मे अराजकता फैलेगी। महाराष्ट्र सरकार बर्खास्त हो, राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर नए चुनाव कराए जाय, मुम्बई पुलिस कमिश्नर को तत्काल पदच्युत किया जाय।

### विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**सुलतानपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रम के नवीन 37 प्रारूप पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। डीएम ने विभागवार समीक्षा कर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं में प्रगति लाये तथा जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचायें। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से प्रारूप वार प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

**शिवगढ़ (रायबरेली)** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने गांव की ही युवक पर मारपीट करने एवं अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए शिवगढ़ थाने में लिखित शिकायत की है। महिला ने अपने गांव के ही दीपक सिंह पर आरोप लगाया है कि दीपक सिंह ने उसके कुछ अश्लील वीडियो बना लिए हैं।

# न्याय के बदले मिला झुनझुना

- जांच का आदेश दे कर अधिकारी कर रहे खानापूर्ति
- ऐसे अधिकारी को जांच दे दिया जाता है जिसके पास वाहन तक नहीं
- वाहन और ईधन के अभाव में लंबित है अनगिनत जांचें
- तीन माह बाद भी नहीं हुई हर्रैया ब्लॉक के लबदहिया की छानबीन

संवाददाता। बस्ती

**यह सही** है कि जांच के नाम पर अधिकारी षिकायकर्त्ताओं को झुनझुना थमा दे रहे है। अधिकारी जांच के आदेष तो दे देतें हैं, मगर यह नहीं देखते कि आदेष का पालन हुआ कि नहीं? अगर नहीं हुआ तो क्यों नहीं हुआ? निराष षिकायतकर्त्ता जब अधिकारी के पास पहुंचता है, तो एक और जांच का आदेष दे दिया जाता है। यह सिलसिला कई बार चलता है, मगर जांच पूरी नहीं होती। अगर किसी मामले में जांच पूरी भी हो जाती है, तो कार्रवाई नहीं होती, कार्रवाई कराने के लिए षिकायतकर्त्ता को वहीं प्रक्रिया अपनानी पड़ती है, जो जांच के दौरान अपनाई। ऐसे अधिकारियों को भी जांच अधिकारी बना दिया जाता है, जिनके पास तक नहीं, वाहन है, तो इधन के लिए बजट नहीं। इसी तरह का एक और मामला हर्रैया ब्लॉक के ग्राम लबदहिया का सामने आया है। तीन माह पहले डीएम की ओर से जांच के आदेष दिए गए, मगर जांच आज तक नहीं हुई, जांच अधिकारी के पास वाहन ही नहीं।लगभग तीन माह पहले हर्रैया ब्लॉक के ग्राम पंचायत लबदहिया निवासी पषुपतिनाथ ने कमिष्नर और डीएम से मिलकर प्रधान और सेक्रेटरी पर षौचालय, मनरेगा, राज्य एवं 14वें वित्त आयोग के धन का बंदरबांट करने की षिकायत करते हुए जांच कराने की मांग की। डीएम ने जिला सेवा योजना अधिकारी को जांच अधिकारी बनाते हुए 15 दिन में जांच रिपोर्ट देने का आदेष दिया। 15 दिन कौन कहे, तीन माह बीत गए, जांच का पता नहीं चला। षिकायतकर्त्ता का कहना है कि जब भी जांच अधिकारी के पास जांच के लिए जाते हैं, तो कहा जाता है कि वाहन ले आइए तो जांच करने जाउंगा। अब जरा अंदाजा लगाइए, एक आम षिकायतकर्त्ता वाहन के नाम पर हजारों रुपया क्यों खर्च करेगा? यह वही जांच अधिकारी हैं, जो बहादुरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत पिपरा गौतम में इस लिए जांच करने नहीं जाते थे, क्यों कि इनके पास वाहन नहीं था। किसी तरह जांच करने पहुंचे भी तो गांव वालों ने जांच में पारदर्षिता न होने पर इन्हें दो घंटें तक बंधक बनाए रखा। बिना जांच किए वापस लौटना पड़ा। इस घटना के बाद अधिकारी ने जांच करने से ही इंकार कर दिया, यहीं प्रधान और सेक्रेटरी भी चाहते थे।

## बिना निस्तारण के ही कर दिया निस्तारित

आईजीआरएस में किस तरह फर्जी रिपोर्टिंग हो रही है, उसका सबूत उस आईजीआरएस स्टेटस् से पता चलता है जिसमें पषुपति नाथ के मामले में दी। मंडलायुक्त स्तर पर की गई षिकायत में कहा गया कि मामले को निष्क्षेपित कर दिया गया, वहीं सीडीओ स्तर के स्टेटस् से पता चलता है कि मामले को निस्तारित कर दिया। जबकि षिकायतकर्त्ता को इसकी कोई जानकारी नहीं दी, कहते हैं कि बिना गांव में जांच किए निष्क्षेपित और निस्तारित होने की रिपोर्ट लगा दी गई। कीते हैं कि अ बवह इस मामले को कोर्ट में ले जाएंगे।

# प्रधान और सेक्रेटरी नहीं बल्कि गांव वाले बनाएंगे विकास की योजना

- सबका साथ सबका विकास को साकार के लिए बनी जन योजना 21-22

संवाददाता। बस्ती



**जिलाधिकारी** आषुतोष निरंजन ने बताया कि गावों के समग्र विकास के लिए जनयोजना 21-22 बनाई जा रही है। इस योजना की खास बात यह है कि गांव में जितने भी विकास की योजना बनेगी वह गांव वाले मिलकर बनाएगें। गांव के समुचित विकास के लिए किन-किन चीजों की आवष्यकता होगी इसका फैसला गांव वाले करेंगे। इस योजना में पहली बार महिलाओं और बच्चों की सुख सुविधा और उनकी समस्याएं षामिल होने जा रही है। सबका साथ सबका विकास को साकार करने के लिए जनयोजना बनाई जा रही है। बताया कि इसयोजना के बाद अब किसी को यह षिकायत नहीं रहेगी कि कार्य योजना को प्रधान और सेक्रेटरी ने अपनी इच्छानुसार घर में बैठकर बना लिया। इस योजना में एक साथ सभी विभागों को समन्वय स्थापित किया जाएगा।बताया कि कार्ययोजना तैयार करते समय ग्राम पंचायतों को यह ध्यान देने की आवष्यकता होगी कि वार्षिक कार्ययोजना की कुल अनुमानित लागत वित्तीय वर्ष में प्राप्त होने वाली अनुमानित धनराषि से 10 से 15 फीसद अधिक न हो। ग्राम पंचायतों के सामायिक आर्थिक विकास के लिए ग्राम्य विकास विभाग द्वारा हर ग्राम पंचायत का मूल्यांकन मिषन अन्त्योदय में तय प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें ग्राम पंचायतों की संरचनात्मक, आर्थिक और मानव विकास के सूचकांकों के आधार पर रैंकिगं की जाएगी। जरुरी सुझाव और आवष्यकताओं को वार्षिक कार्ययोजना का भाग बनाते हुए ग्राम सभा के अनुमोदन के बाद ई- ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। ग्राम सभा की जियो टैग फोटो अपलोड करनी होगी, और सार्वजनिक स्थल पर वार्षिक कार्ययोजना व अन्य योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए बोर्ड लगाए जाएंगे। कार्ययोजना को प्लान प्लस पर भी अपलोड करना होगा। गांव में इसकी नेषनल मानिटरिगं की भी व्यवस्था बनाइ गई है। बताया कि 31 जनवरी 21 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत की कार्ययोजना तैयार कर लेने के निर्देष दिए गएं है।

## ग्यारह व्यक्ति पर गुण्डा एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

**सोनभद्र।** जिला मजिस्ट्रेट एस0 राजलिंगम ने जिले के अमन व चैन कायम रखने के लिए जिले के ग्यारह व्यक्ति को गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही कर 6 महीने के लिए जिला बदर कर दिया है। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के थाना-कोन क्षेत्र के हर्रा निवासी मोतीलाल गोड़ कुमार पुत्र रामपति गोड़, थाना कोन क्षेत्र के हर्रा निवासी सतीश कुमार पुत्र जवाहिर प्रसाद, थाना कोन क्षेत्र के हर्रा निवासी मुन्नीलाल पुत्र स्व0 शोभनाथ थाना कोन क्षेत्र के हर्रा निवासी मिथिलेश कुमार पुत्र सुदेश्वर प्रसाद को 6 महीने के लिए जिला बदर किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि अवांछनीय कार्य करने और गुण्डा होने की जानकारी मिलने पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही जारी रहेगी।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पोषाहार की जगह अब सूखा राशन का होगा वितरण

**सोनभद्र।** जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 5 नवम्बर से कुछ बदलावो के साथ राशन का वितरण किया जाएगा। इसके लिए बाल विकास विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। नये नियम के तहत अब फोर्टीफाइड अनुपूरक पोषाहार की जगह सूखा राशन जैसे गेहूं, दाल, चावल व दुग्ध पदार्थ का वितरण किया जायेगा।बाल विकास विभाग ने राशन के वितरण में बदलाव लाने के बाद 5 नवम्बर से अक्टूबर माह के राशन का वितरण शुरू करेगा। जिसके तहत जिले के 2079 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अब सूखे राशन के वितरण की प्रणाली को नवम्बर माह से लागू किया गया है। इसके लिए विभाग अक्टूबर माह में ही सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पत्र के माध्यम से भी अवगत करा दिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि शिशु, गर्भवती, धात्री व किशोरियों के स्वास्थ्य व सही पोषण को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभाग के माध्यम से लाभार्थियों को दिए जा रहे फोर्टीफाइड अनुपूरक पोषाहार (वीनिंग फूड, मीठा, नमकीन, दरिया व लड्डू प्रीमिक्स ) के स्थान पर सूखा राशन गेहूं, दाल, चावल व दुग्ध पदार्थ जैसे देसीघी, स्किम्ड, मिक्स पाउडर केन्द्र से वितरित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि गर्भवती, धात्री, महिलाओं व 11 से 14 वर्ष की किशोरियों को प्रतिमाह 2 किलो गेहू, 1 किलो चावल, 750 ग्राम दाल एवं तिमाही 450 ग्राम देशी घी, 750 ग्राम स्किम्ड मिक्स पाउडर पोषाहार के रूप में विभाग द्वारा उपलब्ध कराने का काम किया जायेगा। 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों को प्रतिमाह 1.5 ग्राम गेहूं, 1 किलो चावल, 450 ग्राम दाल एवं तिमाही 450 ग्राम देशी घी, 400 ग्राम स्किम्ड मिक्स पाउडर दिया जायेगा। यह व्यवस्था 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों पर भी लागू है। इसी प्रकार अति कुपोषित बच्चों को प्रतिमाह 2.5 किलो गेहूं, 1.5 किलो चावल, 500 ग्राम दाल एवं तिमाही 900 ग्राम देशी घी, 750 ग्राम स्किम्ड मिक्स पाउडर पोषाहार के रूप में वितरित किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व की भांति ही नवीन ड्राईराशन भी कलर कोडेड होगा। गर्भवती व धात्री के लिए पीला, 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों के लिए आसमानी नीला, 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए हल्का हरा, किशोरियों के लिए गुलाबी व अति कुपोषित बच्चों के लिए लाल रंग की पैकेजिंग में ड्राई राशन का वितरण विभाग व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से कराया जायेगा।

# डीडीओ से जॉच कराये जाने का ग्रामीणों ने किया मांग

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम बरी निवासी विनोद कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए गांव में हुए विकास कार्यो की अनियमित्ता की जॉच जिला विकास अधिकारी से कराये जाने की मांग की है। उन्होने सम्पूर्ण समाधान




दिवस में भी शिकायती पत्र दिया। ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम पंचायत बरी में ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमित्ता एवं घोटाले का लाभ ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी के लेने का आरोप ग्रामीणो ने लगाया है। प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणो में पूर्व सीआरपीएफविनोद कुमार चतुर्वेदी, पंकज कुमार मिश्र, राधेश्याम, शिवम, अतुल, नागेन्द्र चतुर्वेदी, दिलीप, सुजीत, पंकज कुमार मिश्र, राहुल मौर्या, फूलदेव, जगदेव सहित दर्जनो ग्रामीणो ने कहा है कि मनरेगा के तहत कराये गये कामो में मजदूरो की संख्या बहुत कम है कुछ फर्जी अपात्रो को भी मनरेगा मजदूर नामित किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अपात्रो को दिया जा रहा है। शौचालय निर्माण में फर्जी भुगतान कराये गये सहित ग्रामीणों 8 बिन्दु पर अपनी शिकायतो को कहा है। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विनोद कुमार चतुर्वेदी ने उक्त मामले में जिला विकास अधिकारी से जॉच कराये जाने की मांग की है।

# नपा के खिलाफनिर्णायक संघर्ष छेड़ेंगे व्यापारी




बैठक में मुद्दों पर विमर्श करते व्यापारी

संवाददाता। बस्ती

**शहर में** छुट्टा पशुओं के आतंक, खराब सड़को और गृहकर एवं जलकर में धांधली के खिलाफबस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल निर्णायक संघर्ष छेड़ेगा। पुरानी बस्ती में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। नगर इकाई महामंत्री संजय अग्रहरि के आवास पर हुई बैठक में सांगठनिक विस्तार और व्यापारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। युवा इकाई जिलाध्यक्ष की ओर से शहर में छुट्टा पशुओं के आतंक, गृहकर एवं जल कर में की जा रही धाधली तथा नगरपालिका क्षेत्र की खराब सड़कों के मुद्दे पर चर्चा की गई। श्याम कालोनाइजर्स के श्याम गुप्ता को सांड द्वारा पटक- पटक कर मार डालने का मुद्दा छाया रहा। व्यापारियों ने कहा कि नगरपालिका की मनमानी से शहरी क्षेत्र की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। समय रहते अधिशाषी अधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष ने समस्याओं से राहत दिलाने के लिए ठोस कदम नही उठाया तो व्यापारी इसके खिलाफ आन्दोलन को बाध्य होंगे। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता,संचालन महामंत्री सूर्य कुमार शुक्ल ने किया। जिलाध्यक्ष आनंद राजपाल ने सभी इकाइयों की सहमित से इन मुद्दों को लेकर निर्णायक संघर्ष छेड़ने का ऐलान किया। बैठक में युवा अध्यक्ष अर्जित कसौधन, संजय अग्रहरि, धर्मेन्द्र कसौधन, अशोक श्रीवास्तव, सुनील कुमार गुप्ता, परशुराम, अदालत प्रसाद व अन्य शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### रिक्तियों को भरने के लिए कार्यक्रम तय

**संतकबीरनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने सर्व साधारण के सूचनार्थ बताया है कि उ0प्र0 विधान परिषद खण्ड शिक्षक निर्वाचक क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य का कार्यकाल दिनांक 06 मई 2020 को समाप्त हो जाने के कारण हुई रिक्तियों को भरने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम नियत कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गोरखपुर-फैजाबार खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक 05 नवम्बर 2020(बृहस्पतिवार) को, नाम निर्देशन हेतु अंतिम दिनांक 12 नवम्बर 2020(बृहस्पतिवार), नाम निर्देशन पत्रों की जांच हेतु दिनांक 13 नवम्बर 2020(शुक्रवार), नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक 17 नवम्बर 2020(मंगलवार), नियत किया गया है। दिनांक 01 दिसम्बर 2020(मंगलवार) को पूर्वान्ह 08 बजे से सांय 05 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया है। मतगणना दिनांक 03 दिसम्बर 2020(बृहस्पतिवार) को की जाएगी।

### वाहन पर रेट्रो रिफलेटिव टेप न होने पर हो जुर्माना: रविकांत

**मिर्जापुर।** संभागीय परिवहन मोटरयान नियमावली 1989 को नियम 104 के तहत व्यवसायिक वाहनों में रेट्रो रिफ्लेटिव टेप के तहत नियम है। यह टेप गाड़ियों के अनुसार विभिन्न प्रकार के आकारों में लगाया जाना आवश्यक है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रविकांत शुक्ल ने बताया प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जा? के मौसम में कुहरेध्धुन्ध के कारण रात्रि में स?क पर ख? वाहनों में रेट्रो रिफ्लेटिव टेप न होने के स्थिति में वाहन का दिखाई देना अत्यन्त कठिन हो जाता है। जिसके कारण स?क की दुर्घटना होने की सम्भावन अत्यन्त बढ़ जाती है। इसको देखते हुए विभागीय अधिकारियों ने इसके लिए चार सदस्यीय टीम का भी गठन किया है। जो शहर के अन्दर आने वाले विभिन्न मार्गो पर रेट्रो रिफ्लेटिव टेप लगाने का कार्य करेगी।

### औचक निरीक्षण में बन्द मिले चार परिषदीय विद्यालय

**बस्ती।** सदर एवं नगर क्षेत्र के परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के औचक निरीक्षण में चार विद्यालय बन्द पाए गए। चारो विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, आठ सहायक अध्यापक, 15 शिक्षामित्र और दो अनुदेशक को नोटिस जारी कर बीएसए जगदीश प्रसाद शुक्ल ने एक सप्ताह में स्पष्टीकरण तलब किया है। विकास खण्ड सदर एवं नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का बीएसए,बीईओ, जिला समन्वयक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालयों के खुलने, शिक्षकों, शिक्षामित्रों की उपस्थिति, कम्पोजिट ग्रांट से कराए जा रहे कार्यो की जांच की गई। एक सौ आठ विद्यालयों के निरीक्षण में चार विद्यालय बन्द पाए गए। जबकि 36 कम्पोजिट ग्रांट से किए जा रहे 36 कार्यो में खामियां पाई गई। अनुपस्थित मिले चार प्रधानाध्यापको, आठ सहायक अध्यापकों, 15 शिक्षामित्रों, दो अनुदेशक से अनुपस्थिति और विद्यालयों के बन्द रहने के बारे में स्पष्टीकरण तलब किया गया है, जबकि कम्पोजिट ग्रांट से किए जा रहे आपरेशन कायाकल्प, दीक्षाएप, लर्निंग आउटकम से सम्बन्धित कार्य में मिली कमियों को पूर्ण कराते हुए फोटोग्राफएवं अनुपालन आख्या एक सप्ताह में उपलब्ध कराए जाने का आदेश दिया गया है।

### पण्डासमाज की आमसभा में चुनाव कराने की उठी माँग

**मीरजापुर ।** पण्डासमाज समाज द्वारा आहूत आमसभा में पण्डासमाज व विन्ध्य विकास परिषद के चुनाव को लेकर भारी हंगामा ख?ा हुआ । साथ ही में विन्ध्य कॉरिडोर को लेकर भी लोगों में भारी विरोध देखा गया । मंगलवार के दिन लगभग ढाई बजे विन्ध्यवासिनी मन्दिर पर स्थित पण्डासमाज कार्यालय में आमसभा बुलाई गई । सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में एक सिरे से सभी ने वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल की पूर्णता का हवाला देते हुए अबिलम्ब चुनाव कराने की बात कही । इसके अतिरिक्त कॉरिडोर योजना स्थगित करने की भी जोरदार आवाज उठी । लोगों ने जिलाप्रशासन के ऊपर योजना के सम्बंध में पारदर्शिता न रखने का आरोप लगाया । मुख्यरूप से मन्दिर की चौहद्दी अभी भी स्पष्ट नही हो पाई है । आमसभा के दौरान पण्डासमाज के समस्त पदाधिकारियों के अलावा सैकडों लोग उपस्थित रहे ।

### आग से मकान सहित 15 बीघे धान की फसल खाक

**मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चंद्रगढ मुडेल गांव निवासी गिरधारी के घर में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थिति मे लगी आग से कच्चे मकान के साथ खलिहान मे रख्खा 15 विघे धान का डाठ जल गयागृहस्थी का सामान बचा रहे नाती संदीप 22 व माता फुलवंता 40आग की चपेट में आकर झुलस गयी वंही सामान सहित खाद्यान्न व बगल में स्थित खलिहान जिसमें रखा पांच बीघे की धान की फसल तथा बगल के खलिहान में स्थित बेटे रामलखन व रामधारी के खलिहान में भी आग पकड लिया जिससे दस बीघे की धान कि फसल जलने लगी और आग बिकराल रुप धारण कर लियाआग लगने की सूचना पर पंहुचे ग्रामीणों ने बताया की फायर ब्रिगेड की गाडी को सूचना दिया लगभग तीन घंटे के बाद जिला मुख्यालय से आई फायर ब्रिगेड की गाडी लेकिन तब तक आग से फसल व सामान नष्ट हो गया है।

# वाहनों पर लगाया गया रिफ्लेक्टर शराब पीने वालों की जॉच की गई



रिफ्लेक्टर लगाते टीएसआई।

**संतकबीरनगर।** यातायात जागरुकता माह के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात के प्रवेक्षण में बुधवार को प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्र द्वारा शहर खलीलाबाद के मेहदावल बाईपास पर दुर्घटना से बचाव हेतु स्कूल वाहनों, पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहनों, रोडवेज बसों, आटो रिक्शा, इत्यादि वाहनों पर रिफ्लेक्टर चिपकवाया गया, तथा यातायात नियम का पालन करने संबंधित स्टीकर लगवाया गया से संबन्धित बैनर लगवाये गये, तथा लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दिया गया साथ ही यातायात जागरुकता के क्रम मे पम्पलेट भी वितरित किया गया। इस मौके पर यातायात पुलिस के एच0सी0पी0 अनिल शर्मा, एच0सी0पी0 भोला प्रसाद एच0सी0पी0 नन्द लाल, का0 कृष्णानन्द पाण्डेय व यातायात पुलिस के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। टीएसआई संतोष कुमार मिश्र द्वारा यातायात जागरूकता माह के तहत चौथे दिन वाहन चालको के शराब पीने की भी जॉच मशीन द्वारा की गई।

# प्रमुख सचिव ने धान खरीद के प्रगति की ली जानकारी

- नाथनगर धान क्रय केन्द्र निरस्त

संवाददाता। संतकबीरनगर



वीसी में उपस्थित जिलाधिकारी

**खरीफ विपणन** वर्ष 2020-21 में कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव खाद्य तथा रसद विभाग तथा आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग लखनऊ द्वारा बुधवार को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से धान खरीद की समीक्षा बैठक की गयी जिसमें जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला खरीद अधिकारी के साथ-साथ जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला प्रबन्धक पी0सी0एफ0 एवं जिला प्रबन्धक पी0सी0यू0 भी उपस्थित रहे। जिले के प्रत्येक मण्डी में किसान सहायता केन्द्र की स्थापना किया जाये, किसानों की सहायता हेतु टोकन निर्गत करने और धान विक्रय हेतु सहायता प्रदान की जाये, छोटे किसानों को प्राथमिकता दी जायेगी विशेष कर 50 कु0 तक की धान विक्रय करने वाले किसानों की प्राथमिकता दी जायेगी। 100 कु0 या उससे अधिक विक्रय करने वाले किसानों का सत्यापन कराना अनिवार्य रहेगा, साथ ही सत्यापन के पश्चात बिक्री करते समय उन किसानों की फेटोग्राफी भी की जायेगी। जिलाधिकारी ने जिले में हरदिया रोग के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव को अवगत कराया, इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव ने बताया उनके द्वारा भारत सरकार से गुण विर्निदिष्टियों में शिथिलता हेतु पत्र प्रेषित किया जायेगा तथा क्रय केन्द्रों का तहसील स्तर के अधिकारियों को लगाकर औचक निरीक्षण कराया जाये तथा किसी भी क्रय केन्द्र द्वारा फर्जी या बिचौलिये से खरीद करने पर उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करायी जाय। इसी क्रम में तहसील मेंहदावल में स्थित धान क्रय केन्द्र उत्कृष्ट एग्रो प्रोड्यूसर क0लि0 नेतारी की जांच आख्या के अनुसार मौके पर केन्द्र प्रभारी घनश्याम (मोबाइल नम्बर 9838115020) अनुपस्थित पाये गये तथा धान क्रय केन्द्र बन्द पाया। आस-पास लोगो से पूछताछ करने पर पता चला कि केन्द्र एक दिन भी खुला था तथा किसी भी किसान का धान नही खरीदा गया, बैनर भी बाहर लगा हुआ नही मिला। इसके अतिरिक्त जिला प्रबन्धक, पी0सी0यू0 के कार्यालय द्वारा स्टाफकी कमी एवं धनराशि के अभाव में धान क्रय केन्द्र नाथनगर को बन्द करने हेतु अनुरोध किया गया है। उपरोक्त के दृष्टिगत खाद्य विभाग से सम्बद्व उत्कृष्ट एग्रो प्रोड्यूसर क0लि0 नेतारी एवं पी0सी0यू0 के नाथनगर धान क्रय केन्द्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाते है। जनपद में अब कुल 71 क्रय केन्द्र होंगे।

# स्नातक शिक्षक निर्वाचक नामावली में शामिल होने के लिए करें आवेदन

**सोनभद्र।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वाराणसी खण्ड स्नातक एवं वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचक नामावलियों की तैयारी पुनरीक्षण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के उप नियम 31(3) के अन्तर्गत अर्हता तिथि 01-11-2019 के आधार पर दिनांक 28 जनवरी 2020 को प्रकाशित अन्तिम मतदाता सूची के पश्चात समस्त पदाभिहित स्थलों पर दावा आवेदन प्रारूप-18 व प्रारूप-19 में प्राप्त कर अद्यतिकरण करने की कार्यवाही निरन्तर चल रही है। ऐसे समस्त पात्र अभ्यर्थी जिनका नाम अभी तक खण्ड स्नातक शिक्षक निर्वाचक नामावली में शामिल नही है वे अपना आवेदन अपने निकटतम् निम्न पदाभिहित स्थलों पर दाखिल कर सकते है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में सर्वसाधरण से यह अपील है कि अपना या अपने परिवार के अतिरिक्त बल्क में फार्म नही जमा करेगें उन्होंने बताया कि मतदेय स्थल संख्या-150 के लिए विकास खण्ड कार्यालय घोरावल हेतु तहसीलदार घोरावल 9454416850 को पदाभिहित नामित किये गये हैं, इसी प्रकार से मतदेय स्थल 151 के लिए राजा शारदा महेश इं0का0 राबर्टसगंज कमरा न0 2, 152 राजा शारदा महेश इं0का0 राबर्टसगंज कमरा न0 5 व 152 अ राजा शारदा महेश इं0का0 राबर्टसगंज कमरा न0 6 के लिए तहसीलदार राबट्र्सगंज 9454416848 को, मतदेय स्थल संख्या-153 हेतु सीमेन्ट फैक्ट्री इं0का0 चुर्क के लिए प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सोनभद्र 9415883925 को, मतदेय स्थल संख्या-154 हेतु विकास खण्ड कार्यालय के लिए चतरा खण्ड विकास अधिकारी, चतरा,9454465137 को मतदेय स्थल संख्या-155 हेतु विकास खण्ड कार्यालय, चोपन के लिएखण्ड विकास अधिकारी, चोपन, 9454465135 को, मतदेय स्थल संख्या 156, 157 व 157अ के लिए इं0का0 ओबरा प्रथम पार्श्व इं0का0 ओबरा द्वितीय पार्श्व इं0का0 ओबरा मध्य पार्श्व हेतु संजय कुमार, अधि0अभि0 ओबरा बांध प्रखण्ड, ओबरा 9415794329 को मतदेय स्थल संख्या 158 हेतु विकास खण्ड कार्यालय के लिए दुद्धी खण्ड विकास अधिकारी, दुद्धी 9454465140 को मतदेय स्थल संख्या 159 हेतु जिला परिषद प्रा0पा0 बीजपुर के लिए खण्ड विकास अधिकारी, वभनी, 9454465141 को मतदेय स्थल संख्या 160 व 161 हेतु उ0मा0वि0 रेनुकूट प्रथम पार्श्व तथा उ0मा0वि0 रेनुकूट द्वितीय पार्श्व के लिए गोविन्द यादव सहायक श्रमायुक्त पिपरी, 9760880281 को मतदेय स्थल संख्या 162 रा0इं0का0 पिपरी के लिए उप जिलाधिकारी, दुद्धी 9454416846 को मतदेय स्थल संख्या 163, 164 व 164 के लिए रा0इं0का0 अनपरा, क0न0 1 रा0इं0का0 अनपरा, क0न0 2,रा0इं0का0 अनपरा, क0न0 3 के लिए सरजू राम उप श्रमायुक्त पिपरी 9454453609 और मतदेय स्थल संख्या 165 हेतु प्रा0पा0 बीना के लिए तहसीलदार दुद्धी को पदाभिहित अधिकारी नामित किये गये हैं।

# मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए 17 से होगा आवेदन

संवाददाता। बस्ती



तैयारी बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता करते डीएम

**सभी विधानसभा** क्षेत्र में एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाता सूची मे अपना नाम दर्ज कराने के लिए 17 नवम्बर से आवेदन कर सकेंगे। यह जानकारी जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष निरंजन ने दी। कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ तैयारी बैठक में सभी से सहयोग से अपील करते हुए अनुरोध किया कि प्रत्येक मतदेय स्थल के लिए एक व्यक्ति तैनात कर दें, जो बीएलओ के कार्य में सहयोग करें। कहा कि पूर्व में 16 को मतदाता सूची का प्रकाशन होना था परन्तु अब 17 नवम्बर को इसका सभी मतदेय स्थल पर प्रकाशन किया जाएगा। 17 नवम्बर से 12 दिसम्बर तक दावें एवं आपत्तियां ली जाएंगी। 4 विशेष अभियान तिथिया 28 नवम्बर, 5, 13 एवं 22 दिसम्बर निर्धारित है। इस दिन सभी बीएलओ मतदाता सूची, सभी प्रकार के फार्म लेकर मतदेय स्थल पर उपलब्ध रहेंगे। कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची देख और नि:शुल्क फार्म लेकर भर सकेगा।निर्देश दिया कि सभी मान्यता प्राप्त दलों को बीएलओ की सूची और मतदाता सूची उपलब्ध कराएं। सभी दलों को ई-मेल से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश भेजवाते रहे ताकि राजनैतिक दलों को निर्देशों की जानकारी हो सके। एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश चन्द्र ने बताया कि 5 जनवरी तक सभी दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण, 15 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकशन किया जाएगा। बैठक में निर्वाचन अधिकारी/अपर उप जिलाधिकारी राजेश सिंह, उप जिलाधिकारी नन्द किशोर कलाल, आशाराम वर्मा, नीरज प्रसाद पटेल, आनन्द श्रीनेत, राजनैतिक दलों से शिव कुमार गौतम, केके तिवारी, अरविन्द श्रीवास्तव, अशर्फी लाल, सदानन्द शर्मा, जय प्रकाश शुक्ल, फूल चन्द्र श्रीवास्तव व अन्य मौजूद रहे।

## टैंकर से तेल चोरी करने वाला गिरफ्तार

मुगलसराय ( **चन्दौली** )। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को टेंकर से तेल चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से टैंकर, ड्रम समेत तेल निकालने के उपकरण भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार आरोपी तेल चोरी धंधे में काफी समय से लिप्त था। उसके खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में कार्रवाई की गई।

कोतवाली में बुधवार को सीओ सदर ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों मिल्कीपुर के पास मिक्सर प्लांट के बगल मे तेल टैंकरों से चोरी से तेल कटिंग कर आर्थिक लाभ कमाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध छापेमारी की गई थी। जहां से एक टैंकर से पाइप के जरिए 450 लीटर तेल निकाला गया था। मकान से पांच ड्रम में 450 लीटर डीजल भराए 13 ड्रम खाली, दो कुप्पी, दो पाइप, चार कम्पाट बरामद हुआ था।

# बस्ती का सबसे अधिक भ्रष्ट गांव मुनियांव खुर्द!

### हर्रैया के इस गांव के लगभग 450 लोगों ने की सीएम पोर्टल पर दर्ज की शिकायत, सदर के गनेशपुर के लोग भी पीछे नहीं रहे, 270 ने खोली विकास की पोल

संवाददाता। बस्ती

**हर्रैया** तहसील के ग्राम पंचायत मुनियांव खुर्द को जिले का सर्वाधिक भ्रष्टाचार वाले गांव का तमगा मिला। इस गांव के साढ़े चार सौ ग्रामीणों ने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल आईजीआरएस में की। सदर तहसील का गनेषपुर में दो सौं, रुधौली के रुधौली कला के 180 और भानपुर के ग्राम अमरौली शुमाली के 150 ग्रामीणों ने जिस तरह भ्रष्टाचार के खिलाफ तान छेड़ा,उससे पता चनता है कि ग्रामीणों में प्रधान और सेक्रेटरियों के प्रति कितनी नाराजगी और गुस्सा व्याप्त है। यह वे शिकायतें हैं जो रिकार्ड में हैं। अलबत्ता, अनेक ऐसी शिकायतें हुई है, जिसका कोई रिकार्ड नहीं है। आईजीआरएस से अधिक शिकायतें कमिश्नर, डीएम, एडीएम, एसडीएम के जनता दरबार में और सम्पूर्ण समाधान दिवस में आते है। वैसे तो आईजीआरएस में एक गांव में सौ से अधिक शिकायतकर्त्ताओं की संख्या अधिक है। देखा जाए तो हर्रैया तहसील में सबसे अधिक शिकायतें आईजीआरएस में पंजीकृत कराई गई। इनमें सबसे अधिक मुनियांव खुर्द के लगभग साढ़े चार सौ, पचवस के 109, खम्हरिया सुभात के 156, गौर के 104 परासडीह के 210, साउंडीह के 153, रखिया के 124, मलौली गोसाई के 76, वीरपुर खरहरा के 69, केशवपुर के 72 एवं हरदीखास के 86 लोगों ने शिकायतें दर्ज कराया। सदर तहसील के ग्राम गनेशपुर 266, नगर खास के 123 एवं कलवारी मुस्तकहम के 125, भानपुर तहसील के ग्राम अमरौली षुमाली के 135, औड़जंगल के 105 एवं आमा के 140 और रुधौली तहसील के ग्राम रुधौली कला के 175, पैड़ा के 80 एवं मझौवा कला के 70 जागृति लोगों ने अपनी जिम्मेदारी समझकर गांव के विकास में हो रही अनियमितता की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## बैसवारा इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

लालगंज ( **रायबरेली** )। रायबरेली के राजकीय विद्यालय में आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति क्विज प्रतियोगिता में बैसवारा इंटर कॉलेज से अखंड प्रताप सिंह, कुमारी दिव्या त्रिवेदी, कुमारी अंशिका ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 30 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें बैसवारा इंटर कॉलेज की कुमारी दिव्या त्रिवेदी ने प्रथम स्थान तथा अखंड प्रताप सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही कुमारी अंशिका को सांत्वना पुरस्कार व प्रतिभाग प्रमाण पत्र से नवाजा गया। इस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनको तैयारी कराने वाले शिक्षक वीरेंद्र शुक्ला, विनोद कुमार सिंह को भी शुभकामनाएं व बधाई प्रदान की।

# भ्रष्टाचार रोकने व पारदर्शी प्रणाली अपनाने पर जोर

### आरेडिका में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन



**रायबरेली**। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में महाप्रबंधक सभागार मे महाप्रबंधक वीएम श्रीवास्तव द्वारा सतर्कता ई-बुलेटिन 2020 का विमोचन किया गया। इस अवसर पर आरेडिका के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। प्रमुख विभागाध्यक्षों ने भ्रष्टाचार रोकने एवं पारदर्शी प्रणाली अपनाने के लिए किए गए उपायों का जिक्र किया एवं बताया कि भविष्य में भी वे इस तरह के प्रयास करते रहेंगे। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक मनया गया जिसमें मुख्य रूप से संगठन की नीतियों, प्रक्रियाओं, निवारक सतर्कता उपायों एवं कार्य निविदा सेवा निविदा भंडार निविदा पर जानकारी के प्रचार एवं प्रसार के लिए वेबिनार, ग्राहक, विक्रेता, ठेकेदार शिकायत निवारण शिविर, वाद-विवाद, निबंध लेखन, कार्टून, पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने सतर्कता के महत्व को बताया एवं सतर्क होकर कार्य करने की सलाह दी। समापन समारोह में महाप्रबंधक वीएम श्रीवास्तव ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों को सलाह दी की वे अपने-अपने विभागों में शिकायत सुझाव पेटी बनवाये एवं उस पर अपनी निगरानी मे शिकायतों का निदान करवायें, जिससे भ्रष्टाचार उन्मूलन में सहायता भी मिलेगी साथ ही साथ सतर्क भारत समृद्ध भारत, का सपना साकार होगा।

# पिकअप गाड़ी से आठ राशि गोवंश बरामद, तस्कर फरार

संवाददाता। चकिया ( **चन्दौली** )

**कोतवाली** क्षेत्र अंतर्गत शिकारगंज चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप गाड़ी से आठ राशि गोवंशों को बरामद किया है। इस सम्बन्ध में बताया गया कि पुलिस को सूचना मिली की कुछ गोवंश तस्कर गोवंशों को लेकर सफेद पिकअप से आ रहे है जिस पर शिकारगंज चौकी पुलिस ने दाऊदपुर के पास वाहन चेकिंग शुरू कर दी तभी उक्त पिकअप आती दिख गयी, परन्तु सड़क पर पुलिस देख कर चालक पिकअप को दाऊदपुर पहाड़ के तरफ मोड़ दिया, लेकिन आगे रास्ता बन्द होने के कारण चालक तथा उसके साथ एक अन्य व्यक्ति वाहन को खड़ा कर भाग निकले। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर थाने आयी जहां इस सम्बन्ध में गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग दो अज्ञातों के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक आलोक कुमार चौकी प्रभारी शिकारगंज, हेड कांस्टेबल शिवजी यादव, कांस्टेबल अतुल कुमार यादव, कांस्टेबल राहुल यादव, कांस्टेबल अजय यादव शामिल रहे।

### 17 राशि गोवंश किया बरामद

चकिया ( **चंदौली** )। इलिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर निचोट कला पुलिया के पास से 17 राशि गोवंशों के साथ दो तस्करों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। इस संबंध में बताया गया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस अपराधों पर लगाम कसने के लिए तत्पर है। इसी दौरान मुखबीर के द्वारा पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ गौ तस्कर गोवंशों को लेकर पैदल ही बरांव गांव की तरफ से आने वाले हैएजिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर जाकर तस्करों के आने का इंतजार करने लगी। तभी कुछ देर के बाद दो लोग गोवंशों को पैदल ही हांकते हुए लेकर आते दिखे, जिस पर पुलिस ने घेरकर दोनों तस्करों सहित गोवंशों को अपने कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने पकड़े गए दोनों व्यक्तियों का नाम चंद्रिका प्रसाद व दीपक साहनी ग्राम मुबारकपुर थाना चकिया चंदौली बताया है। थाने पर आने के बाद दोनों व्यक्तियों के ऊपर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस की इस टीम में उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद पटेल, कांस्टेबल रमेश यादव, कांस्टेबल अवनीश कुमार, कांस्टेबल शैलेश यादव व होमगार्ड रामदुलार यादव शामिल रहे।

## कोरोना जांच कैम्प का किया गया आयोजन

बीजपुर ( **सोनभद्र** )। एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन के धनवंतरि चिकित्सालय में रिहन्द नगर के सौजन्य से सेन्ट जोसेफ विद्यालय रिहंदनगर परिसर में कोरोना जांच कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में विद्यालय के कक्षा नौ से कक्षा 12 के लगभग 56 विद्यार्थियों का कोरोना का परीक्षण किया गया। इस दौरान कोविड-19 के बचाव से संबंधित नियमों तथा मास्क पहनना, तय दूरी बनाए रखना आदि का पालन सुनिश्चित करने हेतु विद्यार्थियों को आगाह किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य फादर बैप्टिस्ट डिसूजा, उप प्राचार्या सिस्टर मारिया, शिक्षक गणेश सिंह, एस जोसेफ विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहें। विद्यालय के प्राचार्य बैप्टिस्ट डिसूजा ने एन टी पी सी रिहन्द नगर प्रबंधन, नीरज वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन डॉ रेणु सक्सेना मुख्य चिकित्साधिकारी धनवंतरि चिकित्सालय जांच टीम के समस्त सदस्यों एवं विद्यालय के शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# चुनाव बाद प्रत्याशियों ने परिवार के साथ व समर्थकों के साथ हार-जीत पर की चर्चा

संवाददाता। देवरिया

**उपचुनाव** में मतदान समाप्त होने के बाद प्रत्याशियों ने आज देश सुबह उठे हैं और समर्थकों के साथ हार जीत पर चर्चा किया यहां कई प्रत्याशियों ने तो अपने परिवार के साथ समय दिया। कांग्रेसी नेता मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी अपने आवास पर परिवार के बीच बैठकर बातें की जहां चुनाव खत्म होने के बाद राहत की सांस ली। सपा सपा प्रत्याशी पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी जो दिल सुबह उठे और नीचे आए और अपने समर्थकों के बीच बैठ के हार जीत पर चर्चा करते रहे इस दौरान महासचिव व पूर्व सांसद रमाशंकर विद्यार्थी सहित अन्य नेता उपस्थित थे। जहां बसपा प्रत्याशी अभय नाथ त्रिपाठी भी सुबह अपने समर्थकों के बीच पहुंचे और अपने आवास पर अपने समर्थकों के साथ बातचीत करते रहे और हार जीत पर चर्चाएं होती रहीं ।





वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी जो कि जिला पंचायत स्थित अपने आवास पर अपने समर्थकों के बीच हार जीत की चाय के साथ चर्चा की।

**गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव की अधिसूचना जारी**

देवरिया। जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य का कार्यकाल समाप्त हो जाने के फ्लस्वरुप भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस रिक्ति को भरने के लिये निर्वाचन का कार्यक्रम निर्गत कर दिया गया है। निर्गत कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना पांच नवंबर को निर्गत होगी। नामांकन की अन्तिम तिथि 12 नवंबर निर्धारित की गयी है। नामांकन पत्रों की जांच 13 नवंबर को की जायेगी। नाम वापसी की अन्तिम तिथि 17 नवंबर होगी।

## हरि की पैड़ी पर दिव्यांगजनों और बुजुर्गों को अब स्नान करने में नहीं होगी दिक्कत

**सिद्धार्थनगर**। उत्तराखंड प्रदेश के पवित्र स्थल हरिद्वार के हरि की पैड़ी में देश और विदेश से पहुंचने वाले दिव्यांगजनों और बुजुर्गो के लिए स्नान करने में कठिनाई नहीं होगी। जिले के शोहरतगढ़ कस्बा निवासी और अधिवक्ता नागेंद्र कुमार श्रीवास्तव के प्रस्ताव को पर्यटन मंत्रालय उत्तराखंड ने स्वीकार कर लिया है। जल्द ही कुंभ मेला निधि से रैंप का निर्माण और व्हील चेयर की उपलब्धता हो जाएगी। हिंदुओं के प्रमुख तीर्थ स्थलों के साथ पवित्र नगर उत्तराखंड का हरिद्वार जिला है। यहां देश-विदेश से पहुंचने वाले तीर्थयात्री हरिद्वार में हरि की पैड़ी पर बड़ी संख्या में स्नान करते हैं। ऐसे अहम स्थल पर वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को स्नान करने में दिक्कत होती है। इसके पीछे रैंप का निर्माण और व्हील चेयर का ना मिलना प्रमुख कारण है। जनपद के शोहरतगढ़ कस्बा निवासी और सदस्य सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन, नागेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बीते 18 सितंबर 2020 को प्रधानमंत्री, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव पर्यटन उत्तराखंड को पत्र भेजा था। पत्र में हरि की पैड़ी में स्नान करने के दौरान सीढ़ी पर रैंप की सुविधा न होने के साथ ही व्हील चेयर की अनुपलब्धता से बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को दिक्कत हो रही है। ऐसे में दोनों बिंदुओं पर सार्थक पहल किया जाना न्याय संगत होगा। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के निदेशक प्रशांत कुमार मौर्य की ओर से मेलाधिकारी कुंभ मेला 2021 हरिद्वार को भेजे पत्र में अधिवक्ता नागेंद्र कुमार श्रीवास्तव को प्रस्ताव पर रैंप का निर्माण कुंभ मेला निधि से कराने और व्हील चेयर की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## बांसी में आधार कार्ड नहीं बनने से आमजन परेशान

**बांसी**। तहसील क्षेत्र में आधार कार्ड बनवाने व सुधार को लेकर लोग इधर.उधर भटकने को हैं इस संबंध में मिठ्वल ब्लाक के खारिका पाण्डेय के निवासी भाजपा मंडल महामंत्री बृजेश पांडेय ने मुख्यमंत्री के जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया है कि आधार कार्ड बनवाने के लिए पहले कुछ बैंकों पर फिर बाद में पोस्ट ऑफिस बांसी पर आधार कार्ड बनाने के लिए सेंटर बनाया गया लेकिन इधर कुछ दिनों से पोस्ट आफिस पर भी आधार कार्ड बनना बंद हो गया जिसके चलते छात्र नौजवान बुजुर्ग इधर-उधर चक्कर लगाने को विवश हैं, इसलिए आधार कार्ड बनवाने के लिए जन सेवा केंद्र को अधिकृत किया जाए क्योंकि हर सरकारी कार्य में आधार कार्ड जरूरी है लिहाजा आप से निवेदन है आधार कार्ड बनाने के लिए अधिकृत सेंटर सिद्धार्थ नगर के बांसी तहसील के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में खोला जाए ।

# मेहनत और लगन से काम करने वाला ही कामयाब होगा: जाहिद



संवाददाता। बढनी। **सिद्धार्थनगर**

**पड़ोसी** राष्ट्र नेपाल के कपिलवस्तु जिले के कृष्णनगर नगरपालिका में श्अंजुमन इरतका्य उर्दू अदब नेपाल संस्था द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को संस्था के अध्यक्ष मौलाना जाहिद आजाद झंडानगरी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने कलम के बूते समाज सेवा करने के उपलक्ष में एक दैनिक उर्दू अखबार के सिद्धार्थनगर के संवाददाता सलमान हिंदी को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष द्वारा कहां गया कि वर्तमान परिवेश स्पर्धा का युग है। इस स्पर्धा में जो ही शख्स मेहनत और लगन के साथ काम करेगा वही शख्स कामयाब होगा।

## नशीली दवाओं के साथ दो युवक दबोचे

**सिद्धार्थनगर**। गोल्हौरा थानाक्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से दो युवक नशीली गोलियों के साथ धरे गए हैं। जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। पकड़े गए दोनों युवक क्षेत्र में चोरी जैसी घटना को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे थे। गोल्हौरा थाने की पुलिस ने बुधवार को गश्त के दौरान थानाक्षेत्र के भिटिया निवासी सोनू सहानी पुत्र राममिलन सहानी व मोहम्मद जावेद पुत्र अब्दुल वहाब को पूंछताछ के लिए रोकाए और तलाशी लिया तो दोनों के पास क्रमशः 175 व 195 नशीली गोली बरामद हुई। जिसपर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। और एनडीपीएस एक्ट में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई जुबेर अली व रामानन्द शामिल हैं। उक्त बावत थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने कहा कि दोनों युवक क्षेत्र में चोरी जैसी घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहे थे और नशीली गोली भी बेचते थे।

# पुलिस ने ईनामी तस्कर सहित चार को पकड़ा

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पुलिस** अधीक्षक ब्रजेश सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अपराध नियन्त्रण अभियान के क्रम में पुलिस ने एक 15 हजार का ईनामी तस्कर सहित चार को पकड़ा है। थाना धनघटा पुलिस द्वारा पकड़ा गया अभियुक्त नाम कमलेश पुत्र सूर्यबली निवासी मदारपुर थाना सरपतहा जनपद जौनपुर है। इसके पास से 22 राशि गोवंशीय पशु (20 जिन्दा व दो मृत), एक ट्रक (टाटा 3718 12 चक्का), एक तमंचा 12 बोर, दो कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने इसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम व शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। इसी क्रम में बखिरा पुलिस ने वांछित अभियुक्ता माया पुत्री चन्द्रशेखर निवासी महला थाना बखिरा व वांछित अभियुक्ता सरोजा देवी पुत्री भालचन्द, बिन्द्रावती पत्नी प्रेमचन्द निवासी महला थाना बखिरा को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया गया। वहीं महुली पुलिस ने सोनू यादव पुत्र धर्मेन्द्र यादव निवासी पायलपार थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार किया। अभियुक्त ने वादी की बहन को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया था। जिसके उपरान्त वादी द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

**मनोनयन पर बधाई**

**बस्ती**। अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के दो व्यक्तियों को राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा मनोनीत किया गया। जिसमें प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य शांतनु जी महाराज बस्ती जनपद के मरवटिया बाबू गांव के निवासी हैं। पूर्व विधायक स्वर्गीय जगदंम्बा के पौत्र आचार्य शांतनु जी महाराज को अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल का राष्ट्रीय मार्गदर्शक मंडल में सुशोभित किया गया है।

# बाढ़ पीड़ितों को किचन सेट वितरित

### एसडीएम घोसी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे

संवाददाता। मऊ



**इंडियन** रेडक्रास सोसायटी के तत्वाधान में बुधवार को दोहरीघाट ब्लाक के सभागार में रेडक्रास सोसायटी मऊ द्वारा 75 बाढ़ पीड़ित परिवार को निशुल्क किचन सेट का वितरण किया गया। किचन सेट में महिलाओं को बाल्टी, टी शर्ट, मच्छरदानी, साबुन, सेनेटाइजर, मास्क आदि का वितरण किया। कार्यक्रम में एसडीएम घोसी आशुतोष राय कहा कि रेडक्रास सोसायटी द्वारा बाढ़ पीड़ितों में किचन सेट का वितरण किये जाने पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी की प्रशंसा की और कहा कि ऐसा कार्य बहुत ही प्रशंसनीय है। कहा कि एक तरफ सरकार जहां बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रही हैए वही दूसरी तरफ भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा बाढ़ पीड़ितों में इस प्रकार का वितरण करना मानवता के प्रति गहरे लगाव को दर्शाता है। एसडीएम घोसी द्वारा पूरा भाषण शुद्ध भोजपुरी में दिया गया। सोसायटी के कार्यक्रम को उपसभापति देव भाष्कर तिवारी ने कहा कि सोसायटी की तरफ से छोटी सी भेंट बाढ़ पीड़ितों में दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान आए सभी लोगों का भारतीय रेडक्रास सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट अजीत सिंह ने आभार जताते हुए कहा कि असहायों व गरीबों की मदद करना सबसे ज्यादा पुण्य का कार्य होता है। कार्यक्रम में सोसायटी के कोषाध्यक्ष व मऊ नगर पालिका के चेयरमैन तैयब पालकी ने कहा कि भारतीय रेडक्रास सोसाइटी ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है और आगे भी लेती रहेगी। सोसायटी के प्रदेशीय पदाधिकारी रमाकान्त पाण्डेय ने भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा सेवा के क्षेत्र में किए गये कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर को मुख्य रूप से उपजिलाधिकारी घोसी आशुतोष राय, देव भाष्कर तिवारी, रमाकान्त पाण्डेय, तैयब पालकी, एडवोकेट अजीत सिंह, वीरेन्द्र इंजीनियर, सुधाकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## पत्रकार की गिरफ्तारी पर महाराष्ट्र सरकार का पूतला फूंका

सकलडीहा (चन्दौली)। एक टीवी चैनल के वरिष्ठ पत्रकार की गिरफ्तारी को लेकर पूरे देश में आक्रोश है। बुधवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सकलडीहा पीजी कॉलेज गेट पर महाराष्ट्र सरकार का पुतला फूंककर विरोध जताया। इस दौरान महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला।

एबीवीपी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार अपना मांसिक संतुलन को खो दिया है। आंतकवादियों को गिरफ्तार करने के बजाय एक टीवी चैनल के वरिष्ठ पत्रकार अर्बन गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया है। यही नही उनके साथ और उनके परिवार के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया। देश के चौथे स्तंभ और प्रेस पर इस प्रकार की कायराना हमले की घोर निंदनीय है। एबीवीपी के वक्ताओं ने महाराष्ट्र सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग उठाया।

# व्यापारियों के उत्पीड़न के खिलाफ समाजवादी पार्टी करेंगी आन्दोलन

संवाददाता। सकलडीहा ( **चन्दौली** )



**सोशल** मिडिया पर दबंगों द्वारा युवक की बुरी तरह सी पिटाई व जबरन जेसीबी लगाकर तांडव मचाने का वायरल वीडिओ को पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने गंभीरता से लिया है। मंगलवार की देर शाम पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हर संभव सहयोग का भरोसाा दिया। इस दौरान डीएम एसपी से फोन से बात कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग किया। वहीं भू माफिया और तहसील व पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग किया। चेताया कि शीध्र मामले को गंभीरता से नही लिया गया तो सपा आन्दोलन के लिये सड़क पर उतरेंगी।

भू माफियाओं द्वारा वर्षो पुरानी पोखरी को पाटकर लाखों करोड़ों में प्लाटिंग किया जा रहा है। सोमवार को भू माफिया के सह पर दबंगों ने जेसीबी लगाकर पुलिस और तहसील कर्मियों की मौजूगी में जबरन कस्बा के व्यापारियों का दीवार गिरा दिया। यही नही विरोध कर रहे महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया। एक युवक की जमकर पिटाई कर दिया। जिसकी वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल होने पर पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने घटना का विरोध जताया। उन्होने चेताया कि मामले का शीध्र समाधान नहीं हुआ तो सपा सड़क पर उतरेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुरेन्द्र यादव, हरिहर चौरसिया, दीना चौरसिया, मुन्नी लाल यादव, सिंटू यादव, राजन सेठ, दिनेश सेठ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कोरोना मरीजों की करें अच्छी देखभाल

## समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज सीएमओ कार्यालय में संचालित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर में प्रभारी इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, प्रभारी सर्विलांस, प्रभारी सैम्पलिंग, प्रभारी स्टोर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ कोविड.19 के संबंध में चल रही समस्त कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान समस्त उपजिलाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में डीएम ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैंपल के संबंध में जानकारी ली तथा सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लक्षण युक्त सैंपल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने कहा कि पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य किया जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। कोविड अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजनए नाश्ता की व्यवस्था एवं अस्पताल में साफसफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाये। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक भोजन देने के साथ.साथ उनका देखभाल भी बेहतर ढंग से किया जाये ताकि मरीजों को कोई दिक्कत न होने पाये। डीएम ने बताया कि अब तक जनपद अमेठी में 144371 सैंपल जांच हेतु भेजे गए हैंए जिनमें से 2937 मरीज पॉजिटिव आए हैंए अब तक 2777 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किए गए हैं, वर्तमान में 120 एक्टिव केस हैं तथा अब तक जनपद में कुल 27 लोगों की कोरोना से मृत्यु हुई है। डीएम ने अभियान चलाकर टैक्सी स्टैंड, रिक्शा इत्यादि लोगों का सैंपल कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए।

## अर्नब की गिरफ्तारी से पत्रकारों में रोष

**बाराबंकी।** वरिष्ठ पत्रकार अर्नब गोस्वामी की गिरफ्तारी के खिलाफ हिन्दी पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकरियों ने विरोध जताया है। उन्होंने इसे पत्रकारिता के इतिहास का काला दिन करार दिया। संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को गांधी भवन में एक बैठक आयोजित कर वरिष्ठ पत्रकार अर्नब गोस्वामी के साथ हुई अभद्रता की घोर निंदा की है। संगठन के जिलाध्यक्ष पाटेश्वरी प्रसाद ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार अर्नब गोस्वामी को मुम्बई पुलिस ने गिरफ्तार कर मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला किया है। अर्नब गोस्वामी से पुलिसिया बदसलूकी और गिरफ्तारी अभिव्यति की आजादी पर हमला है। इतिहास ने पहले भी साबित किया है कि गिरफ्तारी से अभिव्यक्ति की आजादी का गला नही घोंटा जा सकता है। ऐसे में हिन्दी पत्रकार एसोसिएशन इस घटना की घोर निंदा करती है। संगठन के सचिव मनीष सिंह ने केन्द्र सरकार से मांग की कि अर्नब गोस्वामी को गिरफ्तार करने पुलिस कर्मियों को निलंबित कर कड़ी कार्रवाई किया जाय।

# करवा चौथ को लेकर बाजारों में दिखी रौनक



**जगदीशपुर, अमेठी।** करवा चौथ की तैयारियों को लेकर बाजारों में एक बार फिर से रौनक लौट आई है। महिलाएं इस मौके पर सबसे ज्यादा खरीददारी के लिए बाजारों में पहुंच रही हैं। साड़ी व सौन्दर्य प्रसाधन की दुकानों में पूरे दिन भीड़ लगी रहती है और वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही।

जगदीशपुर के अन्तर्गत वारिसगंज रानीगंज कमरौली कठौरा सरेसर थौरी सहित विभिन्न बाजारो में करवा चौथ को लेकर काफी चलह पहल देखने को मिल रही है वहीं बाजारों में महिलाएं साज श्रृंगार से लेकर सोने व चांदी के आभूषण खरीदने में भी रूचि ले रही है ।करवा चौथ पर विवाहित महिलाएं अपने पति की लम्बी उम्र की कामना के लिए निर्जला व्रत रखती हैं और वहीं शाम को चंद्रोदय से पूर्व पूरे परिवार के साथ भगवान शिव माता पार्वती नन्दी गणेश भगवान व कार्तिकेय की पूजा अर्चना करने के बाद चांद देखने पर ही महिलाएं करवा चौथ का व्रत तोड़ती है ।करवा चौथ का पर्व सुहागिनों के लिए बहुत महत्व रखता है ।वहीं करवा चौथ पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बाजारों में सिविल ड्रेस में मौजूद रही । बुधवार को बड़े धूमधाम से सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ पर अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना की।

## क्विक न्यूज

### हादसे बाइक सवार दो लोग घायल

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** रोड क्रास कर रहे युवक को बचाने के चक्कर में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है।जानकारी के मुताबिक थाना लोनी कटरा क्षेत्र के मंगलपुर गांव निवासी अज्ञात अपने गांव से दो लोग बाइक से सुल्तानपुर की और जा रहे थे। मंगलपुर के पास अचानक एक युवक रोड को क्रास करने लगा जिसको बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी और दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को पेट्रोलिंग वाहन डायल 1033 की मदद से त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक व्यक्ति की हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया है।

### युवती ने नदी में कूदकर दी जान

**बाराबंकी।** मां की डांट से दु:खी होकर एक युवती गांव के पास से गुजरी गोमती नदी में छलांग लगाकर अपनी जान दे दी है। मंगलवार की देरशाम सतरिख थाना अंतर्गत तीर गांव निवासी बाबादीन कश्यप की 18 वर्षीय बेटी छाया कश्यप को खाना बनाने को लेकर मां ने डांटा था जिसके बाद वो नाराज होकर घर से चली गई थी लम्बे समय तक घर वापस न लौटने पर पता करने बाद किसी ने बताया कि वो पास में ही स्थित गोमती नदी के पास ग्रामीणों ने देखा तो परिजनों को शक हुआ और पुलिस को सूचना दी जिसपर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से कुछ घण्टो के प्रयास से उसके शव को निकाल लिया जिसके बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है पुलिस ने छाया के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

### अपहरणकर्ताओं के चंगुल से कराया गया मुक्त

**बाराबंकी।** पुलिस ने एक व्यक्ति को अपहरणकर्ताओं के चंगुलसेबचाकर अपहरणकर्ताओंको गिरफ्तार करने का दावा किया है और व्यक्ति को मुक्त कराकर मौके से मां और बेटे को गिरफ्तार किया है।विवरण के अनुसार बस अड्डा निवासी राकेश श्रीवास्तव पुत्र बांके लाल ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया कि उनके भाई राजेश श्रीवास्तव को कुछ लोगो ने लालच देकर बंधक बना लिया है। नगर कोतवाल पंकज सिंहए वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतीश कुमार सिंह महिला उपनिरीक्षक रुचि राठौर की टीम ने फतेहाबाद के मकान में छापा मारकर शिव कुमारी पत्नी नन्हे लाल व इनके बेटे अमित को गिरफ्तार करके विभिन्न आपराधिक धाराओ मेंकार्यवाही करते हुए जेल भेजा है।

### ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने दहेज प्रताडना को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफकेस दर्ज किया है। सांगीपुर के भोजपुर मिश्राइन का पुरवा निवासी अलख नारायण मिश्र ने दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी बेटी नीतू की शादी बीते 2018 मे मंगापुर के पूरे विजई गांव मे सुशील कुमार तिवारी के साथ हुआ। दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन उसकी बेटी को लगातार प्रताडित करते रहे। आरोप है कि पुत्री को सास व पति ने दहेज की मांग को लेकर गालीगलौज कर घर से भगा दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति सुशील कुमार, जेठ दिलीप कुमार व सास के खिलाफदहेज प्रताडना का केस दर्ज किया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत निहालगढ रेलवे स्टेशन के पास लखनऊ. वाराणसी रेलवे रूट पर स्थित घोसियाना ;पालपुरद्ध गाँव के निकट दोपहर के समय सुलतानपुर से लखनऊ की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ महिला की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान कराने में जुटी। वहीं प्रत्यक्ष दर्शियो के अनुसार महिला के दाएँ हाथ पर सीताराम भी लिखा हुआ है। मामले की जांच को आगे बढाते हुए शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी । प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अपराध समीक्षा बैठक में लिए गए अहम फैसले

**ललितपुर।** पुलिस लाइंस सभागार ललितपुर में पुलिस अधीक्षक कैप्टन एमएम बेग व डीएम अन्नावि दिनेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक व समस्त एसडीएम समस्त क्षेत्राधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी, अभियोजन व समस्त थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी की गई। अपराध एवं अपराधियों पर की जा रही कार्रवाई पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला संबंधी शिकायतों को तत्काल निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया आगामी त्यौहारों को लेकर अराजक तत्व व अशांति फैलाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही अवैध शराब एवं अवैध खनन के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

### तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी।** पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर एक अभियुक्त को 315 बोर के अवैध तमंचे के सात गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दरियाबाद पुलिस ने टिकैतनगर थाने के ग्राम बेलखरा निवासी कुवारे के बेटे सुहिल को दरियाबाद के खुदायपुर रोड से गिरफ्तार करने का दावा किया है और अभियुक्त सुहिल पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाई की है।

### कोरोना से बचाव के लिए टेस्टिंग हुई तेज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोरोना महामारी से लालगंज क्षेत्र अभी भी बाहर नही निकल पा रहा है। एसबीआई मे बैंककर्मियो के पाजिटिव होने से लोग दहशत मे आ गये थे। मंगलवार की रात नगर के संगम चौराहे के समीप एक सत्तर वर्षीय व्यापारी की भी कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव आने से हडकंप मच गया। वृद्ध की हालात गंभीर देख उसे कोरोना प्रोटोकॉल के तहत एम्बुलेंस से प्रयागराज मेडिकल कालेज भेजवाया गया। एहतियातन बुधवार को चिकित्सा टीम को वृद्ध के घर के सदस्यो के साथ अगल बगल के पड़ोसियो का भी कोरोना परीक्षण कराने मे मशक्कत करते देखा गया।

### चाँद देखकर सुहागिन महिलाओं ने तोड़ा उपवास

**बाराबंकी।** करवा चौथ का पर्व बुधवार को जिले में परंपरागत तरीके से मनाया गया इस दिन सुहागिन महिलाओं ने जहां व्रत रखकर चंद्र देव की पूजा अर्चना कर पति के लंबी दीर्घायु होने की कामना की वही देर चांद देखकर व्रत तोड़ा मान्यता है कि इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पतियों के लंबी उम्र की कामना हेतु करवा चौथ का व्रत रखती हैं इस दिन दिन भर उपवास रखने के बाद शाम को चंद्र देव की पूजन अर्चन करने के उपरांत चांद देखकर व्रत तोड़ने की मान्यता है इसी के चलते आज यह पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### माइनर में पानी न आने से किसानों में गुस्सा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** माइनर मे पानी न आने से किसानो ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। तहसील के पड़री गांव के लोगों ने एसडीएम से की गई शिकायत मे कहा है कि धान की फसल कटने के बाद अब गेहूं की फसल की बुआई का समय आ गया है। इसके बावजूद नया का पुरवा से उधरनपुर माइनर मे सूखे की स्थिति बनी हुई है। माइनर मे पानी न आने से कई एकड खेत बंजर रह जाता है और इससे किसानो को काफी नुकसान उठाना पड रहा है।

## गोरखपुर फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन की अधिसूचना जारी

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफीसर, गोरखपुर.फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, अमेठी ने बताया कि गोरखपुर.फैजाबाद खंड निर्वाचक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य का कार्यकाल विगत 6 मई, को समाप्त होने के कारण उक्त रिक्त पद को भरने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है जिसकी निर्वाचन की अधिसूचना 5 नवंबर नाम निर्देशन 12 नवंबर, नाम निर्देशन की जांच 13 नवंबर, नाम वापसी 17 नवंबर मतदान 1 दिसंबर को पूर्वान्ह 8.00 से अपरान्ह 5.00 तक, मतगणना 3 दिसंबर तथा 7 दिसंबर से पूर्व निर्वाचन संबंधी समस्त प्रक्रिया सम्पन्न करा लिया जाएगा। उक्त विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन 2020 के संबंध में गोरखपुर फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के जनपद अमेठी में निर्वाचन होने हैं जिसके सम्बन्ध में आदर्श आचार संहिता का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए प्रावधानों के अनुसार लागू होंगे।

# जमीन न मिलने से सामुदायिक शौचालय का निर्माण अधर में

**बाराबंकी।** विकासखंड निन्दूरा अंतर्गत ग्राम पंचायत ओदार में शौचालय निर्माण हेतु ब्लॉक कर्मियों को जमीन ढूंढे नहीं मिल रही है जिससे सामुदायिक शौचालय का निर्माण अधर में है वहीग्रामीण खुले में शौच करने को विवश हैं। खुले में शौच करने पर सरकार काफी सख्त है स्वच्छ भारत अभियान के तहत घर.घर शौचालय बनवाने के साथ.साथ ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय निर्माण भी कराया जा रहा है लगभग 5 लाख की लागत से बनने वाले शौचालय हेतु ग्राम पंचायत को जमीन मुहैया करानी होती है इसी क्रम में निन्दूरा विकासखंड के ग्राम पंचायत ओदार में सामुदायिक शौचालय निर्माण प्रस्तावित है सूत्रों का कहना है कि इसके लिए बजट भी अवमुक्त हो चुका है लेकिन इस ग्राम पंचायत में ब्लॉक कर्मियों को जमीन ही ढूंढे नहीं मिल रही है जिससे सामुदायिक शौचालय निर्माण नहीं हो पा रहा है। निर्माण न होने से गांव की जनता खुले में शौच करने को विवश है तथा असुरक्षा की भावना जागृत हो गई है लेकिन अधिकारी इसका भी संज्ञान नहीं ले रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इसका भी संज्ञान नहीं ले रहे हैं जिससे सरकार की मंशा भी धूल दूसरी होती नजर आ रही है इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश में व्याप्त है दूसरी ओर ग्राम प्रधान चंद्रशेखर का कहना है ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि खाली नहीं है नवीनपरती की भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है जिसके लिए मैंने वीडियो को पत्र भी लिखा है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही ना होने से सामुदायिक शौचालय निर्माण का कार्य अधर में है वही वीडियो निन्दूरासे जब संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने का कार्य तहसील प्रशासन का है जिसके लिए उनके द्वारा लिखा पढ़ी भी की गई है कब्जा मुक्त होने पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

# वांछित को पकड़ने की बजाय पीड़ित को ही कर रही परेशान

संवाददाता। बाराबंकी

**जिले में** पुलिसिया उत्पीड़न जारी है जिला कलेक्ट्रेट प्रांगण में मंगलवार को एक पीड़ित द्वारा आत्मदाह जैसा कदम उठाए जाने के बावजूद जिले की पुलिस सीख नहीं ले रही है जिससे गरीब असहाय परेशान हैं। ऐसा ही एक और मामला तब प्रकाश में आया है जब पुलिस विपक्षियों से मिलकर न केवल उन्हें गिरफ्तार करने से मुकर रही है बल्कि उल्टे पीड़ित पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा कर यह साबित भी कर दिया है कि वह पीड़ित के नहीं दबंगों के साथ है जिससे आमजन में असुरक्षा की भावना जागृत हो उठी है।

मामला जहांगीराबाद थाना के ग्राम बहादुरपुर का है बताया जाता है कि यहां कमला देवी एवं विपक्षी राधेश्याम आदि के मध्य जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है इसी के चलते गत 7 अक्टूबर को विपक्षियों ने कमला देवी के पुत्र प्रवेश कुमार को लोहे की राडआदि से हमला कर लहूलुहान कर दिया था जब वह विवादित भूमि पर फसल काटने का विरोध कर रहा था गंभीर अवस्था में घायल हुए प्रवेश को ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराकर पुलिस को सूचना दी गई थी जिस पर पुलिस ने प्राणघातक हमला सहित कई धाराओं में विपक्षी राधेश्याम सहित 7 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था अब इस पूरे मामले में तब नया मोड़ आ गया है जब पुलिस ने विपक्षियों को तो गिरफ्तार नहीं किया है बल्कि कोर्टकोगुमराह करके पीड़िता के परिवार पर ही जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज करा दी है तब पीड़िता का परिवार हैरान परेशान है आरोप लगाया है कि एक ओर जहां पुलिस 308 जैसे गंभीर धाराओं के मुजरिम को खुलेआम छूट दे रही है वही अदालत के आदेश पर दर्ज हुए मुकदमे को दर्शा कर पुलिस उसे परेशान करने लगी है।

यहां तक की सुलह समझौता का भी पुलिस दबाव बना रही है तथा धमकी दे रही है कि यदि सुलह समझौता नहीं किया तो तुम्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। ऐसे में जहां पुलिस का अमानवीय चेहरा एक बार फिर से उजागर हो गया है वहीं पीड़ित परिवार में भय का माहौल व्याप्त है पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने इस मामले को यदि संज्ञान नहीं लिया तब पीड़ित परिवार आत्मदाह जैसे कदम उठाने को विवश होगा समस्त जिम्मेदारी पुलिस पर होगी।

# पिता ने नवजात शिशु को झोले में रख फेंका

## पोषण करने वाले को लिखा भावनात्मक पत्र

**गौरीगंज, अमेठी।** देर शाम पीआरवी को सूचना मिली कि एक बैग में सामान सहित कोई बच्चा छोड़ गया है। जिसकी सूचना कॉलर ने यूपी 112 को दी जिस पर पीआरवी 2780 राकेश कुमार सरोज चालक उमेश दुबे कोतवाली मुंशीगंज क्षेत्र के त्रिलोकपुर आनन्द ओझा पुत्र दीनानाथ ओझा के आवास के पास पहुँचे। जहाँ किसी अज्ञात युवक जो सूबेदार का पुरवा की ओर से आकर ने त्रिलोकपुर में एक नवजात शिशु झोले में रखकर फेंक कर चला जाता हैं। बच्चे रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो जाते है। बच्चा मिलने की सूचना पुलिस को देते हैं। जिस पर पहुची पुलिस ने लोगो के समक्ष बैग खोलाए बैग में बच्चे के लिये ठंडी गर्म कपड़े, जूता, जैकेट, साबुन, विक्स, दवा, 5 हजार खत आदि सहित दैनिक जरूरी सामान रखा हुआ था। साथ ही एक मार्मिक खत पिता द्वारा पोषण कारी को भी रखा गया था जिसमे बच्चे को पालन पोषण करने की अपील की गयी है। और खर्च उठाने की बात कही है पी आर वी ने बच्चा मिलने की सूचना कोतवाली प्रभारी मिथिलेश सिंह को दी जिस पर उन्होंने बच्चे को कॉलर के ही सुपुर्द करने आदेशित किया। इस अनोखी घटना से लोगो मे तरह तरह की बाते उड़ने लगी है। कोई माँ को कोस रहा है। तो कोई बाप के स्नेह व मजबूरी में प्यार देख रहा है। लेकिन अबोध शिशु का क्या दोष जो इस ठण्ड में माँ बाप से दूर रहने की सजा काट रहा है।

## पटेल तिराहा पर लगी पटेल प्रतिमा के जीर्णोधार को लेकर सांसद ने किया निरीक्षण



विचार-विमर्श करते सांसद उपेन्द्र सिंह रावत

**बाराबंकी।** सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने बुधवार को पटेल तिराहे पर पहुंचकर पटेल प्रतिमा के जीर्णोधारपर विचार विमर्श किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने इस अवसर पर जिला प्रसाशन द्वारा बनाएं गये नक्शे का भी अवलोकन किया तथा पटेल जी की प्रतिमा व चौक तिराहे के सौन्दरीकरण हेतु नक्शे/डिजाईन में सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अभय कुमार पांडे भी मौजूद रहे उन्होंने भी अपने सुझाव से सांसद को अवगत कराया और जल्द ही कार्य योजना बनाकर जीर्णोद्धार कराने की बात कही उल्लेखनीय है कि उक्त पटेल प्रतिमा के जीर्णोधार हेतु प्रशासन को पत्र लिखकर कार्य योजना तैयार करने हेतु प्रेरित किया था जिनके प्रयास के बाद कार्य योजना को गति प्रदान की गई।

# लालगंज के लिए कई सौगातें

## जन्मदिन पर चेयरपर्सन ने स्वच्छताकर्मियों को किया सम्मानित, लिया गया मॉडल नगर का संकल्प

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायतवासियों को बुधवार को पेयजल आपूर्ति तथा स्वच्छता मिशन को लेकर चेयरपर्सन ने कई सौगातें सौपी। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी द्वारा स्वीकृत कराई गई विकास की परियोजनाओं को नगरवासियो को समर्पित करते हुए चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने इसे मॉडल टाउन एरिया बनाए जाने के प्रयास की एक बडी उपलब्धि ठहराया है। इसके तहत निराश्रित गायों को गोशाला तक सुरक्षित पहुंचाए जाने के लिए एक कैटल कैचर वाहन तथा विद्युत आपूर्ति की खामियो को दूर करने के लिए एक स्काईलेफ्ट वाहन तथा संक्रमण से बचाव के लिए स्प्रे मशीन एवं सार्वजनिक स्थलों पर पांच हजार लीटर क्षमता की स्वचालित पेयजल टंकी व नगर मे साफ सफाई के लिए दस रिक्शे को चेयरपर्सन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर पंचायत के विकास के लिए चेयरपर्सन ने विधायक मोना के विशेष सहयोग का आभार भी जताया। कार्यक्रम के दौरान सभासदो तथा स्वच्छताकर्मियों व व्यापारियो ने चेयरपर्सन अनीता को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं भी सौंपी। चेयरपर्सन ने जन्मदिन पर होने वाले खर्च को स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित कर स्वच्छ नगर पंचायत के मिशन का संकल्प जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संयोजन ईओ सुभाषचंद्र सिंह ने किया। ईओ सुभाषचंद्र ने नगरीय विकास से जुडी उपलब्धियो की लोगों को विस्तृत जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर रिंकू मिश्र, सभासद करूणाशंकर दुबे, सभासद रमेश कौशल, सभासद मो. मुकीम, विकास तिवारी, सौरभ शास्त्री, भूपेन्द्र तिवारी काजू, विनय पाण्डेय, मुन्ना शुक्ला, सोनू मिश्र, शिवम पाण्डेय, कुबेरपति मिश्र, डा. हरिमोहन जायसवाल, पप्पू जायसवाल, रमेश जायसवाल, छोटेलाल सरोज, पप्पू तिवारी, श्रीकांत मिश्र आदि रहे।

# माँ गंगा हमारी जीवनधारा: सीडीओ

## गंगा दिवस के अवसर पर मिनी मैराथन दौड़ व क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रतापगढ़।** गंगा महोत्सव के दौरान गंगा सफाई, वृक्षारोपण, वाद-विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं गंगा आरती आदि का आयोजन किया गया। गंगा महोत्सव के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आज 5 किमी मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसे सीएमओ ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जिसमें कुल 120 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता विकास भवन से प्रारम्भ होकर जिलाधिकारी आवास तत्पश्चात् राजापाल टंकी होते हुये क्षेत्रीय विकास संस्थान अफीम कोठी तक आयोजित की गयी। दौड़ प्रतियोगिता में शाहरूख खान प्रथम, शादाब खान को द्वितीय तथा सत्येन्द्र यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में सीडीओ अश्विनी कुमार पाण्डेय द्वारा ट्राफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीडीओ ने कहा कि माँ गंगा हमारी जीवनधारा है। उसके पावन पवित्र छाया में रहकर हम अपने जीवन को धन्य बना रहे है। सीडीओ ने युवा प्रतियोगियो का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि हम मध्यम श्रेणी का जीवन जीने वाले लोग है ऐसे में उचित शिक्षा ही हमारे जीवन का आधार बन सकती है, हमें कड़ी मेहनत के साथ अपने विकास के लिये आगे बढ़ना चाहिये। जिला युवा समन्वयक राम गोपाल चौहान ने युवाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि उन्हें कड़ी मेहनत एवं दूरदृष्टि के साथ आगे बढ़ने की अपील की और कहा कि नेहरू युवा केन्द्र की गतिविधियों से जुड़कर अपने चारित्रिक एवं मानसिक विकास के लिये आगे आये। अफीम कोठी के सभागार में गंगा दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बहुत सारे विद्यालयों ने भाग लिया। सीडीओ ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है और उनके मानसिक स्तर में वृद्धि होती है, इस तरह के कार्यक्रमों को विद्यालयों में कराये जाने चाहिये ताकि बच्चों को एक प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके। कार्यक्रम का संचालन डा0 मोहम्मद अनीस द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद, प्राचार्य क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान शिव प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# बिहार मे तेजस्वी के नेतृत्व में सरकार बनना तय: प्रमोद

## कांग्रेस के स्टार प्रचारक व सीडब्लूसी सदस्य ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं बिहार विस चुनाव मे पार्टी स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी ने देश मे बढती बेरोजगारी को लेकर बुधवार को कडी चिंता जताई है। बिहार विस चुनाव प्रचार अभियान मे शामिल स्टार प्रचारक प्रमोद ने युवाओ को नौकरी देने के मोदी सरकार की घोषणा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि अब तक पूरे देश मे मोदी के वायदे के मुताबिक बारह करोड़ नौकरियों का सृजन होना चाहिये था। बकौल कांग्रेस नेता पर घोषणाओ के बावजूद प्रधानमंत्री रोजगार तथा नौकरियां देने के एजेण्डे पर पूरी तरह विफल साबित हो गये है। श्री तिवारी ने कहा कि चुनाव के इस समय आखिर अब प्रधानमंत्री को बिहार मे कोरोना वैक्सीन तो फ्री देने का जुमला याद आ रहा है किंतु सिर्फ बिहार मे ही एक करोड़ नौकरी देने का उनका वायदा आखिर क्यों फ्लॉप हो गया है। श्री तिवारी ने कहा कि देश का नौजवान प्रधानमंत्री से अब 2014 और 2015 तथा 2019 मे नौकरियों को लेकर किये गये वायदो का बिहार के जरिये हिसाब मांग रहा है। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से यहां जारी विज्ञप्ति मे प्रमोद तिवारी ने बिहार मे जारी एक वॉयरल वीडियो के हवाले से यह भी आरोप लगाया कि ऐन केन प्रकारेण चुनाव को प्रभावित करने के लिए भाजपा बिहार मे स्वयं के साथ ओवैसी का भी प्रोटोकॉल तक देख रही है। उन्होने यह भी आरोप लगाया कि बिहार के पडोसी राज्य यूपी मे बीजेपी ने राज्यसभा की एक सीट बीएसपी को इसलिए परोक्ष रूप से दे दी क्योंकि मायावती ने खुलकर एमएलसी के चुनाव मे भाजपा उम्मीदवारो के समर्थन की घोषणा की है। प्रमोद तिवारी ने तंज कसा कि मायावती भी ओवैसी के साथ मिलकर बिहार मे भाजपा का कर्ज उतारने का प्रयास कर रही है। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि राज्यसभा व विधानसभा के सियासी तस्वीर को लेकर दाल मे कुछ काला नही बल्कि बिहार मे तो अब भाजपा की हांडी पर चढ़ी पूरी की पूरी दाल ही काली दिखने लगी है। उन्होने पीएम मोदी पर इस बात के लिए भी कटाक्ष किया कि वह चुनाव के समय बिहार मे घूम घूम कर रोजगार देने की बात कह रहे है किंतु हर साल दो करोड़ नौकरियां देने की उनकी घोषणा तो देश के सभी हिस्सो मे आज खोखली ही साबित हुई है। श्री तिवारी ने कहा कि संसदीय राजनीति मे मौजूदा समय मे पीएम मोदी जिस तरीके की भाषा का बिहार की चंद्रगुप्त मौर्य, आर्यभटट, चाणक्य, सम्राट अशोक, गौतमबुद्ध और भगवान महावीर की धरती पर प्रयोग कर रहे है, उस भाषा का तो अब तक कभी भी प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी से लेकर अटल बिहारी बाजपेयी तक ने कभी नही किया। बिहार कांग्रेस स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी ने कोरोना महामारी के समय भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सोशल डिस्टेंसिग का हवाला देकर बिहार की सीमा को बंद किये जाने को भी बडा मुददा ठहराया। कोरोनाकाल के भी एक बीडियो के हवाले से उन्होनें दावा किया कि अब तक के दो चरणों के चुनाव मे बिहार की जनता ने कोरोनाकाल मे छात्रों तथा प्रवासी मजदूरों की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार रही। नीतीश सरकार के निष्ठुरता का भी जबाव दे दिया है।

उन्होनें कहा कि बिहार के लोगों को संकट के समय डीएनए पर सवाल खडा करने का भी हिसाब नीतीश और उनके मित्र प्रधानमंत्री से मांगते हुए कहा कि डीएनए की गाली पर भी बिहार की जनता भाजपा-नीतीश गठबंधन को माफ नही करेगी। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने बिहार के अपने चुनावी अभियान के जनता के बीच अनुभव को साझा करते हुए कहा कि दो चरणों मे अब तक के हुए मतदान से यह तय हो गया है कि तीसरे चरण के मतदान के बाद महागठबंधन दो तिहाई बहुमत के साथ तेजस्वी यादव के नेतृत्व मे महागठबंधन की सरकार बनाने जा रही है। इधर बुधवार को भी नगर स्थित विधायक मोना के कैम्प कार्यालय पर पटना मे एआईसीसी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर हुई प्रेसवार्ता मे कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की ओर से प्रमोद तिवारी का लाइव प्रसारण देख स्थानीय कार्यकर्ताओं मे खासा उत्साह व जोश भी उमड़ा दिखा।

### कार्यकर्ताओं के खिले चेहरे..

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को बिहार के पटना मे एआईसीसी तथा पीसीसी की संयुक्त प्रेसवार्ता की कमान सोशल मीडिया पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी के हाथो देख कार्यकर्ता यहां उत्साह से लवरेज दिखे। कार्यकर्ताओं के चेहरे पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के प्रमोद तिवारी के प्रति बिहार के चुनाव मे इस बढे विश्वास को देख उत्साह सिर चढकर बोलता दिखा। विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर जुटे कार्यकर्ता सोनिया राहुल और प्रियंका के विश्वास के प्रमोद तिवारी को लेकर दिखे विश्वास से पार्टी के बिहार चुनाव मे बेहतर प्रदर्शन की आस भी बढने की चर्चा सरगर्मी पर दिखी।